सूर्योदय : 6:45
सूर्यास्त : 5:14
अधिकतम तापमान : 22.0
न्यूनतम : 10.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्याः
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-17 अंक-200 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, शनिवार, 30 दिसम्बर 2023
16 जमादिउल उस्सानी, 1445 हिजरी

हिन्दी दैनिक
अवधनामा
www.avadhnama.com




# पीएम के स्वागत को तैयार अयोध्या

- 15 किमी के रोड शो के बाद होगी रैली
- मुख्यमंत्री योगी ने संभाला मोर्चा

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भव्य स्वागत के लिए अयोध्या तैयार है। शनिवार को जब वे यहां आएंगे तो स्वागत के इंतजामों को देखकर आह्लादित होंगे। इसके साथ ही प्रधानमंत्री रामनगरी को सौगातों के हार पहनाएंगे। वे यहां करीब 16 हजार करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास करेंगे। एयरपोर्ट से अयोध्या धाम तक 15 किलोमीटर लंबा रोड शो भी करेंगे। इस दौरान शुक्रवार से ही यहां उच्चस्तरीय सुरक्षा प्रबंध प्रभावी कर दिए गए। रात से ही अयोध्या में वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित हो गया। प्रधानमंत्री करीब तीन घंटा दस मिनट का समय यहां व्यतीत करेंगे।

जिला प्रशासन के अनुसार, पीएम मोदी 30 दिसंबर को सुबह 10:50 बजे एयरपोर्ट पर पहुंचेंगे। यहां पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य, बृजेश पाठक और उनकी सरकार के अन्य मंत्री स्वागत करेंगे। इसके बाद वह सड़क मार्ग से अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन के लिए रवाना हो जाएंगे। पीएम मोदी एयरपोर्ट के गेट नंबर तीन से निकलकर एनएच-27, धर्मपथ और रामपथ पर 15 किमी लंबा रोड शो करते हुए 11:30 बजे रेलवे स्टेशन पहुंचेंगे। यहां आधे घंटे तक रहेंगे।



रोड शो के दौरान जगह-जगह नागरिक, साधु-संत और वेदपाठी बटुकों की ओर से शंखध्वनि के बीच पुष्पवर्षा कर स्वागत किया जाएगा। कई स्थानों पर कलाकार नृत्य और गायन भी प्रस्तुत करेंगे। पीएम रेलवे स्टेशन पर नए भवन का लोकार्पण करने के साथ छह वंदे भारत व दो अमृत भारत समेत आठ ट्रेनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे।

रेलवे स्टेशन से पीएम मोदी फिर वापस 12:30 बजे एयरपोर्ट आएंगे। यहां एयरपोर्ट का निरीक्षण करने के बाद पास में स्थित मैदान में दोपहर एक बजे जनसभा को संबोधित करेंगे। जनसभा में ही एयरपोर्ट समेत 1600 करोड़ के लागत की परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। इसमें प्रमुख रूप से राम पथ, भक्ति पथ, धर्म पथ, एनएच-27 बाईपास से रामजन्मभूमि हाईवे और बड़ी बुआ रेलवे ओवरब्रिज का लोकार्पण शामिल है। दोपहर दो बजे पीएम मोदी वापस लौट जाएंगे।






## राम मंदिर के लिए जलेसर में तैयार हुआ 2100 किलो का घंटा



**लखनऊ।** अयोध्या में भगवान श्रीराम के भव्य मंदिर के लिए 2100 किलो का विशाल घंटा जल्द ही जलेसर से पहुंचाया जाएगा। लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से वार्ता कर जलेसर विधायक ने इसके लिए समय मांगा। जिस पर मुख्यमंत्री ने सकारात्मक जवाब दिया है। प्रक्रिया में करीब 10 दिन का समय माना जा रहा है। जलेसर में कोरोना काल से पहले इस घंटे का निर्माण शुरू करा दिया गया था। 2100 किलो वजन का यह घंटा अब बनकर तैयार है, जिसे अष्टधातु से बनाया गया है। इससे निकलने वाले आवाज अद्भुत होगी, जो दूर-दूर तक लोगों को सुनाई देगी। घंटा निर्माण में करीब 25 लाख रुपये की लागत आई है। आकार में यह छह फीट ऊंचा और पांच फीट चौड़ा है। पीतल कारोबारी ने बताया कि इसके निर्माण में सर्वधर्म के कारीगरों ने योगदान दिया है। घंटा निर्माण कराने वाले पीतल कारोबारी आदित्य मित्तल ने बताया कि घंटा बनकर तैयार है। जैसे ही शासन से अनुमति मिलती है, घंटे पर पॉलिश करा दी जाएगी। घंटे की यात्रा धूमधाम से निकालते हुए अयोध्या तक इसे पहुंचाया जाएगा।

## मंत्रिमंडल विस्तार कल, सीएम भजनलाल के बाद अब प्रदेशाध्यक्ष जोशी को भी दिल्ली बुलाया



**नई दिल्ली।** राजस्थान में बहुप्रतिक्षित मंत्रिमंडल का विस्तार कल यानी शनिवार को दोपहर 3.15 बजे होगा। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और बीजेपी अध्यक्ष सीपी जोशी को मंत्रिमंडल में शामिल होने वाले विधायकों के नामों और उनके पोर्टफोलियो पर चर्चा के लिए दिल्ली बुला लिया गया है। शुक्रवार को सीएम भजनलाल शर्मा का राजभवन जाने का कार्यक्रम था। लेकिन फिर उन्हें अचानक दिल्ली से फोन कर बुला लिया गया। शनिवार दोहपर तीन बजे मंत्रिमंडल शपथ ग्रहण समारोह हो सकता है।

## लालू से नजदीकी, सांसदों से अनबन के चलते हुई ललन की रवानगी

**पटना।** जनता दल यूनाइटेड के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एक बार फिर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाए गए हैं। लोकसभा चुनाव से पहले जेडीयू के लिए ये बड़ा कदम माना जा रहा है। ललन सिंह अध्यक्ष पद से क्यों हटाए गए, इसके पीछे कई कारण सामने निकलकर आए हैं। दिल्ली में जेडीयू की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में शामिल हुए एक वरिष्ठ सदस्य ने अमर उजाला से चर्चा में कहा कि ललन बाबू अपने अड़ियल रवैये के कारण कार्यकर्ताओं के साथ सामंजस्य नहीं बिठा पा रहे थे। उनके व्यवहार की शिकायत कार्यकर्ता लगातार नीतीश कुमार से कर रहे थे। पार्टी के बड़े नेता चाहे वह सांसद हों या फिर विधायक, वह भी उनके व्यवहार के कारण तारतम्य नहीं बिठा पा रहे थे और न ही पार्टी संबंधी गतिविधियों पर उनके साथ खुलकर चर्चा कर पा रहे थे।

## लोकसभा चुनाव में सीट शेयरिंग 'इंडिया' के लिए चुनौती

**नई दिल्ली।** 2024 लोकसभा चुनाव में भाजपा से मुकाबले के लिए कांग्रेस और इंडिया गठबंधन के 28 दलों के बीच सीट शेयरिंग बड़ी चुनौती साबित हो सकती है। लोकसभा में कांग्रेस के बाद प्रमुख विपक्षी पार्टी तृणमूल कांग्रेस की सुप्रीमो ममता बनर्जी ने कहा है कि पश्चिम बंगाल में उनकी पार्टी की भाजपा से सीधी टक्कर है। उधर, महाराष्ट्र में शिवसेना उद्धव ठाकरे गुट के सांसद और प्रवक्ता संजय राउत ने भी शुक्रवार को कहा कि लोकसभा चुनाव में दादरा और नगर हवेली सहित 23 सीटों पर शिवसेना लड़ती रही है और वह मजबूती से लड़ेगी। इन दो बयानों के बाद कांग्रेस के लिए सीट शेयरिंग का फॉर्मूला निकालना आसान नहीं होगा। न्यूज एजेंसी ने शुक्रवार को सूत्रों के हवाले से बताया कि कांग्रेस पार्टी इंडिया गठबंधन के 28 दलों से सीट शेयरिंग पर जनवरी के पहले हफ्ते से बातचीत शुरू कर देगी। यह जानकारी कांग्रेस के 139वें स्थापना दिवस (28 दिसंबर) के ठीक एक दिन बाद आई है।

## राज्यसभा में चड्ढा आप को लीड नहीं करेंगे

**नई दिल्ली।** राज्यसभा चेयरमैन जगदीप धनखड़ ने राघव चड्ढा को राज्यसभा में पार्टी का लीडर बनाने की अपील को खारिज कर दिया है। शराब नीति घोटाला मामले में संजय सिंह की गिरफ्तारी के बाद राज्यसभा में आप नेता का पद खाली है।

आप चीफ अरविंद केजरीवाल ने संजय सिंह की जगह राघव चड्ढा को नियुक्त करने की अपील की थी। लेकिन आप का दावा है कि अपील खारिज नहीं हुई है, लेकिन कुछ स्पष्टीकरण मांगे हैं, जिनका समाधान किया जाएगा।




# लखनऊ पब्लिक स्कूल मे आर्ट-क्राफ्ट एवं विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन



*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** लखनऊ पब्लिक स्कूल, लखीमपुर खीरी में आर्ट-क्राफ्ट, विज्ञान प्रदर्शनी एवं बाल मेले का भव्य आयोजन किया गया । प्रदर्शनी का उद्घाटन मुख्य अतिथि रजत सिंह यादव, सिविल जज, जूनियर डिवीजन लखीमपुर द्वारा सरस्वती पूजन एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ प्रीप्राइमरी के नन्हे-मुन्नो ने अपनी सुंदर कल्पनाओं को %हमारा प्यारा लखीमपुर% जैसे विषय को लेकर शहर के प्रमुख स्थलों जैसे दुधवा नेशनल पार्क, मेंढक मंदिर आदि को दर्शाया। प्राइमरी के बच्चों ने ओल्ड एरा, स्पोर्ट वर्ल्ड, थिंग्स फॉर वेस्ट मटेरियल, वुमन एंपावरमेंट जैसे विषयों पर मनमोहक मॉडल्स बनाये। जूनियर कक्षाओं के बच्चों ने विविध लैंप, डेकोर आइटम्स एवं फैशन डिजाइनिंग जैसे रोचक विषय पर उत्कृष्ट मॉडलो द्वारा अपनी छुपी हुई प्रतिभा को उकेरा।

प्रदर्शनी में सीनियर वर्ग के छात्र-छात्राओं ने क्रियात्मक व ज्ञान वर्धक चार्टस व मॉडल्स जैसे डाटा ट्रांसमिशन थ्रू लाइट, टेस्ला कॉइल, हाइड्रॉलिक आर्म, रिवर क्लीनिंग मशीन, रेनबो फायर, वर्किंग मॉडल ऑफ डीएनए मॉडल, डाइजेस्टिव सिस्टम, प्रोटीन स्ट्रक्चर, ट्रिगोनोमेट्रिकल पार्क, 3ष्ठ-शेप्स, मैजिक विथ 8-स्टिक्स, शैडो-आर्ट पोयट्री-टूल्स, वोल्कानो, एयर पॉल्यूशन आदि आकर्षण का केंद्र रहे।मुख्य अतिथि ने छात्र-छात्राओं द्वारा प्रदर्शित सभी मॉडल्स, चार्टस एवं बाल मेले की भूरि-भूरि प्रशंसा की एवं बच्चों की प्रतिभा को सराहा। इस अवसर पर उपस्थित मुख्य रजत सिंह यादव, सिविल जज जूनियर डिवीजन लखीमपुर , एम.डी. तवांग, सब कमांडेंट, एस.एस.बी. ,ईरा श्रीवास्तव, चेयरमैन,नगर पालिका लखीमपुर, गरिमा सिंह,डायरेक्टर, लखनऊ पब्लिक कॉलेजस् सहित सभी गणमान्यो एवं अभिभावकों का प्रधानाचार्य विजय सचदेवा ने आभार व्यक्त किया एवं कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी प्रतिभागियों, शिक्षक- शिक्षिकाओं सहित सभी इंचार्जस को धन्यवाद दिया।

## पुलिस विभाग में सिपाही सागर राजपूत ने नाबालिका से दुष्कर्म करने का किया प्रयास

**लखीमपुर खीरी।** सदर कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ला निवासी नाबालिका ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि बीती 26 दिसंबर को पास के एक घर में किराए से रह रहे पुलिस विभाग में सिपाही सागर राजपूत ने नाबालिका को कुछ सामान देने के बहाने अपने कमरे में बुलाया और छेड़खानी करते हुए उसके साथ दुष्कर्म करने का प्रयास किया। किसी तरह नाबालिका ने दरवाजा खोला और अपनी इज्जत बचाई। लोकलाज के डर से पीड़िता ने पहले ये बात नहीं बताई, लेकिन पड़ोसियों से जानकारी मिलने के बाद जब उसने अपनी भांजी से पूछा तो उसने रोते हुए पूरी घटना बताई। पीड़िता ने एसपी ऑफिस पहुँचकर न्याय की गुहार लगाई है।

## बिजली के तारों में चिपक कर बंदरिया व उसके बच्चे की मौत

**लखीमपु खीरी।** शहर के मोहल्ला राजगढ़ में सीतापुर रोड पर शिव मंदिर के पास बिजली के तारों में चिपक कर बंदरिया व उसके बच्चे की मौत।

# डीएम महेंद्र बहादुर सिंह की अध्यक्षता में जिला उद्योग बन्धु की हुई बैठक

*अवधनामा संवाददाता*



**लखीमपुर खीरी।** जिले के उद्यमियों एवं व्यापारियों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह की अध्यक्षता में जिला उद्योग बन्धु की बैठक हुई। बैठक के दौरान डीएम ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि उद्यमियों, व्यापारियों, निर्यातकों की जायजा समस्याओं का समयबद्धता एवं गुणवत्तापरक निस्तारण कराया जाए। ताकि जनपद में औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा मिल सके। बैठक का संचालन उपायुक्त उद्योग संजय सिंह ने किया।डीएम ने कहा कि उद्यमियों की समस्याओं का निस्तारण करना शासन की शीर्ष प्राथमिकता है। समस्याओं के तत्परतापूर्वक निदान से उद्यमियों में प्रशासन के प्रति विश्वास बढ़ता है। व्यापारियों द्वारा उठाई समस्याओं के निदान के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। डीएम ने निवेश मित्र पोर्टल पर लंबित आवेदनों के संदर्भ में संबंधित विभागों से पूछताछ कर कारण जाना,जल्द ही निस्तारण के निर्देश दिए। उद्यमी अपनी समस्या के संबंध में प्रशासन को जानकारी देकर निदान करा सकते हैं। एसपी गणेश प्रसाद साहा ने कहा कि उद्यमियों के हर समस्या के निदान हेतु पुलिस प्रशासन तत्पर है। बैठक में उद्यमियों ने ई-रिक्शा का मुद्दा उठाया। डीएम-एसपी ने एआरटीओ को निर्देश दिए कि सड़कों पर गैर पंजीकृत ई रिक्शा संचालित न हो। वही राष्ट्रीय राजमार्ग और स्टेट हाईवे पर ई-रिक्शा का संचालन कदापि न हो इसे सुनिश्चित कराए। डीएम ने एआरटीओ को निर्देश दिए कि ई रिक्शा और ट्रैफिक महकमें की एक बैठक अवश्य कर ले। आईएमए के अध्यक्ष दीपक अग्रवाल ने निवेश मित्र पोर्टल पर पेमेंट करने में आ रही दिक्कतें बताएं। डीएम ने उपायुक्त उद्योग को समस्या के निस्तारण के निर्देश दिए। सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने बैठक की आवश्यकता व प्रासंगिकता पर विस्तार से अपने विचार व्यक्त किए। सीडीओ ने व्यापारियों द्वारा उठाई गई समस्याओं के निस्तारण हेतु संबंधित विभागों को निर्देशित किया। उपायुक्त (उद्योग) संजय सिंह ने गत बैठक में हुए निर्णयों के अनुपालन की जानकारी दी। बैठक में निवेश मित्र पोर्टल पर लंबित आवेदन पत्रों, विभाग द्वारा संचालित पीएम रोजगार सृजन कार्यक्रम, एमवाईएसवाई, ओडीओपी वित्तपोषण सहित रोजगारपरक योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की। बैठक की शुरुआत में उपायुक्त (उद्योग) संजय सिंह ने गत बैठक में लिए गए निर्णय की अद्यतन प्रगति बताइ।

## बोर्ड ने दिया सेस जमा करने का बेहतर विकल्प

श्रम परिवर्तन अधिकारी संतोष त्रिपाठी ने बताया कि उप्र भवन एवम् अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड ने सेस जमा करने का बेहतर विकल्प प्रदान किया है। अब इसके लिए बोर्ड के पास नया पोर्टल है। जिसके माध्यम से ऑनलाइन सेस जमा कराने की सुविधा है। उपकर जमा करने वाले डेबिट या क्रेडिट कार्ड, यूपीआई, वॉलेट, इंटरनेट बैंकिंग आदि के द्वारा पोर्टल के माध्यम से इसे डिजिटली जमा कर सकते हैं। इस ऑनलाइन व्यवस्था से लोगों को अधिक आसानी होगी। विभिन्न स्रोतों से उपकर एक ही खाते में एकत्र किया जाएगा।

## इजराइल जाने को निर्माण श्रमिक कर सकते हैं आवेदन : श्रम प्रवर्तन अधिकारी

इजराइल में हुए युद्ध से उत्पन्न स्थिति के दृष्टिगत इजराइल सरकार द्वारा भारत सरकार से निर्माण श्रमिकों की आवश्यकता बताई गयी है। इस हेतु निर्माण श्रमिक जिनका पंजीयन श्रम विभाग में है अथवा नहीं बायोडाटा व आधार कार्ड कार्यालय सहायक श्रम आयुक्त कलेक्ट्रेट में जमा कर सकते हैं। उक्त जानकारी श्रम प्रवर्तन अधिकारी संतोष त्रिपाठी ने दी। उन्होंने बताया कि भारत सरकार द्वारा निर्माण श्रमिकों के रोजगार के लिए एक सुनहरा अवसर प्रदान किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत इजराइल में सुरक्षित स्थान पर बिल्डिंग निर्माण से सम्बंधित काय करने वाले श्रमिक यथा-राजमिस्त्री/टाइल्स कारीगर/शटरिंग कारीगर तथा जाल बनाने वाले कारीगर आदि के कार्यों हेतु भारत सरकार के राष्ट्रीय कौशल विकास कारपोरेशन के माध्यम से श्रमिकों को रोजगार उपलब्ध कराये जाने हेतु आवेदन आमंत्रित किये जा रहे हैं, जिसमें इच्छुक श्रमिक योग्यता रखता हो। श्रमिक उक्त चारों प्रकार में से किसी एक कार्य में निपुण हो। श्रमिक की आयु 21 वर्ष से 45 वर्ष के मध्य होना अनिवार्य है। श्रमिक को कम से कम 3 वर्ष कार्य का अनुभव होना अनिवार्य है।

## 20 कट्टे लहसुन के चोरी करने वाला वांछित चोर दबोचा



*अवधनामा संवाददाता*

सहारनपुर। थाना मण्डी पुलिस ने छोटे हाथी में 20 कट्टे लहसुन के चोरी कर ले जाने के वांछित 01 अभियुक्त को गिरफ्तार किया है, जिसके कब्जे से 6 लहसुन के कट्टे बरामद हुए है।

गौरतलब रहे कि 27 दिसम्बर को नदीम अहमद पुत्र खुशी मौहम्मद निवासी शेखपुरा कदीम थाना कोतवाली देहात ने एक अज्ञात व्यक्ति पर उसके 20 कट्टे लहसुन के चोरी करके छोटे हाथी में डालकर ले जाने के संबंध में थाने पर मुकदमा पंजीकृत कराया था। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ.विपिन ताडा के निर्देशन में अपराध नियंत्रण व वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में थाना मण्डी प्रभारी निरीक्षक धर्मेन्द्र सिंह के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने वांछित अभियुक्त नितिन उर्फ जिन्द पुत्र महिपाल निवासी मतानतनगर थानी बालैनी जनपद बागपत को चोरी किए माल के साथ आले की चुंगी के पास से गिरफ्तार किया। अभियुक्त के विरूद्ध अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

जिसके पास से 6 कट्टे लहसुन के बरामद हुए। चोर को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक ज्ञानेन्द्र सिंह, हैड कांस्टेबल दीपक नागर, राहुल त्यागी व कांस्टेबल अंकित शामिल रहे।

# पुलिस मुठभेड़ में एक शातिर गौकश गोली लगने से घायल

## आवारा पशुओं को जंगल में ले जाकर करते थे गौकशी

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** आवारा घूमते पशुओं को जंगल में ले जाकर गौकशी करने वाले एक शातिर गौकश को थाना कोतवाली देहात पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ में एक गौकश गोली लगने से घायल हो गया, जबकि उसका एक अन्य साथी पुलिस को चकमा देकर मौके से भागने में फरार हो गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ.विपिन ताडा के निर्देश पर जनपद में अपराध नियंत्रण, गौकशी व गौतस्करी की घटनाओं की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत थाना प्रभारी कोतवाली देहात को मुखबिर से सूचना मिली कि नया बाईपास ग्राम हलालपुर के जंगल की ओर से एक जानवर के रैंकने की आवाज आ रही है। इस सूचना पर थाना प्रभारी कोतवाली देहात के नेतृत्व में कोतवाली देहात पुलिस टीम नया



बाईपास ग्राम हलालपुर के जंगल की तरफ गयी, तो जानवर के रैंकने की आवाज सुनाई देने पर पुलिस पार्टी द्वारा टॉर्च की रोशनी से देखा गया, तो 02 व्यक्ति संदिग्ध खड़े दिखाई दिये तथा जमीन पर 01 जानवर रस्सी से बधां पडा है, जब पुलिस पार्टी उनके पास पहुंच रही थी, तो दोनो व्यक्तियों ने पुलिस पार्टी पर फायर कर दिया। पुलिस टीम ने अपना बचाव करते हुए जबावी फायरिंग की, तो अरशद उर्फ कनकटा पुत्र भूरा उर्फ पाली उर्फ फैजान निवासी चांद कालोनी गली नं.-03 थाना कुतुबशेर के दाहिने पैर मे घुटने के नीचे गोली लगने से घायल हो गया। अभियुक्त के पास से 01 तमंचा 315 बोर, 01 जिन्दा, खोखा कारतूस 315 बोर व 01 बछिया तथा गौकशी करने के उपकरण बरामद हुए ।

अभियुक्त का एक साथी अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से जंगल में भाग गया। जिसकी गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम द्वारा लगातार काम्बिंग की जा रही है। घायल बदमाश को प्राथमिक उपचार हेतु जिला अस्पताल, सहारनपुर में भर्ती कराया गया। अभियुक्त ने पूछताछ में बताया कि वह और उसका साथी आस-पास के क्षेत्र से आवारा घूमते पशुओं को पकडकर रात्रि में जंगल में ले जाकर एकान्त स्थान पर गौकशी करके, गौमांस को आसपास के क्षेत्रो मे बेच देते है। गौमांस बेचकर जो रूपये मिलते है, उसको हम आपस में बराबर हिस्सों में बाट लेते है। हिस्से में आये रूपयों से अपनी जरूरतों को पूरा कर लेते है। अभियुक्त के खिलाफ कोतवाली मण्डी, थाना कुतुबशेर में एक दर्जन से अधिक मुकदमें दर्ज है।

गौकश को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक सत्येन्द्र प्रकाश सिंह, उपनिरीक्षक सुनील यादव, दीपचन्द यादव, हैड कांस्टेबल कपिल राणा, विवेक, सचिन, अरुण, कांस्टेबल अनिरुद्ध, अमित व राहुल शामिल रहे।

## अवैध देशी तमंचा व एक अदद जिन्दा कारतूस के साथ किया गिरफ्तार

**लखीमपुर खीरी।** थाना सिंगाही पुलिस द्वारा अभियुक्त वीरू सिंह चौहान पुत्र अवधेश कुमार निवासी ग्राम हरद्वाही थाना सिंगाही जनपद खीरी को एक अदद अवैध देशी तमंचा 315 बोर व एक अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ नदी पुल के पास बहदग्राम मोतीपुर थाना सिंगाही जनपद खीरी से गिरफ्तार किया गया । बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 280/2023 धारा 3/25 आयुध अधिनियम पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही हेतु न्यायालय के समक्ष भेजा गया।

# स्व.डॉ.गाबा की पुण्यतिथि पर गरीबों को किए कंबल वितरित



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल के पूर्व प्रदेश संगठन मंत्री एवं श्री गीता मंदिर समिति के पूर्व अध्यक्ष स्वर्गीय डॉ.राजकुमार गाबा की पुण्यतिथि के अवसर पर लगभग 160 गरीब व्यक्तियों को कंबल वितरित किए गए। बेरी बाग स्थित मंदिर परिसर में कम्बल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व सांसद राघव लखन पाल शर्मा ने स्व.डॉ. राजकुमार गाबा के जीवन काल में उनके द्वारा किए गए सामाजिक कार्यो के बारे में अवगत कराया कि वे हमेशा गरीबों की हर तरह से मदद करने के लिए हमेशा तैयार रहते थे, आज उनकी पुण्यतिथि पर उनके परिजनों द्वारा गरीबों को कंबल वितरण करके उनके कार्यो को आगे बढ़ाया जा रहा है, जो बहुत ही स्वागत योग्य है। महापौर डॉ.अजय सिंह ने स्वर्गीय राजकुमार गाबा को याद करते हुए कहा कि उनकी धार्मिक और सामाजिक कार्यों में बहुत रुचि थी और उनके परिजन भी उनके विचारों को आगे बढाते हुए श्री गीता मंदिर समिति की देखरेख में भव्य मंदिर के निर्माण मे बढ़-चढ़कर सहयोग कर रहे हैं, यह उनके लिए सच्ची श्रद्धांजलि है। इस अवसर पर पश्चिमी उत्तर प्रदेश संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष शैलेंद्र भूषण गुप्ता, मुकुंद मनोहर गोयल, जिलाध्यक्ष जयवीर राणा, अजय शर्मा, साहिल गाबा, सुशील कांबोज, पूर्व महापौर संजीव वालिया, हरीश मलिक, सुमित मलिक, हेमंत अरोड़ा, प्रवीण गाबा, प्रशांत गोयल, अंकित जैन, जोली प्रजापति, अमित मदान एवं सुरेंद्र क्वात्रा, दीपक रहेजा, रोमी आहूजा, संजय बाटला, राकेश ढींगरा, पंडित अनिल कोदंड, पंडित अरुण शर्मा, सुभाष सचदेवा, विष्णु कुमार, सोनू मेहंदीरत्ता, प्रेमनाथ छोकरा एवं स्वर्गीय राजकुमार गाबा की धर्म पत्नी, पुत्रवधू एवं अन्य परिजन उपस्थित रहे।

## सपा के राष्ट्रीय महासचिव चौ.रूद्रसैन का स्वागत

समाजवादी। समाजवादी पार्टी के नवनियुक्त राष्ट्रीय महासचिव चौधरी रूद्रसैन ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में सहारनपुर मंडल की तीनों लोकसभा सीट पर इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों को जिताने के लिए पूरे मनोयोग से कार्य किया जायेगा, ताकि देश के लोकतंत्र व संविधान को बचाया जा सकें। सपा के राष्ट्रीय महासचिव चौधरी रूद्रसैन आज यहां दिल्ली रोड स्थित आवास पर अपने समर्थकों को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर उनके समर्थकों ने उनका जोरदार स्वागत किया। चौधरी रूद्रसैन ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने हमें जो सम्मान दिया है वास्तव में हम उनके हमेशा आभारी रहेंगे। यही नहीं पिताजी स्वर्गीय चौधरी यशपाल सिंह के रहते हुए भी हमें समाजवादी पार्टी से लगातार सम्मान मिलने का कार्य हुआ है। चौ.यशपाल के पार्टी ज्वाइन करने के तुरंत बाद तत्कालीन पार्टी मुखिया मुलायम सिंह यादव ने राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाने का कार्य किया था, यही नहीं लगातार गंगोह विधानसभा से चुनाव लड़वाने का कार्य भी समाजवादी पार्टी के मुखिया ने हमेशा किया है।

## एनसीसी, एनएसएस के छात्रों को टीबी उन्मूलन के प्रति किया जागरूक

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत आज जिला क्षय अधिकारी के नेतृत्व में स्वास्थ्य टीमों ने महाराजा सिंह डिग्री कॉलेज के छात्र-छात्राओं को टीबी उन्मूलन के प्रति जागरूक किया।

जिला क्षय अधिकारी डॉ.सर्वेश कुमार की अगुवाई में स्वास्थ्य टीम आज महाराज सिंह डिग्री कालेज पहुंची। टीम में जिला क्षय रोग अधिकारी डा.सर्वेश कुमार, वरिष्ठ क्षय रोग लैब पर्यवेक्षक एमपी सिंह चावला, पीपीएम कोड़िनेटर परवेंद्र यादव ने छात्र-छात्राओं को टीबी उन्मूलन के प्रति जागरूक किया। टीबी विभाग की टीम ने एनएसएस और एनसीसी के कैडेट, छात्र-छात्राओं को टीबी रोग के लक्षण, निदान, उपचार के बारे मे विस्तार से जानकारी दी एवं सभी को अपने अपने क्षेत्रो मे टीबी के लक्षणों वाले संदिग्ध मरीज़ो को पास के स्वास्थ्य केन्द्रो पर जाँच हेतु भेजनें के लिए मुफ्त जाँच केन्द्रो की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य कर्मी टीबी संदिग्धों या मरीज़ो के घर वालो से ज़ब लक्षण पूछते है या परिवार के सदस्यों की संख्या या लक्षण पूछते है, तो भ्रान्तियो के कारण लोग कई बार सहयोग नहीं करते, ऐसे मे छात्र-छात्राओं द्वारा भी अपने क्षेत्र के लोगो को जानकारी विभाग की टीम को जानकारी देने हेतु प्रेरित करें। इस तरह से सहयोग करते रहेंगे, तो टीबी मुक्त भारत के सपने को शीघ्र साकार किया जा सकेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाराज सिंह कालेज के प्राचार्य अनिल शर्मा ने की तथा संचालन कालेज के एनसीसी एवं रसायन विभाग के प्रोफेसर डीआर मोहन ने किया।

## सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने को वाहनों पर लगाये रिफ्लेक्टर

**सहारनपुर।** जागरूक सहायता संस्था एव आर.टी.ओ के सयुक्त तत्वधान में सड़क सुरक्षा अभियान के अंतर्गत कोहरे के कारण सड़क दुर्घटनाओं से बचने के लिए वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगाये गये और आमजन को यातायात के नियमों का पालन करने को प्रेरित किया। आज दिल्ली रोड पर संभागीय परिवहन विभाग व जागरूक सहायता संस्था ने संयुक्त रूप से शिविर लगाया, जहां पर वाहनों को दुर्घटनाओं से बचने के लिए रिफ्लेक्टर, इंडीगेटर स्टीकर लगाये गये, जिससे लोगो की जान माल की सुरक्षा हो सकें। जागरूक सहायता संस्था के संस्थापक गौरव सुखीजा ने बताया कि संस्था ने आज लगभग 100 से 125 ऑटो एव छोटे बड़े वाहनों पर रेडियम इस्टिकर लगये हैं । इस अवसर पर आरटीओ एमपी सिंह ने वाहन चालकों को सीट बेल्ट एव हैलमेट का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि कार व अन्य वाहन में सीट बेल्ट का प्रयोग अवश्य करें। हर गाड़ी दूसरी गाड़ी से कम से कम 10 से 15 मीटर की दूर बना कर ही चले। कोहरे को देखते हुए रात्रि में यात्रा करने से बचे। कार्यक्रम में संस्था के जिला अध्यक्ष राजू प्रेम सुखीजा, महानगर अध्यक्ष राजेंद्र चावला, महानगर महासचिव लक्की अरोड़ा आदि मौजूद रहे। संचालन मोंटू कालड़ा व पूर्व स्टेशन अधीक्षक शिव पाल ने किया। इस अवसर पर महावीर आर्य, वीरेंद्र बहल, सुलेख, नौशाद आदि मौजूद रहे।

## निगम ने मीट दुकानदारों पर लगाया दस हजार का जुर्माना

**सहारनपुर।** दिल्ली रोड के दो मीट दुकानदारों पर मीट व्यवसाय मानकों का उल्लंघन करने पर नगर निगम ने दस हजार रुपये का जुर्माना लगाया और दुकान के बाहर रखी गई मुर्गो की रैक को जब्त कर लिया। दुकानदारों को नोटिस भी दिए गए हैं। नगर निगम द्वारा आज पशु चिकित्सा एवं कल्याण अधिकारी डा संदीप मिश्र के नेतृत्व में शहर की कई मीट दुकानों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान दिल्ली रोड स्थित दो मीट की दुकानों पर मीट व्यवसाय मानकों का उल्लंघन होते हुए पाया गया। दोनों दुकानदारों से पांच-पांच हजार रूपये का जुर्माना वसूला गया तथा दुकान के बाहर रखी गई मुर्गो की रैक को जब्त कर लिया गया है। निगम अधिकारियों ने उक्त दुकानदारों को साफ सफ़ाई रखने व सड़क पर अतिक्रमण न करने के भी निर्देश दिए गए। नगर निगम द्वारा आज पशु चिकित्सा एवं कल्याण अधिकारी डा संदीप मिश्र ने बताया कि मीट व्यवसाय मानकों का उल्लंघन करने के सम्बन्ध में उपरोक्त दुकानदारों को नोटिस भी दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि गत नवंबर माह में सभी मीट व्यवसाय करने वालों को मीट व्यवसाय मानक सम्बंधी निर्देश जारी किये गए थे। उन्हीं मानकों के अनुपालन के संदर्भ में आज अनेक मीट दुकानों का निरीक्षण किया गया। कार्रवाई के दौरान प्रवर्तन दल से हेमराज व पवन आदि मौजूद रहे।

## नगर निगम ने चार करोड़ की भूमि कब्जा मुक्त करायी

**सहारनपुर।** नगर निगम ने बेहट रोड स्थित वनवासी कल्याण आश्रम के निकट किये गए करीब दो हजार वर्ग गज अतिक्रमण को हटवा कर कब्जा मुक्त करा लिया। कब्जा मुक्त कराई गयी भूमि का बाजार मूल्य करीब चार करोड़ रुपये बताया जा रहा है। अपर नगरायुक्त के निर्देश पर अतिक्रमण प्रभारी शिवराज के नेतृत्व में निगम अधिकारी जेसीबी के साथ बेहट रोड पहुंचे और वहां वनवासी कल्याण आश्रम के निकट किये गए अतिक्रमण को हटवा दिया। अतिक्रमण प्रभारी शिवराज सिंह ने बताया कि किसी व्यक्ति ने वहां सड़क के साइड में करीब दो हजार वर्ग गज भूमि पर एक गेट लगाकर व तारबाड़ कर जानवर पाल रखे थे और ऊपर शेड डाल रखा था। उन्होंने बताया कि उक्त अतिक्रमण को हटवा दिया गया है। अतिक्रमण प्रभारी ने बताया कि अतिक्रमण मुक्त करायी गयी भूमि का बाजार मूल्य चार करोड़ रुपये बताया जाता है।

## ''संस्कृति उत्सव 2023'' का हुआ आयोजन

*अवधनामा संवाददाता*

**गौतमबुद्धनगर।** उत्तर प्रदेश शासन की मंशा के अनुरूप एवं डीएम मनीष कुमार वर्मा के नेतृत्व में शास्त्रीय एवं लोक संगीत की उपयुक्त पृष्ठभूमि में उत्तर प्रदेश के सभी अंचलो में कलाकारों की पहचान कर उन्हें उनकी योग्यता के अनुसार मंच प्रदान करते हुए उनको प्रोत्साहित एवं समृद्ध करने के उद्देश्य से संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा उत्तर प्रदेश पर्व ''हमारी संस्कृति हमारी पहचान'' के अंतर्गत ''संस्कृति उत्सव-2023'' को लेकर 25 से 30 दिसंबर 2023 तक तहसील मुख्यालय पर प्रतियोगिता आयोजित कराई जा रही है।

इसी श्रृंखला में आज उत्तर प्रदेश सरकार के संस्कृति मंत्रालय द्वारा आयोजित संस्कृति महोत्सव हमारी संस्कृति हमारी पहचान ÷ कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न कलाओं गायन, वादन और नृत्य जैसे में सांस्कृतिक प्रतियोगिता का भव्य आयोजन पटेल लोक सांस्कृतिक संस्थान नॉलेज पार्क 2 ग्रेटर नोएडा में आयोजित किया गया, जिसमें सदर तहसील गौतमबुद्ध नगर के विभिन्न विधाओं के कलाकारों ने प्रतिभाग किया।

आयोजित कार्यक्रम में निर्णायक दल में ख्याति प्राप्त लोक गायक मंजु शर्मा, गीता मिश्रा, रक्षा त्रिपाठी उपस्थित रही। इस प्रतियोगिता में गायन विधा में मोनिका प्रथम, पायल द्वितीय, कोमल तृतीय स्थान पर रही एवं कनिष्ठ वर्ग में दक्षिता प्रथम, पंछी द्वितीय और सरण्या ने तृतीय स्थान पाया।

इस अवसर पर स्थानीय कलाकारों में जयबीर भाटी, ऋतु चौधरी आदि द्वारा रागिनी प्रस्तुत की गई एवं कलाकारों को उत्साह वर्धन के लिए नोडल अधिकारी डॉक्टर विनीता श्रीवास्तव, नायब तहसीलदार सचिन पवार और अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त लोक गायक ब्रह्म पाल नागर द्वारा प्रमाण पत्र वितरित कर सम्मानित किया। आयोजित मंच का सफल संचालन विकास सक्सेना के द्वारा किया किया।

## सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के तहत चित्रकला व भाषण प्रतियोगिता आयोजित

*अवधनामा संवाददाता*



**सहारनपुर।** परिवहन विभाग के तत्वावधान में सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के अंतर्गत आयोजित चित्रकला व भाषण प्रतियोगिता में प्रतिभागियों द्वारा सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने का आह्वान किया गया। वीर सुभाष मेमोरियल इंटर कालेज में सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के तहत आयोजित कार्यक्रम का शुभारम्भ ए.आर.टी.ओ. महेंद्र प्रताप सिंह, सीओ द्वितीय अभितेष सिंह, प्रोग्रेसिव स्कूल्स सोसायटी के संयोजक एवं वरिष्ठ पत्रकार सुरेंद्र चौहान, कालेज के संस्थापक बिजेंद्र सिंह, डायरेक्टर हर्षित तोमर व टी. आई. अमित तोमर ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती व भारत माता के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्जवलित करके किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ए.आर.टी.ओ. महेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए यातायात के नियमों का पालन करना अत्यंत आवश्यक है क्योंकि अधिकतर दुर्घटनाएं यातायात के नियमों के पालन के अभाव में घटित होती हैं। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के आयोजन का उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना है।

उन्होंने वाहनों के रखरखाव, हेलमेट की उपयोगिता व आवश्यकता के बारे में जानकारी देते हुए दुपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट व चौपहिया वाहन चलाते समय सीट बैल्ट का प्रयोग करने का आह्वान किया। सीओ अभितेष सिंह ने कहा कि सड़क हादसों में घायलों को नजदीकी अस्पतालों में अतिशीघ्र भेजना चाहिए ताकि समय पर उपचार मिलने पर घायल व्यक्ति की जान बचाई जा सके। उन्होंने यातायात के नियमों का पालन करने की आवश्यकता पर बल दिया। प्रोग्रेसिव स्कूल्स सोसायटी के संयोजक व वरिष्ठ पत्रकार सुरेंद्र चौहान ने कहा कि छात्र-छात्राएं वाहन व मोबाइल का उपयोग न करें बल्कि अपना लक्ष्य निर्धारित कर शिक्षा हासिल करें तथा अपने अभिभावकों व आसपास के लोगों को यातायात के नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित करें क्योंकि यातायात के नियमों का पालन करके ही दुर्घटनाओं से बचा जा सकता है। पुलिस उपनिरीक्षक भुकन शरण ने विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा के टिप्स दिए। जबकि साइबर क्राइम प्रभारी विक्रांत भड़ाना व पूनम चौहान ने विद्यार्थियों को साइबर सुरक्षा के बारे में जागरूक किया।

## वन गुर्जर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**सहारनपुर।** जंगल में एक वन गुर्जर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। चर्चा थी कि वन गुर्जर की मौत सेना के मिस बम में हुए विस्फोट के कारण हुई है, हालांकि बाद में परिजनों ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वन गुर्जर की मौत पहाड़ से गिरकर हुई है। पुलिस ने पंचनामा भर शव को परिजनों को सौंप दिया। दरअसल हेलो पूरा मामला थाना मिर्जापुर इलाके की बड़कला खोल का है। बड़कला खोल में रहने वाले वन गुर्जर गुलाम मुस्तफा पुत्र जहूर अहमद की शुक्रवार को संदिग्ध हालत में मौत हो गई। क्षेत्र में चर्चा थी कि वन गुर्जर की मौत के बाद चर्चा उडी थी कि सेना अभ्यास के दौरान मिस हुए बम से धातु निकलते वक्त विस्फोट होने से उसकी मौत हुई है। सूचना मिलते ही थाना मिर्जापुर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की छानबीन की। बाद में मृतक गुलाम मुस्तफा पुत्र जहूर के भाई गुलाम नबी, नूर जमाल व बशीर अहमद ने थाना मिर्जापुर पुलिस को लिखित में तहरीर देकर बताया कि उनके भाई की पहाड़ पर चढ़ते या उतरते हुए गिरकर पीठ में लकड़ी घुसने से हुए अत्यधिक खून बहने से मौत हुई है। हालाकि सुबह से चर्चाएं चल रही थी कि वन गुर्जर की मौत सेना के मिस बम में विस्फोट होने से हुई है.! परिजनों ने किसी भी कानूनी कार्यवाही से इंकार कर दिया जिसके बाद पुलिस ने शव का पंचनामा भर परिजनों को सौंप दिया।

# टीबी पर एक संवेदीकरण हुई कार्यशाला छात्र छात्राओं को किया जागरूक



अवधनामा संवाददाता

**कानपुर।** क्षय रोग (टीबी) के उन्मूलन के लिए समुदाय को लगातार जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को चुन्नीगंज स्थित बीएनएसडी इंटर कॉलेज के नेशनल कैडेट कोर (एनसीसी) के छात्र छात्राओं के लिए स्वास्थ्य विभाग ने टीबी पर एक संवेदीकरण कार्यशाला का आयोजन किया। इसका आयोजन जिलाधिकारी विशाख जी के निर्देशन व मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ आलोक रंजन के नेतृत्व में किया गया। इस दौरान जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ आरपीमिश्रा, जिला कार्यक्रम समन्वयक (डीपीसी) राजीव सक्सेना ने एनसीसी के अधिकारियों और छात्रों को टीबी मुक्त भारत अभियान में सहयोग करने का आग्रह किया। एनसीसी के लेफ्टिनेंट एसके सिंह ने आश्वस्त किया कि वह टीबी के खिलाफ जंग में जनपद प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग के साथ हैं। एनसीसी के समस्त कैडेट समुदाय में लोगों को टीबी रोग के प्रति जागरूक करेंगे। प्रिंट व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के जरिये हमने टीबी मुक्त भारत अभियान के बारे में बहुत कुछ सुना है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भी विजन है कि वर्ष 2025 तक देश टीबी मुक्त हो जाए। इसके लिए हम सबको एक साथ टीबी के खिलाफ आवाज उठानी होगी।

डीपीसी राजीव सक्सेना ने बताया कि क्षय रोग से संबन्धित सभी प्रकार की जांच, दवाएं सभी सरकारी चिकित्सालयों में मौजूद हैं। निक्षय पोषण योजना के तहत टीबी के नए मरीज को उपचार के दौरान 500 रुपये प्रति माह अच्छे पोषण के लिए सरकार द्वारा दिये जा रहे हैं। निजी चिकित्सालयों में भी जिन टीबी मरीजों का इलाज चल रहा है, उन को भी 500 रुपये सरकार द्वारा प्रदान किया जाता है। यदि कोई व्यक्ति नए क्षय रोगी की प्रथम सूचना देता है तो उसे भी सरकार द्वारा 500 रुपये प्रदान किए जाते हैं।

इस मौके पर प्रधानाचार्य अमर सिंह चौहान, लेफ्टिनेंट एसके सिंह, लेफ्टिनेंट उमेश प्रताप, लेफ्टिनेंट सुरेंद्र कुमार, लेफ्टिनेंट अखिलेश यादव एवं अन्य लोग उपस्थित रहे।

# ज्ञान-विज्ञान प्रदर्शनी में विधार्थियों ने किया अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन



अवधनामा संवाददाता

**कानपुर।** इण्टरमीडिएट एजूकेशन सेंटर, सतबरी रोड, में विज्ञान, वाणिज्य व कला प्रदर्शनी में विधार्थियों द्वारा ने अपने माडलों को प्रस्तुत करके अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रदर्शनी में कक्षा 6 से कक्षा 12 तक के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। प्रदर्शनी में बच्चों ने विभिन्न नवीनतम मॉडल प्रस्तुत किया और अतिथियों को उनके बारे में विस्तृत जानकारी दी। मुख्य आकर्षण का केंद्र कक्षा 12 के विधार्थियों द्वारा बनाया गया भ्रूण परिर्वधन मॉडल रहा इसके अलावा रेन वाटर हार्वेस्टिंग, स्मार्ट सिटी, सोलर एक्लिप्स, ऑटोमैटिक स्ट्रीट लाइट, नाइफ पेंटिंग तथा वाणिज्य वर्ग द्वारा एटीएम मॉडल आदि को खूब सरहा गया। भारती गुप्ता, कृति श्रीवास्तव, प्रियांशु वर्मा, अनुश्री, कीर्ति शंखवार, देवांशी सिंह, आयूषी बाजपाई आदि छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रदर्शनी का शुभारम्भ मुख्य अतिथि बृजेश मिश्रा द्वारा फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर बीके मिश्र, नवेन्दु बाजपाई, प्रधानाचार्या नीलम गुप्ता ने मां सरस्वती प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित किया। धन्यवाद ज्ञापन शिवांक त्रिवेदी ने प्रस्तुत किया।

## गंगा टास्क फोर्स ने चलाया निर्मल गंगा जागरूकता अभियान

**कानपुर।** भारतीय सेना की 137 सी ई टी एफ टी ए बटालियन 39 गोरखा राइफल गंगा टास्क फोर्स ने कैंटोनमेंट बोर्ड जूनियर हाई स्कूल, लाल कुर्ती कानपुर कैंट मे चलाया निर्मल गंगा जागरूकता अभियान चलाया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रधानाध्यापक अतुल कुमार शुक्ला, स्कूल स्टाफ एवं छात्र उपस्थित रहे।गंगा टास्क फोर्स के कमान अधिकारी कर्नल अरविंद प्रसाद एस और कानपुर स्थित कंपनी कमांडर लेफ्टिनेंट कर्नल अनूप कुमार ओझा के दिशा निर्देश पर विगत 5 सालों से गंगा स्वच्छता अभियान,पौधा रोपण, घाटों की गश्त, जागरूकता अभियान निरंतर कर रही है। इस अवसर पर गंगा टास्क फोर्स के सूबेदार समरजीत सिंह ने छात्रों को गंगा स्वच्छता निर्मल गंगा के बारे में जागरूक कियाऔर बताया कि गंगा नदी नहीं जीवनदायिनी है यदि हम इसकी रक्षा करेंगे तो मानव जाति की रक्षा स्वत-हो जाएगी तथा साथ ही छात्रों को स्वयं स्वच्छ रहने और गंगा को निर्मल व स्वच्छ रखने की शपथ दिलाई।

# पुलिस की मेहनत लाई रंग हत्या का आरोपी धरा गया

अवधनामा संवाददाता

**आरोपी ने बताया नशे की हालत में मृतक ने उसके साथ किया था कुकर्म**

**कानपुर।** कुछ दिन पहले जरौली फेस वन के नाले के किनारे एक युवक की लाश पड़ी मिली थी, जिसकी डंडा मारकर हत्या की गयी थी। पुलिस द्वारा आरोपी की तलाश जारी थी। गुरूवार देर रात पुलिस को आरोपी को पकड़ने में सफलता प्राप्त हुई। सीसीटीवी फुटेज की जांच के दौरान मृतक को आरोपी के साथ देखा गया था। कुछ समय पहले जरौली फेसवन के नाले के पास एक युवक का शव पड़ा मिला था। पुलिस द्वारा लगातार आरोपी की तलाश की जा रही थी। जांच के दौरान पुलिस को घटना स्थल के कुछ दूरी पर स्थित देशी शराब के ठेके के पास लगे सीसी टीवी फुटेज देखने पर मृतक युवक के साथ एक और व्यक्ति दिखाई दिया और पुलिस ने यहीं से अपनी जांच तेज कर दी। बताया जाता है कि 12 दिसम्बर को गजनेर के सेरूआ गांव निवासी सुनील की हत्या हुई थी। मौके से बांस का डंडा तथा शराब के पाउच के साथ एक मफलर मिला था। पुलिस द्वारा आरोपी बलरामपुर निवासी महेश वर्मा को गिरफ्तार कर लिया गया है। महेश शहर में मजदूरी करता था और यही रहता था। महेश ने बताया कि उसकी मुलाकात सुनील से हुई थी। कुछ दिनों बाद सुनील ने उसे खाड़ेपुर स्थित अपने किराए के मकान पर बुलाया और वहां दोनो ने पहले शराब पी, जिसके बाद नशे में धुत होने के बाद सुनील ने उसके साथ दुष्कर्म किया और तभी से वह सुनील की हत्या करने की योजना बनानी शुरू कर दी थी। उसने बताया कि 12 दिसम्बर को उसकी मुलाकात फिर सुनील से हुई और दोनो ने जरौली शराब ठेके में शराब पी, उसके बाद वह सडक किनारे नाले के पास लेटे थे, जहां सुनील ने रात में उसके साथ फिर दुष्कर्म करने का प्रयास किया और उसने आक्रोश में आकर सुनील के सिर पर डंडे से कई वार कर उसकी हत्या कर दी।

# वैज्ञानिक प्राकृतिक एवं जैविक खेती हेतु चलाएं विशेष अभियानः कुलपति

अवधनामा संवाददाता



**कानपुर।** सीएसए के कुलपति डॉक्टर आनंद कुमार सिंह ने राष्ट्रीय संगोष्ठी में कृषि वैज्ञानिकों को प्राकृतिक एवं जैविक खेती हेतु विशेष तौर पर प्रेरित किया। वे आज टिकाऊ कृषि हेतु प्राकृतिक एवं जैविक खेती विषयक एक दिवसीय डॉक्टर कीर्ति सिंह स्मारक व्याख्यान एवं राष्ट्रीय संगोष्ठी भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान लखनऊ में व्याख्यान दे रहे थे। डॉ सिंह ने अपने संबोधन में बताया कि प्राकृतिक एवं जैविक खेती से स्वास्थ्यवर्धक एवं गुणवत्ता परक खाद्यान्न प्राप्त होता है। साथ ही साथ पर्यावरण एवं मृदा स्वास्थ्य भी स्वस्थ रहता है। उन्होंने वैज्ञानिकों का आवाहन करते हुए कहा कि किसानों को परंपरागत पद्धति से खेती पर प्रशिक्षण न दें बल्कि खेती की उन्नत तकनीक को सिखा कर इसे लाभ का व्यवसाय बनवाएं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में मिट्टी काफी उर्वर है जिसमें खाद्यान्न एवं उद्यानिकी सभी प्रकार की फसलें ली जा रही हैं। उन्होंने वैज्ञानिकों को उद्यानिकी एवं मसाला फसलों जैसी अधिक आय परक फसलों का क्षेत्रफल बढ़ाने पर भी जोर दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ आर के सिंह ने की। जबकि मुख्य अतिथि के तौर पर बी एच यू बनारस के पूर्व कुलपति एवं आईसीएआर के पूर्व महानिदेशक डॉक्टर पंजाब सिंह तथा आईसीएआर के उप महानिदेशक (प्रसार) डा . यू एस गौतम बतौर विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे। बाद में कार्यक्रम में तकनीकी सत्र प्रारंभ हुआ। जिसमें देश के विभिन्न संस्थाओं से आए वैज्ञानिकों ने अपने शोध पत्र प्रस्तुत किये।कार्यक्रम का संचालन वैज्ञानिक डॉक्टर स्वाती ने किया।

## इरफान सोलंकी का गुर्गा शकील चिकना पुलिस के चढ़ा हत्थे

**कानपुर।** आगजनी के मामले में गिरफ्तार चल रहे सपा विधायक इरफान सोलंकी के गुर्गे शकील चिकना को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। वह मामले में अभी तक फरार चल रहा था। शकील बेकनगंज के हीरामन का पुरवा का रहने वाला था और सपा विधायक तथा उनके भाई का खास आदमी माना जाता था। शकील की तलाश पुलिस को काफी समय से थी। आगजनी के मामले में मामला दर्ज होने के बाद सपा विधायक इरफान सोलंकी को उनके भाई रिजवान सहित गिरफ्तार कर लिया गया था। लगातार कोर्ट में इरफान व रिजवान पेश हो रहे है। वहीं उनका खास गुर्गा माने जाने वाला शकील चिकना अभी तक फरार चल रहा था जो बेकनगंज के हीममन का पुरवा का रहने वाला था, उसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस को शकील की काफी दिनों से तलाश दी और उसकी तलाश में पुलिस लगातार कई जगह दबिश दे रही थी।

# रंगकर्मियों को रंगमंच से जिम्मेदारी की सीख देता नाटक 'विषयान्त्र'

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** दृश्य भारती की प्रस्तुति नाटक विषयान्त्र का मंचन एसएनए के वाल्मीकि रंगशाला में किया गया। नाटक का लेखन आदित्य अग्निहोत्री और निर्देशन संजय त्रिपाठी ने किया। नाटक में नये रंगकर्मियों को उनकी जिम्मेदारी का अहसास कराया गया है और दिखाया गया कि कैसे नाटक की रिहर्सल होती है, नये कलाकार नाटक के कथावस्तु एवं रंगमंचीय विधा से कोई सरोकार नही रखना चाहते बस जल्दी से फिल्मों में जाने को लालायित रहते है, और आपस में आपसी खुन्नस भी रखते है जो उनकी प्रस्तुति में दिख जाता है। बेचारा नाट्य निर्देशक किस तरह से इन कलाकारों से प्रस्तुति तैयार कराता है यह दिखाया गया है। नाटक में प्रस्तुत प्रस्तुति आदर्श पुत्र उर्फ राजकुमार पुरू में महार्षि शुक्राचार्य के श्राप से अकाल वृद्ध हुआ राजा ययाति अपने युवा पुत्र से उसका यौवन प्राप्त कर चिरकाल तक राजसत्ता सुख भोगने और वासना की तृप्ति का सपना पूरा करना चाहता है, राजा को अपने नवविवाहित पुत्र से उसका यौवन मांगने में तनिक भी लज्जा नहीं आती, न ही उसे इसका कोई अपराध बोध होता है। लेकिन यह नाटक की कहानी का हिस्सा नही बल्कि रंगकर्मियों के जरिये एक नाटक की कहानी थी जिसका युवा और वरिष्ठ रंगकर्मी रिहर्सल कर रहे है। प्रचलित कथानक और रिहर्सल के विपरीत जाकर पुरू बना कामेश ययाति बने प्रेम बाबू की जमकर खिचाई करता है। जोकि नाटक की कहानी को सच्चाई मानकर एक दूसरे से भिड़ जाते है तब निर्देशक वीरेन्द्र बाबू दोनों को शांत कराते है और समझाते हैं कि हमें हमेशा दर्शकों ख्याल रखना चाहिए, क्योंकि दर्शक अपने जीवन की सबसे कीमती वस्तु समय हमें देता है, तो उनके मनोरंजन और अच्छे विषय से रुबरू कराने की जिम्मेदारी हम रंगकर्मियों की होनी चाहिए। नाटक में मुख्य भूमिका अनुराग शुक्ला, गिरिराज किशोर, तरुण कुमार, काव्या, शशांक, अभिषेक, कोमल, ओमकार और डा. लक्ष्मी निगम ने निभाई।

## परिषदीय विद्यालय के 200 बच्चों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

**सिद्धार्थनगर।** बीएसए कार्यालय परिसर से शुक्रवार को उच्च प्राथमिक विद्यालयों के 200 बच्चों को गोरखपुर स्थित शहीद अशफाक उल्ला खां प्राणी उद्यान, रेल म्यूजियम व गोरखनाथ मंदिर का भ्रमण कराया गया। बेसिक शिक्षा अधिकारी देवेंद्र कुमार पांडेय ने हरी झंडी दिखाकर यात्रा को रवाना किया। जिला समन्वयक अमित शुक्ला और करुणापति के नेतृत्व में बच्चे चिड़ियाघर पहुंचे और वन्य जीवों को देखे। इस दौरान बच्चों के उत्सुकता अनुसार उन्हें इस संबंध में जानकारी भी दी गई। बच्चे विभिन्न स्थान व वन्यजीवों के बारे में प्रमुख जानकारियां लिखते भी रहे। अधिकांश बच्चों ने पहली बार चिड़ियाघर देखा था उनके चेहरे पर खुशी झलक रही थी। इसके बाद बच्चे रेल म्युजियम पहुंचे। यहां बच्चों ने रेल से जुड़ी जानकारियां हासिल किया। फिर गोरखनाथ मंदिर पहुंचकर आध्यात्म को समझा। विभाग की तरफ से बच्चों को खाने-पीने की व्यवस्था की गई थी।

# लुटेरों को दुबग्गा पुलिस ने दबोच कर भेजा सलाखों के पीछे



अवधनामा संवाददाता

**काकोरी लखनऊ।** दुबग्गा थाना क्षेत्र के अन्तर्गत काम से वापस घर जा रही महिला का पर्स छीनकर घर भागे हुए बदमाशों को पकड़कर सलाखों के पीछे भेज दिया है जिसमे डीसीपी वेस्ट की सर्विलांस टीम व दुबग्गा पुलिस की अहम भूमिका रही। आपको बताते चलें चार दिन पूर्व अमन विहार कॉलोनी पावर हाउस स्थित आश्रय हिंद कॉलोनी में मोहम्मद राशिद अपनी पत्नी ज़ीनत के साथ सपरिवार किराए पर रहते थे। जीनत सरफराजगंज के पास एक घर में नौकरी का काम करती थी जीना के अनुसार मंगलवार की रात को तकरीब नौ बजे ई रिक्शा से अपने घर वापस लौट रही थी। तभी जागर्स पार्क के करीब बाइक से दो बदमाशों आए और महिला का पर्स छीनकर फरार हो गए थे। महिला के अनुसार पर्स में उसकी सैलरी और मोबाइल व कुछ जरूरी कागजात भी रखे हुए थे। पीड़ित महिला ने दुबग्गा थाने पर लिखित में तहरीर दी थी। पकड़े गए आरोपियों के पास से पीड़ित का मोबाइल और अन्य मोबाइल के साथ घटना में उपयोग की गयी बाइक भी बरामद की।

## पुलिस ने एक बाल अपचारी को किया गिरफ्तार

**बढ़नी सिद्धार्थनगर।** बढ़नी कस्बे के लोहियानगर स्थित समय माता मंदिर की दानपेटी पर बीते 27/28 दिसंबर की रात्रि में चोरों ने हाथ साफ किया था मंदिर के पुजारी करुणाकर पाठक ने थानाध्यक्ष ढेबरुआ को 27/28 दिसंबर की रात्रि को मंदिर से दानपेटी चोरी हो जाने की तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की थी , उक्त चोरी के मामले में ढेबरूआ पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए एक बाल अपचारी को दानपेटी और 1830 रू के साथ क्षेत्र के चरगहवा नाले के पास से गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेज दिया।

ढेबरुआ थानाध्यक्ष शशांक सिंह ने बताया कि बढ़नी कस्बे के समय माता मंदिर स्थित दानपेटी के चोरी हो जाने की तहरीर पुजारी के द्वारा दी गई थीं , उक्त प्रकरण में पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए शुक्रवार को थाना स्थानीय पर पंजीकृत मुकदमा मु0अ0सं0 240/2023 धारा 379,411 भा0द0वि0 से सम्बन्धित बालअपचारी को चरगहवा नाला के पास से गिरफ्तार कर चोरी का दानपात्र व 1830 रू नगद की बरामदगी कर आवश्यक कार्यवाही पूर्ण कर मा0 न्यायालय भेज दिया गया।

# बस्ती में होगा रेलवे गेस्ट हाउस का निर्माणः अश्वनी

अवधनामा संवाददाता

**बस्ती** भारत सरकार के रेल, संचार, इलेक्ट्रानिक एवं सूचना तकनीकी मंत्री अश्वनी वैष्णव ने कहा है कि बस्ती में रेलवे गेस्ट हाउस का निर्माण कराया जायेगा। साथ ही शहीद सत्यवान सिंह स्पोर्टस स्टेडियम में रात में भी मैच आयोजित कराने के लिए फ्लडलाइट लगायी जायेंगी। सांसद खेल महाकुम्भ के समापन समारोह के अवसर पर उन्होने विजयी खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया तथा उनके उज्वल भविष्य की कामना किया। उन्होने कहा कि पिछले साढे नौ वर्षो में 5 लाख भर्तिया की गयी है, जिसमें खिलाड़ियों को प्राथमिकता दी गयी है। इस अवसर पर उन्होने जनपद में नवनिर्मित 32 आगनबाडी केन्द्र भवन का बटन दबाकर लोकार्पण किया। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में रेलवे में अमूलचूल परिवर्तन किया गया है। पहले रेलवे का बजट 35 हजार करोड़ होता था। 2014 से इसको बढाकर अब 2 लाख 40 हजार करोड़ रूपये का बजट दिया गया है। उत्तर प्रदेश जैसे बड़े राज्य को पहले 1100 करोड़ का बजट दिया जाता था, जिसे प्रधानमंत्री ने बढाकर 17 हजार करोड़ किया है। उन्होने कहा कि रेलवे का पूरे देश में विस्तार किया जा रहा है तथा प्रतिदिन लगभग 14 किमी. रेलवे पटरी बिछायी जा रही है। पिछले साढे नौ वर्षो में 3700 किमी. नयी पटरिया बिछायी गयी है। पूरे देश में 1300 तथा उत्तर प्रदेश में 156 रेलवे स्टेशन का पुनर्निर्माण कराके विश्व स्तर का बनाया जा रहा है, जिसमें बस्ती भी शामिल है। उन्होने कहा कि वर्ष 2030 तक रेलवे सभी यात्रियों को सुविधाजनक यात्रा उपलब्ध कराने के संकल्प के साथ कार्य कर रही है और हमारा प्रयास है कि हम वेटिंग लिस्ट समाप्त करेंगे। बन्दे भारत ट्रेन की चर्चा करते हुए उन्होने कहा कि कई देशों की टेक्नोलाजी को निरस्त करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वदेशी तकनीक को अपनाने पर बल दिया और इस ट्रेन का निर्माण भारतीय इंजीनियरों से कराने का निर्णय लिया।

## अतहर सगीर तुरज जैदी ने सार्वजनिक अवकाशों की सूची को लेकर लिखा पत्र

**लखनऊ।** फखरुद्दीन अली अहमद मेमोरियल कमेटी के अध्यक्ष अतहर सगीर तुरज जैदी ने सार्वजनिक अवकाशों की सूची में हजरत अली का नाम सही करने का पत्र लिखा है, जिसे सही करते हुए मोहम्मद हजरत अली के स्थान पर हजरत अली किया गया। सरकार की ओर से सार्वजनिक अवकाशों की सूची में क्रम संख्या 1 पर अंकित हजरत अली के नाम को मो. हजरत अली लिखा गया था, जिससे मो. का अर्थ मोहम्मद हो रहा था। तुरज जैदी ने अपने पत्र में इस बात का उल्लेख करते हुए कहा कि हजरत अली शिया समुदाय के पहले इमाम हैं और महत्वपूर्ण स्थान रखते हैं। उलमा और सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने इस संबंध में उनसे मिल कर गलती सही कराने का अनुरोध किया था। श्री जैदी के पत्र पर अपर मुख्य सचिव की ओर से शुक्रवार को शुद्धिपत्र जारी कर 25 जनवरी 2024 को मो. हजरत अली के स्थान पर हजरत अली का जन्मदिवस लिखवाया है।

# अवैध दुकानों पर चला बुलडोजर



अवधनामा संवाददाता

**काकोरी लखनऊ।** पारा क्षेत्र में मोहान रोड आगरा एक्सप्रेसवे के पास सड़क किनारे बड़ी संख्या में अवैध दुकानें सड़क पर लगी हुई थी सड़क किनारे लगी दुकानों की वजह से सामान लेने वाले राहगीर अपनी गाड़ियों को बीच सड़क पर ही खड़ी कर देते थे, जिसकी वजह से सड़क पर जाम लग जाता था जो काफी देर तक लगा रहता था जिससे आने जाने वाले अन्य लोगो को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। जिसके चलते सड़क पर लगी अवैध दुकानों को हटवाने के लिए कई बार क्षेत्रीय लोगो ने नगर निगम के संबधित अधिकारियों से शिकायत भी किया सड़क पर लगी दुकानें पूरी रात खुली रहती थी। वही शुक्रवार के दिन नगर निगम की तरफ से एक विशेष अभियान चलाया गया। जिसके तहत शारदा नहर पुलिया से लेकर आगरा एक्सप्रेसवे जीरो प्वाइंट तक लगी सभी दुकानों को हटवाते हुए उन दुकानों को तोड़ दिया गया।

# शारदा साइंस एकेडमी में दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ आगाज

अवधनामा संवाददाता



**पौली/संतकबीरनगर।** धनघटा विधानसभा क्षेत्र के विकास खंड हैसर अंतर्गत शारदा साइंस एकेडमी मुंडेरा में शुक्रवार को दो दिवसी वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ हुआ। दो दिवसीय प्रतियोगिता के शुभारंभ पर मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी की वरिष्ठ नेता प्रमुख संघ जिलाध्यक्ष पौली ब्लाक प्रमुख राममिलन यादव प्रबंधक शिवकुमार पाण्डेय प्रधानाचार्य धीरेंद्र त्रिपाठी व अन्य शिक्षकों के साथ प्रतियोगिता का फीता काटकर उद्घाटन किया। मुख्य अतिथि राम मिलन यादव ने कहा कि खेलकूद के जरिए छात्र अपनी प्रतिभा का राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शन कर इस क्षेत्र में अपना करिअर संवार सकते हैं।पढ़ाई के साथ खेलकूद की स्पर्धा में प्रतिभाग से छात्र खुद को बेहतर समझ सकते हैं। इससे खेल और एथलेटिक्स में अपनी पहचान बना सकते हैं। उन्होंने प्रतियोगिता के बेहतर आयोजन के लिए प्रबंधतंत्र और शिक्षकों को बधाई दी। एकेडमी के प्रबंधक शिवकुमार पाण्डेय ने कहा कि खेल से शारिरिक और मानसिक विकास को गति मिलती है। साथ ही एक दूसरे से मिलजुल कर आगे बढ़ने की सीख भी मिलती है। प्रधानाचार्य धीरेंद्र त्रिपाठी ने ग्राउंड में मौजूद रहकर प्रतिभागी खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। और कहा कि आज जिस प्रकार से खेलकूद प्रतियोगिता में छात्र-छात्राएं बढ़कर भाग ले रहे हैं इससे निश्चित रूप से आने वाले समय में यही बच्चे जिले व प्रदेश का नाम रोशन करेंगे।खिलाड़ियों ने मेडल के लिए खो खो, वेट लिफ्टिंग, चेन गेम, मेंढक रेस, स्पून रेस, रस्सी कूद, चेयर रेस, रस्सी खींच, कबड्डी, कबड्डी, वालीबाल आदि स्पर्धाओं में जमकर पसीना बहाया।

कार्यक्रम की शुरुआत मॉ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन से हुआ। इस अवसर पर सुमन त्रिपाठी, प्रिया उपाध्याय, मेहंदी हसन, शिवम यादव, श्रुति, शिवा शुक्ला, रूप लता यादव, शिल्पा चौधरी, पूनम, अभिमन्यु, रमाशंकर पांडेय, रोशनी पांडेय, दिव्या, सलोनी, माया, इदरीश, दुर्गेश कुमार, प्रेम कुमार समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

## 142 सांसदों को तत्काल निलंबन रद्द किया जाए

**फर्रुखाबाद।** समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर एसडीएम गजराज सिंह को दिया ज्ञापन जिसमें उनका कहना है ।कि विपक्ष के 142 माननीय सांसदों को अलोकतांत्रिक संसद विरोधी तरीके से निलंबित किया गया है। समाजवादी पार्टी इस संसद विरोधी निलंबन का पुरूजोर विरोध करती है। और संविधान बचाने के लिए केंद्र की भाजपा सरकार को हटाने की अभिलंब मांग करती है। समाजवादी पार्टी फर्रुखाबाद के हम सभी कर्मठ कार्यकर्ता धरना प्रदर्शन कर और विरोध प्रकट करते हुए ।142 माननीय सांसदों को तत्काल उनके सांसद विरोधी अलोकतांत्रिक निलंबन रद्द करने का विनम्र की मांग करते हैं महामहिम राष्ट्रपति महोदय जी से लोकतंत्र के हित में कार्रवाई करने की अपेक्षा करते हैं। इस मौके पर इलियास मंसूरी जिला महासचिव अफजाल अंसारी सौरभ कटिहार जितेंद्र यादव आशीष शर्मा विनीत परमार विजय अनुरागी अन्य सभी कार्य समाजवादी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# यू.पी. जोड़ो यात्रा प्रदेश अध्यक्ष अजय राय व यात्रियों का किया स्वागत

अवधनामा संवाददाता

**बरेली/लखनऊ।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय के नेतृत्व में निकाली जा रही यूपी जोड़ो यात्रा के शुक्रवार को बरेली पहुंचने पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष मिर्जा अशफाक सकलैनी व प्रदेश प्रवक्ता डॉ. के.बी. त्रिपाठी के नेतृत्व में जोरदार स्वागत किया गया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए प्रदेश अध्यक्ष अजय राय व यात्रियों का स्वागत किया और हार-मालाओं से लाद दिया। यूपी जोड़ो यात्रा के दसवें दिन शुक्रवार को यात्रा बरेली के लभारी चौराहे से कई गांवों में होते हुए मीरगंज बरेली पहुंची। यात्रा की शुरूआत करते हुए प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि भारत का दिल गांव में बसता है और सरकार ने इन्हीं गांवों की घोर उपेक्षा की है। 10 साल के कार्यकाल में ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए कोई सार्थक कदम नहीं उठाए। 2022 तक किसानों की आय दोगुनी करने का वादा भी खोखला निकला। वहीं प्रदेश की योगी सरकार ने गांवों में किसानों को मुफ्त बिजली का वादा किया था लेकिन सच्चाई कुछ और है। उन्होंने कहा कि यात्रा के दौरान तमाम गांवों से गुजरते हुए किसानों से बातचीत में पता चला कि बिजली तो मुफ्त मिल नहीं रही और जो मिल रही है उसकी वसूली बहुत सख्ती से हो रही है। पार्टी प्रवक्ता डॉ. मनीष श्रीवास्तव हिंदवी ने बताया कि शुक्रवार को पूरी यात्रा ग्रामीण क्षेत्र में सम्पन्न हुई। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष ने ग्रामीण भाई-बहनों और बच्चों से मिलते हुए उनसे बात कर उनकी समस्याएं सुनीं। श्री राय ने कहा कि इस डबल इंजन सरकार में आम आदमी कितना परेशान है इसका सच उनके बीच जाकर ही पता चलता है। यात्रा मीरगंज पहुंच कर सम्पन्न हुई जहां कार्यक्रम हुआ जिसमें मीरगंज के लोगों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में लोगों ने कांग्रेस और कांग्रेस की नीतियों को समझने के साथ ही जाना कि वंचित, पिछड़ों और अल्पसंख्यकों की सिर्फ कांग्रेस ही हितैषी है। डॉ. हिंदवी ने बताया कि बरेली सीमा पर लाभारी पुलिस चौकी से शुरू हुई यात्रा ग्राम गोगी पहुंची, जहां नुक्कड़ सभा हुई। यहां के बाद यात्रा ग्राम चुरई और दियोरिया चौराहा पहुंची जहां दोनों स्थानों पर स्वागत के साथ ही नुक्कड़ सभाएं हुईं। यात्रा तहसील गेट होते हुए मीरगंज पहुंची और धर्मशाला के पास बैठक हुई। डॉ. हिंदवी ने बताया कि यात्रा में प्रदेश उपाध्यक्ष विश्वविजय सिंह, मकसूद खान, राघवेन्द्र प्रताप सिंह, कोषाध्यक्ष शिव पाण्डेय, संगठन महासचि अनिल यादव, अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश अध्यक्ष शाहनवाज आलम, जिला महासचिव जियाउर्रहमान, मुराद बेग, पूर्व प्रत्याशी कृष्णकांत शर्मा, तबरेज खान, पूर्व प्रत्याशी सरदार खां, पूर्व प्रत्याशी अलका सिंह, अकरम सैफी सहित बड़ी संख्या में प्रदेश पदाधिकारी व कांग्रेसी शामिल थे।

## बाढ़ में फसलें नष्ट होने का मुआवजा दिलाने को लेखपाल ने मांगे पैसे

**फर्रुखाबाद।** जनपद की ग्राम पंचायत कटरी तौफिक गढ़िया हैबतपुर में बाढ़ अधिक आने से फसल नष्ट हो गई थी। गरीब किसान हताश हो गए द्य किसान परिवार काफी परेशान है। सभी लोगों से लेखपाल कृष्णकांत ने ग्रामीणों से दो ?2000 मांगे थे। और सब कागजात दिए । तब उन्होंने हम लोगों से ?1000 देकर चले आए थे। लेकिन खाते में अभी तक पैसे ना आने के कारण परेशान होकर ग्रामीणों ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह को प्रार्थना पत्र दिया। पीड़ित किसान परिवार ने डीएम से कहा कि बाढ़ में जो फैसले नष्ट हुई थी ।सरकार की तरफ से जो मुआवजा आया था। इसका लाभ अभी तक प्राप्त नहीं हुआ है। उसे दिलाने के लिए लेखपाल ने हमसे पैसे मांगे थे। पैसे ना देने के कारण अभी तक हमारे खाते में पैसे नहीं आए हैं। इसलिए लेखपाल की इस मामले में जांच कराई जाए और दोषी पाए जाने पर कार्रवाई की जाए ताकि सरकार की तरफ से जो बाढ़ प्रभावितों को पैसा भेजा गया था वह सभी बाढ़ पीड़ितों को मिल सके।

# 27 दिन में तीसरी बार रामनगरी पहुंचे सीएम योगी

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** पीएम मोदी के आगमन से पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विकास कार्यों का जायजा लिया। यहां उन्होंने हनुमानगढ़ी व रामलला के दर्शन-पूजन किए। संकट मोचन हनुमान व रामलला के दर्शन कर सीएम योगी आदित्यनाथ ने सुखी-स्वस्थ उत्तर प्रदेश की कामना की। इसके पहले रामकथा हेलीपैड पहुंचने पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने उनका स्वागत किया। इस माह में मुख्यमंत्री का तीसरी बार अयोध्या आगमन हुआ है। इससे पहले मुख्यमंत्री ने 2 दिसम्बर और 21 दिसंबर को अयोध्या आगमन पर मंदिरों में शीश झुकाया था।



**लता मंगेशकर चौक पर ली सेल्फी, बच्चों से पूछा हाल**

लता मंगेशकर चौक पहुंचकर सीएम ने यहां की खुबसूरती को निहारा। लता मंगेशकर चौक को काफी शानदार ढंग से सजाया गया है। सीएम ने यहां वीणा संग सेल्फी भी ली। सीएम ने आमजन का अभिवादन किया। इसके बाद रामपथ को देखा। प्रधानमंत्री के आगमन से पहले सीएम ने प्रशासनिक अधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी दिए। रामपथ पर मौजूद महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों से भी सीएम ने हालचाल जाना। सीएम ने बच्चों से पूछा कि स्कूल जाते हो। यहां जयश्रीराम की गूंज गुंजायमान रही।

**अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन का लिया जायजा**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन का भी जायजा लिया। सीएम ने पीएम के आगमन के पहले यहां पहुंचकर वास्तुस्थिति देखी। यहां रेलवे स्टेशन व प्लेटफॉर्म की व्यवस्था से संतुष्ट दिखे सीएम ने अफसरों को निर्देश दिया कि कहीं किसी प्रकार की कमी न हो। अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन को दुल्हन की तरह सजाया गया है।

**महर्षि वाल्मीकि इंटरनेशनल एयरपोर्ट की खूबसूरती का किया दीदार**

30 दिसंबर 2023 (शनिवार) की तिथि अयोध्या के लिए स्वर्णाक्षरों में लिखी जाएगी। इस दिन पीएम नरेंद्र मोदी यहां महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा की सौगात अयोध्या को देंगे। इसके पहले शुक्रवार को सीएम ने यहां का दौरा कर खूबसूरती का दीदार किया। साथ ही इस आयोजन को लेकर अफसरों को विशेष निर्देश भी दिए।

इस दौरान मंत्री सूर्य प्रताप शाही, सांसद लल्लू सिंह, महापौर गिरीश पति त्रिपाठी, जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह आदि मौजूद रहे।

# प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को लेकर जनता में अपार उत्साह : खब्बू तिवारी



अयोध्या। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर पूर्व विधायक इन्द्र प्रताप तिवारी खब्बू ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। गोसाईगंज विधानसभा के बंधनपुर व नगर पंचायत गोसाईगंज सहित दर्जनों स्थानों पर जनसम्पर्क के दौरान जनता को प्रधानमंत्री के कार्यक्रम हेतु उन्होंने आमंत्रित किया।

खब्बू तिवारी ने कहा कि प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को लेकर जनता में अपार उत्साह है। लोग महारैली में पहुंचने के लिए आतुर है। सभी अपेक्षित व्यवस्थाएं उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी भाजपा उठा रही है। पार्टी के सभी स्थानीय कार्यकर्ता व जनप्रतिनिधि बूथ स्तर पर इसके लिए जनसम्पर्क कर रहे है। लोगो के आने के लिए बसों, चार पहिया वाहनों की व्यवस्था है। इसके साथ में भारी संख्या में लोग अपने वाहनों, मोटरसाईकिल से कार्यक्रम स्थल पर जाएगें। विभिन्न स्थानों से जलूस की शक्ल में लोग महारैली के लिए प्रस्थान करेंगे। विधानसभा से 30 हजार से अधिक की संख्या महारैली में जाएगी। इस अवसर पर अशोक वर्मा, प्रदीप जायसवाल, दुर्गेश तिवारी, संजय पराग, रामजी द्विवेदी, ध्रुव गुप्ता, सियाराम वर्मा सहित भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

# भाजपा ने झोंकी ताकत, सभी बूथों पर चला जनसम्पर्क अभियान

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** प्रधानमंत्री के प्रस्तावित रोड़ शो व महारैली को लेकर भाजपा ने पूरी ताकत झोंक दी। प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर सभी बूथों पर जनसम्पर्क अभियान चलाया गया। नेतृत्व की कमान उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने अयोध्या व उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने शहर में तथा अवध क्षेत्र के प्रभारी संजय राय व क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा ने सम्हाली। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या ने निषाद टेढ़ी बाजार से सम्पर्क व संवाद की प्रक्रिया को शुरु किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को लेकर आम जनता में उत्साह है। जनसम्पर्क के दौरान कई बुजुर्ग महिलाएं प्रधानमंत्री को देखने की इच्छा व्यक्त कर रही थी। जिनको कार्यक्रम स्थल पर जाने पर हर अपेक्षित सुविधा मुहैया करने को कहा गया। डिप्टी सीएम के जनसम्पर्क में विधायक रामचन्दर यादव, महापौर गिरीश पति त्रिपाठी, पूर्व विधायक इन्द्र प्रताप तिवारी खब्बू सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं की मौजूदगरी रही। उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने अंगूरीबाग में जनसम्पर्क के



दौरान कहा कि जनता से सम्पर्क व संवाद के समय प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को लेकर अति उत्साह पूर्ण वातावरण देखने के लिए मिला। सम्पर्क के दौरान लोग अपने परिवार के साथ पूरी भाजपा टीम का स्वागत कर रहे थे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का अयोध्या अभिनंदन व महारैली ऐतिहासिक होगी। जनसम्पर्क में अवध क्षेत्र के प्रभारी संजय राय, क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा, प्रथम महापौर ऋषिकेश उपाध्याय, जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव, अभिषेक मिश्रा, भाजयुमो के प्रदेश महामंत्री हर्षवर्धन सिंह, विशाल मिश्रा, रंजीत दूबे मुन्ना, नीरज श्रीवास्तव रिंकू, जितेन्द्र दूबे मिंटू प्रधान आदि मौजूद रहे। सांसद लल्लू सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह, महापौर गिरीश पति त्रिपाठी, विधायकों में वेद प्रकाश गुप्ता, रामचन्दर यादव, अमित सिंह चौहान, पूर्व विधायक इन्द्र प्रताप तिवारी खब्बू, गोरखनाथ बाबा, प्रथम महापौर ऋषिकेश उपाध्याय, अभिषेक मिश्रा, ओम प्रकाश सिंह, कमलाशंकर पाण्डेय, आलोक कुमार सिंह रोहित, ब्लाक प्रमुख संघ के अध्यक्ष शिवेन्द्र सिंह सहित भाजपा के सभी पदाधिकारी, पार्षद, जिला पंचायत सदस्य, ब्लाक प्रमुख, प्रधान, सहित कार्यकर्ता जनसम्पर्क में शामिल रहें।

# लोकसभा प्रत्याशी को जिताने के लिए आप अपने क्षेत्र को करें मजबूतः सरोज यादव

अयोध्या। समाजवादी पार्टी प्रदेश कार्यालय पर महिला सभा के सम्मेलन मे समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव जी से जिलाध्यक्ष सरोज यादव ने स्मृति चिन्ह देकर की भेंट की, तब अखिलेश यादव ने कहा की आप सब अपने-अपने क्षेत्र में हर स्तर पर विधान सभा, ब्लॉक एवं बूथ स्तर महिलाओं को जोड़ने एवं जागरूक करने का काम करें उन्होंने यह भी कहा कि आप देश की आधी आबादी है अगर आप सभी अपने-अपने क्षेत्र में समाजवादी सरकार में किए गए कार्यों को बताएंगी एवं मजबूती से काम करेगी तो परिवर्तन अवश्य होगा और हमे आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि आप लोग लोकसभा चुनाव 2024 में प्रदेश की सभी 80 सीटों पर पी डी ए इंडिया के साथ मिलकर भाजपा एनडीए को हराएगा। समाजवादी परचम लहराएगा।

# पार्टी नेताओं को सपा मुखिया ने दी नसीहत, अफवाहों से बचें संगठन मजबूत करें

**बाराबंकी।** आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा की भ्रामक अफवाहों से दूर रहकर अपनी पार्टी व संगठन को मजबूत करे। बूथ स्तर कार्यकर्ताओं को अपने बूथों को मजबूत करने में मदद करें, क्योकि जब हमारा बूथ मजबूत होगा तभी हमारी विजय सुनिष्चित होगी।

उक्त विचार सपा मुखिया एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने प्रदेश सचिव चैधरी सरताज व चेयरमैन प्रतिनिधि सुरेन्द्र वर्मा से मुलाकात के दौरान व्यक्त किये। कार्यकर्ताओं व जनता में एक अलग ही पहचान है, उनकी छवि, लोकप्रियता व पार्टी के प्रति निष्ठा से जनपद बाराबंकी व गोण्डा लोकसभा क्षेत्र में समाजवादी पार्टी को मजबूती मिलेगी। धर्मराज यादव सपा जिलाध्यक्ष व अन्य पार्टी पदाधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर पार्टी के लिये सक्रिय कार्यकर्ता के रुप में संगठन को मजबूत करेंगे। आगामी लोकसभा चुनाव में पार्टी कार्यकर्ताओं को एकजुट कर पार्टी प्रत्याषी को जिताने के लिये अभी से जुट जाये, बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं को अपना बूथ मजबूत करने हेतु प्रेरित करें, क्योकि असली लडाई बूथों पर ही लडी जाती है, जब हमारा बूथ मजबूत होगा तभी पार्टी प्रत्याशी मजबूत होगा। कार्यकर्ता भ्रामक अफवाहों से दूर रहकर संगठन को मजबूती प्रदान करें।

# अभद्रता मामले में अधिवक्ताओ ने बार काउंसिल के सदस्य/पूर्व अध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन

**रूदौली- अयोध्या।** बार एसोसिएशन रुदौली के पूर्व अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह से अभद्रता करने वाले थाना बाबा बाजार के दो सिपाहियों के स्थानांतरण की मांग का ज्ञापन बार कौंसिल के सदस्य व पूर्व अध्यक्ष अखिलेश अवस्थी को सौपा गया हैं। रुदौली के अधिवक्ता से हुए अभद्रता का मामला बार कौंसिल में उठेगा।

मालूम हो कि बार के पूर्व अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह ने थाना बाबा बाबा बाजार के दो सिपाहियों पर अक्तूबर माह में अभद्रता का आरोप लगाया था।अधिवक्ताओ ने सिपाहियों के स्थानान्तरण के लिए कार्य बहिस्कार किया।अधिवक्ताओ की नाराज़गी के मद्देनजर सिपाहियों को मेला ड्यूटी अयोध्या में संबद्ध किया गया था।दो माह पहले मेला ड्यूटी से वापस थाना आने के बाद मामला फिर से गरमा गया।सिपाहियों के स्थानान्तरण की मांग को लेकर बार एसोसिएशन के आम सदन की बैठक में कार्य बहिसाकर का निर्णय लिया गया।दो माह से अधिवक्ता लगातार हड़ताल पर है।गुरुवार को तहसील रुदौली आए बार कौंसिल के सदस्य पूर्व अध्यक्ष अखिलेश अवस्थी को बार अध्यक्ष हरि नारायण यादव ने घटना की जानकारी दी और सिपाहियों के स्थानांतरण में सहयोग देने का ज्ञापन सौपा।बार कौंसिल के सदस्य अखिलेश अवस्थी ने कहा की अधिवक्ता हित में उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्य स्थाई अधिवक्ता के पद से मैं इस्तीफा देकर हापुड़ प्रकरण में शामिल हुए है।रुदौली बार के पूर्व अध्यक्ष के साथ हुई अभद्रता का प्रकरण जानकारी में आया है।जिला पुलिस से दोषी पुलिस कर्मियों के स्थानतरण की मांग की गई है।कहा कि स्थानान्तरण न होने पर प्रकरण बार कौंसिल उत्तर प्रदेश में रखकर रणनीत बनाई जायेगी। इस मौके पर महामंत्री संतोष पांडे,पूर्व अध्यक्ष इंद्रसेन मिश्रा,चौधरी अजीमुद्दीन,राम भोला तिवारी,अनिल कुमार मिश्र,कमरुद्दीन, वेद तिवारी,गोरखनाथ तिवारी,रियाज अंसारी आदि मौजूद रहे।

# शंख व डमरू वादन से राम नगरी में पीएम का होगा अभूतपूर्व स्वागत

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर जोरदार स्वागत में जुटा संस्कृति विभाग

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश व देश की विभिन्न संस्कृतियों संग रामनगरी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अभूतपूर्व स्वागत होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर संस्कृति विभाग भी इस तैयारी में जुटा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन पर शंख व डमरू वादन भी होगा। वहीं एयरपोर्ट से धर्मपथ, रामपथ होते हुए रेलवे स्टेशन तक कुल 40 मंचों पर लगभग 1400 से अधिक लोक कलाकार सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देंगे। साथ ही एयरपोर्ट सभा स्थल पर भी 30 लोक कलाकारों की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रसधारा बहेगी। रास्ते में कुल 40 मंचों पर कलाकार न सिर्फ अपनी संस्कृति की छटा बिखरेंगे, बल्कि अपनी प्रस्तुतियों से प्रधानमंत्री व आगंतुकों को भी मंत्रमुग्ध करेंगे। संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश ने इसकी सारी तैयारी कर ली है।

**40 सांस्कृतिक मंचों पर 1400 से अधिक लोक कलाकारों की होगी प्रस्तुति**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर संस्कृति विभाग ने भी पीएम के स्वागत की जोरदार तैयारी की है। प्रधानमंत्री के रोड शो के मध्य कुल 40 मंच बनेंगे, जिस पर 1400 से अधिक लोक कलाकारों की प्रस्तुतियां होंगी। एयरपोर्ट के गेट नंबर 3 पर एक विशाल मंच होगा। वहीं एयरपोर्ट से साकेत पेट्रोल पंप के बीच पांच मंच होंगे। धर्मपथ पर 26 मंचों पर कलाकार अपनी भावपूर्व प्रस्तुति देंगे। राम पथ पर पांच, अरुंधती पार्किंग, टेढ़ी बाजार से रेलवे स्टेशन के मध्य तीन मंचों पर यूपी की संस्कृति की बयार बहेगी।

**शंख वादन से पीएम का होगा जोरदार स्वागत**

सीएम योगी आदित्यनाथ ने रामनगरी अयोध्या में पीएम के अभूतपूर्व स्वागत का निर्देश दिया है। इस पर संस्कृति विभाग ने भी काफी तैयारी की है। अयोध्या के वैभव मिश्र शंख वादन से रामलला की धरा पर पीएम का स्वागत करेंगे तो बाबा विश्वनाथ की धरा से आए मोहित चौरसिया डमरू वादन कर आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार करेंगे। मथुरा के खजान सिंह व महिपाल अपनी टीम संग बम रसिया की छाप छोड़ेंगे। साथ ही मथुरा का लोकप्रिय मयूर नृत्य भी कई मंचों पर होगा। दीपक शर्मा, गोविंद तिवारी, माधव आचार्य समेत कई अन्य कलाकार अन्य मंचों पर भी अपनी टीम संग प्रस्तुति देंगे।

**अवधी, वनटांगिया व फरुवाही लोकनृत्य के जरिए संस्कृति से अवगत होंगे आगंतुक**

सांस्कृतिक कार्यक्रमों के क्रम में अवधी, वनटांगिया व फरुवाही समेत अनेक संस्कृतियों के रंग में रामनगरी रंगी होगी। लखनऊ की रागिनी श्रीवास्तव व सुल्तानपुर के ब्रजेश पांडेय जहां अवधी लोकनृत्य से मन मोह लेंगे, वहीं गोरखपुर की सुगम सिंह शेखावत वनटांगिया नृत्य से परिचित कराएंगी। गोरखपुर के ही बृज बिहारी दुबे, विंध्याचल आजाद, अयोध्या के मुकेश कुमार फरुवाही और झांसी के जेके शर्मा अपनी टीम के साथ राई लोकनृत्य की अनुपम प्रस्तुति देंगे।

**अन्य राज्यों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का भी दीदार करेंगे अयोध्यावासी**

उत्तर प्रदेश के विभिन्न लोकप्रिय लोकनृत्यों के साथ ही अयोध्यावासी अन्य राज्यों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का भी दीदार करेंगे। यहां पलवल (हरियाणा) के रामवीर व फरीदाबाद के पालीनाथ बीन नृत्य की प्रस्तुति देंगे। राजस्थान के अकरम की प्रस्तुति के जरिए बहरूपिया विधा से लोग अवगत होंगे। राजस्थान की ही ममता चकरी नृत्य पर प्रस्तुति देंगी।

# सर्दी के सितम शुरू स्कूलों में बोला गया अवकाश आमजन अलाव के सहारे

*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** उतार चढ़ाव भरे मौसम ने पौष माह शुरू होते ही तेवर बदल लिए। 3 दिन से सूर्यदेव ने दर्शन नही दिए, कोहरे ने कब्जा जमा लिया, दिन व रात ठिठुरने लगी और अलाव की मांग जबरदस्त हो गई। सर्दी का आलम यह कि स्कूलों में दो दिन का अवकाश बोल दिया गया। कुल मिलाकर सर्दी के सितम शुरू हो गए हैं।

बुधवार की रात से लेकर बृहस्पतिवार को पूरे दिन कोहरे का प्रकोप बना रहा। सुबह के समय दृश्यता लगभग शून्य होने के कारण वाहनों की रफ्तार थम गई। दिन में कोहरे के कारण धुंध छाई रही, ऐसे में लोग वाहनों की हेडलाइट जलाकर गुजरते नजर आए। कोहरे के कारण सड़क हादसों की सम्भावना भी बढ़ गई है। तापमान गिरने के कारण गलन भरी ठंड से बुजुर्गों, हृदय व सांस रोगियों के साथ परिषदीय विद्यालय के बच्चों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावा पाला पड़ने के कारण आलू की फसल में रोग लगने के आसार बढ़ गए हैं। बुधवार रात आठ बजे से ही कोहरा गिरना शुरू हो गया था। सुबह होने तक दृश्यता लगभग न के बराबर हो गई। सड़कों पर वाहन रेंगते नजर आए। दिन का अधिकतम तापमान 21 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम तापमान आठ डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। हवा में प्रदूषण भी काफी बढ़ गया है। हवा में प्रदूषण 347 एक्यूआई रिकॉर्ड किया गया, जो काफी खराब की श्रेणी में है।

# अयोध्या में पीएम आज, दौड़ भाग में व्यस्त रहे अफसर, नेता

**बाराबंकी।** कल अयोध्या में होने वाली प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जनसभा को लेकर जिला व पुलिस प्रशासन पूरे दिन दौड़भाग में व्यस्त रहा। एक दिन पहले से ही रुट डायवर्सन लागू किया जा चुका है जो रविवार की शाम तक प्रभावी रहेगा। भीषण ठंड के बीच भाजपा के लिए भीड़ जुटाना भी काफी चुनौती पूर्ण रहा।

बताते चलें कि 30 दिसम्बर यानी कल अयोध्या जिले में मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम एयरपोर्ट एवं अयोध्या जंक्शन के उद्घाटन, जनसभा व रोड- शो के लिए पीएम नरेंद्र मोदी आ रहे हैं। उनके आगमन के दृष्टिगत बाहरी जिले के वाहनों के आवागमन के लिएय यातायात पुलिस ने रूट डायवर्जन का खाका तैयार किया है। 29 से लागू यह बदलाव 30 दिसम्बर की रात्रि एक बजे से रविवार शाम चार बजे तक (15 घंटे) रूट डायवर्जन लागू रहेगा। हालांकि इस डायवर्जन से आवश्यक सेवाएँ मुक्त रहेंगी। पीएम के आगमन को लेकर डीएम, एसपी के अलावा अन्य प्रशासनिक व पुलिस अफसर पूरे दिन दौड़भाग में व्यस्त रहे, यह व्यस्तता कल रात तक रहेगी। उधर भाजपा के माथे भी बड़ा बोझ रहा। भीषण ठंड के चलते भीड़ जुटाना कम आफत भरा नही था हालांकि भीड़ ले जाने के लिए वाहनों का इंतजाम पूरा रखा गया था।

# 3 बाइक आपस मे टकराई एक की मौत आधा दर्जन घायल

**रामनगर बाराबंकी।** थाना रामनगर क्षेत्रान्तर्गत बुढ़वल तिराहे पर सेन्ट्रल बैंक के सामने 3 बाइक आपस मे टकरा गई। इस दुर्घटना में एक व्यक्ति की मृत्यु व 06 लोग घायल हो गए। इन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। जानकारी के अनुसार थाना रामनगर क्षेत्रान्तर्गत बुढ़वल तिराहा, सेन्ट्रल बैंक के सामने 03 मोटर साइकिल आपस में टकरा गयी। हादसे में नितिन वर्मा पुत्र सतनाम वर्मा उम्र करीब 20 वर्ष निवासी मीरपुर थाना रामनगर की मौके पर मृत्यु हो गई और अन्य 06 लोग आयुष मिश्रा पुत्र सोम मिश्रा उम्र करीब 21 वर्ष निवासी जफरपुर थाना रामनगर, मो0 अली पुत्र नियामत अली उम्र करीब 20 वर्ष निवासी सुढ़ियामऊ थाना रामनगर, अखिलेश पुत्र रमेश उम्र करीब 25 वर्ष, साधना पत्नी अखिलेश उम्र करीब 23 वर्ष निवासीगण दलसराय थाना रामनगर, रमेश पुत्र महादेव उम्र करीब 40 वर्ष, सोनिया पत्नी रमेश उम्र करीब 38 वर्ष निवासी कुम्भरावां थाना रामनगर घायल हो गये।

# जब्त किया गया शराब की तस्करी में प्रयोग किया जा रहा वाहन

*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** पुलिस एवं प्रशासन की टीम ने एक पिकप को आबकारी अधिनियम के तहत जब्त किया है। यह वाहन शराब की अवैध तस्करी में इस्तेमाल किया जा रहा था।

बाराबंकी पुलिस द्वारा अवैध शराब की तस्करी में पकड़े गये वाहनों को आबकारी अधिनियम की धाराओं में जिलाधिकारी को आख्या प्रेषित कर राज्य के पक्ष में जब्त करने की कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में अवैध शराब के निष्कर्षण/संचय/विक्रय/परिवहन के सम्बन्ध में थाना मोहम्मदपुर खाला पर पंजीकृत मामले के अभियुक्त अंजर पुत्र मुन्ना निवासी लच्छीपुर कस्बा बेलहरा थाना मोहम्मदपुर खाला, नूर आलम पुत्र गुड्डू निवासी कैथा थाना मोहम्मदपुर खाला, मो0 अहमद पुत्र मन्तू खां निवासी बखरिया टोला कस्बा बेलहरा थाना मोहम्मदपुर खाला के कब्जे से बरामद पिकप के डाले से 50 पेटी 200 एमएल की 2250 पाउच (कुल 450 लीटर कीमत 1,57,500 रूपये बिन्डीज देशी शराब बरामद हुई। उक्त शराब के सम्बन्ध में पूछने पर चालक अंजर द्वारा बताया गया कि उसके द्वारा वाहन स्वामी अशोक पुत्र मैकूलाल निवासी लच्छीपुर कस्बा बेलहरा थाना मोहम्मदपुर खाला के साथ सभासद प्रत्याशी के कहने पर दशहराबाग स्थित देशी ठेके की दुकान से 50 पेटी शराब उक्त पिकप पर लादकर लाने व चुनाव में वोटरों को लुभाने के लिए अवैध शराब का वितरण, परिवहन किया जा रहा था। अभियुक्तगण/वाहन स्वामी



द्वारा भौतिक व आर्थिक लाभ प्राप्त करने के उद्देश्य से अवैध रूप से शराब का परिवहन किया जा रहा था। उपरोक्त वाहन को चिन्हित कर जिला मजिस्ट्रेट बाराबंकी को आख्या प्रेषित की गई जिसके आधार पर जिला मजिस्ट्रेट द्वारा जब्तीकरण का आदेश पारित किया गया। वाहन अवमुक्त करने हेतु वाहन स्वामी को बतौर जुर्माना पांच लाख रूपये जमा करने का विकल्प प्रदान किया गया है।

# महिला टीम सिवान बनी फुटबॉल विजेता



*अवधनामा संवाददाता*

**सिसवा बाजार(महराजगंज)।** अटैक स्पोर्टिंग क्लब द्वारा आयोजित ठाकुर शिवकुमार सिंह स्मारक ऑल इंडिया फुटबॉल प्रतियोगिता के छठवें दिन शुक्रवार को महात्मा गांधी इंटर कॉलेज के मैदान पर महिला टीम का फाइनल मुकाबला 70 मिनट का खेला गया। जिसमें मदर टेरेसा फुटबॉल क्लब सिवान, बिहार ने टाउन क्लब नरकटियागंज, बिहार को 1-0 से हरा कर महिला फुटबॉल टीम की विजेता बनी। प्रतियोगिता का शुभारंभ शिवकुमार सिंह कन्या इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्या कुसुम सिंह व मुहम्मद फजल खान द्वारा किया गया। इसके बाद शुरू हुए खेल में मध्यांतर तक दोनों ही टीम की खिलाड़ियों ने गोल मारने का काफी प्रयास किया लेकिन दोनों ही टीम की कोई भी खिलाड़ी गोल नहीं कर सकी। मध्यांतर बाद भी दोनो ही टीम के खिलाड़ियों ने खूब पसीना बहाया। लेकिन आखिरी समय तक दोनों ही टीम कोई गोल नहीं कर सकी। इसके बाद निर्णायक मंडल ने दोनों ही टीमों को 15 मिनट का अतिरिक्त समय दिया। जिसमें मैच के 9 वें मिनट में सिवान की खिलाड़ी जर्सी नंबर-10 नेहा कुमारी ने गोल मार कर अपने टीम को 1-0 की बढ़त दिलाई। जिसे मैच के आखिरी समय तक नरकटियागंज टीम की खिलाड़ी गोल करने में नाकाम रही। इस तरह सिवान ने महिला के फाइनल मुकाबले में कब्जा जमा लिया। मैच में निर्णायक की भूमिका गोरखपुर के रहमतुल्लाह ने व लाइनमैन की भूमिका मकसूद व प्रभात मिश्रा ने निभाई। मैच का संचालन संजय पांडेय ने किया।

# तेज रफ्तार पिकअप की ठोकर से युवक की मृत्यु

**बृजमनगंज (महराजगंज)।** बृजमनगंज थाना क्षेत्र के कोल्हुई मार्ग के घोड़नामपुर चौराहे पर गुरुवार रात लगभग आठ बजे पिकअप की ठोकर से एक युवक की मृत्यु हो गई। बृजमनगंज थाना क्षेत्र के कोल्हुई रोड पर स्थित कालीनगर स्थित पेट्रोल पंप पर तैनात घोड़नामपुर निवासी अखिलेश गुप्ता(21) पुत्र चिन्नीलाल गुप्ता गुरुवार रात अपने घर आ रहा था। बृजमनगंज की तरफ से कोल्हुई की तरफ जा रही तेज रफ्तार पिकअप ने ठोकर मार दिया। घायल अवस्था में स्वजन इलाज के लिए एक निजी अस्पताल ले गए। जहां डाक्टरों ने मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। मेडिकल कालेज गोरखपुर जाते समय रास्ते में ही मृत्यु हो गई। इस मामले मे थाना प्रभारी निरीक्षक श्याम सुंदर तिवारी ने बताया कि पिकअप को कब्जे ले लिया गया है। शव को पोस्टमॉर्टम भेज पुलिस अग्रिम कार्रवाई में लगी हुई है।

# हिट एंड रन कानून का ट्रक चालकों ने किया विरोध प्रदर्शन



*अवधनामा संवाददाता*

**बृजमनगंज (महराजगंज)।** बृजमनगंज थाना क्षेत्र में फरेंदा मार्ग पर बनगढ़िया के पास स्थित एफसीआई गोदाम पर शुक्रवार को ट्रक चालकों ने हिट एंड रन कानून के खिलाफ विरोध में प्रदर्शन किया। बता दें, हाल में ही हिट एंड रन प्रकरण में 10 साल की सजा का कानून पास हुआ है। ट्रक चालक इसके विरोध में आ गए। शुक्रवार की सुबह ट्रक चालकों ने एफसीआई गोदाम के मेन गेट पर बैठ कर नए कानून का घंटों तक विरोध प्रदर्शन किए और इस नए कानून वापस लेने की मांग की है। सूचना मिलते ही बृजमनगंज थाना प्रभारी श्याम सुन्दर तिवारी और तहसीलदार कर्ण सिंह मौके पर पहुंचे। काफी देर तक ट्रक चालकों को तहसीलदार के समझाने बुझाने के बाद ट्रक चालक मान गए। और प्रदर्शन बन्द कर ट्रेको के गोदाम में राशन उतारने के लिए ले गाए। प्रदर्शन करने वाले नदीम खान, रामजस यादव, राम मूरत तिवारी, रामनाथ यादव, नवसाद पठान, कमालुद्दीन, दुर्गा थापा, तौफीक, रणधीर पासवान, अली मोहम्मद, फिरोज, मोहम्मद कैफ, छोटे पठान, जीते, अजय पासवान, पवन सहानी, सैयद अली आदि ट्रक चालक

# काउंसलिंग में धांधली का आरोप लगाकर अभ्यर्थियों ने किया हंगामा

**महराजगंज।** प्रदेश के परिषदीय विद्यालयों मे 12460 सीटो पर सहायक अध्यापक के पद पर भर्ती होना है। जिसका काउंसलिंग जारी है काउसलिंग में आवेदको ने जबरदस्त धांधली का आरोप लगाते हुए शुक्रवार को डायट पर जमकर हंगामा किया। आवेदकों ने काउंसिलिंग के लिए जारी सूची में फर्जी आवेदकों सहित एक से अधिक जनपदो में आवेदन करने वाले लगभग 28 आवेदकों का नाम शामिल करने का बड़ा आरोप लगाया है। आवेदकों ने जिम्मेदारों से उन्हे हटाने की मांग की है। बता दे की जनपद में 356 आवेदकों की चयन सूची जारी हुई है। जिसमें 28 आवेदकों पर आपत्ति दर्ज कराई गयी है धांधली का आरोप लगाने वाले अभ्यर्थियों ने बताया कि सचिव व कोर्ट के आदेश के खिलाफ जाकर एक ही आवेदक कई जनपदों से आवेदन कर मेरिट हाई करने का कोशिश किया जा रहा है। जिससे तमाम ऐसे आवेदक मेरिट लिस्ट से बाहर हो गये हैं जो फर्जी आवेदको के बाहर होने से मेरिट लिस्ट में जगह बना रहे हैं। जिस जनपद मे सीटे शून्य है उस जनपद के अभ्यर्थियों को किसी एक जनपद से आवेदन का आदेश है। जबकि नियमो के विपरित अभ्यर्थियों ने दर्जनों जनपदो से आवेदन कर रखा है। अभ्यर्थियों के अनुसार ऐसे आवेदन तत्काल निरस्त होने चाहिए। आवेदको ने भरसक काउसलिंग रोकने का प्रयास किया। इस दौरान जमकर हंगामा काटा गया।

# सीमावर्ती क्षेत्रों में विशेष निगरानी और सुरक्षा व्यवस्था की तैयारी



*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** डीआईजी एसएसबी अखिलेश्वर सिंह की अध्यक्षता में समन्वय समिति की बैठक 22वीं बटालियन एसएसबी, चिउरहा में संपन्न हुई। जिसमें डीआईजी एसएसएसबी ने मकर संक्रांति, राम मंदिर उद्घाटन और गणतंत्र दिवस के दृष्टिगत सीमावर्ती क्षेत्रों में विशेष निगरानी और सुरक्षा व्यवस्था का निर्देश दिया। उन्होंने नेपाल से भारत आने वाले मुख्य मार्गों और पगडंडियों पर भी निगरानी बढ़ाने के लिए कहा।

उन्होंने एसएसबी, पुलिस और अन्य संबंधित विभागों को समन्वित प्रयास द्वारा अराजक तत्त्वों के आवागमन पर नियंत्रण लगाने हेतु निर्देशित किया। कहा कि साप्ताहिक बाजारों और मेलों आदि में आने वाले लोगों पर नजर रखें। उन्होंने सीमावर्ती क्षेत्रों में लाइसेंस धारक दुकानों और गैर लाइसेंस धारक गोदामों की सूची जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक से साझा करने का निर्देश दिया। साथ ही तस्करी में प्रयुक्त गाड़ियों के विषय में भी जानकारी साझा करने हेतु निर्देशित किया। एसएसबी और इमिग्रेशन को भारत नेपाल प्रवेश मार्गों पर जांच को बढ़ाने के लिए भी निर्देशित किया। बाल तस्करी की समस्या के दृष्टिगत जिलाधिकारी ने समन्वय समिति की बैठक में प्रोबेशन विभाग के प्रतिनिधि को भी बुलाने के लिए कहा। जिलाधिकारी ने एसएसबी को प्रशासन की ओर से सभी आवश्यक सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया और समन्वय बैठक आयोजित करने के लिए डीआईजी महोदय को धन्यवाद ज्ञापित किया।

# गौतम बुद्ध ने पूरे विश्व को पढ़ाया अहिंसा, करूणा और दया का पाठ : सांसद

■ हर्षोल्लास के साथ मनाया गया जनपद स्थापना दिवस का 35वां वर्षगाँठ

अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** जनपद स्थापना दिवस 29 दिसम्बर 35वें वर्षगाठ के अवसर पर शुक्रवार को सुबह साड़ी तिराहा पर बुद्ध की प्रतिमा पर मुख्य अतिथि सांसद जगदम्बिका पाल, विधायक कपिलवस्तु श्यामधनी राही, विधायक डुमरियागंज श्रीमती सैय्यदा खातून, जिलाध्यक्ष भाजपा कन्हैया पासवान, प्रभारी जिलाधिकारी/मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार द्वारा माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित किया गया तथा उनके साथ सहयोगी अधिकारियों द्वारा भी पुष्प अर्पित किया गया।

इसी क्रम में सिद्धार्थ चौराहे, बर्डपुर स्थित तिराहे पर भगवान बुद्ध की प्रतिमा के चरणो में पुष्प अर्पित किया गया। बर्डपुर में एन.सी.सी. कैडेट द्वारा सलामी दी गयी। इसके पश्चात अलीगढ़वा स्थित कपिलवस्तु स्तूप पर जनप्रतिनिधियों एवं



सीडीओ द्वारा द्वीप प्रज्ज्वलित कर एवं भगवान की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर स्तूप का पूजन किया गया तथा स्तूप की परिक्रमा किया गया।

कपिलवस्तु स्तूप पूजन के पश्चात शिवपति इन्टर कालेज की छात्राओ द्वारा स्वागत गीत तथा कपिलवस्तु गीत प्रस्तुत किया गया। भन्ते जी.एस. शाहा द्वारा भगवान गौतम बुद्ध बन्दना किया गया।

इसके पश्चात मुख्य अतिथि सांसद जगदम्बिका पाल ने भन्तेगणो के चरणो में प्रणाम करते हुए सभी उपस्थित लोगो को जनपद स्थापना दिवस की बधाई दी। कहा कि तथागत गौतम बुद्ध के बचपन का नाम सिद्धार्थ था इसी पर इस जनपद का नाम सिद्धार्थनगर पड़ा। आज जनपद स्थापना के 35 वर्ष हो गये है। महात्मा गौतम बुद्ध का बाल्यकाल का जीवन कपिलवस्तु में व्यतीत हुआ था। गौतम बुद्ध ने पूरे विश्व को अंहिसा, करूणा और दया का पाठ पढ़ाया। आज महात्मा गौतम बुद्ध को मानने वाले अनेक देशों में मिलते है। जीवन के 29 वर्ष व्यतीत करने के बाद वे ज्ञान की खोज में निकल गये। 35 वर्ष की आयु में बोधगया में उन्हें ज्ञान की प्राप्ति हुई और उन्होंने काशी आ कर सारनाथ में पहला उपदेश दिया। गौतम बुद्ध के बताये आष्टांगिक मार्ग पर हम सभी को चलना चाहिए। विधायक कपिलवस्तु शश्याम धनी राही ने उपस्थित सभी लोगो को जनपद स्थापना दिवस की बधाई और शुभकामनाएं दी। विधायक श्याम धनी राही ने कहा कि हम सभी लोग मिल कर कार्य करे जिससे जनपद को और ऊंचाईयों पर ले जाये।

## सड़क पार करते समय ट्रॉली की चपेट में आने से युवक की मृत्यु

**जलालपुर अम्बेडकरनगर (अवधनामा संवाददाता)।** गुरुवार को सड़क पार करते समय ट्रैक्टर ट्राली की चपेट में आये युवक की इलाज के दौरान मृत्यु होगयी। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी टैक्टर चालक के विरुद्ध हिट एंड रन का मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दिया है।गुरुवार को दोपहर रहीमपुर गांव निवासी राम सहाय पुत्र विदेशी पट्टी चौराहे पर सड़क पार करते हुए ट्रैक्टर ट्राली की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल होगया। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने घायल अवस्था में पहले स्थानीय निजी चिकित्सक व बाद में जिला अस्पताल भरती कराया जहां इलाज के दौरान उस की मृत्यु होगयी। पुलिस ने परिजन वीरेंद्र की तहरीर पर आरोपी ट्रैक्टर चालक सुरेश यादव निवासी चितईपट्टी रफीगंज के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई शुरू करदी है। कोतवाल दर्शन यादव ने बताया कि मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा का कार्यक्रम आयोजित

अवधनामा संवाददाता

**बढ़नी सिद्धार्थनगर।** बढ़नी ब्लॉक के अन्तर्गत ग्राम पंचायत अकरहरा व ग्राम पंचायत खैरा उच्च प्राथमिक विद्यालय में विकसित भारत संकल्प यात्रा का कार्यक्रम किया गया। संचालन अफजल मलिक ने किया। विकसित भारत संकल्प यात्रा में मौजूद प्रधान हमीद हसन ने कहा कि सरकार की योजनाओं का प्रचार प्रसार गांव में जाकर विभाग के लोग कर रहे है ताकि पात्र व्यक्तियों तक लाभ पहुंचे और उन्होंने ने कहा है की आज हमारे गांव में आप सबकी समस्याओं को सुनने के लिए तथा योजनाओं को बताने के लिए ब्लाक के अधिकारी आये है। मुख्य अतिथि रही भाजपा नेत्री श्रीमती साधना चौधरी ने कहा कि सरकार कि योजनाओं का प्रचार प्रसार गांव में जा कर विभाग के लोग कर रहे हैं ताकि पात्र व्यक्तियों तक लाभ पहुंचे इसके लिए हर ग्राम



पंचायत में विकसित भारत कार्यक्रम चल रहा है आज जिले में सड़के बिजली पानी की भरमार है आज किसान नौजवान आम जनता आयुष्मान कार्ड राशन कार्ड प्रधानमंत्री आवास गरीब कल्याण योजना शौचालय उज्जवल से संतृप्त है। अध्यक्षता कर रहे खण्ड विकास अधिकारी धनंजय सिंह ने कहा है की आप लोग शपथ ले की भारत देश को 2047 तक विकसित करना है। वहां उपस्थित लोगों को विकसित भारत की शपथ भी दिलाई गयी। विकसित भारत संकल्प में स्कूली बच्चियों द्वारा सरस्वती वंदना व स्वागत गीत भी प्रस्तुत किया गया।इस दौरान लोक सभा संयोजक नर्वदेश्वर मणि, राजू शाही, गोपाल तिवारी, बब्लू चौबे, समाजसेवी अनिल अग्रहरि, प्रधान हमीद हसन, ग्राम पंचायत सचिव रविकांत, डॉ हिना, प्रधान सुखराम, ग्राम पंचायत सचिव सतीश कुमार, नोडल अधिकारी रवि शंकर वर्मा, प्रधानाध्यापक सत्येन्द्र कुमार, लेखपाल सुनील सिंह, स्वास्थ्य कर्मी, कृषि विभाग, आंगनबाड़ी कार्यकत्री, आशा,समूह महिलाएं, सहित तमाम ग्रामीण मौजूद रहे।

## कोटेदारों ने एक जनवरी से हड़ताल की दी चेतावनी

दानिश मेहदी

**अंबेडकरनगर।** उत्तर प्रदेश सस्ता गल्ला विक्रेता परिषद के तत्वावधान में कोटेदारों ने बुधवार को जिलापूर्ति अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। इसमें कमीशन वृद्धि किए जाने की मांग की गई। चेतावनी दी गई कि यदि उनकी मांग को पूरा नहीं किया गया तो एक जनवरी से खाद्यान्न वितरण का बहिष्कार करते हुए हड़ताल करेंगे। जिलाध्यक्ष जीतबहादुर जायसवाल ने कहा कि कोटेदार अपनी जिम्मेदारियों का निर्वह्न पूरी ईमानदारी के साथ कर रहे हैं। इसके बावजूद उपेक्षा की जा रही है। समस्याओं के निस्तारण को लेकर जिम्मेदार पूरी तरह मौन साधे हुए हैं। खाद्यान्न वितरण में मात्र 90 रुपये प्रति क्विंटल मिलता है।बढ़ती महंगाई को देखते हुए यह अत्यंत कम है। 200 रुपये प्रति क्विंटल दिए जाने की मांग को पूरा नहीं किया जा रहा।आशाराम यादव, दिलीप, योगेंद्र पांडेय, महेंद्र यादव, सुनील कुमार, सुरेश, रवीश शुक्ला, निर्माला सिंह, सर्वेश सिंह, मोहम्मद असलम, गुडिया़, कृपाराम, अनिल कुमार, सफदर अब्बास ने कहा कि एक जनवरी से हड़ताल की जाएगी। न तो खाद्यान्न का उठान किया जाएगा और न ही वितरण होगा।

## प्रख्यात शायर अनवर जलालपुरी की 2 जनवरी को मनायी जायेगी पुण्यतिथि

**जलालपुर।** अम्बेडकरनगर अन्तर्राष्ट्रीय ख्यातिलब्ध शायर एवं मंच संचालक पद्मश्री स्वर्गीय अनवर जलालपुरी की छठी पुण्यतिथि आगामी 2 जनवरी को रात्रि में नगर के दलालटोला स्थित मदरसा फैजान अजीजी में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया है।नगर की सामाजिक व अदबी संस्था क़लम कबीला के तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रम में शायर व कवि स्वर्गीय अनवर की साहित्यिक सेवाओं व उनके जीवन के विभिन्न पहलुओं को उकेरेंगे। इससे पूर्व दोपहर में उनके स्वजनों की तरफ से मोहल्ला दलाल टोला स्थित मस्जिद में पवित्र क़ुरआन का पाठ ( कुरान ख्वानी ) किया जाएगा।

## बैठक कर प्राइवेट डाक्टर्स एसोसिएशन का किया गठन

अवधनामा संवाददाता

**बांसी सिद्धार्थनगर।** नगर के एक होटल में डाक्टरों ने बैठक कर प्राइवेट डाक्टर्स एसोसिएशन सिद्धार्थनगर का गठन किया। जिसमे डा नियाज अहमद को सर्वसम्मति से अध्यक्ष चूना गया।

बैठक में कमलेश दूबे को संरक्षक ,डा नियाज अहमद अध्यक्ष, डा अहमद हुसेन सचिव, डा मो अरशद वरिष्ठ उपाध्यक्ष, डा पवन कुमार चौधरी, डा अब्दुल हलीम, डा अभिषेक शुक्ला, डा नियाज अहमद, डा शकूर आलम डा जमाल अहमद उपाध्यक्ष, डा इमरान अहमद कोषाध्यक्ष, राजेश कुमार श्रीवास्तव संयुक्त मंत्री, डा मुजीब हुसेन संगठन



मंत्री, डा शब्बीर अहमद को मीडिया प्रभारी ,डा नसीम अहमद कार्यक्रम प्रभारी ,डा शबनम यहिया महिला प्रकोष्ठ का जिला अध्यक्ष चूना गया। बैठक को संबोधित करते हुए नवनिर्वाचित अध्यक्ष डा नियाज अहमद ने कहा कि हमारे साथियों ने विश्वास जताते हुए जो जिम्मेदारी हमें सौंपा है उसका निर्वहन मैं पूरी निष्ठा के साथ करूंगा। उन्होंने कहा कि यह संगठन प्राइवेट डाक्टरों के मानसम्मान, हक व हकूक की लड़ाई पूरी ईमानदारी से लड़ेगा। बैठक में डा कलीमुल्लाह, डा राकेश कुमार, डा अबू शहमा, डा मो जमा, डा मुजम्मिल हुसेन, डा रघुनाथ, डा हबीबुर्रहमान, डा इश्तियाक अहमद, डा अब्दुल वदूद, डा फौजदार खान आदि मौजूद थे।

## आधुनिक भारत के निर्माण में कांग्रेस का बड़ा योगदान रहा : अमित वर्मा

अवधनामा संवाददाता

**अम्बेडकरनगर।** 28 दिसंबर 1885 को बम्बई में कांग्रेस पार्टी की स्थापना हुई और व्योमेश चंद्र बनर्जी इसके पहले अध्यक्ष हुए उक्त बातें जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अमित कुमार वर्मा ने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के 139वें स्थापना दिवस के कार्यक्रम के दौरान कही उन्होंने कहा कांग्रेस की स्थापना प्रबुद्ध लोगों को एक मंच पर लाकर नीतियों के निर्धारण के लिए किया गयाजिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता अवधेश कुमार मिश्र बब्लू उत्तर प्रदेश कांग्रेस सोशल मीडिया के महासचिव संजय तिवारी, कार्यक्रम का संचालन कर रहे जिला उपाध्यक्ष गुलाम रसूल छोटू सुखीलाल वर्मा, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष मो हाजी सलीम, किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष वशिष्ठ पाण्डेय, युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष विशाल वर्मा, नगर अध्यक्ष अकबरपुर राजेश प्रजापति, डॉ विजय शंकर, राजितराम वर्मा, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव मो जियाउद्दीन अंसारी, ब्लाक अध्यक्ष अकबरपुर आदित्य नारायण तिवारी, नंदकुमार गुप्ता दद्दू वी पी गौतम, ब्लाक कोषाध्यक्ष सूर्यभान मिश्र ने कहा दादाभाई नौरोजी, फिरोजशाह मेहता, महात्मा गांधी, लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक, पंडित जवाहरलाल नेहरू, गोपाल कृष्ण गोखले, लाला लाजपत राय, सीमांत गांधी, सरदार वल्लभभाई पटेल, मौलाना आजाद, डॉक्टर भीमराव अंबेडकर, सुभाष चंद्र बोस, लाल बहादुर शास्त्री जैसे महापुरषों के संरक्षण में कांग्रेस पार्टी ने देश की आजादी की लड़ाई लड़ी और देश को आजाद कराया जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता अवधेश कुमार मिश्र बब्लू ने बताया कांग्रेस पार्टी के गौरवशाली 138 वर्ष पूर्ण कर 139वें वर्ष में प्रवेश करने पर जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर पार्टी के ध्वज का झंडारोहण करके स्वाधीनता संग्राम में भाग लिये कांग्रेस के समस्त नेताओं को नमन करते हुए श्रद्धांजलि देते गोष्ठी की गयी।

# कार्यालय नगर पालिका परिषद, मौदहा (हमीरपुर)

पत्रांक : 1417/न0पा0परि0मौदहा/नामान्तरण प्रकाशन/2023-24 दिनांक : 29-12-2023

**धारा 147/(02) के अन्तर्गत**

**नामान्तरण प्रकाशन**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कार्यालय नगर पालिका परिषद मौदहा-हमीरपुर में गृहकर अभिलेखों में नाम अंकित करने हेतु निम्न आवेदकों द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किये है।

उक्त सूचना में उल्लिखित आवेदकों में किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह इस सूचना की प्रकाशन तिथि से 30 दिन (एक माह) के अन्दर मूल अभिलेखो सहित लिखित आपत्ति अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत करें। आपत्ति अवधि व्यतीत होने के पश्चात् आवेदक का नाम गृहकर अभिलेखों में अकित करने की कार्यवाही सम्पादित की जायेगी। आपत्ति समय व्यतीत होने के उपरान्त किसी भी व्यक्ति द्वारा प्रस्तुत आपत्ति पर कोई विचार नही किया जायेगा।

| क्र. सं. | मुहल्ला | वार्ड नं. | भवन नं. | वर्तमान में भवन स्वामी का नाम | आवेदक का नाम जिसका गृहकर अभिलेखों में दर्ज होना है। | आधार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सिचौली | 19 | - | नया | श्रीमती कुसुम पत्नी मदन कुमार | रजि0 बैनामा |
| 2 | फत्तेपुर पश्चिमी | 03 | - | नया | श्रीमती रामप्यारी पत्नी सुखेदव | रजि0 बैनामा |
| 3 | सिचौली | 19 | - | नया | श्री शौकत खॉ पुत्र छिद्दू खॉ | पैतृक |
| 4 | सिचौली | 19 | - | नया | श्रीमती अनीसा बानो पत्नी मुबारक हुसैन | पैतृक |
| 5 | सिचौली | 19 | - | नया | श्री अरबाज आलम पुत्र छिद्दू शाह | पैतृक |
| 6 | रागौल पश्चिमी | 16 | - | नया | श्रीमती जहूरन पत्नी शफी अहमद | पैतृक |
| 7 | रागौल पश्चिमी | 16 | - | नया | श्री रहीम बक्स पुत्र कल्लू | पैतृक |
| 8 | सिचौली | 19 | - | नया | श्रीमती माया देवी पत्नी प्रमोद कुमार | रजि0 बैनामा |
| 9 | रागौल पश्चिमी | 16 | - | नया | श्री सुजात अली पुत्र बाबू | पैतृक |
| 10 | रागौल पश्चिमी | 16 | - | नया | श्री मजहर उद्दीन पुत्र निजाम उद्दीन | पैतृक |
| 11 | फत्तेपुर पूर्वी | 12 | - | नया | श्री भूरेलाल पुत्र दुर्गा प्रसाद | पैतृक |
| 12 | फत्तेपुर पश्चिमी | 03 | - | नया | श्रीमती राजेन्द्री पत्नी इमाम उद्दीन | रजि0 बैनामा |
| 13 | सिचौली | 19 | - | नया | श्री गजराज पुत्र भारत | पैतृक |
| 14 | सिचौली | 19 | - | नया | श्रीमती राजकुमारी पत्नी होरीलाल | पैतृक |
| 15 | सिचौली | 19 | - | नया | श्रीमती नसीमा पत्नी शकील | पैतृक |
| 16 | फत्तेपुर, पश्चिमी | 03 | - | नया | श्री रामपाल कुशवाहा पुत्र बद्दू | पैतृक |
| 17 | सिचौली | 19 | - | नया | श्रीमती शकीला बानो पत्नी रहीम | पैतृक |
| 18 | सिचौली | 19 | - | नया | श्रीमती शकीला बानो पत्नी रहीस | रजि0 बैनामा |
| 19 | रागौल पूर्वी | 11 | - | नया | श्रीमती नजमा बानो पत्नी अ0 तारिक | पैतृक |
| 20 | रागौल पूवी | 11 | - | नया | श्री वकील उद्दीन पुत्र जमाल उद्दीन | पैतृक |
| 21 | रागौल पूर्वी | 11 | - | नया | श्री गुलरेज उद्दीन पुत्र हिसाम उद्दीन | पैतृक |
| 22 | रागौल पश्चिमी | 16 | - | नया | श्री शकील उद्दीन पुत्र जमाल उद्दीन | पैतृक |
| 23 | सिचौली | 19 | - | नया | श्री बुद्धू पुत्र मइयादीन | पैतृक |
| 24 | ब्लाक | 14 | - | नया | श्रीमती फात्मा पत्नी मो0 सहादत खॉ | रजि0 दान पत्र |
| 25 | रागौल पूर्वी | 11 | - | नया | श्री वहीद उद्दीन पुत्र छीतर | पैतृक |
| 26 | रागौल पूवी | 11 | - | नया | श्री वहीद उद्दीन पुत्र छीतर | पैतृक |
| 27 | रागौल पश्चिमी | 16 | - | नया | श्री सुरेश कुमार पुत्र रामगोपाल | रजि0 बैनामा |
| 28 | कुम्हरौडा | 13 | - | नया | श्रीमती राधा देवी पत्नी बाबूराम | रजि0 बैनामा |
| 29 | मीरातालाब | 04 | - | नया | श्रीमती आशा देवी पत्नी नत्थूलाल | रजि0 बैनामा |
| 30 | मीरातालाब | 04 | - | नया | श्री रामबाबू गुप्ता पुत्र रज्जन प्रसाद | रजि0 बैनामा |
| 31 | सिचौली | 19 | - | नया | श्री अशोक कुमार विश्वकर्मा पुत्र नाथूराम विश्वकर्मा | रजि0 बैनामा |
| 32 | सिचौली | 19 | - | नया | श्री दीपेश कुमार पुत्र नाथूराम विश्वकर्मा | रजि0 बैनामा |
| 33 | सिचौली | 19 | - | नया | श्री नरेन्द्र सिंह पुत्र हरपाल सिंह | रजि0 बैनामा |
| 34 | कुम्हरौडा | 13 | - | नया | श्री रमेश पुत्र किशना | पैतृक |

**अधिशाषी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद**
**मौदहा-हमीरपुर**

## संक्षिप्त समाचार

### अपर पुलिस अधीक्षक ने पैदल गस्त कर लोगों से सौहार्द बनाए रखने की अपील की

**बढ़नी सिद्धार्थनगर (अवधनामा संवाददाता)।** सीमावर्ती कस्बा बढ़नी में अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ सिंह ने कस्बे में एसएसबी के जवानों के साथ पैदल गस्त कर लोगों से संवाद स्थापित कर आपसी सौहार्द बनाए रखने की अपील की। गुरुवार को कस्बे के पुलिस चौकी से स्टेशन रोड ,गोलबाजार , चट्टीबाजार तथा कस्टम रोड होते हुए नगर का भ्रमण करते हुए अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ सिंह ने लोगों से संवाद



स्थापित कर आपसी सौहार्द बनाए रखने की अपील की तथा कस्बा बढ़नी में स्थानीय पुलिस व सशस्त्र सीमा बल के साथ पैदल गश्त/चेकिंग किया गया तथा आमजनमानस में सुरक्षा का एहसास कराते हुये जनसंवाद स्थापित किया गया व आपस में सौहार्द बनाये रखने हेतु अपील की गयी। इस दौरान थानाध्यक्ष ढ़ेबरुआ शशांक सिंह सहित थाना ढ़ेबरुआ के अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।

### गैस सब्सिडी पाने के लिये इकेवाईसी कराना अनिवार्य

**जलालपुर अम्बेडकरनगर(अवधनामा संवाददाता)।** केंद्र सरकार की ओर से रसोई गैस सब्सिडी के लिए उपभोक्ताओं को ईकेवाईसी कराना अनिवार्य है। उज्वला योजना अथवा जिन उभोक्ताओ को गैस सब्सिडी मिल रही है उन के लिए 31 दिसम्बर तक का मौका है सभी अपने गैस एजेंसी पर शीघ्र



ईकेवाईसी करवा लें। पीजी एचपी गैस ग्रामीण वितरक भियांव रफीगंज के संचालक सन्तोष कुमार गुप्ता ने बताया कि सरकार की मंशा है कि होली समेत अन्य विशेष अवसरों पर उज्वला योजना के लाभार्थियों को मुफ्त सिलेंडर दिया जायेगा। जिस के लिए उपभोक्ताओं को भविष्य में दिक्कत न हो इस लिए सभी 31 दिसम्बर तक बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण करा लें अन्यथा आने वाले दिनों में उन्हें सब्सिडी से वंचित रहना पड़ सकता है।

### रैली को सफ़ल बनाने के लिये की बैठक

**अम्बेडकरनगर (अवधनामा संवाददाता)।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की श्री राम अंतर्राष्ट्रीय एयर पोर्ट की लोकार्पण समारोह के उपरांत होने वाली लाखों लोगों की रैली में जनपद से भारी संख्या में शामिल होने के लिए जिला मुख्यालय स्थित न्यू सर्किट हाउस अकबरपुर में जिले के प्रभारी मंत्री गिरीश चंद्र यादव और संगठन के जिला प्रभारी विधान परिषद सदस्य भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष पदम सेन चौधरी की उपस्थिति एवम भाजपा जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी की अध्यक्षता में रैली की तैयारी बैठक को अंतिम रूप दिया गया। भाजपा जिला पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, रैली संयोजक गण की तैयारी बैठक में शामिल प्रभारी मंत्री गिरीश चंद्र यादव ने कहा कि अयोध्या में श्री राम एयर पोर्ट की लोकार्पण के अवसर पर आयोजित ऐतिहासिक रैली में जनपद सहित आस पास के जनपदों से लाखों लोगों की रेला रैली स्थल पर पहुंचेगा। जनपद से भी हजारों लोगों की ऐतिहासिक रैली में भागीदारी सुनिश्चित हो ऐसी तयारी कर हमें भाग लेना है।

### किसानों की उपस्थिति में चकबंदी का हुआ खुलेआम विरोध

**जलालपुर अंबेडकरनगर(अवधनामा संवाददाता)।** जलालपुर ब्लाक अंतर्गत ग्राम सभा अशरफपुर भुवा में चकबंदी कर्ता खुशीराम और चकबंदी लेखपाल प्रदीप कुमार विश्वकर्मा की उपस्थिति में दो स्थानों पर कृषकों की बैठक की गई । चकबंदी अधिकारियों ने कृषकों को चकबंदी का नियम समझते हुए यह बताया कि अगर आप लोग सुरक्षित जमीन की ज्यादा मांग करोगे तो आपकी जमीन में अधिक से अधिक 10त्न की कटौती की जा सकती है अगर आप सुरक्षित जमीन की मांग नहीं करेंगे तो एक भी परसेंट कटौती होने की संभावना हो सकती है। चकबंदी को लेकर प्रथम स्थान पर बैठक की अध्यक्षता लल्लन बहादुर वर्मा के नेतृत्व में पंचायत भवन अशरफपुर भुवा पर कृषकों की बैठक संपन्न हुई ।

# मोदी सरकार का अचूक निशाना

आने वाले आम चुनाव में पार्टी के जीत को फुलप्रूफ बनाने के लिये पार्टी द्वारा नये नये तरीके ढूढे जा रहे है और उन तरीकों पर तुरन्त कारवाई की भी रूपरेखा तैयार कर ली गई है। बस अमल शुरू हो जाये। पीएम विश्वकर्मा योजना के जिला सयजको की बैठक को सम्बोधित करते हुये सुनील बन्सल ने योजना के तहत काम किये जाने की रूपरेखा बयान की। अब पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत भाजपा कार्यकर्ताओं की सिफारिश पर 18 पारम्पारिक विधा से जुड़े कारीगरों को कर्ज उपलब्ध कराया जायेगा। इसके लिये जिला स्तर पर जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में तीन सदस्यी कमेटी गठित होगी। योजना के लिये जिला प्रशासन स्तर पर होने वाली बैठकों में कमेटी शिरकत करेगी। इस नीति से पार्टी वोट बैंक में इजाफा करने के लिये नया लाभार्थी समूह तैयार होगा। मोदी की सोच का कोई मुकाबला नही है। विपक्षी गठबन्धन अभी सम्भवित कार्यक्रम भी नहीं तैयार पा रहा है। महत्वपूर्ण निर्णाय अगली बैठक में तय होगा कहकर बैठकों को खिसकाती जा रही है।

इधर राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बन्सल ने प्र्रत्येक चुनाव बूथ पर 4-5 और विधानसभा क्षेत्र के स्तर पर 1000 लोगो को लाभान्वित करने का लक्ष्य दिया है। यह योजना ऐसी है जिससे कार्यकर्ताओं का महत्व बढ़ेगा और उन्हें लगेगा पार्टी के प्रशासन और नीतियों की एक महत्वपूर्ण हस्ती है। यही उन्हें और उत्साह से काम करने के उत्साहित करेगा। इसके तहत कार्यकर्ता अपनी सिफारिश से कई लोगो को लाभान्वित कर सकेगे। इसका सीधा असर पार्टी पर यह होगा कि लाभान्वित लोग कार्यकर्ताओं के पक्के और स्थायी समर्थक बन जायेगे जो भाजपा के स्थायी मतदाता बन जायेगे।

योजना के तहत एक परिवार में एक ही व्यक्ति को यह लाभ मिलेगा। योजना के तहत राज्य स्तर पर उपाध्यक्ष मानवेन्द्र सिंह को प्रभारी बनाया गया है। क्षेत्रवार क्षेत्रीय उपाध्यक्ष भी बनाये गये है। अवध क्षेत्र के लिये राहुल राज रस्तोगी कानपुर क्षेत्र में सुधीर सिंह को प्रभारी बनाया गया है। जिला में पूर्व जिलाध्यक्षों को योजना में ज्यादा से ज्यादा पंजीकरण कराने के निर्देश दिये गये है विकेन्द्रित कार्य प्रणाली जिससे हर किसी को अपना पद जिम्मेदारी और काम महत्वपूर्ण लगेगा।

लाभर्थियों से सम्पर्क और संवाद बनाने के लिये काल सेन्टर की व्यवस्था की गई है जो लोकसभा चुनाव के सन्दर्भ में बहुत महत्वपूर्ण साबित होगा। मोदी योगी यानी डबल इन्जन सरकार हर योजना के लाभार्थियों से लगातार संवाद करते रहेगे। लाभार्थी इससे उत्साहित होगे और अपना महत्व समझेगे और उनमें आत्मविश्वास बढ़ेगा। पार्टी सरकार की तरफऔर अधिक वफादारी बढ़ेगी। असर मतदान पर पड़ेगा।

काल सेन्टर के लिये 11000 कालर्स की टीम तैयार की गई है। टीम के लोग हर महीने तीन करोड़ काल के जरिये लाभार्थियों और पार्टी कार्यकर्ताओं से संवाद कर सम्पर्क बढ़ाते रहेगे। स्थिति की जानकारी लेते रहेगे। कोई अड़चन या कठिनाई आ रही है तो उसे तुरनत दूर करने के जरूरी कदम उठायेगा। यह सब ऊंची सोच का परिचय है। विपक्षी गठबन्धन में योग्य लोग है पर इस तरह के सोच और कार्यप्रणाली से अभी दूर है। सभी सीट बटवारा भी नहीं कर पाये है। सब मन्थर गति से चल रहा है। देखते ही देखते सावन बीत न जाये। भाजपा की कार्यशैली पर गौर कीजिये। पार्टी कार्यालय में संवाद योजना की तहत बनाये गये प्रभारियों कार्य सुगम बनाने के लिये उनके जिलों में सभी योजनाओं के लाभार्थियों बूथ कमेटी के साथ पार्टी का संगढानात्मक डाटा में सौपा गया है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने बताया की योजना में ग्रामीण क्षेत्रों में फोकस करना है। शहरी मतदाता तो अपेक्षाकृत साक्षर है समझबूझ कर जो मतदान नीतियों और किये गये कार्यो की समीक्षा कर और आगे के लिये देश किये जा रहे कार्यक्रमों, अब तक की सफलता असफलता का गुणाभाग करके करता है। ग्रामीण मतदाता नेताओं और कार्यकर्ताओं तथा उसे दिये गये अब तक के लाभों के आधार पर मतदान करता है। भाजपा शहरी और ग्रामीण मतदाओं की नब्ज़ पहचान कर अपना कार्यक्रम तरह तरह से चला रहा है।

पीएम विश्वकर्मा योजना से लाभान्वित लोगो भाजपा कार्यकर्ता ये समझायगें कि अब के शिल्प से आपको अपने घर गांव में ही रोजगार मिल जायेगा। रोजी रोटी के लिये गांव से पालायन नही करना होगा। भाजपा का कार्यक्रम है बूथस्तर पर अभियान चलाकर योजना में शामिल 18 प्रकार के कार्यो से जुड़े कारीगरों का पंजीकरण करायेगी।

डबल इन्जन का कहना हैः-

साहिल पर बैठ करके तमाशा न देखिये।

हमने ये खस्ता नाव विरासत में पाई है।।

मोदी योगी सरकार की अब तक की उपलब्धियों इसको तस्दीक करती है। डबल इन्जन सरकार जनता का रूख भाप अपनी उपब्धियों से उत्साहित है और आत्मविश्वास से भरी हुई है।

# कभी तमाशा कहलाने वाला आईपीएल अब खिलाड़ियों को अमीर बनाने का मंच बना

शाहिद नकवी

क्रिकेट भले ही अंग्रेजों का खेल हो और उसे भारत लाने वाले अंग्रेज ही हैं।लेकिन भारत में क्रिकेट अब धर्म की तरह है।यही वजह है कि पूरी दुनिया के खेल मैदानों में इतने दर्शक नही जुटते जितने भारत में उमड़ते हैं।यहां टेस्ट,वनडे और टी20 सभी तरह के क्रिकेट के में दीवानगी सिर चढ़कर बोलती है।भारतीयों की क्रिकेट के प्रति यही दीवानगी देसी,विदेशी तमाम कम्पनियों,क्रिकेट बोर्ड, उससे जुड़ी संस्थाओं और खिलाड़ियों के लिए भारत विभिन्न माध्यमों से पैसा कमाने का बड़ा और खुला बाजार बन गया है।ऐसे में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) का आगमन क्रिकेट प्रेमियों के लिए सोने पे सुहागा है आईपीएल ने क्रिकेट की परिभाषा बदल दी।इस फटाफट क्रिकेट में सिर्फ छक्के चौके ही देखने को नहीं मिलते बल्कि क्रिकेट के साथ-साथ संगीत और डांस का भरपूर आनंद भी मिलता है।वहीं खिलाड़ियों को पैसे कमाने का सबसे सुलभ अवसर भी मिलता है।जिस खिलाड़ियों को राष्ट्रीय टीम में अवसर नहीं मिल पाता है,उसे इसके जरिए पैसा और नाम कमाने का बेहतरीन अवसर मिलता है। इसलिए आईपीएल को क्रिकेट, पैसा और मनोरंजन का संगम कहना कोई अतिश्योक्ति नहीं है।साथ ही आईपीएल कुछ ऐसे गरीब खिलाड़ियों की सफलता की कामयाबी का बड़ा मंच भी बन गया है,जो कहीं सुदूर अंचलों में गुमनाम से पड़े थे।वास्तव में ऐसे खिलाड़ियों की ये कहानियां बहुत प्रेरणादायक तो हैं ही और देखने में किसी एक अदद इंसान के जीवट,संघर्ष,और त्याग की दास्तान होती हैं लेकिन वह असल में वह एक पूरे समाज की उम्मीदों की नुमाइंदगी करती दिखाई देती है। बाजार शासित इस कालखंड में आईपीएल प्रचार शक्तियों का उत्सव बन जाता है।देश के बड़े औद्योगिक घरानों ने इस उत्सव या तमाशे में भारी पूंजी निवेश किया है।वर्तमान में भारत के कुबेर भी एक टीम के मालिक हैं।प्रीति जिंटा और शाहरुख खान की भी टीमें हैं।क्रिकेट के प्रति भारतीयों की दीवानगी को देखते हुए फ्रेंचाइजी खिलाड़ियों पर पानी की तरह पैसा बहाती हैं। एक छोटे उदाहरण से समझा जा सकता है कि मिचेल स्टार्क, पैट कामिंस, सैमकरन, कैमरून ग्रीन और बेन स्टोक्स जैसे पांच विदेशी खिलाड़ी आईपीएल 24 की नीलामी में 97.75 करोड़ रुपए हासिल कर ले गए।वहीं यूपी के समीर रिजवी और तमिलनाडु के शाहरुख खान जैसे भारतीय खिलाड़ी भी सब की उम्मीद से कई करोड़ अधिक की बोली में बिके।फिर कम्पनियों के प्रचार से बीसीसीआई के साथ फ्रेंचाइजी और ब्राड कास्टर भारी मुनाफा कमाती हैं।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**

**स्थानीय संपादक**

**मोहम्मद आलम रिज़वी**

**RNI No UPHIN/2010/31173**

**टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716**

**avadhnamahindi@gmail.com,**

नीदरलैंड की एक टीम सिमुलेशन तकनीक से एक समान प्रणाली का विकास करने में लगी हुई है। यह नजरिया उन्नत निगरानी और कंप्यूटर मॉडलिंग से सुसज्जित मैकेनिक का इस्तेमाल करके समय से काफी पहले जन्मे बच्चों को जन्म के समय तक ले जाने की प्रक्रिया का नकल करता है। इससे शोधकर्ताओं को समझने में मदद मिलेगी एक शिशु ऐसी अवस्था में कैसे विकसित हो सकता है जो गर्भ की स्थितिओं का अनु राशि करता है। इसमें कई दशक लग सकते हैं। वर्तमान शोध चाह्त समापन बिंदु नहीं है। कृत्रिम गर्भ प्रौद्योगिकीयां पूर्ण एक्टोजेनेसिस का रास्ता बना सकती हैं।

# शरीर के बाहर भ्रूण विकास

हिंदू धर्म में ब्रह्मा जन्म के देवता और शंकर मृत्यु के देवता माने जाते हैं, पर आज के युग में डॉक्टर ब्रह्मा भी है और शंकर भी है। डॉक्टर गर्भ प्रत्यारोपण भी करते हैं, गर्भ को खत्म भी करते हैं। मानवता विकास की चरम स्थिति की ओर बढ़ रही है। हर चीज आदमी अपनी क्षमता से अपने बस में करने की ओर अग्रसर है। गर्भधारण और उसके विकास को उसने बहुत हद तक अपने बस में कर लिया है। अब एक्टोजेनेसिस यानी कृत्रिम गर्भ विकसित करने की ओर उन्मुख हो रहे हैं। यानी गर्भधारण उसका विकास फिर उसका जन्म यह सब प्रक्रिया बिना स्त्री के पूरी हो जाएगी यानी महिला जो गर्भधारण से लेकर उसके विकास फिर उसके जन्म की प्रक्रिया को लेकर जो दुख भोगती है उससे मुक्त हो जाएगी। कहते हैं जब औरत किसी को जन्म देती है तो वह उसका दूसरा जन्म होता है।



एस.एन.वर्मा

अभी बच्चा कब और कैसे पैदा किया जाए इसके कई विकल्प उपलब्ध हो गए हैं। आई.वी.एफ दान से मिलने वाले अण्डे, शुक्राणु गर्भ प्रत्यारोपण, सेरोगेसी, अंडा फ्रिजिंग से बच्चा पैदा करने के विकल्प है। इन सबके बावजूद प्रजनन का एक पहलू शाश्वत बना हुआ है। वह है गर्भ में भ्रूण को विकसित करने की प्रक्रिया। पर वैज्ञानिकों ने मानव शरीर के बाहर भ्रूण को विकसित करना संभव बना दिया है। अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और जापान की टीमें कृत्रिम विकास करना शुरू कर दिया है। सवाल है कि इस विधि से जन्मे शिशु को लेकर अभी तक पितृत्व को लेकर जो धरना है उसका क्या होगा। खैर, यह बाद की बात है पर अभी यह तकनीक समय से पहले जन्म लेने वाले बच्चों की जान बचाने के काम आएगी। शोध करने वालों ने मेमने के भ्रूण को कोख से बाहर विकसित करने में सफलता पा ली है। नीदरलैंड की एक टीम सिमुलेशन तकनीक से एक समान प्रणाली का विकास करने में लगी हुई है। यह नजरिया उन्नत निगरानी और कंप्यूटर मॉडलिंग से सुसज्जित मैकेनिक का इस्तेमाल करके समय से काफी पहले जन्मे बच्चों को जन्म के समय तक ले जाने की प्रक्रिया का नकल करता है। इससे शोधकर्ताओं को समझने में मदद मिलेगी एक शिशु ऐसी अवस्था में कैसे विकसित हो सकता है जो गर्भ की स्थितिओं का अनु राशि करता है। इसमें कई दशक लग सकते हैं। वर्तमान शोध चाहत समापन बिंदु नहीं है। कृत्रिम गर्भ प्रौद्योगिकीयां पूर्ण एक्टोजेनेसिस का रास्ता बना सकती हैं। इसका मतलब होगा गर्भधारण से लेकर जन्म तक भ्रूण को मानव शरीर के बाहरी पूरी तरह से विकसित करना।

मौजूदा कानून एस्टोजेनेसिस अनुसंधान में बाधक है। यह कानून भ्रूण अनुसंधान को पूरी तरह प्रतिबंधित करता है। दिनों की अधिक समय तक अनुसंधान के लिए मानव भ्रूण विकसित करने पर प्रतिबंध लगाता है। इसलिए इस तरह के शोध के किए कानून को पहले बदलना होगा। दूसरी बाधा है इस तरह के बदलाव को जनता का समर्थन



मिलेगा कि नहीं। हालांकि अंतरराष्ट्रीय वैज्ञानिक समुदाय इसके प्रति जिज्ञासा दिखा रहे हैं। पूर्ण एस्टोजेनेसिस नैतिक कानूनी और सामाजिक सवाल भी उठना है। इसलिए इसका उपयोग करने से पहले इसका उत्तर खोजना होगा।

इंलैण्ड में कानूनी माँ वही होगी जो बच्चे को जन्म देगी। अनुवंशकी या इरादे का परवाह किये बिना कृत्रिम गर्भ में भ्रूण का विकास गर्भधारण और मातृत्व के बीच इस संबंध को तोड़ सकता है। मातृत्व की हमारी कानूनी और सामाजिक अवधारणा को सेरोगेसी ने पहले से ही चुनौती दे रखी है। जन्म के समय सेरोगेट बच्चें की कानूनी माँ होती है। लेकिन माता-पिता के आदेश पर गोद लेने के माध्यम से बच्चे को इच्छित माता-पिता का दिया जा सकता है। पर कृत्रिम गर्भ लम्बे समय से स्थापित मापदंडों को और गहन तरीकों से बाधित कर सकता है क्योंकि अब कोई जन्म देने वाली माँ नहीं होगी। कानून को यह परिभाषित करने की जरूरत होगी कि ऐसी हालात में कानूनी माँ कौन है और क्या यह परिभाषा सभी माँओं पर लागू होती है या सिर्फ जब कृत्रिम गर्भ प्रद्यौगिकियों का इस्तेमाल किया जाता है। पितृत्व के कानूनी परिभाषाओं पर कृत्रिम गर्भ का प्रभाव कम महत्वपूर्ण हो सकता है।

यूके में जो शख्स शुक्राणु देता है वह आमतौर पर बच्चों का कानूनी पिता होता है। जब तक की बच्चा किसी वजह से प्राप्त क्लीनिक में दान किए गए शुक्राणु का उपयोग करके पैदा न हो। उस स्थिति में दाता किसी भी परिणामी बच्चे का कानूनी पिता नहीं है। मानव निषेचन और भ्रूण विज्ञान 2008 के माध्यम से पितृत्व या समान लिंग वाले जोड़ों के लिए पितृत्व को कानूनी रूप से किसी को भी जिम्मेदार ठहराया जा सकता है। यह किसी ऐसे व्यक्ति का उसके कानूनी पिता या अन्य माता-पिता के रूप में मान्यता है की अनुमति देता है जो आनुवंशिक रूप से बच्चे के संबंधित नहीं है। इस अधिनियम का प्रावधान पूर्ण एक्टोजेनेसिस पर लागू होंगे क्योंकि इसमें भ्रूण बनाने के लिए आई.वी.एफ की जरूरत होगी। पूर्ण एक्टोजेनेसिस के परिणाम स्वरुप कानूनी पितृत्व को देखने के हमारे तरीके में और ज्यादा बदलाव हो सकते हैं, हो सकता है पूरा ही बदल जाए। यह हमें न सिर्फ मां और पिता के बारे में हमारे विचारों पर बल्कि इस्तेमाल की जाने वाली भाषा पर भी फिर से विचार करने के लिए प्रेरित कर सकता है। उदाहरण के लिए क्या इसके स्थान पर हमेशा अभिभावक शब्द का उपयोग करना उचित होगा।

कृत्रिम गर्भ तकनीक लोगों द्वारा प्रजनन के बारे में लिए जाने वाले व्यक्तिगत निर्णय को भी प्रभावित करेगी या माता-पिता बनने के निर्णय के कई लोगों के जीवन में फिट बैठने के तरीके को काफी हद तक बदल सकता है। अंडा फ्रीजिंग और आई.वी.एफ की यह तरह कृत्रिम गर्भ विशेष रूप से महिलाओं के लिए जीवन में बाद में बच्चे पैदा करना संभव बना देगा। यह लोगों को एक साथ कई भ्रूणों को धारण करने की अनुमति भी दे सकता है। जिससे उनके लिए पहले की तुलना में बहुत कम समय अवधि के भीतर अपने परिवार को पूरा करना मुमकिन हो जाएगा।

कृत्रिम गर्भ प्रद्योगिकी तकनीक से अधिक लोगों के लिए अपने स्वयं के जैविक बच्चे पैदा करना आसान हो जाएगा। जिनमें एकल पुरुष सामान लिंग वाले जोड़े और सेहत की वजहों से गर्भवती होने में असमर्थ महिलाएं शामिल हैं। इसका मतलब यह भी होगा कि महिलाओं को अब बच्चा पैदा करने के लिए गर्भावस्था और प्रसव से जुड़े अहम जोखिम और बोझो से गुजरना नहीं पड़ेगा।

कृत्रिम गर्भ तकनीक वर्तमान में उपलब्ध प्रजनन विकल्पों को बढ़ा सकती है। जिससे ज्यादा से ज्यादा लोगों के लिए यदि वह चाहे तो माता-पिता बनना संभव हो सकेगा। ऐक्टोजेनेसिस को पूर्ण विकसित होने में अभी समय लगेगा। मानव प्रजनन के कई पहलुओं की तरह कृत्रिम गर्भ तकनीक विभाजनकारी हो सकती है। अभी से इस पर चर्चा करना मुफीद होगा। कुछ लोग इसे प्रजनन स्वायत्तता और समानता बढ़ाने के तरीकों के शक्ल में देखेंगे। कुछ इसे खतरनाक, यहां तक पारंपरिक पारिवारिक संरचनाओं और मूल्यों के अवमूल्यन के रूप में देखेंगे। पर हालात और सो जो भी हो यह तकनीक एक दिन मुमकिन है जल्द ही हकीकत बनाकर चमत्कृत करेगी। निराश बाझ जोड़े आशा बनाए रखें।

# लोकतांत्रिक लोकतंत्र

अब हम लोकतंत्र की अपनी समझ में एक अन्य विशेषता या गुण को जोड़ सकते हैं। लोकतंत्र के लिए सिर्फ़ चुनाव कराना ही पर्याप्त नहीं होता। चुनाव में एक से ज़्यादा असली राजनैतिक विकल्पों के बीच चुनने की स्थिति भी होनी चाहिए। लोगों के पास यह विकल्प रहना चाहिए कि वे चाहें तो शासक दल को गद्दी से उतार दें। इस प्रकार, लोकतंत्र निष्पक्ष और स्वतंत्र चुनावों पर आधारित होना चाहिए ताकि सत्ता में बैठे लोगों के लिए जीत-हार के समान अवसर हों।

लोगों के लिए, लोगों की और लोगों के द्वारा चलने वाली शासन व्यवस्था ही लोकतंत्र है अब्राहम लिंकन द्वारा दी गयी लोकतंत्र की यह परिभाषा सर्वस्वीकार्य है। इसका साधारण शब्दों में अर्थ समझें तो देश की जनता द्वारा चुनी हुई सरकार का देश पर शासन एक लोकतंत्र की परिभाषा है। पर क्या यह लोकतंत्र की पूर्ण परिभाषा है ?

आइए कुछ उदाहरणो से इसे समझते हैं

1930 में आज़ाद होने के बाद से मैक्सिको में हर छः वर्ष बाद राष्ट्रपति चुनने के लिए चुनाव कराए जाते हैं। देश में कभी भी फ़ौजी शासन या तानाशाही नहीं आई। लेकिन सन् 2000 तक हर चुनाव में पीआरआई (इंस्टीट्यूशनल रिवोल्यूशनरी पार्टी) नाम की एक पार्टी को ही जीत मिलती थी। विपक्षी दल चुनाव में हिस्सा लेते थे पर कभी भी उन्हें जीत हासिल नहीं होती थी। चुनाव में तरह-तरह के हथकंडे अपनाकर हर हाल में जीत हासिल करने के लिए पीआरआई कुख्यात थी। सरकारी दफ़्तरों में काम करने वाले सभी लोगों के लिए पार्टी की बैठकों में जाना अनिवार्य था। सरकारी स्कूलों के अध्यापक अपने छात्र-छात्राओं के माँ-बाप से पीआरआई के लिए वोट देने को कहते थे। मीडिया भी जब-तब विपक्षी दलों की आलोचना करने के अलावा उनकी गतिविधियों को नज़रअंदाज ही करती थी। कई बार एकदम अंतिम क्षणों में मतदान केंद्रों को एक जगह से हटाकर दूसरी जगह कर दिया जाता था जिससे अनेक लोग वोट ही नहीं डाल पाते थे। पीआरआई अपने उम्मीदवारों के चुनाव अभियान पर काफ़ी पैसे खर्च करती थी।



शुभेन्द्र सिंह

क्या हम इस चुनाव में लोगों द्वारा शासक चुनने की प्रक्रिया को लोकतांत्रिक मान सकते हैं? एक और उदाहरण देखते हैं - जिंबाब्वे को 1980 में अल्पसंख्यक गोरों के शासन से मुक्ति मिली। उसके बाद देश पर जानु-पीएफ दल का राज है जिसने देश के स्वतंत्रता-संघर्ष की अगुवाई की थी। इसके नेता राबर्ट मुगाबे आज़ादी के बाद से ही शासन कर रहे थे। चुनाव नियमित रूप से होते थे और सदा जानु-पीएफ दल ही जीतता था। राष्ट्रपति मुगाबे कम लोकप्रिय नहीं थे पर वे चुनाव में गलत तरीके भी अपनाते थे। आज़ादी के बाद से उनकी सरकार ने कई बार संविधान में बदलाव करके राष्ट्रपति के अधिकारों में वृद्धि की थी और उसकी जवाबदेही को कम किया था। विपक्षी दलों के कार्यकर्ताओं को परेशान किया जाता था और उनकी सभाओं में गड़बड़ कराई जाती थी। सरकार विरोधी प्रदर्शनों और आंदोलनों को गैर-कानूनी घोषित कर दिया गया था। एक ऐसा कानून भी था जो राष्ट्रपति की आलोचना के अधिकार को सीमित करता था। टेलीविजन और रेडियो पर सरकारी नियंत्रण था और उन पर सिर्फ़ शासक



दल के विचार ही प्रसारित होते थे। अखबार स्वतंत्र थे पर सरकार की आलोचना करने वाले पत्रकारों को परेशान किया जाता था। सरकार ने कुछ ऐसे अदालती फ़ैसलों की परवाह नहीं की जो उसके खिलाफ़ जाते थे और उसने जजों पर दबाव भी डाला। 2017 में मुगाबे को राष्ट्रपति पद से हटा दिया गया।

जिंबाब्वे का उदाहरण बताता है कि शासकों के लिए बार-बार जनादेश पाना लोकतंत्र की एक ज़रूरत है पर इतना ही पर्याप्त नहीं है। लोकप्रिय नेता भी अलोकतांत्रिक हो सकते हैं। लोकप्रिय नेता भी तानाशाह हो सकते हैं। अगर हम लोकतंत्र को परखना चाहते हैं तो चुनावों पर नजर डालना ज़रूरी है। अब हम लोकतंत्र की अपनी समझ में एक अन्य विशेषता या गुण को जोड़ सकते हैं। लोकतंत्र के लिए सिर्फ़ चुनाव कराना ही पर्याप्त नहीं होता। चुनाव में एक से ज़्यादा असली राजनैतिक विकल्पों के बीच चुनने की स्थिति भी होनी चाहिए। लोगों के पास यह विकल्प रहना चाहिए कि वे चाहें तो शासक दल को गद्दी से उतार दें। इस प्रकार, लोकतंत्र निष्पक्ष और स्वतंत्र चुनावों पर आधारित होना चाहिए ताकि सत्ता में बैठे लोगों के लिए जीत-हार के समान अवसर हों।

हमारे इस चर्चा की वजह हाल ही पारित हुआ एक अधिनियम है जिसमें चुनाव आयुक्त की नियुक्ति प्रक्रिया में शामिल चयन समिति में बदलाव किया गया। मार्च 2023 में सर्वोच्च न्यायालय ने निर्णय दिया कि मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्त की नियुक्ति भारत के राष्ट्रपति द्वारा प्रधानमंत्री तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता एवं भारत के मुख्य न्यायाधीश की एक समिति की सलाह पर की जाएगी।

इस प्रक्रिया में बदलाव हेतु एक अधिनियम संसद में लाया गया। जिसमें इस समिति में मुख्य न्यायाधीश की जगह अब विधि मंत्री होंगे व समिति का फ़ैसला बहुमत के आधार पर होगा। अर्थात् अब चयन समिति में प्रधानमंत्री, विधि मंत्री और विपक्ष में नेता शामिल होंगे। इसे साधारण शब्दों में समझें तो अब इस समिति में सरकार के दो सदस्य व विपक्ष के एक सदस्य शामिल होंगे। जो इसके लोकतांत्रिक संतुलन पर प्रश्न चिन्ह लगाता है। मुख्य निर्वाचन आयुक्त और निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्तियों व उनकी सेवा शर्तों को रेगुलेट करने वाला यह अधिनियम लोकसभा से पारित हो गया। इससे पहले यह बिल 12 दिसंबर को राज्यसभा से पारित हो गया था। राष्ट्रपति के हस्ताक्षर के बाद अब यह कानून बन जाएगा।

भारत के चुनाव आयोग में एक मुख्य आयुक्त व दो अन्य आयुक्त होते हैं।चुनाव आयोग भारत में राष्ट्रीय और राज्य विधानसभाओं के लिए स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए संवैधानिक रूप से सशक्त निकाय है। देश में चुनाव आयोग की लोकप्रियता और उस पर लोगों का भरोसा, चुनाव आयोग के मुख्य आयुक्त व अन्य आयुक्तों के चयन के लोकतांत्रिक और पारदर्शी प्रक्रिया के होने की वजह से है। एक निष्पक्ष रूप से चयनित आयोग देश में निष्पक्ष चुनाव की रूपरेखा तैयार करता है।

किसी भी सत्ताधारी दल का इस मामले में हस्तक्षेप चुनाव की पारदर्शिता पर प्रश्न खड़े करता है। आने वाले समय में अन्य सत्ताधारी दलों द्वारा भी इसका उपयोग स्वयंहित में किया जाएगा और इसकी परिणति भारत को एक अलोकतांत्रिक देश की ओर अग्रसर करेगा।

भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है और इसकी लोकतांत्रिक लोकप्रियता देश के अंग्रेज़ी हुकूमत से स्वतंत्र होने के बाद से ही बनी हुई है। हमारी और हमारे सरकारों की यह ज़िम्मेदारी है कि इसकी लोकतांत्रिक भावना का उत्तरोत्तर क्रम में विकास करे और देश के नागरिकों के अधिकारों को सुनिश्चित करते हुए आगे बढ़े क्योंकि एक लोकतांत्रिक सरकार संवैधानिक कानूनों और नागरिक अधिकारों द्वारा खींची लक्ष्मण रेखाओं के भीतर ही काम करती है।

# कंप्यूटर साक्षरता से जोड़ना होगा ग्रामीण किशोरियों को

भारतीय सेना की ओर से जम्मू जिला स्थित अखनूर तहसील के सीमावर्ती इलाका खुई मिलान के एक सरकारी हाई स्कूल के छात्र-छात्राओं को तीन माह में कंप्यूटर कोर्स कराने का प्रोजेक्ट शुरू किया है। इसमें बच्चों को कंप्यूटर की बेसिक जानकारी दी जाएगी ताकि वह इससे न केवल परिचित हो सकें बल्कि भविष्य में इसके माध्यम से रोजगार हासिल कर सकें। इस कोर्स को पूरा करने वाले छात्र-छात्राओं को सर्टिफिकेट भी दिए जाएंगे। इस स्कूल में सेना द्वारा नियुक्त किए गए कंप्यूटर टीचर बलवीर सिंह कहते हैं कि 90 दिनों में हम बच्चों को बेसिक सिखाएंगे और हमारी कोशिश रहेगी कि हर बच्चा इसमें दक्ष हो जाए।

जब से टेक्नोलॉजी का विकास हुआ है, पूरी दुनिया एक गाँव के रूप में सिमट गई है। इसमें सबसे बड़ी भूमिका कंप्यूटर की है। आज के समय में कंप्यूटर का ज्ञान होना पहली प्राथमिकता हो गई है। टेक्नोलॉजी के इस दौर में बिना कंप्यूटर के आज किसी भी फील्ड में आगे बढ़ना मुश्किल ही नहीं, नामुमकिन हो गया है। आज कोई भी ऐसा क्षेत्र नहीं है, जहां कंप्यूटर का इस्तेमाल जरूरी ना बन गया हो। गवर्नमेंट फील्ड हो या प्राइवेट सेक्टर, कोई भी क्षेत्र बिना इसके अधूरा है। जब बात कंप्यूटर की आती है तो यह जानना जरूरी हो जाता है कि आखिर देश और दुनिया में कंप्यूटर साक्षरता दर कितनी है और कितने प्रतिशत लोग कंप्यूटर से आज के समय में जुड़े हैं?



हरीश कुमार

वैसे तो विश्व का बड़ा हिस्सा कंप्यूटर की जानकारी रखता है। भारत की लगभग शहरी आबादी कंप्यूटर से जुड़ी हुई है। परंतु दूर-दराज के ग्रामीण इलाकों में आज भी कंप्यूटर की साक्षरता दर कम है। विशेषकर पुरुषों की अपेक्षा ग्रामीण महिलाओं और किशोरियां कंप्यूटर की जानकारी से अभी भी दूर हैं। विश्व में सर्वाधिक कंप्यूटर उपयोग वाला देश जहां संयुक्त राष्ट्र अमेरिका है, वहीं अगर भारत की बात की जाए तो इस सूची में भारत का स्थान 19वां है। देश में जहां 59 प्रतिशत पुरुष डिजिटल लिटरेसी हैं, वहीं मात्र 29 प्रतिशत महिलाएं ही कंप्यूटर चलाना जानती हैं। इन आंकड़ों से यह साफ हो जाता है कि कंप्यूटर साक्षरता दर अभी भी भारत में कहीं ना कहीं कम है। इस मामले में महिलाएं तो बहुत पीछे हैं। यह युग कंप्यूटर का है इसलिए महिलाओं और किशोरियों को इसमें दक्ष होना ही पड़ेगा।



लोगों में कंप्यूटर की जानकारी एवं महत्व को बढ़ाने के उद्देश्य से नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ़ इनफर्मेशन टेक्नोलॉजी के द्वारा साल 2001 में विश्व कंप्यूटर साक्षरता दिवस की भी शुरुआत की गई है। प्रति वर्ष 2 दिसंबर को आयोजित इस दिवस के माध्यम से लोगों को कंप्यूटर साक्षरता की दिशा में जागरूक भी किया जाता है। इसके अतिरिक्त कई सरकारी और गैर सरकारी संस्थाओं की ओर से कंप्यूटर साक्षरता कार्यक्रम भी चलाए जा रहे हैं। इस दिशा में भारतीय सेना भी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। जो जम्मू कश्मीर के सीमावर्ती क्षेत्रों के युवाओं विशेषकर किशोरियों को कंप्यूटर की जानकारी देने और उसमें दक्ष करने के उद्देश्य से अपना योगदान दे रही है।

भारतीय सेना की ओर से जम्मू जिला स्थित अखनूर तहसील के सीमावर्ती इलाका खुई मिलान के एक सरकारी हाई स्कूल के छात्र-छात्राओं को तीन माह में कंप्यूटर कोर्स कराने का प्रोजेक्ट शुरू किया है। इसमें बच्चों को कंप्यूटर की बेसिक जानकारी दी जाएगी ताकि वह इससे न केवल परिचित हो सकें बल्कि भविष्य में इसके माध्यम से रोजगार हासिल कर सकें। इस कोर्स को पूरा करने वाले छात्र-छात्राओं को सर्टिफिकेट भी दिए जाएंगे। इस स्कूल में सेना द्वारा नियुक्त किए गए कंप्यूटर टीचर बलवीर सिंह कहते हैं कि 90 दिनों में हम बच्चों को बेसिक सिखाएंगे और हमारी कोशिश रहेगी कि हर बच्चा इसमें दक्ष हो जाए। उन्होंने बताया कि बड़ी संख्या में छात्राएं उत्साह के साथ इस कोर्स को सीख रही हैं।

बलवीर सिंह कहते हैं कि हमारा लक्ष्य है कि हर शहरी क्षेत्रों की तरह ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों को भी कंप्यूटर की बेसिक जानकारी अवश्य होनी चाहिए। अन्यथा आज के टेक्नोलॉजी के इस दौर में वह पीछे रह जाएंगे।

इस संबंध में आंचलिक शिक्षा अधिकारी विदुषी गुप्ता का कहना है कि पहले बच्चों को स्वयं आर्मी वाले कंप्यूटर सिखाते थे। लेकिन बच्चे रोज आर्मी वालों के पास जाकर कंप्यूटर नहीं सीख पाते थे। जिसको देखते हुए हमारी आर्मी ने स्कूल को 10 कंप्यूटर डोनेट किया है ताकि बच्चों को कंप्यूटर सीखने दूर न जाना पड़े। इसी हाई स्कूल की एक छात्रा संजीवनी वर्मा कहती है कि मेरे परिवार की आर्थिक स्थिति बहुत ही कमजोर है। जिसके कारण मैं कंप्यूटर सीखने कहीं नहीं जा सकती थी। अब भारतीय सेना ने हमारे स्कूल में कंप्यूटर दिए हैं और साथ में उसे सिखाने के लिए टीचर भी दिया है। जो हमें कंप्यूटर सीखा रहे हैं। यह हमारे लिए बहुत लाभदायक साबित हो रहा है। वह कहती है कि आज का भारत डिजिटल हो रहा है। जिस के चलते हमें कंप्यूटर जरूर सीखना चाहिए।

वहीं सीमावर्ती जिला पुंछ के मंगनाड गाँव में एक गैर सरकारी संस्था ÷सेवा भारती÷ ने बच्चों को कंप्यूटर सिखाने के लिए एक सेंटर स्थापित किया है। जहां दो कंप्यूटर दिए गए हैं। इसे सिखाने के लिए संस्था की ओर से एक शिक्षक भी नियुक्त किया गया है। जो प्रतिदिन शाम के समय एक-दो घंटे किशोर और किशोरियों को कंप्यूटर की जानकारी देते हैं। संस्था की यह पहल इस गांव की किशोरियों के लिए वरदान साबित हो रहा है क्योंकि इस गांव में कंप्यूटर साक्षरता दर की बहुत कमी है और महिला कंप्यूटर साक्षरता दर तो ना के बराबर है। इस संबंध में एक 22 वर्षीय स्थानीय किशोर प्रिंस कुमार कहते हैं कि मैं रोज शाम को इस कंप्यूटर सेंटर में एक से दो घंटे सीखने आता हूं। पहले मुझे कंप्यूटर का कुछ भी पता नहीं था। लेकिन अब धीरे-धीरे कंप्यूटर की बहुत सी चीज़ें सीख गया हूं।

वहीं एक 25 वर्षीय महिला सुरक्षा देवी कहती हैं कि कंप्यूटर की जानकारी के बिना डिजिटल बनना मुश्किल है। वैसे तो आज हर इंसान के पास स्मार्टफोन है। जो एक प्रकार का कंप्यूटर ही है। परंतु कुछ चीज ऐसी हैं जिसे सीखे बिना कंप्यूटर की जानकारी अधूरी है। इसलिए मैंने यहां कुछ बेसिक चीजें सीखी हैं। जिसके चलते आज मुझे इंटरनेट की अच्छी खासी जानकारी हो गई है। आज मैं एमएस वर्ड और एक्सेल पर काम करना सीख गई हूँ। यह जानकारी मुझे भविष्य में सफल बनाएगी। वह कहती हैं कि आज की किशोरियों चाहे वह ग्रामीण क्षेत्रों की ही क्यों न हों, उन्हें कंप्यूटर में साक्षर अवश्य होनी चाहिए क्योंकि यह उन्हें सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण कड़ी साबित होगा। (चरखा फीचर)

# एचआईवी संक्रमण के उपचार की जगी उम्मीद



**एक्वार्ड इम्यून डेफिशियेंसी सिंड्रोम (एड्स) गंभीर बीमारी है जिसका जोखिम वैश्विक स्तर पर बढ़ता हुआ देखा गया है। असुरक्षित यौन संबंध, दूषित इंजेक्शन और संक्रमित व्यक्ति का खून चढ़ाने के कारण एचआईवी का संक्रमण हो सकता है। ह्यूमन इम्यूनो डेफिशियेंसी वायरस (एचआईवी) का संक्रमण शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को कमजोर कर देती है जिसके कारण गंभीर बीमारियों का जोखिम रहता है। एड्स, अब भी लाइलाज बीमारी मानी जाती रही है। महामारी की शुरुआत के बाद से, 85.6 मिलियन लोग एचआईवी वायरस से संक्रमित हो चुके हैं और लगभग 40.4 मिलियन लोग एचआईवी-एड्स से मारे जा चुके हैं। वैश्विक स्तर पर, 2022 के अंत तक 39.0 मिलियन लोग एचआईवी के साथ जी रहे हैं।**

पिछले कुछ वर्षों में एड्स के उपचार के लिए वैज्ञानिक लगातार प्रयास कर रहे हैं। कुछ मेडिकल रिपोर्ट्स से पता चलता है एड्स के इलाज के लिए किए गए कुछ प्रयासों के अच्छे परिणाम देखे गए हैं। आइए इस बारे में जानते हैं।

## अब तक तीन रोगी हो चुके हैं ठीक

एचआईवी के इलाज के लिए किए गए प्रयास में अब तक कुछ हद तक सफलता मिलती हुई दिख रही है, हालांकि वैश्विक स्तर पर इसे अब भी लाइलाज बीमारी के तौर पर ही देखा जा रहा है। अब तक एचआईवी से ठीक होने के तीन मामले सामने आए हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक इसी साल एचआईवी संक्रमित एक महिला का इस रोग से सफल इलाज किया गया है। इस संक्रमण के उपचार के लिए स्टेम सेल ट्रांसप्लांट तकनीक को प्रयोग में लाया गया, जिसके माध्यम से संक्रमण को ठीक करने में सफलता मिली थी। एचआईवी से ठीक होने वाली ये पहली महिला और तीसरी व्यक्ति बन गई है।

## स्टेम सेल ट्रांसप्लांट के जरिए किया गया इलाज

मेडिकल रिपोर्ट्स से पता चलता है कि एचआईवी संक्रमित महिला पहले से ल्यूकेमिया से भी पीड़ित थी। इसके इलाज के लिए एक ऐसा डोनर ढूंढा गया जिसके अंदर एचआईवी वायरस के खिलाफ कुदरती प्रतिरोधक क्षमता थी। ट्रांसप्लांट के माध्यम से एचआईवी संक्रमण को ठीक करने की दिशा में नई उम्मीद मिली है। कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय, सैन फ्रांसिस्को में एड्स विशेषज्ञ स्टीवन डीक्स ने एक संबोधन में बताया कि परीक्षण के दौरान रोगी में पहले कैंसर इम्यून सेल्स को मारने के लिए कीमोथेरेपी की जरूरत पड़ी। इस प्रक्रिया के बाद उसमें कॉर्ड स्टेम सेल ट्रांसप्लांट किया गया। वैज्ञानिकों का मानना है कि अब महिला में एचआईवी वायरस के खिलाफ प्रतिरोधी प्रतिरक्षा प्रणाली विकसित हो जाएगी। इस इलाज प्रक्रिया के माध्यम से विशेषज्ञों को उम्मीद जगी है कि भविष्य में ये एचआईवी संक्रमण को ठीक करने में मददगार हो सकती है। हैप्लो-कॉर्ड ट्रांसप्लांट के रूप में जानी जाने वाली प्रक्रिया में, इस महिला को आंशिक रूप से मेल खाने वाले डोनर से कॉर्ड ब्लड दिया गया। इसके आधार पर अब एचआईवी के इलाज को लेकर उम्मीदें काफी बढ़ गई हैं। अभी तक स्टेम सेल ट्रांसप्लांट या बोन मैरो ट्रांसप्लांट का उपयोग कुछ प्रकार के कैंसर के इलाज के लिए किया जाता रहा है। वैज्ञानिकों को उम्मीद है कि अगर ये तकनीक सफल रहती है तो एड्स लाइलाज रोग नहीं रह जाएगा। कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय के प्रोफेसर यवोन ब्रायसन कहते हैं, गर्भनाल रक्त कोशिकाओं का उपयोग एचआईवी के साथ जी रहे लोगों के लिए उम्मीद बढ़ाता हैं। हम प्रयास में है कि इस गंभीर रोग का सफल इलाज किया जा सके। अब भी हर साल लाखों लोगों की मौत कैंसर के कारण हो जाती है। मेडिकल रिपोर्ट्स से पता चलता है कि एचआईवी संक्रमित महिला पहले से ल्यूकेमिया से भी पीड़ित थी। इसके इलाज के लिए एक ऐसा डोनर ढूंढा गया जिसके अंदर एचआईवी वायरस के खिलाफ कुदरती प्रतिरोधक क्षमता थी।

## एड्स न फैले ऐसे उपाय अपनाएं

संपूर्ण विश्व में 1 दिसंबर को विश्व एड्स दिवस मनाया जाता है इसका उद्देश्य पूरे विश्व के लोगों को एकजुट होकर इस बीमारी का मुकाबला करना है। इस बारे में बात करें। इसे फैलने से और एडस से पीडित व्यक्ति की देखभाल करें। भारत में एड्स जैसी जानलेवा बीमारी ने एक समय बच्चों को भी अपनी गिरफ्त में ले लिया था। इस पर डॉ. कृपा शंकर तिवारी की पुस्तक एड्स और समाज÷ में इस खतरे की ओर लोगों का ध्यान खींचा है। पुस्तक के अनुसार भारत में एड्स का पहला मामला 1986 में सामने आया और तबसे लगभग सत्तर लाख लोग एच. आई. वी. संक्रमण की चपेट में आ गये है। पुस्तक के अनुसार कचरा बीनने वाले बच्चे, मजदूर (बाल), असंगठित छोटे उद्योगों में काम करने वाले बच्चे, रेलवे प्लेटफार्मों, बस अड्डों एवं सिनेमा हालों के इर्दगिर्द जमा होने वाले कम उम्र के बच्चे यौन अत्याचार के शिकार होते है। यौन शोषण करने वाले अधिकतर लोग या तो समलैंगिक होते हैं या किसी न किसी नशे की लत के शिकार होते हैं।

पुस्तक में कहा गया है कि भारतीय परिस्थिति में एड्स का इलाज करा पाना व्यवहारिक नहीं है। जिसका मुख्य कारण - स्वास्थ्य के प्रति अपेक्षित गंभीरता न होना एवं निर्धनता। इसलिये इस बात की तत्काल आवश्यकता है कि एड्स संक्रमित बच्चों और उनके अभिभावकों की समस्याओं के लिये निदान केन्द्र खोले जायें। वहीं अच्छे स्वास्थ्य का वातावरण बनाने हेतु व व्यापक पैमाने पर कदम उठाये जायें, यह भी उतना ही आवश्यक होगा कि सरकार के साथ हम गंभीर होना होगा, एवं आम जन को ही एड्स निदान का सार्थक प्रयास करना पड़ेगा। तभी तो एड्स जड़ मूल से समाप्त हो सकेगा अन्यथा नहीं! एड्स महानगरीय सभ्यता की देन है। इसके निदान के लिए भी समुचित इलाज खोज लिया गया है। किंतु आज विश्व अधुनातन परिवेश में सिकुड़कर एक गांव हो गया है। अतः देहातों तक इसका खतरा पहुँच चुका है। फिलहाल तो एड्स की उचित जानकारी रखना ही एकमात्र बचाव है। अतः इससे बचने के क्या उपाय हैं, इसकी जानकारी रखना अत्यंत आवश्यक है। आधुनिक विश्व में परमाणु बम से ज्यादा खतरा एड्स से हैं। संयम के अलावा वैज्ञानिक साधनो के उपयोग से ही इससे बचा जा सकता है। साथ ही अपने जीवन ऊर्जा का उपयोग सृजनात्मक दिशा में करने से निश्चय ही एड्स ही नहीं बल्कि इस प्रकार की सभी बीमारियों से बचा जा सकता है। एड्स का पूरा नाम एक्वायर्ड एम्युनों डिफिसिवेंसी सिड्रोम है। इस बीमारी में मनुष्य की बीमारियों से लड़ने की प्रतिरोधक क्षमता बहुत कम हो जाती है। फलतः होता यह है कि मनुष्य छोटी से छोटी बीमारी में भी मौत के मुंह में चले जाता है। धीरे-धीरे मनुष्य को एकसाथ कई बीमारी जकड़ लेती है।मनुष्य के रक्त में श्वेत रुधिर कणिकार्ये होती हैं जो कि मनुष्य को बीमारियों से बचाती है परंतु इस बीमारी में यह श्वेत रक्त कणिकार्ये एकदम कम हो जाती है।एड्स एक अति सूक्ष्म वायरस द्वारा होता है, यह वायरस एक मनुष्य से दूसरे मनुष्य में, नशा करने वालों में, क्योंकि के एक के बाद नशे की सुई लेते हैं, वेश्याओं में, एक से अधिक लोगों से शारीरिक संबंध रखने वालों में, समलैंगिकों में, वहीं बार-बार खून लेने व देने वालों में भी एड्स के जीवाणु फैल सकते हैं। साथ ही एड्स से पीड़ित महिला के पैदा होने वाले बच्चे में भी वह फैलता है।

एड्स के जीवाणु शरीर के बाहर 15-20 मिनट में ही मर जाते हैं। इसलिये इंजेक्शन, सुई को बीस मिनट तक उबालना चाहिये जिससे संक्रमण की संभावना बिलकुल ही समाप्त हो जाती है। स्वास्थ्य के प्रति अपेक्षित गंभीरता न होना एवं निर्धनता। इसलिये इस बात की तत्काल आवश्यकता है कि एड्स संक्रमित बच्चों और उनके अभिभावकों की समस्याओं के लिये निदान केन्द्र खोले जायें। वहीं अच्छे स्वास्थ्य का वातावरण बनाने हेतु व व्यापक पैमाने पर कदम उठाये जायें, यह भी उतना ही आवश्यक होगा कि सरकार के साथ हम गंभीर होना होगा, एवं आम जन को ही एड्स निदान का सार्थक प्रयास करना पड़ेगा।

तभी तो एड्स जड़ मूल से समाप्त हो सकेगा अन्यथा नहीं! एड्स महानगरीय सभ्यता की देन है। इसके निदान के लिए भी समुचित इलाज खोज लिया गया है।

किंतु आज विश्व अधुनातन परिवेश में सिकुड़कर एक गांव हो गया है। अतः देहातों तक इसका खतरा पहुँच चुका है। फिलहाल तो एड्स की उचित जानकारी रखना ही एकमात्र बचाव है।

## विश्व में पहला एड्स दिवस



**1938 में मनाया गया। उस समय इसका उदेश्य मात्र लोगों में एड्स की अधिकाधिक जानकारी फैलाना और उनमें जागरुकता पैदा करना ही था। बाद में युवाओं द्वारा इस बीमारी की रोकथाम पर ध्यान दिया गया। फिर महिलाओं में बढ़ते एड्स की रोकथाम करने पर ध्यान दिया गया। लेकिन इसके बाद के वर्षों के इस विषय पर अधिकाधिक बातों क समावेश कर इसे जनकल्याणकारी बना दिया गया, जो आज के परिवेश में प्रासंगिक भी है, वरना विश्व स्वास्थ्य के प्रति गंभीर संकट पैदा हो सकता है। एड्स की रोकथाम के प्रति जागरूकता पैदा करने में निम्नतम बातें प्रमुख हैं, जैसे बहुसंख्य शारीरिक संबंधों से परहेज रखना चाहिए। बार-बार खून देना व लेना नहीं चाहिये, इससे यथासंभव बचने का प्रयास करना चाहिए। नशे की लत व वागमन से अनिवार्यतः बचना ही होगा। समग्र विश्व के परिपेक्ष्य में कहा जा सकता है कि एडस किसी एक देश की समस्या नहीं है, यह पूरे विश्व की समस्या है, आप किस देश के है? किस जाति के हैं? आपकी हैसियत क्या है। आप अमीर है या गरीब, इन बातों का कोई औचित्य नहीं है अगर किसी व्यक्ति में एड्स के वायरस प्रवेश कर गये हैं तो भी उसे एडस होने में दो साल से दस साल का समय लग सकता है, परंतु अन्य व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में एड्स जो फैल सकता है उसे रोकने का प्रयास करना चाहिये। शारीरिक संबंधों के द्वारा (संक्रमित) फैलाव को रोकने का प्रबंध करना चाहिये। एड्स के बचाव के तरीकों की ज्यादा से ज्यादा लोगों तक जानकारी देकर बचने का सर्वोत्तम उपाय करना चाहिये। खासकर ग्राम-देहातों सुदूर इलाकों में घुसकर एड्स का प्रचार-प्रसार करना होगा।**

**एड्स के मरीज को समाज के अलग नहीं जाना चाहिए ऐसा करने से एड्स के मरीजों में भय पैदा हो जायेगा, फलतः वे सामने नहीं आयेंगे। तो ऐसे लोगों को चिन्हित करना और एड्स का इलाज करना मुश्किल हो जायेगा। लोगों को एड्स के बारे में जानकारी देकर उसके बचाव की शिक्षा देने की व्यवस्था करना चाहिये। एड्स पूरे मानव समाज के लिये खतरा है, और वह किसी भी व्यक्ति को हो सकता है। अतः लोगों को समाचार पत्रों, टी.वी रेडियो नाटकों एवं संभाषणों के द्वारा जानकारी देकर जागरुकता पैदा करना होगा। एड्स के खिलाफ मिलजुलकर सभी देशों के साथ मिलकर काम करना होगा। अंततः प्रत्येक व्यक्ति का यह कर्तव्य होना चाहिये कि वह एड्स के फैलाव को रोकने में एक दूसरे की मदद करें और उसके बारे में समझें ,ताकि एड्स का फैलाव कम हो सके। वहीं इस बात का भी ध्यान रखना बहुत अनिवार्य है कि एड्स के बारे में फैली भ्रांतियों को दूर करना होगा। जैसे छूने से एड्स नही फैलता है। यह जनसामान्य को जानकारी होना चाहिये, ताकि सभी लोग इसके खात्मे का पूरा प्रयास कर सकें। बता दें यह नहीं फैलता है छूने से और न देखभाल करने से। एड्स के मरीजों की देखभाल प्यार और सतर्कता से, किया जा सकता है। चिकित्सा विज्ञान इसका कारगर इलाज पा चुका है। बस हम कामयाब तभी होंगे जब रखेंगे विश्वास ,और इसके बचाव की जानकारी के साथ पीड़ित व्यक्ति की देखभाल व इसके बचाव के कारगर उपाय की जानकारी को अधिक से अधिक लोगों में शेयर करते रहें ।**

# बिहार की सीता देवी करती हैं मर्दों वाले काम





महिलाएं मल्टीटास्किंग होती हैं, यानी हर काम को करने में निपुण। ऐसा हम नहीं कह रहे, बल्कि महिलाओं ने खुद ये बात साबित की है। घर परिवार की जिम्मेदारी उठाकर एक आदर्श गृहणी के तौर पर खुद को साबित करती हैं तो वहीं घर से बाहर निकलने पर नौकरी से लेकर व्यवसाय तक हर क्षेत्र में अपना परचम लहराती हैं। बात करते हैं गृहणियों की, अक्सर आपने अपनी मां, बहन और बेटी को रसोई में खाना बनाते देखा होगा, लेकिन जब बिजली की कोई समस्या होती है तो लोग पापा या भाई को याद करते हैं। हालांकि बिहार में एक ऐसी महिला भी है जो मर्दों वाले काम भी करती है, यानी यह गृहणी रसोई में खाना बनाने के साथ खराब पंखा भी ठीक करने में सक्षम है। एक साधारण गृहणी बिहार की इलेक्ट्रिशियन बन गई है। घर की जिम्मेदारी उठाने के लिए इलेक्ट्रिशियन बनीं और आज अपने काम से उन्होंने क्षेत्र में पहचान बना ली है। चलिए जानते हैं बिहार की महिला इलेक्ट्रिशिय सीता देवी के बारे में।

### महिला इलेक्ट्रिशियन सीता देवी का परिचय

बिहार के गया जिले की रहने वाली इलेक्ट्रिशियन सीता देवी क्षेत्र में काफी प्रसिद्ध हैं। काशीनाथ मोड़ पर सीता देवी की बिजली के उपकरण बनाने की दुकान है। वह इलेक्ट्रिक स्विच से लेकर पंखे और हर तरह के बिजली के खराब उपकरणों को रिपेयर करती हैं।

### कैसे बनीं इलेक्ट्रिशियन

15 साल पहले जब सीता देवी की शादी हुई तो वह एक सामान्य गृहणी थीं। उनके पति का नाम जितेंद्र मिस्त्री है, जो पेशे से एक इलेक्ट्रीशियन थे। सीता देवी घर और बच्चों को संभालती थीं। लेकिन पति की सेहत ठीक न होने के कारण सीता देवी दुकान पर पति की मदद के लिए बैठने लगीं।

### मजबूरी में सीखा काम

सीता देवी के पति के लीवर में सूजन की समस्या रहती थी। वह काम करने की हालत में नहीं थे। तब घर की रसोई और बच्चे संभालने वाली सीता देवी पति के साथ दुकान जाने लगीं ताकि काम में हाथ बंटाने के साथ ही पति का ख्याल रख सकें। पति ने उन्हें उपकरणों को ठीक करना सिखाया। धीरे धीरे सीता देवी पंखा, ग्राइंडर, लाइट आदि जैसे उपकरण ठीक करने लगीं। दुकान में खराब उपकरण को ठीक कराने के लिए ग्राहक आया करते थे। पति की मदद करने के साथ ही सीमा देवी इस काम में माहिर हो गईं।

### बच्चा साथ लेकर जाती थीं काम पर

उन दिनों सीता देवी के बच्चे छोटे थे। उनका बेटा एक साल का ही था, जिसे सीता देवी अपने साथ दुकान लेकर जाती थीं। वह दुकान की पूरी जिम्मेदारी उठाने लगीं। दुकान पर आने वाले खराब उपकरण ठीक करतीं, जरुरत पड़ने पर काम के लिए घर से बाहर जाती तो बेटे को साथ ले जातीं। हालांकि उनके कई रिश्तेदारों को ये बात पसंद नहीं थी कि वह दुकान पर बैठें, या लोगों के घर जाकर काम करें। उनसे कहा जाता कि यह तो आदमियों का काम है, कोई औरतों वाला काम करो। लेकिन सीता देवी ने सारी बातों को अनसुना किया और परिवार की जिम्मेदारी उठाई। पति ने भी उनका साथ दिया। इस तरह सीता देवी जिले की पहली महिला इलेक्ट्रिशियन बन गईं। भले ही उन्होंने ये काम मजबूरी में सीखा, लेकिन आ वह इस काम से हर दिन एक-डेढ़ हजार रुपये तक कमा लेती हैं। अब उनके बच्चे भी दुकान के काम में हाथ बंटाने लगे हैं।

## भारत की ये चार डॉक्टर हैं हर महिला के लिए प्रेरणा, चिकित्सा क्षेत्र में किए कई चमत्कार

पुराने दौर में दाई और वैद्य हुआ करते थे, लेकिन जब चिकित्सा पद्धति में बढ़ावा हुआ तो डॉक्टर आए। अधिकतर पुरुष डॉक्टरों की भीड़ में महिलाओं ने अपना स्थान बनाया। उच्च पढ़ाई और मेहनत के बल पर चिकित्सा क्षेत्र में महिलाओं की सहभागिता बढ़ गई।

आज चिकित्सा के क्षेत्र में कई दमदार महिला डॉक्टर अपने नाम का परचम लहरा रही हैं। अपने-अपने क्षेत्र में बेहतर काम कर रही हैं। इन महिला डॉक्टरों का नाम विदेशों तक मशहूर है। हालांकि महिलाओं को चिकित्सा के क्षेत्र में प्रोत्साहित करने का श्रेय भी कुछ महिलाओं को जाता है। यहां कुछ महिला डॉक्टरों की कहानी बताई जा रही है, जिन्होंने चिकित्सा के क्षेत्र में अपना अहम योगदान दिया और एक नई मिसाल कायम की।

### डॉ. भक्ति यादव

उज्जैन के पास महिदपुर में 3 अप्रैल 1926 को भक्ति यादव का जन्म हुआ। जब लड़कियों को शिक्षा के लिए संघर्ष करना पड़ता था, उस दौर में भक्ति जिद करके स्कूल गईं। एमजीएम मेडिकल कॉलेज से एमबीबीएस कोर्स के अपने बैच की वह पहली महिला छात्रा थीं। 1952 में एमबीबीएस की डिग्री हासिल करके उन्होंने कई जगहों पर नौकरी की और बाद में वात्सल्य नर्सिंग होम की शुरुआत की। डॉक्टर भक्ति यादव मरीजों का मुफ्त में इलाज करती थीं। काफी उम्र होने तक वह मरीजों का इलाज करती रहीं, लाखों महिलाओं का सफल प्रसव कराया। इस कारण उन्हें डॉक्टर दादी भी कहा जाता था। 2011 में उन्हें निःशुल्क चिकित्सा सेवा के लिए पद्मश्री से सम्मानित किया गया।

### डॉ. आनंदीबाई जोशी

आनंदीबाई जोशी भारत की पहली महिला डॉक्टर थीं। पुणे में 31 मार्च 1865 को जन्मी आनंदीबाई की शादी 9 साल की उम्र में अपने से 20 साल बड़े युवक से हुई। 14 वर्ष की आयु में उनकी पहली संतान का जन्म हुआ। हालांकि 10 दिन बार उनके बच्चे की मृत्यु हो गई। इस घटना के बाद आनंदीबाई ने डॉक्टर बनने की ठानी। इस घटना से उन्हें गहरा सदमा पहुंचा और आनंदीबाई ने डॉक्टर बनने की ठानी। पति ने उन्हें मेडिकल की पढ़ाई कराई। 1886 में 19 साल की उम्र में एमडी की डिग्री पाने वाली वह पहली भारतीय महिला डॉक्टर बनीं।

### डॉ. इंदिरा हिंदुजा

पाकिस्तान के शिकारपुर में जन्मी इंदिरा हिंदुजा देश के विभाजन के बाद भारत में आ गईं। मुंबई में कुछ समय रहने के बाद वह अपने परिवार के साथ बेलगाम चली गईं।

इंदिरा ने महिला विद्यालय से पढ़ाई की और आगे मेडिकल की तैयारी की। बॉम्बे यूनिवर्सिटी से स्त्री रोग विज्ञान में एमडी की डिग्री हासिल करने के बाद अपना पूरा जीवन लोगों की सेवा में लगा दिया। 6 अगस्त 1986 में उन्होंने केईएम हॉस्पिटल में देश को पहली टेस्ट ट्यूब बेबी की सौगात देकर इतिहास रचा। चिकित्सा के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए इंदिरा हिंदुजा को 2011 में पद्मश्री से सम्मानित किया गया। ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस (एम्स) के तंत्रिका विज्ञान विभाग में प्रोफेसर रहीं डॉ एमवी पद्मा श्रीवास्तव का जन्म 1965 में हुआ था। उन्होंने 1990 में एम्स में न्यूरोलॉजी में मास्टर डिग्री हासिल की। चिकित्सा विज्ञान में एम्स में कोड-रेड नामक कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए उन्होंने अपना अहम योगदान दिया। एमवी पद्मा एक न्यूरोलॉजिस्ट के साथ-साथ एक लेखिका भी हैं।

# पहला महिला बैंकः असम के जोरहाट में महिलाओं का बैंक स्थित है



महिलाएं हर क्षेत्र में अपना योगदान दे रही हैं। महिलाओं का यह योगदान बैंकिंग के क्षेत्र में भी देखने को मिलता है। देश में एक ऐसा बैंक है, जिसे एक महिला ने शुरू किया और सिर्फ महिलाएं ही इसे चलाती हैं। यह बैंक भी महिलाओं के उत्थान और उनको बैंकिंग सेक्टर से जोड़ने के लिए ही शुरू किया गया है। बैंक की स्थापना 1998 में की गई थी, जो साल बाद इसे आरबीआई से लाइसेंस मिल गया। 2021 में भारत सरकार ने इस बैंक की शुरुआत करने वाली महिला को पद्मश्री से सम्मानित किया और महिलाओं को आर्थिक रूप से स्वतंत्र बनाने की उनकी कोशिश की तारीफ की गई।

### बैंक की संस्थापक से लेकर कर्मचारी तक महिलाएं, यह जगह है नारी शक्ति की मिसाल

असम के जोरहाट में महिलाओं का बैंक स्थित है। इस सहकारी बैंक का नाम कनकलता महिला अर्बन कोऑपरेटिव बैंक है, जिसकी स्थापना 1998 में हुई। इस बैंक की शुरुआत करने वाली महिला लखिमी बरुआ हैं।

### महिला बैंक का उद्देश्य

महिलाओं के बीच बैंक की जरूरत और आदत को बढ़ाना इसका मकसद था। आमतौर पर आदमियों के काम को महिलाओं तक पहुंचाने के लिए इस बैंक के जरिए महिलाओं से जोड़ने और आर्थिक तौर पर उन्हें स्वतंत्र बनाने की पहल रही। नतीजन इस बैंक में 75 फीसदी महिला ग्राहक हैं जो पांपरिक तरीके से पढ़ी-लिखी नहीं हैं और आर्थिक रूप से कमज़ोर परिवार से आती हैं।

### महिला बैंक का काम

इस बैंक की कर्मचारी सिर्फ महिलाएं हैं। इस तरह के महिलाओं को बैंकिंग सेक्टर में करियर बनाने की प्रेरणा मिली। साथ ही बैंक में सिर्फ महिलाओं को लोन मिलता है। राज्य की महिलाओं को अलग-अलग स्कीम के जरिए लोन मिल सकता है।

हालांकि आरबीआई गाइडलाइन के मुताबिक पुरुषों को पैसे जमा करने की सुविधा दी गई। बैंक में 100 रुपये से खाते की शुरुआत होती है। जीरो बैलेंस अकाउंट की भी सुविधा मिलती है।

### कौन हैं लखिमी बरुआ

इस बैंक की शुरुआत करने वाली लखिमी बरुआ खुद एक बैंक में काम करती थीं। बैंक में काम करने के दौरान उन्होंने महसूस किया कि अनपढ़ और कमज़ोर वर्ग की महिलाओं के लिए बैंकिंग जटिल प्रक्रिया है। महिलाओं के लिए कुछ करने की चाह के कारण पहले लखिमी ने 1983 में जोरहाट में ही महिला समिति की शुरुआत की। बाद में महिलाओं की आर्थिक स्थिति और साक्षरता को सुधारने के लिए लखिमी ने सहकारी बैंक की शुरुआत की। महिलाओं के लिए बैंकिंग को आसान बनाने के मकसद से ही इस महिला सहकारी बैंक की स्थापना की गई।

### कैसे की शुरुआत

लखिमी ने 8.64 साल रुपये से बैंक की शुरुआत की। दो साल बाद 2000 में ऋक्कद्ध ने इस बैंक को लाइसेंस दिया। लखिमी ने तुरंत अपनी नौकरी छोड़कर पूरा ध्यान बैंक में देने का फैसला किया।

इस बैंक को सिर्फ महिलाएं चलाती हैं, सिर्फ महिलाएं ही काम करती हैं और महज महिलाओं को लोन दिया जाता है।

## भारत की पहली महिला शिक्षक, जिन्होंने महिलाओं को पढ़ाने के लिए उठाए बड़े कदम

लोगों की सबसे बेहतरीन पुस्तक उनका शिक्षक है ये कथन तो आप सभी ने पढ़ा होगा। शिक्षक केवल किताबी ज्ञान ही नहीं बल्कि हमें जीवन में एकता और हर अस्तित्व से पहचान कराने में सहायता करता है। समाज में शिक्षक की बात जब जब की जाती है, तब तब सावित्रीबाई फुले का जिक्र किया जाता है। उन्होंने समाज में शिक्षा की राह को उजागर करते हुए खुद लोगों को पढ़ाना शुरू किया और वह भारत की प्रथम महिला शिक्षिका भी बनी।

लेकिन इनके साथ एक और नाम भी शामिल किया जाता है जिनका नाम है फातिमा शेख। यह देश की पहली मुस्लिम महिला शिक्षिका थी। इन्होंने सावित्रीबाई फुले के साथ मिलकर काम किया व दलित और मुस्लिम महिलाओं, बच्चों को शिक्षित करने की शुरुआत की। यही नहीं इन्होंने 1848 में लड़कियों के लिए देश में पहले स्कूल की स्थापना भी की थी। फातिमा शेख का जन्म 9 जनवरी 1831 को पुणे के एक मुस्लिम परिवार में हुआ था। उनके भाई का नाम उस्मान शेख था, जो ज्योतिबा फुले के मित्र थे। निचली जातियों के लोगों को शिक्षित करने के कारण फातिमा शेख और उनके भाई दोनों को समाज से बाहर निकाल दिया गया था। जिसके बाद दोनों भाई-बहन सावित्रीबाई फुले से मिले। उनके के साथ मिलकर फातिमा शेख ने दलित और मुस्लिम महिलाओं और बच्चों को पढ़ाना शुरू कर दिया।

### कई लोगों ने किया विरोध

फातिमा शेख ने अहमदनगर के एक मिशनरी स्कूल में टीचर्स ट्रेनिंग भी ली थी। इसके बाद वह और सावित्री बाई दोनों लोगों के बीच जाकर महिलाओं बच्चों को पढ़ने के लिए प्रेरित करती थी।

इस दौरान कई लोग उनका विरोध भी कर रहे थे, लेकिन कठिनाईयों का सामना करते हुए दोनों ने इस अभियान को जारी रखा। 1856 में सावित्रीबाई जब बीमार पड़ गई तो वह कुछ दिन के लिए अपने पिता के घर चली गईं। उस समय अकेले फातिमा शेख सारा लेखा जोखा देखती थी।

### पुस्तकालय में पढ़ने के लिए किया आमंत्रित

उस समय जब हमारे पास संसाधनों की कमी थी तब फातिमा शेख ने मुस्लिम महिलाओं की शिक्षा को लेकर आवाज उठाई। हालांकि, ये सब करना आसान नहीं था लेकिन फातिमा शेख ने ये कर दिखाया।

फातिमा शेख घर-घर जाकर दलितों और मुस्लिम महिलाओं को स्वदेशी पुस्तकालय में पढ़ने के लिए आमंत्रित किया करती थी। इस दौरान उन्हें कई प्रभुत्वशाली वर्गों के भारी प्रतिरोध का भी सामना करना पड़ा। लेकिन अपनी बात पर अड़ी फातिमा शेख ने कभी हार नहीं मानी।

# आध्यात्म से होगा घर परिवार समाज का माहौल सुंदर: अनिता वाधवा

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** संत निरंकारी मिशन द्वारा महिलाओं को आध्यात्म से जोड़ने के लिए जोन स्तर का महिला समागम मथुरा के हाइवे नवादा स्थित संत निरंकारी सत्संग भवन में आयोजित किया गया, जिसमें दिल्ली से आयी निरंकारी प्रचारिका बहन अनिता वाधवा ने सत्गुरू माता सुदीक्षा का संदेश देते हुए कहा कि घर परिवार और समाज का माहौल सुंदर और आनंदमय बनाना है तो आध्यात्म को अपनाना होगा।

उन्होंने कहा कि एक महिला विविध भूमिकाएं निभाती है, जो बेटी, बहन, पत्नी और मां के रूप में अपनी अपनी जिम्मेदारी का निर्वाह करती है। बच्चों के प्रारंभिक जीवन को संवारने का कार्य भी एक महिला मां के रूप में करती है, इसलिए महिलाओं की जिम्मेदारी महत्वपूर्ण है कि वह बच्चों और परिवार को क्या देना चाहती हैं।

निरंकारी प्रचारिका बहन अनिता वाधवा जी ने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों में हर परिवार को सही माहौल जरूरी है, इसके लिए सर्वप्रथम महिलाएं आध्यात्म से जुड़े जिससे घर परिवार का वातावरण सुंदर और सुखद बने। जीवन में बदलाव के लिए सत्संग बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि सतगुरू से ब्रह्मज्ञान प्राप्त करें, क्योंकि परमतत्व परमात्मा का बोध हमें मानवीय गुणों से सुशोभित करता है।

इस मौके पर आयी मथुरा के महिला थाने में तैनात थाना प्रभारी निरीक्षक अलका ठाकुर ने महिलाओं को जागृति प्रदान करते हुए कहा कि महिलाएं घर के काम करने के साथ अपनी सेहत का भी ध्यान रखें, व्यायाम करें। हर जगह सचेत रहें, साथ ही मानसिक तनाव से बचने के लिए अच्छे साहित्य पढ़ें।

सत्संग में नारीशक्ति ने गीत, भजन, कविताओं और विचारों के माध्यम से सत्गुरू माता सुदीक्षा जी महाराज की शिक्षाओं पर आधारित प्रस्तुतियां दी।

निरंकारी प्रतिनिधि किशोर स्वर्ण ने बताया कि समागम में अलीगढ़, कासगंज, सादाबाद, हाथरस, बुलंदशहर आदि नगरों की सैंकड़ों महिलाओं के साथ अनेक समाजसेवी संस्थाओं की महिलाओं संग मिशन स्माइल की अध्यक्षा बहन गीता नाथानी और महासचिव बहन अनिता चावला ने भागीदारी की। जोनल इंचार्ज एचके अरोड़ा ने निरंकारी मिशन के बारे में बताया और सभी का आभार प्रकट किया। संचालन बहन सादिका त्रिपाठी और बहन शिवानी ने किया।

## गणेशरा स्पोर्ट्स स्टेडियम में खेल कूद प्रतियोगिता प्रारंभ

**मथुरा।** युवा कल्याण प्रादेशिक विकास दल विभाग मथुरा जनपद द्वारा स्तरीय ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन आज से किया गया ये प्रतियोगिता दो दिवस तक चलेंगी जिसमें विकास खण्ड पर कबड्डी व वॉलीबॉल की प्रतियोगिता आयोजित की गई प्रतियोगितओं में महिला एवं पुरूष खिलाडी जूनियर, सबजूनियर एवं सीनियर वर्ग ने प्रतिभाग किया प्रतिभाग करने वाले सभी खिलाड़ियो को प्रमाण पत्र और उत्कृष्ठ खिलाड़ियो को पदक देकर सम्मानित किया गया खेल प्रतियोगिता मे मुख्य अतिथि महापौर प्रतिनिधि अंकुर अग्रवाल मौजूद रहे जिन्होंने प्रतिभागियों के बीच टॉस करके कार्यक्रम का सुभारंभ किया एवं खिलाड़ियो को उत्साहवर्धन किया व यह प्रतियोगिताएं ग्राम स्तरीय को बढ़ावा देने के लिए किया गया।

# सीएम डैशबोर्ड के संबंध में समीक्षा बैठक संपन्न




**अवधनामा ब्यूरो**

**हरदोई।** विकास भवन स्थित स्वर्ण जयंती सभागार में मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी की अध्यक्षता में सीएम डैशबोर्ड के संबंध में समीक्षा बैठक हुई। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि विभागीय पोर्टल पर सूचनाओं की फीडिंग ससमय सुनिश्चित की जाए। मंडी सचिव को खराब प्रगति व पूर्ण जानकारी के अभाव को लेकर उन्होंने कड़ी नाराजगी जताई। खण्ड शिक्षा अधिकारी के स्तर पर आईजीआरएस आवेदन डिफाल्टर श्रेणी में होने पर उत्तरदायित्व निर्धारित करने के निर्देश जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को दिए। उन्होंने बेसिक शिक्षा विभाग को स्कूलों में उपस्थिति बढ़ाने के लिए गंभीर प्रयास करने के निर्देश दिए। विद्युत विभाग की खराब प्रगति व बैठक में अनुपस्थिति पर नाराजगी जताते हुए उन्होंने नोडल अधिशासी अभियंता का एक दिन का वेतन काटने व कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आईजीआरएस डिफाल्टर व पिछले माह से खराब प्रगति वाले समस्त विभागों को कारण बताओ नोटिस जारी किया जाए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## दो दिवसीय अखिल भारतीय दंगल का समापन

**इटावा।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा द्वारा जनपद प्रदर्शनी एवं पशुमेला समिति इटावा के तत्वाधान में दो दिवसीय अखिल भारतीय दंगल प्रतियोगिता का शुक्रवार को समापन किया गया। इस दौरान संयोजक प्रधानाचार्य एसडी इंटर कॉलेज सह संयोजक व अन्य लोग उपस्थित रहे।

## प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव में जाएंगे अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष और महामंत्री

**प्रयागराज।** रामजन्मभूमि अयोध्या में 22 जनवरी को प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत रविंद्र पुरी और महामंत्री हरि गिरि हिस्सा लेंगे। अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष और महामंत्री समेत सभी 13 अखाड़ों के प्रतिनिधियों समेत 150 से अधिक महंतों और महामंडलेश्वरों को अयोध्या का बुलावा आ गया है। प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव में शामिल होने का न्योता मिलने के बाद संत खुशी से झूम उठे हैं। अयोध्या में प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव में शामिल होने के लिए साधु-संतों ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। रामलला के लिए संत उपहार भी लेकर साथ जाएंगे। फिलहाल चुनिंदा संतों की सूची में अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष रविंद्र पुरी महाराज का नाम शामिल है। रविंद्र पुरी निरंजनी अखाड़े के सचिव भी हैं। इसी तरह पंचदशनाम जूना अखाड़े के अंतरराष्ट्रीय संरक्षक और अखाड़ा परिषद के महामंत्री महंत हरि गिरि महाराज को भी प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव का न्योता मिला है। इसके अलावा सभी तरहों अखाड़ों के महंतों और प्रतिनिधियों के अलावा महामंडलेश्वरों को भी प्राण- प्रतिष्ठा महोत्सव में शामिल होने का न्योता मिला है।

# षष्ठीपूर्ति महोत्सव: वात्सल्य ग्राम में आज से आध्यात्मिक, राजनीतिक हस्तियों का संगम

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** साध्वी ऋतंभरा के भौतिक जीवन के 60 वर्ष पूरे होने पर तीन दिवसीय षष्ठीपूर्ति महोत्सव मनाया जा रहा है। कार्यक्रम 30 नवम्बर से एक जनवरी तक चलेगा। जिलाधिकारी शैलेन्द्र कुमार सिंह एवं एसएसपी शैलेश पांडेय ने वात्सल्य ग्राम में आयोजित होने वाले कार्यक्रम की सुरक्षा व्यवस्था के सम्बन्ध में जायजा लिया एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश योगी आदित्यनाथ, समविद्गुरुकुलम्, गुरुकुलम बालिका सैनिक विद्यालय का लोकार्पण करेंगे। योग गुरु रामदेव, आचार्य बालकृष्ण स्वामी, परमानंद प्रकृतिक चिकित्सालय का लोकार्पण करेंगे। जिसमें में 30 दिसंबर को आध्यात्मिक जगत में महामंडलेश्वर अवधेशानंद, स्वामी गोविंद गिरी, काशी पीठाधीश्वर डॉ. कमल दास आदि की विशेष उपस्थिति रहेगी। राजनीतिक जगत से केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी, भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी एवं उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर धायी की विशेष उपस्थिति रहेगी। सांस्कृतिक संध्या में शाम को पद्म श्री मालिनी अवस्थी एवं साध्वी पूर्णिमा का गायन रहेगा। 31 दिसंबर को आध्यात्मिक उपस्थिति में स्वामी विवेकानंद, स्वामी अनंत देवगिरी, केंद्रीय राज्य मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति, महामंडलेश्वर चित्तप्रकाश, साध्वी साक्षी चेतना, महामंडलेश्वर स्वामी बालकानंद, महामंडलेश्वर शांति स्वरूप, महामंडलेश्वर स्वामी जगत प्रकाश, महामंडलेश्वर स्वामी जितेंद्र आनंद सरस्वती, महामंडलेश्वर ज्योतिर्मयानंद का सानिध्य रहेगा।

# खेलों के प्रति सदैव जागरूकता बनी रहनी चाहिए

**अवधनामा संवाददाता**

■ वृंदावन चैंपियंस क्रिकेट लीग की विजेता बनी राधे इलेवन

**मथुरा।** वृंदावन बाल विकास परिषद के तत्वावधान में वन महाराज कॉलेज ग्राउंड पर आयोजित वृंदावन चैंपियंस क्रिकेट लीग का फाइनल मैच राधे इलेवन और हरि स्टार्स के मध्य खेला गया। मुख्य अतिथि एनयूजेआई के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं ब्रज प्रेस क्लब के अध्यक्ष डॉ. कमलकांत उपमन्यु एडवोकेट ने कहा कि खेल हमेशा खेल की भावना से खेला जाना चाहिए। खेलों के बिना मानव जीवन अधूरा है। हमारे जीवन की शुरुआत बचपन में खेलों से ही होती है। उन्होंने कहा कि खेलों के प्रति सदैव जागरूकता बनी रहनी चाहिए, क्योंकि खेल शारीरिक और मानसिक विकास में बहुत सहायक सिद्ध होते हैं। अध्यक्षता करते हुए नामदेव शर्मा ने कहा कि खेल प्रतिस्पर्धा समाज में परस्पर प्रेम, आपसी भाईचारा को बढ़ावा देने के साथ हमें एक दूसरे से जुड़ने का मौका भी देते हैं। खेल वास्तव में जीवन का अभिन्न अंग बने रहने चाहिए। विशिष्ट अतिथि अनुपम शर्मा ने कहा कि खेलों के प्रति बच्चों के साथ युवाओं को भी जागरूक रहने की जरूरत है। खेल एक ऐसा माध्यम है जो हमें शारीरिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए जागरुक करते हैं। इससे पूर्व फाइनल मैच में टॉस हरि स्टार्स की टीम ने जीता। बल्लेबाज हरि बल्लभ के 16, अनुज गोविंद के 12, राहुल सहगल के 10, कपिल अग्रवाल के 11 रन सहित अन्य बल्लेबाजों के रनों के सहारे कुल 88 रन बनाए। बाद में लक्ष्य का पीछा करने उतरी राधे 11 की ओर से ओपनर हरिओम शास्त्री ने धुआंधार बल्लेबाजी करते हुए 24 रन, राहुल ने 14, विष्णु गोला ने 10 बनाए। पूरी टीम ने 18 वें ओवर में 89 बनाकर फाइनल मैच जीतकर चैम्पियन लीग की ट्रॉफी अपने नाम की मैन ऑफ द मैच हरिओम शास्त्री रहे। मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार ठाकुर हरि बल्लभ सिंह को, राहुल सहगल को सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज, कपिल अग्रवाल को सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज, विष्णु गोला को सर्वश्रेष्ठ क्षेत्ररक्षण का पुरस्कार दिया गया। अपायंर की भूमिका सचिन अग्रवाल ने निभाई। इस अवसर पर मुकेश कृष्ण शर्मा, शैलेंद्र सिंह, चैतन्य शर्मा, राहुल अग्रवाल, गोपाल गौतम, सचिन अग्रवाल, मोंटी शर्मा, गोकुल शर्मा, जितेंद्र कुमार गौतम, पवन ठाकुर, चंद्र नारायण शर्मा, विवेक वार्ष्णेय, कृष्ण मुरारी अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

# सावधान: नशे में गाड़ी चलाते पकड़े गये तो होगी कार्यवाही

**अवधनामा संवाददाता**

■ नए साल का जश्न पड सकता है महंगा, बरतें पूरी सावधानी

**मथुरा।** नए साल का जश्न भारी पड सकता है। नशा कर गाडी चलाते पकड में आये तो गाडी सीज होगी। तिराहे चौराहों पर पुलिस ब्रीथेलाइजर की मदद से ड्रिंक कर ड्राइव करने वालों पर कार्यवाही कर रही है। अगर गाड़ी चलाते हुए कोई व्यक्ति शराब या किसी नशीले पदार्थ का सेवन करते हुए या नशा करने के बाद गाड़ी चलाते हुए पकड़ा जाता है, तो इसके लिए तगड़ा जुर्माना भरना पड़ सकता है. अगर आप नशे की हालत में गाड़ी चलाते हुए पकड़े जाते हैं, तो पुलिस आपके ऊपर 10 हजार रुपये तक चालान या छह महीने तक की जेल हो सकती है। शाम के समय ब्रेथ एनालाइजर के द्वारा नशे का सेवन कर वाहन चलाने वाले वाहन चालकों की चेकिंग की गयी। जिसमें तीन वाहन चालकों को नशे का सेवन कर वाहन चलाते हुए पाया गया। जिनके वाहनों को सीज की कार्रवाई की गई। वाहन चेकिंग के दौरान कुल 992 वाहनों का ई चालान किया गया। ट्रैक्टर ट्रॉली के पीछे रिफ्लेक्टर टेप लगवाई गई और मुंह पर कपड़ा बांधकर वाहन चलाने बालों के खिलाफ भी कार्रवाई की गई। स्कूल बसों की चेकिंग की गई व यातायात के नियमों के बारे में जागरुक किया गया। 15 दिसम्बर से 31 दिसम्बर तक मनाएं जा रहे द्वितीय सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के अंतर्गत यातायात पुलिस द्वारा बढ़ती हुई सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए अभियान के अंतर्गत शहर क्षेत्र के विभिन्न चौराहों एवं तिराहों पर बिना हेलमेट लगाकर वाहन चलाने वाले एवं बिना सीट बेल्ट लगाकर चार पहिया वाहन चलाने वाले वाहन चालकों एवं तीन सवारी चलने वाले वाहन चालकों को पंपलेट देकर यातायात नियमों के बारे में जानकारी दी गई।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से गोवंश घायल

**मथुरा।** राष्ट्रीय राजमार्ग पर फरह के समीप अज्ञात बहन ने सड़क पर चल रहे गोवंश को मारी जोरदार टक्कर टक्कर से गो वंश बुरी तरह से घायल हो गया घायल होने के घंटो तक गोवंश सड़क के किनारे पड़ा रहा गोवंश को सड़क के किनारे पड़ा देखा समाजसेवी प्रवीण कुमार समाजसेवी डॉक्टर अजय वर्मा व समाजसेवी नितेश सैनी समाजसेवी सोनम कुमारी प्रदुमन गौतम समाजसेवी ने गौ रक्षा दल की टीम को सूचना दी सूचना देने के 2 घंटे तक गांव वंश को किसी भी तरह की सहायता उपलब्ध नहीं हो पाई तेज ठंड के कारण गोवंश रोड के किनारे तड़पता रहा जब बार-बार गौ रक्षा दल को सूचना देने के बाद भी सहायता नहीं मिली तो डॉक्टर अजय वर्मा ने 112 नंबर पर कॉल करके सूचना दी सूचना के कुछ क्षणवाद ही 112 नंबर के पुलिसकर्मी वहां पहुंचे वह अन्य गौ रक्षक दल को बुलाया गया गौ को सुरक्षित एंबुलेंस में डालकर 112 की सहायता से उपचार के लिए भेजा गया।

# धार्मिक पर्यटन का बड रहा क्रेज, सात करोड़ तक पहुंच सकता है आंकड़ा

■ पिछले साल यह संख्या 6.5 करोड़ के आसपास रही थी यह संख्या

**अवधनामा संवाददाता**

> जनपद में सभी छोटे मोटे होटल, आश्रम, गेस्ट हाउस की संख्या 500 के आसपास होगी। दो जनवरी तक सभी में बुकिंग पूरी है। लगभग 15 लाख से अधिक श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। सभी होटल, गेस्ट हाउस पूरी तरह से तैयार हैं।
>
> **महेन्द्र प्रताप सिंह**
> **अध्यक्ष मथुरा वृंदावन होटल एसोसिएशन**

**मथुरा।** कान्हा की नगरी में धार्मिक पर्यटन को पर लग रहे हैं। वर्ष भर में यहां पहुंचने वाले श्रद्धालुओं की संख्या का आंकडा लगातार बढ रहा है। पिछले साल यहां आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या करीब 6.5 करोड थी जो इस साल बढ़कर 7 करोड़ से ऊपर पहुंच सकती है। जिला पर्यटन अधिकारी डीके शर्मा ने बताया कि 15 दिसंबर से 5 जनवरी यहां पहुंचने वाले धार्मिक पर्यटकों का आंकड़ा 20 लाख के आसपास रह सकता है। देश के प्रसिद्ध पर्यटन स्थलों पर पहुंचने वाले लोगों की संख्या अब पीछे छूट रही है। श्रद्धालुओं की लगातार बढ़ती संख्या को देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा पांच जनवरी तक वृंदावन में भारी वाहनों का प्रवेश वर्जित किया गया है। वहीं जाम की समस्या भी लगातार बढ़ रही है। अभी तक मथुरा वृंदावन में जाम की समस्या से जूझ रहे जिला प्रशासन के सामने गोवर्धन, बरसाना जैसे धार्मिक स्थलों पर भी लगातार बढ रही भीड चुनौती बन रही है। वृंदावन में नया साल मनाने के लिए दिल्ली एनसीआर सहित कई राज्यों के लोगों यहां पहुंच रहे हैं। होटल, धर्मशाला, आश्रम बुक हो चुके हैं। वीक एण्ड पर वृंदावन गोवर्धन बरसाना में श्रद्धालुओं की भीड से निपटना प्रशासन के लिए चुनौती बना हुआ है। शनिधाम कोकिलावन, और श्री लक्ष्मी धाम बेलवन में भी शनिवार और गुरुवार के दिन भीडभाड खूब होती है। इसके अलावा होली, श्रीकृष्ण जन्माष्टमी जैसे पर्वों पर श्रद्धालुओं का बडा दबाव रहता है। मथुरा, वृंदावन, बरसाना, गोवर्धन जैसे स्थलों पर लगातार होटल, धर्मशाला, गेस्ट हाउस, आश्रमों की संख्या में इजाफा हो रहा है। मथुरा वृंदावन में ही करीब 400 होटल, धर्मशाला, आश्रम और गेस्ट हाउस की संख्या होगी। बावजूद इसके लोगों को ठहरने के लिए जगह का प्रबंध करने में पसीने छूट रहे हैं। अभी से बुकिंग पूरी हो चली है।

## जन सूचना केंद्र एवं क्षेत्रीय विकास परियोजनाओं का हेमामालिनी ने किया लोकार्पण

**मथुरा।** राजीव भवन परिसर में सांसद हेमामालिनी ने 542 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास फीता काटकर किया। वही सांसद हेमामालिनी ने सांसद जन सूचना केंद्र का भी लोकार्पण फीता काटकर किया। इससे पहलेमुख्य अतिथि सांसद हेमामालिनी का गरिमा सिंह ने बुके देकर स्वागत किया। इसी दौरान जिलाधिकारी शेलेन्द्र कुमार का भी बुके देकर स्वागत किया गया। वही महानगर अध्यक्ष , पूर्व एमएलसी व सांसद प्रतिनिधि का भी भाजपा कार्यकर्ताओं ने बुके देकर व दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया। ततपश्चात सांसद हेमामालिनी व महानगर अध्यक्ष धनश्याम लोधी ने केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा जनपद मथुरा में किये गए विकास कार्यो का महिमा मंडन किया गया। इस दौरान सांसद हेमामालिनी ने 542 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का फीता काटकर लोकार्पण व शिलान्यास किया।

# शुऐब का इस्लामिक सेंटर व मदरसा हबीबिया में हुआ स्वागत



**अवधनामा ब्यूरो**

**इटावा/फिरोजाबाद।** गुरुवार को गुजरात प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के प्रांतीय महासचिव शुऐब रंगरेज़ का मदीना कॉलोनी स्थित इस्लामिक सेंटर पर मोहम्मद हसीन, मोहम्मद अयाज़ खान, मोहम्मद फैसल, मोहम्मद शरीफ खान आदि व कश्मीरी गेट में स्थित मदरसा हबीबिया के प्रबंधक मौलाना डॉक्टर अरशद रज़ा ने बुके देकर, शाल उड़ाकर व गुलपोशी कर जोशीला स्वागत कर बधाई दी। इस मौके पर इस्लामिक सेंटर सोसायटी के जनरल सेक्रेट्री, हज कमेटी ऑफ इंडिया के चीफ मास्टर ट्रेनर व अबु हुरैरा हाई स्कूल के डायरेक्टर आलम मुस्तफा याकूबी व डॉक्टर अरशद रज़ा से श्री शुऐब की साहित्यिक व 2024 के लोकसभा चुनाव के संबंध में राजनीतिक चर्चा भी हुई। इस मौके पर प्रांतीय महासचिव के साथ जाबेद पठान, ताजुद्दीन मौजूद रहे।

# राम सेवक घर-घर देंगे श्री राम लला के दर्शन का निमंत्रण

**अवधनामा संवाददाता**

■ हर घर निमंत्रण में पहुंचेंगे पूजित अक्षत, राम छवि एवं पत्रक

**मथुरा।** पौष शुक्ल द्वादशी 22 जनवरी से पूर्व श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव समिति द्वारा श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र अयोध्या की योजना अनुसार प्रत्येक सनातनी परिवार को 22 जनवरी के पश्चात अयोध्या प्रभु श्री राम के दर्शन हेतु निमंत्रण दिया जाएगा। इसके लिए 1 जनवरी से 15 जनवरी तक राम सेवकों की टोलियां प्रत्येक गली, मोहल्ले, बस्ती, उप बस्ती, मंडल, ग्राम, नगर में द्वार- द्वार जाकर अयोध्या जी से आए पूजित अक्षत, राम छवि एवं पत्रक को प्रत्येक सनातनधर्मी तक पहुंचाएंगे और उनसे आग्रह करेंगे कि वह श्री राम का न्यौता स्वीकार कर 22 जनवरी के पश्चात अपनी सुविधा अनुसार अयोध्या प्रभु श्री राम के दर्शन कर अपने को धन्य करें। श्री राम लला के दर्शन का निमंत्रण देने के लिए तीन हजार रामसेवक कार्यकर्ता एवं पांच सौ राम भक्त माता बहिन रामदूत बनकर इस अभियान को गति देंगे। घर-घर आमंत्रण को रामसेवकों का चयन कर उन्हें साहित्य एवं अक्षत पहुंचा दिए गए हैं। यह जानकारी अयोध्या स्थित प्रभु श्री राम की जन्मभूमि पर 496 वर्ष पश्चात भव्य एवं नूतन मंदिर में प्रभु श्री रामलला के प्राण प्रतिष्ठित होने पर श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र अयोध्या द्वारा गठित श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव समिति पदाधिकारियो ने शुक्रवार को सरस्वती शिशु मंदिर दीनदयाल नगर में आयोजित पत्रकार वार्ता में दी। श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव समिति मथुरा महानगर संयोजक विजय बंटा सर्राफ ने बताया कि पौष शुक्ल द्वादशी 22 जनवरी को प्रभु श्री राम का 496 वर्ष पश्चात अपनी जन्मभूमि पर अपने भव्य एवम नूतन मंदिर में विराजित होना समस्त सनातन समाज एवं राम भक्तों के लिए गौरव का क्षण है। उन्होंने बताया कि समस्त सनातन समाज की सहभागिता इस कार्यक्रम में हो सके, इस हेतु पौष शुक्ल द्वादशी 22 जनवरी को जब अयोध्या में प्रभु श्री राम की प्रथम आरती उतारी जाएगी उसी समय कॉलोनी, गली, मोहल्ले, बस्ती, गांव आदि में स्थित मंदिरों पर प्रातः 11 बजे से सामूहिक भजन एवं कीर्तन का आयोजन कर प्रभु श्री राम को साक्षी मानते हुए उस मंदिर पर समस्त सनातन धर्मी प्रभु श्री राम की आरती करेंगे और सायंकाल प्रभु श्री राम के भव्य मंदिर में विराजित होने पर दीपावली से भी भव्य दीपावली मना कर अपना हर्ष प्रकट करेंगे। महानगर संयोजक विजय बंटा सर्राफ ने बताया कि पूजित अक्षत एवं साहित्य वितरण अभियान को संचालित करने हेतु संपूर्ण मथुरा महानगर में 300 टोलियां संयोजित हुई हैं। प्रत्येक टोली में लगभग 10 रामसेवकों का अनुपात है। इस प्रकार 3000 रामसेवक कार्यकर्ता एवं 500 राम भक्त माता बहिन रामदूत बनकर इस अभियान को गति देंगे। घर-घर आमंत्रण पहुंचाने को रामसेवकों का चयन कर उन्हें साहित्य एवं अक्षत पहुंचा दिए गए हैं। सभी रामसेवक 1 जनवरी से जय श्री राम का उद्घोष करते हुए द्वार द्वार जाकर अपने इस अभियान में लगेंगे। उन्होंने बताया कि पौष शुक्ल द्वादशी 22 जनवरी को होने वाले प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत सहित हजारों धर्माचार्य, कथा आचार्य, संत, एवम हिंदू समाज के मार्गदर्शक आदि वरिष्ठ जन उपस्थित रहेंगे।

# आशीष बने मिस्टर एंड मिसेज एवं मैसेज प्रेशर इटावा के फर्स्ट रनर अप




**अवधनामा ब्यूरो**

**इटावा।** आशीष कुमार यादव बने मिस्टर एंड मिसेज एवं मैसेज प्रेशर इटावा के फर्स्ट रनर अप।आशीष के परिवार और दोस्तों में दौड़ी खुशी की लहर।श्री आशीष ने शुक्रवार को शहर के एक रेस्टोरेंट में प्रेस वार्ता कर दी जानकारी। उन्होंने कहा कि मैं मिस्टर एंड मिसेज एवं मैसेज प्रेशर इटावा का फर्स्ट रनर अप बना हूं मुझें बहुत खुशी है इसका श्रेय मेरे रोल मॉडल मेरे पिता को जाता है।जिन्होंने मुझें आज इस मुकाम तक आज पहुँचाया है। आशीष कुमार यादव सर मदनलाल ग्रुप में एमबीए के छात्र है।

# शादी समारोह में पहुँचे शिवपाल सिंह

**अवधनामा ब्यूरो**



**इटावा।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव पूर्व कबीना मंत्री शिवपाल सिंह ने इंसानी भाईचारा समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष व सेराबेस्ट हेल्थ केयर के एम डी मोहम्मद आमीन के निवास स्थान सराय भूपत कटेखेड़ा पहुंचकर उनके छोटे भाई इश्तियाक अली के विवाह समारोह में शिरकत की और उनके परिजनों के साथ कार्यक्रम में शामिल होकर अपनी आत्मीयता प्रकट की। उनके पहुंचने से पूरे गांव में हर्षोल्लास का वातावरण पैदा हो गया। शिवपाल सिंह यादव ने गांव वालों की कुशलक्षेम पूछकर उनके साथ शादी समारोह में संभ्रांत एवं प्रबुद्धजनों ने देश की वर्तमान राजनैतिक एवं सामाजिक बिंदुओं पर गम्भीर चर्चा की। प्रधान रमेश यादव ने शिवपाल सिंह यादव का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। शादी समारोह में उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व महाअधिवक्ता राजबहादुर सिंह यादव, इमाम संगठन के अध्यक्ष हाफिज कारी मोहम्मद अहमद चिस्ती, कौमी तहफ्फुज कमेटी के संयोजक एवं सियासी अखाड़ा के संपादक खादिम अब्बास, सोहम प्रकाश, सपा नेता विकाश विक्की, वरिष्ठ सपा नेता शंभू दयाल दोहरे, कांग्रेस जिलाध्यक्ष मलखान सिंह यादव आदि की उपस्थित उल्लेखनीय रही। आगंतुकों का आभार मोहम्मद आमीन भाई के पिता जी मुस्ताक अली द्वारा किया गया साथ ही अपने छोटे पुत्र इश्तियाक अली के शादी समारोह में आए सभी मेहमानों का गले लगाकर अभिवादन किया।

# गरीबों, असहाय लोगों को पिलाई चाय

**अवधनामा ब्यूरो**




**इटावा।** भारत विकास परिषद् मुख्य शाखा के तत्वावधान में चौथे दिन भी गरीबों और असहाय लोगों की सेवा में शुक्रवार को एल.आई.सी.कार्यालय के सामने स्टाल लगाकर निःशुल्क चाय वितरित की गई। यह चाय वितरण का कार्यक्रम परिषद् के सेवा कार्य के अन्तर्गत 26 दिसम्बर से 14 जनवरी तक प्रातः8 बजे से 9.30 बजे तक संचालित रहेगा। प्रशान्त यादव सहित पांच प्रतियोगी छात्रों ने परिषद् के अनुरोध पर स्टाल पर चाय पी और परिषद् के बारे में जानकारी प्राप्त की। चाय वितरण कार्यक्रम में संजय मिश्रा प्रान्तीय महा सचिव पांचाल प्रान्त, इन्द्र नारायण पाण्डेय अध्यक्ष, आशा राम मिश्रा, ओम नारायण शुक्ला, लालजी प्रसाद दुबे, राजीव लोचन दीक्षित, के.के.त्रिपाठी ने उपस्थित रहकर सहयोग प्रदान किया। शाखा अध्यक्ष इन्द्र नारायण पाण्डेय ने अपील करते हुए कहा कि इस पुनीत कार्य में परिषद् के सदस्य गण और समाज सेवी आगे बढ़कर तन- मन- धन से सहयोग प्रदान करें।

# दूसरा फ्री आई कैम्प व चैकअप कल लगाया जायेगा: हाजी शेख़ शकील

**अवधनामा ब्यूरो**



**इटावा।** एक दूसरे से मोहब्बत करने और मानवता की सेवा करने का संदेश देते हुये काम कर रही संस्था ऑल इंडिया उलमा व मशाइख बोर्ड इटावा की ओर से 31 दिसम्बर दिन रविवार को सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक उर्दू मोहल्ला स्थित इस्लामिया प्राइमरी स्कूल में फ्री आई कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। बोर्ड के राष्ट्रीय अध्यक्ष हज़रत सैय्यद मुहम्मद अशरफ साहब व मौलाना अब्दुल वाजिद अशरफी पेश इमाम साहब की सरपरस्ती में शिविर का आयोजन होगा। उक्त जानकारी बोर्ड के जिलाध्यक्ष हाजी शेख़ शकील अहमद ने दी। उन्होंने बताया कि इस कैंप से पहले भी सैकड़ों मरीज़ फायदा उठा चुके हैं और इस बार भी काफी मरीज़ फायदा उठाएंगे। आगे उन्होंने बताया कि जिला अस्पताल व सुधा आई केयर हॉस्पिटल के नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ0प्रताप, डॉ0आशीष, अंकित सिंहआदि डॉ0मरीजों का नेत्र परीक्षण करेंगे। शिविर में नेत्र रोगियों के लिए मुफ्त दवा, चेकअप, चश्में और मोतियाबिंद के ऑपरेशन की सुविधा भी होगी। बोर्ड के जिलाध्यक्ष हाजी शेख शकील अहमद व समस्त टीम ने नेत्र रोगियों अथवा जिनके आँख में कोई परेशानी हो सभी से अपील करते हुये कहा कि शिविर में अधिक से अधिक लोग भाग लेकर फ़्री नेत्र परीक्षण शिविर का लाभ उठाये।

# साल 2023 में इन 5 नई टेक्नोलॉजी ट्रेंड ने बदली दुनिया




वहीं इस साल यानी 2023 में कई नई टेक्नोलॉजी ट्रेंड ने दुनिया को बदलने का काम किया है। हालांकि, इन टेक्नोलॉजी के कारण आम से खास लोगों को परेशानी भी उठानी पड़ी है।

टेक्नोलॉजी ने आम इंसना के जीवन को काफी प्रभावित किया है। इसमें जिंदगी काफी आसान सी लगने लगी है। हर साल कोई न कोई नई टेक्नोलॉजी आती रहती हैं। वहीं इस साल यानी 2023 में कई नई टेक्नोलॉजी ट्रेंड ने दुनिया को बदलने का काम किया है। हालांकि, इन टेक्नोलॉजी के कारण आम से खास लोगों को परेशानी भी उठानी पड़ी है।

चैटजीपीटी, जो अब काफी चर्चा में है, एक एआई आधारित चैटबॉट है। जिसकी मदद से लाखों वेबासाइटों पर मौजूद जानकारियों और डेटा को संसोधित कर और उसे एक आसान भाषा में बदलकर यूजर्स के लिए उपलब्ध कराया जा सकता है। यानी ये ऑनलाइन अनुभव को फिर से परिभाषित कर सकता है। एआई अब तक बैकग्राउंड में रहा है, बिना किसी की नजर में आए अपना काम कर रहा है। लेकिन उम्मीद की जा रही है कि इसका रूप बदल जाएगा।

इस साल डीपफेक भी काफी चर्चा में रहा। जिसने हर किसी को प्रभावित किया। फिर चाहे वो देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ही क्यों ना हो। डीपफेक वह टेक्नोलॉजी है जिससे रियल वीडियो में दूसरे के चेहरे को फिट कर फेक वीडियो बनाया जाता है जो रियल लगता है। हाल ही में इसका शिकार बॉलीवुड एक्ट्रेस रश्मिका मंधाना बनी हैं। इस टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल लोगों को परेशान करने, डराने, नीचा दिखाने और कमजोर करने के लिए डिजाइन किया जा सकता है। डीपफेक अहम मुद्दों के बारे में गलत सूचना और भ्रम भी पैदा कर सकता है।

2023 में व्हाट्सएप नौकरी घोटाले एक आम घटना थी। फेसबुक के स्वामित्व वाला मैसेंजर ऐप तेजी से अपनी सेवाओं के व्यावसायीकरण की ओर बढ़ रहा है। व्यक्तिगत डेटा घोटालेबाजों के पास पहुंचना केवल समय की बात है। नौकरी बाजार में बेरोजगारी और प्रतिस्पर्धा बढ़ने के साथ, लोग पैसा कमाने के अवसरों के लिए बेताब हैं और धोखेबाज अच्छी तरह जानते हैं कि उनकी कमजोरियों का फायदा कैसे उठाया जाए। वे अक्सर अंतरराष्ट्रीय नंबरों का उपयोग करके व्हाट्सएप के माध्यम से उनसे संपर्क करते हैं, और कमीशन कमाने के लिए उनसे वीडियो या इसी तरह के कार्यों की समीक्षा करने के लिए कहते हैं। ऐसे ही एक मामले में, पुणे की एक आईटी इंजीनियर, जिसे उसके निवेश पर 30 प्रतिशत रिटर्न का वादा किया गया था, को 49 लाख रुपये का नुकसान हुआ।

हाल ही में, बेंगलुरु में भारतीय विज्ञान संस्थान के एक 30 वर्षीय प्रोफेसर अपनी वॉशिंग मशीन बेचने की कोशिश के दौरान क्यूआर कोड घोटाले का शिकार हो गए। खरीदार ने विक्रेता से एक क्यूआर कोड स्कैन करने का अनुरोध किया ताकि वह जल्दी से अपने बैंक खाते में पैसे ट्रांसफर कर सके। हालांकि, जैसे ही प्रोफेसर ने कोड स्कैन किया, उनके खाते से 63,000 रुपये उड़ा दिए गए। बेशक, यह घटना अकेली नहीं थी-पिछले कुछ महीनों में क्यूआर कोड धोखाधड़ी के कई अन्य मामले सामने आए हैं। मुझे ओटीपी बताएं के बाद इस क्यूआर को स्कैन करें जालसाजों का नया जाल है। डिजिटल इंडिया के लिए आगे और भी चुनौतियां हैं।

2023 में, स्कैमर्स ने महंगे उपहार भेजने के बहाने लोगों को धोखा देने के लिए डेटिंग के साथ-साथ वैवाहिक ऐप्स का उपयोग करना शुरू कर दिया। इंडिया टुडे की रिपोर्ट के अनुसार, लगभग दो-तिहाई भारतीय युवा ऑनलाइन डेटिंग/रोमांस घोटालों का शिकार हुए हैं और उन्हें औसतन 7,966 रुपये का नुकसान हुआ है। ऑनलाइन डेटिंग प्लेटफ़ॉर्म की बढ़ती लोकप्रियता के साथ, अपराधियों ने साथी की तलाश कर रहे कमजोर लोगों का शोषण करने के लिए एक नया स्रोत ढूंढ लिया है। गुरुग्राम का मामला जिसमें एक महिला ने लगभग एक दर्जन पुरुषों को धोखा दिया, यह इस बात का सबसे बड़ा उदाहरण है कि धोखाधड़ी करने वाले कैसे टिंडर ठग बन गए हैं।

# या आप भी फोन के कवर में रखते हैं नोट, तो हो जाएँ सावधान



जब आप अपने फोन में लगे कवर के पीछे कोई भी सामान रखते हैं तो फोन के ऊपर दबाव बढ़ने लग जाता है और फोन गर्म होने की प्रक्रिया और तेजी से होने लग जाती है। ऐसे में अगर आपका फोन ओवरहीट होता है तो यह आपके लिए नुकसान देह साबित हो सकता है।

अक्सर आपने देखा होगा कि, लोग अपने फोन के कवर के पीछे पैसे, डॉक्यूमेंट यहां तक की एटीएम कार्ड तक रखे रहते हैं। इतना ही नहीं ऐसे बहुत सारे लोग हैं जो अपने घर की चाबी तक फोन के कवर के अंदर रख देते हैं। इस संदर्भ में एक्सपर्ट कहते हैं कि फोन के कवर के पीछे सामान को रखना, चीजों को रखना बेहद खतरनाक साबित हो सकता है, खासकर के नोट या पेपर संबंधी चीजों को फोन के पीछे रखना तो बेहद ही जोखिम भरा हो सकता है। आईए जानते हैं वह कौन से रीजन है जिसको लेकर यह चेतावनी एक्सपर्ट द्वारा जारी की जा रही है।

### बढ़ता है दबाव

जब आप अपने फोन में लगे कवर के पीछे कोई भी सामान रखते हैं तो फोन के ऊपर दबाव बढ़ने लग जाता है और फोन गर्म होने की प्रक्रिया और तेजी से होने लग जाती है। ऐसे में अगर आपका फोन ओवरहीट होता है तो यह आपके लिए नुकसान देह साबित हो सकता है। ऐसे में आपको अपने फोन के पीछे किसी भी वस्तु जिसमें आईडी कार्ड, एटीएम कार्ड, मेट्रो कार्ड, घर या बाइक की चाबी, सिक्के जैसी वस्तुओं को रखने से बचना चाहिए।

### आग लगने की संभावना

जब आप अपने फोन के पीछे किसी भी सामान को रखते हैं तो पहले ही बताया गया है कि वह फोन के टेंपरेचर को बढ़ाने की प्रक्रिया को तेज कर देता है। जब आपका फोन गर्म होता है, ओवरहीट होता है तो ऐसे में फोन में आग लगने की संभावना बढ़ जाती है। अगर आपने अपने फोन के कवर में कागज जैसे कि नोट या कोई डॉक्यूमेंट रखा हुआ है तो तेजी से वह चीज है जल सकती है। इसीलिए अपने फोन के कवर के पीछे कभी भी नोटों को न रखें।

### हीट को करता है ब्लॉक

जब आप अपने फोन के कवर में किसी भी प्रकार का कोई सामान रखते हैं तो आपने देखा होगा कि फोन में लगे कवर में कुछ होल बने होते हैं जहां से फोन का हीट निकलती रहती है। लेकिन जब आप अपने फोन के कवर में कोई भी वस्तु रख देते हैं तो वह उस छेद को ब्लॉक कर देता है, जिससे फोन की गर्मी कवर में ही रह जाती है और फोन तेजी से गर्म होने लगता है। बता दें कि आग लगने की संभावना के साथ-साथ इस तरीके की आपकी आदतें आपका फोन को भी डैमेज कर सकती हैं, क्योंकि जब फोन आपका ओवर हीट होगा तो इसका प्रोसेसर स्लो काम करना शुरू कर देगा और आपका फोन धीरे-धीरे खराब होने लग जाएगा। इसीलिए ऊपर दिए गए बातों को ध्यान में रखते हुए आप अपने फोन के कवर में कभी भी कोई भी वस्तु न रखें।

# लाखों लोगों ने इस ऐप को डिलीट करने का तरीखा खोजा

## जानकार हैरान रह जाएंगे आप



दुनिया भर में कई अरब लोग सोशल मीडिया ऐप्स का इस्तेमाल करते हैं। यही कारण है कि हमारी जिंदगी में इनकी अहमियत काफी बढ गई है। हालांकि, कई लोग ऐसे भी हैं जो इस मोहमाया से दूर जाना चाहते हैं। 2023 में लाखों लोगों ने सोशल मीडिया ऐप्स को डिलीट करने का तरीका खोजा है।

आज कल कई लोग सोशल मीडिया पर घंटों समय बिताते हैं। सोशल मीडिया की दुनिया काफी बड़ी है। दुनिया भर में कई अरब लोग सोशल मीडिया ऐप्स का इस्तेमाल करते हैं। यही कारण है कि हमारी जिंदगी में इनकी अहमियत काफी बढ गई है। हालांकि, कई लोग ऐसे भी हैं जो इस मोहमाया से दूर जाना चाहते हैं। 2023 में लाखों लोगों ने सोशल मीडिया ऐप्स को डिलीट करने का तरीका खोजा है। जानकार हैरानी होगी कि इंस्टाग्राम को सबसे ज्यादा डिलीट करने के लिए सर्च किया गया।

अमेरिका की एक टेक फर्म डेटासेंटर की रिपोर्ट ने चौंकाने वाला खुलासा किया है। रिपोर्ट के अनुसार, मेटा का इंस्टाग्राम वो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म है जिससे इस साल सबसे ज्यादा लोगों का मोहभंग हुआ। वहीं, 2023 में मेटा के ही ऐप ने लॉन्च होने के पांच दिन के अंदर 10 करोड़ यूजर्स हासिल किए थे। लेकिन उसकी लोकप्रियकता धोखा दे गई और अब उसके एक्टिव यूजर्स की संख्या करीब 80 फीसदी गिर गई है। रिसर्च में खुलासा हुआ है कि दुनिया भर में दूसरे सोशल मीडिया ऐप के मुकाबले लोगों ने इंस्टाग्राम को डिलीट करने में सबसे ज्यादा दिलचस्पी दिखाई है। ग्लोबली पर हर महीने 10 लाख से ज्यादा लोगों ने इंस्टाग्राम अकाउंट को कैसे डिलीट करें सर्च किया। ये आंकड़ा ग्लोबल लेवल पर हर 1,00.000 लोगों में से 12,500 सर्च इंस्टाग्राम को डिलीट करने का तरीका ढूंढने के लिए किए गए।

### सबसे ज्यादा इन 5 ऐप से मोहभंग

रिसर्च ने 12 महीने में चेक किया कि हर महीना औसतन कितनी बार किसी सोशल मीडिया ऐप को डिलीट करने का तरीका खोजा गया। रिपोर्ट के अनुसार 2023 में हर महीने औसतन 10.20 लाख लोगों ने इंस्टाग्राम, 1.28 लाख लोगों ने, 1.23 लाख लोगों ने, 71,700 लोगों ने टेलीग्राम और 49,000 लोगों फेसबुक को डिलीट करने का तरीका खोजा।

# ऐआई बताएगा कब होगी आपकी मौत? जानें कैसे करता है ये काम

अगर हम आपसे कहे कि इस सवाल का जवाब के पास है तो यकीनन आपको इस पर विश्वास नहीं होगा। दरअसल, टेक्निकल यूनिवर्सिटी ऑफ डेनमार्क ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी एआई पर आधारित डेथ प्रीडिक्टर तैयार किया है।

इस दुनिया में कोई भी व्यक्ति ये नहीं जानता कि उसकी मौत कब होगी? लेकिन अगर हम आपसे कहे कि इस सवाल का जवाब के पास है तो यकीनन आपको इस पर विश्वास नहीं होगा। दरअसल, टेक्निकल यूनिवर्सिटी ऑफ डेनमार्क ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी एआई पर आधारित डेथ प्रीडिक्टर तैयार किया है। इस डेथ प्रीडिक्टर को लेकर दावा किया जा रहा है है कि किसी भी इंसान के बारे में जानकारी लेकर ये उसकी मौत केबारे में सटीक जानकारी दे सकता है।



न्यूयॉर्क पोस्ट की एक रिपोर्ट में इस एआई टूल के बारे में जानकारी दी गई है। इसे टेक्निकल यूनिवर्सिटी ऑफ डेनमार्क के एक प्रोफेसर सुनी लेहमान ने डेवलप किया किया है। लाईफ टु वेक नाम का ये एआई किसी व्यक्ति के जीवन में उसकी इनकम, प्रोफेशन, रहने की जगह और भी कई चीजों को एनालाइज करता है और उसकी लाइफ एक्सपेक्टेंसी का अनुमान लगाता है। कहा जा रहा है कि, इसके अनुमान लगभग 75 प्रतिशत सही साबित हुए हैं।

रिपोर्ट के अनुसार लेहमान की टीम ने इस एआई टूल के लिए साल दो हजार आठ से दो हजार बीस के बीच डेनमार्क के साठ लाख लोगों पर रिसर्च की थी। इस रिसर्च में लाईफ टु वेक के जरिए ये अनुमान लगाने की कोशिश की गई थी कि एक जनवरी दो हजार सोलह के बीच किन लोगों के कम से कम चार साल और जीने की उम्मीद है।

इसमें लोगों के जीवन की घटनाओं को सीक्वेंस की तरह बनाया गया था और किसी भाषा में शब्दों से वाक्य बनने की प्रक्रिया से तुलना की गई थी। इस एआई टूल का एक्यूरेसी रेट काफी सही था। इसने लगभग बिना किसी गलती के ये अनुमान लगा लिया था कि किन-किन लोगों की मौत साल दो हजार बीस तक हो जाएगी। इसका एक्यूरेसी रेट 75 प्रतिशत से ज्यादा था।

# कहीं आप भी नहीं बन रहे ठगी का शिकार, विदेश भेजने के नाम पर हो रहा धडल्ले से फ्रॉड

दरअसल, जालंधर के शख्स के साथ विदेश जाने के नाम पर ठगी हुई है। बता दें कि, जालंधर की रहने वाली एडवोकेट नवजोत कौर सिद्धू की भतीजी को कनाडा जाना था। उसने जालंधर के एक एजेंट से फाइल तैयार करवाई थी।

इन दिनों अलग-अलग तरह की ठगी के मामले सामने आ रहे हैं। इन्हीं में से एक विदेश भेजने के नाम पर हो रही ठगी है। दरअसल, जालंधर के शख्स के साथ विदेश जाने के नाम पर ठगी हुई है। बता दें कि, जालंधर की रहने वाली एडवोकेट नवजोत कौर सिद्धू की भतीजी को कनाडा जाना था। उसने जालंधर के एक एजेंट से फाइल तैयार करवाई थी। लेकिन एजेंट ने उसकी भतीजी के साथ-साथ 700 लोगों के साथ फ्रॉड किया।

इस दौरान एजेंट ने उन सभी लोगों को जाली ऑफर लेटर थमा दिया। इस लेटर को लेकर जब वो कनाडा पहुंची तो कनाडा सरकार ने जांच की तो पता चला कि ये नकली ऑफर लेटर था। पीड़िता का कहना है, अगर आप भी किसी तरह के फ्रॉड से बचना चाहते हैं तो ऑनलाउन सारी चीजों की जांच करें।

विदेश जाने की तैयारी कर रहे हितेश बाली नाम के एक व्यक्ति ने एक मीडिया चैलन से बात करते हुए




बताया कि विदेश पढ़ाई करने के लिए जा रहा है। उसके साथ फ्रॉड न हो, इसलिए उसने सबसे पहले रिप्यूटेड इमिग्रेशन कंसल्टें से फाइल तैयार करवाई है। फिर स्कूल कॉलेज के बारे में ऑनलाइन जानकारी जुटाई। उसका कहना है कि इमिग्रेशन कंसल्टे द्वारा दिए गए डॉक्यूमेंट की जांच भी जरूर करनी चाहिए।

बता दें कि, पंजाब में इमिग्रेशन के नाम पर धड़ल्ले से फ्रॉड चल रहा है। अगर आप इस तरह के किसी भी फ्रॉड से बचना चाहते हैं तो, इन मुख्य बिन्दुओं पर ध्यान दें।

सबसे पहले आप ऐसे इमिग्रेशन कंसल्टेंट के पास जाएं, जिसको कम से कम 10 से 15 साल का तर्जुबा हो। उसके पास सरकार की तरफ से इश्यू किया गया लाइसेंस होना चाहिए। आप विदेश के किसी भी स्कूल, कॉलेज या यूनिवर्सिटी में दाखिला ले रहे हों तो उसके ऑनलाइन चेक करें कि वो मान्यता प्राप्त है।

इसके साथ ही जो आपको ऑफर लेटर दिया जाता है। उसके ऊपर यूनिवर्सिटी का ईमेल आईडी होता है उस ईमेल आईडी को भी एक बार जांच लें।

# व्हाट्सऐप पर बिना नंबर साझा किए मैसेज भेजने का सबसे अनोखा तरीका

इन तरीकों का उपयोग करके, आप अपने मित्रों और परिवार से बिना उनके नंबर सेव किए WhatsApp पर आसानी से संदेश भेज सकते हैं। याद रहे, व्यक्तिगत जानकारी को सावधानीपूर्वक संदेश भेजने के समय साझा करें ताकि आपकी निजता को किसी भी प्रकार का खतरा ना हो।

आजकल दुनिया डिजिटल युग में जी रही है, और इस डिजिटल जगत में WhatsApp एक अहम भूमिका निभा रहा है। यह एक ऐसा माध्यम है जो हमें दूर बैठे अपने परिवार और दोस्तों से जुड़ा रहने का मौका देता है। व्हाट्सएप पर मैसेज भेजना और प्राप्त करना आम बात हो गई है, लेकिन क्या आपने कभी सोचा है कि बिना नंबर सेव किए, व्हाट्सएप पर मैसेज कैसे भेजा जा सकता है?

इन तरीकों का उपयोग करके, आप अपने मित्रों और परिवार से बिना उनके नंबर सेव किए WhatsApp पर आसानी से संदेश भेज सकते हैं। याद रहे, व्यक्तिगत जानकारी को सावधानीपूर्वक संदेश भेजने के समय साझा करें ताकि आपकी निजता को किसी भी प्रकार का खतरा ना हो।

जरूरी नहीं कि हमें हर बार किसी का नंबर सेव करना हो तब ही हम व्हाट्सएप पर मैसेज भेज सकें। यहाँ कुछ तरीके हैं जिनका इस्तेमाल करके आप बिना नंबर सेव किए व्हाट्सएप पर मैसेज भेज सकते हैं।




### 1. लिंक के माध्यम से मैसेजिंग

WhatsApp या WhatsApp Desktop का इस्तेमाल करके आप बिना नंबर सेव किए भी मैसेज भेज सकते हैं। इसके लिए आपको सिर्फ अपने व्हाट्सएप को ओपन करना होगा और 'New Chat' या नया चैट विकल्प पर क्लिक करके उस व्यक्ति के लिंक को शेयर कर सकते हैं। जिससे आप उन्हें मैसेज भेज सकेंगे।

### 2. थर्ड-पार्टी ऐप्स का इस्तेमाल

कुछ थर्ड-पार्टी ऐप्स भी हैं जो आपको बिना नंबर सेव किए व्हाट्सएप पर मैसेज भेजने की सुविधा प्रदान करते हैं। ये ऐप्स व्हाट्सएप के नंबर सेव किए बिना भी मैसेज भेजने की अनुमति देते हैं।

### 3. लिंक जेनरेट करके मैसेज भेजें

कुछ वेबसाइट्स भी हैं जो आपको व्हाट्सएप पर मैसेज भेजने के लिए लिंक जेनरेट करने की सुविधा प्रदान करती हैं। इन वेबसाइट्स पर जाकर आप उस व्यक्ति का नाम, नंबर या अन्य जानकारी डालकर उन्हें एक लिंक भेज सकते हैं, जिससे उन्हें आपके व्हाट्सएप पर मैसेज करने का विकल्प मिलता है।

### 4. WhatsApp Web का उपयोग करें

WhatsApp Web एक और विकल्प है जिससे आप बिना नंबर सेव किए संदेश भेज सकते हैं। इसके लिए, आपको WhatsApp Web पर जाकर मैसेज लिखना होगा और उसे प्राप्तकर्ता के नंबर पर भेजना होगा।

### 5. कॉन्टैक्ट्स शेयर करें

आप उस प्राप्तकर्ता को किसी और चैट में भेज सकते हैं जिसके साथ आपका दोस्त या परिवारी संपर्क है। ये सभी तरीके संदेश भेजने के लिए उपयोगी हो सकते हैं, लेकिन यह सुनिश्चित कर लें कि आप जो भी संदेश भेज रहे हैं, वो निजी या व्यक्तिगत जानकारी को किसी अनजान व्यक्ति के साथ साझा नहीं कर रहा है। इन तरीकों का इस्तेमाल करके आप बिना नंबर सेव किए भी व्हाट्सएप पर मैसेज भेज सकते हैं। यह तकनीकी उपाय होते हैं जिन्हें सही तरीके से इस्तेमाल करना चाहिए, ताकि व्हाट्सएप की नीतियों और शर्तों का उल्लंघन न हो। लेकिन ध्यान दें, यह सुनिश्चित करें कि आप इस तरह के तकनीकी उपाय केवल जानकारी या अनिवार्यता के लिए ही इस्तेमाल करें, अन्यथा यह अनुचित भी हो सकता है। व्हाट्सएप और इंटरनेट का सही इस्तेमाल करना हमारी जिम्मेदारी है। इस तरह, आप बिना नंबर सेव किए भी व्हाट्सएप पर मैसेज भेज सकते हैं, लेकिन यह महत्त्वपूर्ण है कि आप इसे जिम्मेदारीपूर्वक और सतर्कता से करें। तकनीकी उपायों का सही इस्तेमाल करके ही हम सुरक्षित रह सकते हैं।

# खोजें सही, बचें आपकी गोपनीयता! सोच समझकर करें गूगल सर्च, सरकारी एजेंसी ने जारी की ये चेतावनी




पहली चीज है असामाजिक या अवैध सामग्री। गूगल पर खोजते समय, कई बार असामाजिक या अवैध सामग्री से जुड़ी वेबसाइट्स या लिंक्स आ सकते हैं। इन्हें खोलना आपको नुकसान पहुंचा सकता है और आपकी गोपनीयता को भी खतरे में डाल सकता है।

आपकी सुरक्षा और गोपनीयता सरकारी एजेंसियों के लिए एक महत्वपूर्ण मुद्दा बन चुका है। हाल ही में, एक सरकारी एजेंसी ने एक चेतावनी जारी की है जो गूगल सर्च के माध्यम से आपकी गोपनीयता को खतरे में डाल सकती है। इस चेतावनी में कुछ विशेष चीजें हैं जिन पर भरोसा न करना हमारी सुरक्षा के लिए जरूरी है।

पहली चीज है असामाजिक या अवैध सामग्री। गूगल पर खोजते समय, कई बार असामाजिक या अवैध सामग्री से जुड़ी वेबसाइट्स या लिंक्स आ सकते हैं। इन्हें खोलना आपको नुकसान पहुंचा सकता है और आपकी गोपनीयता को भी खतरे में डाल सकता है।

दूसरी चीज है विभिन्न फिशिंग या ऑनलाइन धोखाधड़ी के प्रकार। गूगल पर खोजते समय, ध्यान देने की आवश्यकता है क्योंकि कुछ लिंक्स या वेबसाइट्स आपको आपके नाम, पता, या अन्य व्यक्तिगत जानकारी को चुराने की कोशिश कर सकती हैं।

तीसरी चीज है फेक न्यूज़ और अफवाहें। गूगल सर्च में आने वाली खबरों पर भरोसा करने से पहले, उनकी सत्यता और स्रोत की जाँच करना जरूरी है। कभी-कभी इन खबरों में अफवाहें भी होती हैं जो आपको गलत जानकारी दे सकती हैं।

यह सभी बातें हमारी गोपनीयता और सुरक्षा को खतरे में डाल सकती हैं। सरकारी एजेंसियों ने इस तरह की चीजों से दूर रहने की सलाह दी है। गूगल सर्च या अन्य इंटरनेट स्रोतों पर विश्वास करते समय, सतर्क रहना और जागरूकता बनाए रखना बेहद जरूरी है।

अपनी गोपनीयता की रक्षा के लिए, सतर्क रहें और सत्यापन का प्रयास करें। इंटरनेट पर सुरक्षित रहने के लिए जागरूकता और सावधानी हमारी श्रेष्ठ रक्षा हो सकती है।

# मिजोरम सरकार का बड़ा फैसला, सीबीआई को जांच से पहले नहीं लेनी होगी राज्य की मंजूरी

**मंजूरी**

**मिजोरम सरकार ने राज्य में अपराधों की जांच के लिए केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को सामान्य मंजूरी दे दी है।**




**आइजोल।** मुख्यमंत्री लालदुहोमा ने शुक्रवार को 'एक्स' पर पोस्ट किया कि मिजोरम सरकार सीबीआई को मिजोरम में अपराधों की जांच की मंजूरी देती है। हमारी सरकार अपने नागरिकों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है।

मिजोरम सरकार ने राज्य में अपराधों की जांच के लिए केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को सामान्य मंजूरी दे दी है। इसका मतलब है कि अब सीबीआई को जांच से पहले नहीं लेनी होगी राज्य की मंजूरी नहीं लेनी होगी। गुरुवार को जारी अधिसूचना में राज्य सरकार ने कहा कि दिल्ली विशेष पुलिस स्थापन अधिनियम, 1946 की धारा छह द्वारा प्रदत्त शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए मिजोरम सरकार दिल्ली विशेष पुलिस स्थापन के सदस्यों को मिजोरम में अपराधों की जांच के लिए शक्तियां और अधिकारक्षेत्र प्रदान करने की मंजूरी देती है।

मुख्यमंत्री लालदुहोमा ने शुक्रवार को 'एक्स' पर पोस्ट किया कि मिजोरम सरकार सीबीआई को मिजोरम में अपराधों की जांच की मंजूरी देती है। हमारी सरकार अपने नागरिकों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। हम भ्रष्टाचार का सफाया करने के लिए हरसंभव कदम उठाते रहेंगे और इस रास्ते पर हम लगातार आगे बढ़ते रहेंगे।

गत आठ दिसंबर को शपथ ग्रहण समारोह के शीघ्र बाद लालदुहोमा ने घोषणा की थी कि उनकी जोरम पीपल्स मूवमेंट सरकार भ्रष्टाचार विरोधी कार्रवाई को प्राथमिकता देगी। उन्होंने यह भी एलान किया था कि राज्य में भ्रष्टाचार के मामलों की जांच के लिए सीबीआई को खुली छूट दी जाएगी। दिल्ली विशेष पुलिस स्थापन अधिनियम, 1946 के अनुसार सीबीआई को किसी भी राज्य में जांच करने के लिए वहां की सरकार से मंजूरी लेनी होती है।

# एलडीएफ सरकार के मंत्रिमंडल में शामिल होंगे दो नए मंत्री

## राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान दिलाएंगे शपथ



**तिरुवनंतपुरम।** राज्यपाल ने मंत्रिमंडल में दो नए मंत्रियों को शामिल करने के राज्य सरकार के फैसले को मंजूरी दी थी। रविवार को एलडीएफ ने कैबिनेट फेरबदल की घोषणा की थी। उन्होंने कहा था कि नए मंत्री 29 दिसंबर को शपथ ले सकते हैं।

कांग्रेस (एस) के रामचंद्रन कडन्नप्पल्ली और कांग्रेस (बी) के केबी गणेश कुमार शुक्रवार की दोपहर को केरल के सीपीआई(एम) के नेतृत्व वाली एलडीएफ सरकार में मंत्री के तौर पर शपथ लेंगे। एक अधिकारी ने बताया कि दोनों मंत्री चार बजे राज भवन में शपथ लेंगे। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान उन्हें पद की शपथ दिलाएंगे।

इससे पहले राज्यपाल ने मंत्रिमंडल में दो नए मंत्रियों को शामिल करने के राज्य सरकार के फैसले को मंजूरी दी थी। रविवार को एलडीएफ ने कैबिनेट में फेरबदल की घोषणा की थी। उन्होंने कहा था कि नए मंत्री 29 दिसंबर को शपथ ले सकते हैं। डेमोक्रेटिक केरल कांग्रेस के एंटनी राजू और इंडियन नेशनल लीग के अहमद देवरकोविल ने परिवहन मंत्री और बंदरगाह मंत्री के पद से इस्तीफा दिया था।

बता दें कि जब मई 2021 में दूसरी एलडीएफ सरकार ने राज्य में सत्ता संभाली थी, तो सीपीआई(एम) के नेतृत्व वाले गठबंधन ने शेयरिंग टर्म के आधार पर कम हिस्सेदारी वाली पार्टियों को भी कैबिनेट में जगह देने की सहमति जताई थी।

# पुलिस का प्रतिबंधित संगठन द्वारा ग्रेनेड हमले के मामले को सुलझाने का दावा, दो की गिरफ्तारी की पुष्टि

**गुवाहटी।** असम पुलिस ने हाल ही में प्रतिबंधित संगठन यूएलएफए द्वारा ग्रेनेड फेंककर हमला करने के मामले को सुलझाने का दावा किया है। उन्होंने बताया कि इस मामले में उन्होंने आरोपियों को गिरफ्तार भी किया है। पुलिस महानिदेशक जीपी सिंह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इसकी जानकारी दी।

उन्होंने अपने पोस्ट में कहा, हफ्ते भर चलने वाले अभियान के तहत, तिनसुकिया, शिवसागर और जोरहाट में प्रतिबंधित संगठन यूएलएफए द्वारा ग्रेनेड फेंककर हमला करने के मामले में आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। साथ ही हमले के लिए इस्तेमाल किए मोटरसाइकिल भी बरामद कर लिया है। उन्होंने आगे लिखा, सोशल मीडिया के माध्यम से इन लोगों को उकसाने वाले आरोपियों की भी पहचान कर ली गई है और अब वे जहां भी छिपे हो उन्हें वहां से निकालकर सजा दी जाएगी। उचित समय पर अदालत के समक्ष सबूत पेश किया जाएगा।

एक अन्य पुलिस अधिकारी ने बताया कि जोरहाट में एक आर्मी कैंप के पास ग्रेनेड फेंकने के मामले में दो लोगों को डिब्रूगढ़ के मोरान और जोरहाट के टिटाबोर से गिरफ्तार किया गया है। इस अपराध के लिए इस्तेमाल किए गए मोटरसाइकिल को



भी जब्त कर लिया गया है। दोनों की पहचान अच्युत गोगोई और बिराज काचरी के तौर पर की गई है। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने अतिरिक्त मुख्य सचिव स्तर की जांच के आदेश दिए, जबकि डीजीपी ने आईजीपी को इस मामले की जांच के निर्देष दिए हैं।

तिनसुकिया, शिवसागर और जोरहाट में हुए ग्रेनेड हमलों की जिम्मेदारी यूएलएफए ने ली है। संगठन ने कहा कि यह हमले डीजीपी सिंह के अहंकार के जवाब में किया गया है। इसका पलटवार करते हुए डीजीपी ने कहा, वे हमेशा नाम ही लेते हैं। अगर उन्हें मुझसे दिक्कत है तो वह हमेशा ही मुझे निशाना बनाएंगे। मैं काहिलीपारा में रहता हूं और मेरा दफ्तर उलुबारी में है। वे वहां आकर मुझे निशाना बना सकते हैं। वे क्यों आम लोगों को निशाना बना रहे हैं।

विस्फोटों के बाद असम में विशेषकर ऊपरी असम के जिलों में अभियान तेज किया गया। इस दौरान कई गिरफ्तारियां भी की गई। हिरासत से भागने की कोशिश करने पर पुलिस ने गोलीबारी भी की, जिसमें पांच घायल भी हुए।

# आयुष्मान भव अभियान के तहत 13.8 लाख हेल्थ मेले का आयोजन, 11 करोड़ लोगों ने लिया हिस्सा



**नई दिल्ली।** आयुष्मान भव अभियान के दौरान 4.4 करोड़ आयुष्मान कार्ड बनाए गए। इस कार्ड के जरिए सूचीबद्ध अस्पतालों में प्रत्येक परिवार को हर साल पांच लाख रुपये के मुफ्त इलाज की सुविधा प्रदान की जाती है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि 28 दिसंबर तक के आंकड़ों के अनुसार इस अभियान के जरिए पांच करोड़ से भी ज्यादा आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अकाउंट बनाए गए हैं।

मौजूदा समय में चल रहे आयुष्मान भव अभियान के तहत 28 दिसंबर तक 13.8 लाख हेल्थ मेला का आयोजन किया गया, जिसमें 11 करोड़ लोगों ने हिस्सा लिया। इन मेलों में 9,21,783 योग, 1.02 से अधिक टेली परामर्श शामिल थे। इसके अलावा 6.4 करोड़ लोगों को मुफ्त में दवाएं और 5.1 करोड़ लोगों का मुफ्त में इलाज किया गया है। वहीं 74,04,356 लोगों को आयुष सेवाएं और 10,99,63,891 को जीवनशैली के लिए परामर्श दिया गया।

कुल 45,43,705 गर्भवती नहिलाओं ने भी पंजीकरण किया है। उनके अलावा 29 लाख माताओं और 49 लाख बच्चों को इससे लाभ मिल चुका है। 18.9 करोड़ लोगों के लिए टीबी, हाइपरटेंशन, डायबेटीस, ओरल कैंसर, ब्रेस्ट कैंसर, सर्वाइकल कैंसर और कैटेरेक्ट के लिए स्क्रीनिंग का भी आयोजन किया गया है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मेलों में 1,54,41,950 लोगों ने पंजीकरण किया। 28 दिसंबर तक 38,309 बड़ी सर्जरी और 1,30,760 छोटी सर्जरी की गई हैं।

# भारतीय नौसेना ने बदले एडमिरल के कंधों पर लगने वाले एपोलेट्स के डिजाइन, पीएम मोदी ने किया था एलान

**एलान**

**पीएम मोदी ने नौसेना दिवस 2023 के दौरान इसका एलान किया था।**




**नई दिल्ली।** भारतीय नौसेना के एडमिरल के कंधों पर लगने वाले पदसूचक चिन्ह (एपोलेट्स) के डिजाइन में बदलाव किया गया है। नया डिजाइन छत्रपति शिवाजी महाराज की राजमुद्रा से प्रेरित है। बता दें कि पीएम मोदी ने नौसेना दिवस 2023 के दौरान इसका एलान किया था। नौसेना ने बताया कि एपोलेट्स का नया डिजाइन नौसेना के ध्वज से लिया गया है और यह छत्रपति शिवाजी महाराज के राजमुद्रा से प्रेरित है। नौसेना ने बताया कि यह हमारी समृद्ध समुद्री विरासत का सच्चा प्रतिबिंब है। नौसेना ने बताया कि नए डिजाइन को अपनाना हमारे पंच प्रण के दो स्तंभों- विरासत पर गर्व और गुलामी की मानसिकता से मुक्ति के प्रति हमारे समर्पण को दर्शाता है।

गोल्डन नेवी बटनः नौसेना ने बताया कि एपोलेट्स में मौजूद गोल्डन नेवी बटन गुलामी की मानसिकता को दूर करने के भारतीय नौसेना के समर्पण को दर्शाता है।

**अष्टकोणः** यह आठ प्रमुख दिशाओं का प्रतिनिधित्व करता है, जो एक सर्वांगीण दीर्घकालिक दृष्टिकोण को दर्शाता है।

**टेलीस्कोपः** यह नौसेना के लॉन्ग टर्म विजन, दूरदर्शिता और बदलती हुई दुनिया पर लगातार नजर रखने को दर्शाता है।

**तलवारः** यह राष्ट्रीय शक्ति में अग्रणी बनने और दबदबे के साथ युद्ध जीतने, विरोधियों को हराना और हर चुनौती पर काबू पाने की नौसेना की क्षमता को दर्शाता है।

पीएम मोदी ने किया था नौसेना दिवस पर एलान

बता दें कि बीती 4 दिसंबर को नौसेना दिवस के मौके पर महाराष्ट्र के सिंधुदुर्ग में आयोजित हुए कार्यक्रम में पीएम मोदी ने भारतीय नौसेना की रैंक में बड़े बदलाव का एलान किया था ताकि नौसेना भारतीय संस्कृति से मेल खाए। पीएम मोदी ने कहा था कि भारत गुलामी की मानसिकता को पीछे छोड़ते हुए आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा था कि नौसेना के अधिकारियों द्वारा पहने जाने वाले एपोलेट्स आगे से भारतीय संस्कृति और छत्रपति शिवाजी महाराज की विरासत को दर्शाएंगे।

रक्षा सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि नौसेना रैंक में बदलाव का असर ऑफिसर रैंक से नीचे के नौसैन्य कर्मियों पर पड़ेगा। वहीं एपोलेट्स में बदलाव एडमिरल स्तर के अधिकारियों पर पड़ेंगे। इनमें रियर एडमिरल, वाइस एडमिरल और एडमिरल शामिल हैं। अभी तक नाविकों के एपोलेट्स में कोई बदलाव नहीं किए गए हैं।

# पांच करोड़ की सिगरेट, 15 करोड़ की कोकीन पर डीआरआई का शिकंजा



**नई दिल्ली।** डिरेक्टोरेट ऑफ रेवेन्यू इंटेलिजेंस (डीआरआई) ने खुफिया जानकारी के आधार पर जवाहरलाल नेहरू बंदरगाह पर पहुंचे 40 फीट रेफ्रिजरेटेड कंटेनर में से 33,92,000 सिगरेट बरामद किया। जांच के दौरान पता चला कि सिगरेट के डिब्बों को बड़ी ही चालाकी से इमली के डिब्बों में डाला गया था। सिगरेट के डिब्बों को छिपाने के लिए उसे इमली से ढक दिया गया था। इन सिगरेट की कुल कीमत 5.77 करोड़ रुपये बताई जा रही है।

डीआरआई ने गुरुवार को नैरोबी से मुंबई आने वाली एक केन्याई महिला को पकड़ा है। उसके सामान की तलाशी लेने पर अधिकारियों ने 1490 ग्राम सफेद पाउडर बरामद किया, जिसकी कीमत बाजार में 14.90 करोड़ बताई जा रही है। इस सफेद पाउडर को कोकीन बताया जा रहा है। इन पाउडर को दो काले पॉलिथीन के पैकेट डालकर बोतल में भरकर लाया गया था।

मिजोरम के मुख्यमंत्री लालडुहोमा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर बताया, मिजोरम सरकार राज्य में अपराधों की सीबीआई जांच के लिए सहमति देती है। हमारी सरकार अपने नागरिकों के कल्याण के लिए भ्रष्टाचार को खत्म करने के लिए दृढ़ संकल्पित है।

केंद्र ने विवेक श्रीवास्तव को उनकी सेवानिवृत्ति की तारीख या अगले आदेश आने तक 30 जून 2025 तक अग्निशमन सेवा, नागरिक सुरक्षा और होम गार्ड के महानिदेशक के तौर पर नियुक्त किया है।

# राष्ट्रपति शी के नेतृत्व में प्रमुख जिम्मेदार देश के रूप में उभरा चीन, विदेश नीति बैठक में हुई चर्चा

**बीजिंग।** राष्ट्रपति शी जिनपिंग के नेतृत्व में चीन ने अधिक रणनीतिक स्वायत्तता हासिल करने के अलावा बढ़े हुए अंतरराराष्ट्रीय प्रभाव के साथ



एक प्रमुख जिम्मेदार देश के रूप में उभरा है। बीजिंग में 2023 विदेश नीति परिणामों पर आयोजित एक उच्च स्तरीय बैठक में यह जानकारी साझा की गई।

इस बैठक के अंत में जारी एक आधिकारिक प्रेस विज्ञप्ति जारी की गई। इसमें राष्ट्रपति शी ने बुधवार और गुरुवार को यहां विदेश मामलों से संबंधित कार्य पर केंद्रीय सम्मेलन में एक महत्वपूर्ण भाषण दिया।प्रधानमंत्री ली कियांग की अध्यक्षता में हुए इस सम्मेलन में विदेश मंत्री वांग यी के अलावा सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ चाइना (सीपीसी) के शीर्ष अधिकारी समेत सेना और चीन के दूतों और दुनियाभर के वरिष्ठ वाणिज्य दूतावास के अधिकारियों ने भाग लिया। बयानों में आगे कहा गया कि चीन अंतरराष्ट्रीय प्रभाव में वृद्धि, नए प्रयासों को चलाने की मजबूत क्षमता और अधिक नैतिक अपील के साथ एक जिम्मेदार प्रमुख देश बन गया है।

इस बैठक में पिछले वर्ष में हुई चीन की कूटनीतिक प्रगति के बारे में चर्चा की गई। रिपोर्ट के मुताबिक यहां चीनी विशेषताओं के साथ प्रमुख देशों की कूटनीति में नई संभावनाएं खोली हैं। इसके अलावा उनकी कूटनीति में बहुत अधिक रणनीतिक स्वायत्तता और पहल हासिल की है।

हालांकि, शी के संबोधन का विवरण सामने नहीं आया है, लेकिन बताया गया है कि उन्होंने रूस-यूक्रेन युद्ध, मध्य पूर्व में बढ़ते संघर्ष और पूर्वी लद्दाख में सैन्य गतिरोध को लेकर भारत के साथ साधे गए संबंधों के बीच अमेरिका सहित विभिन्न देशों के साथ चीन के राजनयिक संबंधों की समीक्षा की थी।

आधिकारिक बयान के अनुसार अपने भाषण में, राष्ट्रपति शी ने नए युग में चीनी विशेषताओं के साथ प्रमुख देशों की कूटनीति की ऐतिहासिक उपलब्धियों और मूल्यवान अनुभव की व्यवस्थित रूप से समीक्षा की। उन्होंने नई यात्रा में अंतरराष्ट्रीय माहौल और चीन के बाहरी काम के ऐतिहासिक मिशन के बारे में विस्तार से बताया। वर्तमान और भविष्य में चीन के बाहरी काम के लिए व्यापक योजनाएं बनाईं।

# भारत-रूस के बीच रिश्ते काफी गहरेः जयशंकर



**मॉस्को।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि भारत चार लाख करोड़ डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने के रास्ते पर है। हम जैसा प्रयास कर रहे हैं, अगले 25 वर्षों में हम विकसित देश बन जाएंगे।

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने गुरुवार को सेंट पीटर्सबर्ग स्टेट यूनिवर्सिटी में भारतीय छात्रों के साथ संवाद के दौरान कहा कि भारत और रूस के बीच का रिश्ता सिर्फ राजनीति या कूटनीति या अर्थशास्त्र का नहीं, यह कुछ ज्यादा ही गहरा है। जयशंकर ने कहा कि दोनों देशों के बीच इस समझ और जुड़ाव में बुद्धिजीवियों की भूमिका और विद्वानों का योगदान महत्वपूर्ण है।

बता दें, जयशंकर रूस की पांच दिन की यात्रा पर हैं। छात्रों के साथ चर्चा में उन्होंने कहा कि भारत और रूस हमेशा नए संपर्क, साझा बिंदु खोजने की कोशिश कर रहे हैं और बौद्धिक जगत बदलाव ला सकता है। उन्होंने कहा कि हमारे संबंधों के बारे में दूसरे देश या समाज निर्णय लें, इसके बजाय हमें एक-दूसरे के बारे में प्रत्यक्ष समझ रखने की जरूरत है।

विदेश मंत्री ने कहा कि भारत चार लाख करोड़ डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने के रास्ते पर है। हम जैसा प्रयास कर रहे हैं, अगले 25 वर्षों में हम विकसित देश बन जाएंगे। विकसित देश का मतलब सिर्फ एक विकसित अर्थव्यवस्था नहीं है, यह एक ऐसा देश भी है जो अपनी परंपराओं, विरासत और संस्कृति के प्रति जागरूक, सचेत और गौरवान्वित है।

# जहां आतंकी निज्जर मारा गया, उसी सरे के जाने-माने मंदिर प्रमुख के बेटे के घर में घुसे बदमाश, फायरिंग की

**ओटावा।** कनाडा से एक बार फिर बड़ी खबर आ रही है। अब यहां के सरे में एक जानेमाने मंदिर के प्रमुख के घर पर गोलीबारी की गई है। जानकारी के मुताबिक, मंदिर प्रमुख के घर में कुछ अज्ञात बदमाश घुस आए और ताबड़तोड़ फायरिंग की। सरे खालिस्तानी आतंकियों का कैंप माना जाता है। यहीं एक गुरुद्वारे के पास आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या कर दी गई थी। इसे लेकर प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने भारत पर गंभीर आरोप लगाए थे। हालांकि, भारत इन्हें खारिज करता रहा है और कनाडा मामले में कोई ठोस सबूत भी पेश नहीं कर पाया है।

घटना बीते बुधवार की बताई जा रही है। बताया गया कि बुधवार यानी 27 दिसंबर को सुबह करीब आठ बजे 80 एवेन्यू के 14900 ब्लॉक में फायरिंग की गई। सरे पुलिस के मुताबिक, जहां फायरिंग की गई, वह घर लक्ष्मीनारायण मुदिर के अध्यक्ष सतीश कुमार के बेटे का है। मीडिया रिपोर्ट्स में बताया गया है कि गोलीबारी में कोई घायल नहीं हुआ




है।

गौरतलब है कि उत्तरी अमेरिका और कनाडा में सक्रिय कुछ खालिस्तान समर्थक संगठन लगातार हिंदू मंदिरों में तोड़फोड़ की घटनाओं को अंजाम देते रहे हैं। खासकर कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया में इसी साल अगस्त में स्वामीनारायण मंदिर को निशाना बनाया गया था। मंदिर के गेट पर खालिस्तान जनमत संग्रह के पोस्टर लगा दिए गए, जिन पर खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की भी तस्वीर लगी है। पोस्टर में लिखा गया था कि कनाडा 18 जून की हत्या की घटना में भारत की भूमिका की जांच कर रहा है।

बता दें कि खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर, सरे के गुरुनानक सिख गुरुद्वारा साहिब का प्रमुख था। 18 जून की शाम गुरुद्वारा परिसर में ही दो अज्ञात बंदूकधारियों ने उसकी गोली मारकर हत्या कर दी थी। हरदीप सिंह निज्जर खालिस्तान टाइगर फोर्स का प्रमुख था।

# पाकिस्तान ने नये साल के जश्न पर लगाया प्रतिबंध

## काकर ने फलस्तीनियों के साथ एकजुटता का किया आह्वान

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के कार्यवाहक प्रधानमंत्री अनवारुल हक

**प्रतिबंध**

**पाकिस्तान सराकर ने गाजा में युद्ध का सामने कर रहे फलस्तीनी लोगों के साथ एकजुटता जताने के लिए देश में नये साल के जश्न पर प्रतिबंध लगा दिया है।**

काकर ने गुरुवार को राष्ट्र के नाम संबोधन में लोगों से फलस्तीनियों के साथ एकजुटता दिखाने और नये साल पर संयम और विनम्रता का परिचय देने का आग्रह किया। पाकिस्तान सराकर ने गाजा में युद्ध का सामने कर रहे फलस्तीनी लोगों के साथ एकजुटता जताने के लिए देश में नये साल के जश्न पर प्रतिबंध लगा दिया है। पाकिस्तान के कार्यवाहक प्रधानमंत्री अनवारुल हक काकर ने



गुरुवार को इसकी घोषणा की। राष्ट्र के नाम संबोधन में उन्होंने देशवासियों से फलस्तीनियों के साथ एकजुटता दिखाने और नये साल पर संयम और विनम्रता का परिचय देने का आग्रह किया। बता दें, पाकिस्तान में नये साल का जश्न बड़े पैमाने पर नहीं होता है, क्योंकि इस्लामी समूह शुरू से ही इसका विरोध करते रहे हैं और हिंसा का सहारा लेकर ऐसे आयोजनों को रोकने की कोशिश करते हैं।

काकर ने कहा कि फलस्तीन की गंभीर स्थिति को ध्यान में रखते हुए और हमारे फलस्तीनी भाइयों और बहनों के साथ एकजुटता दिखाने के लिए सरकार नये साल पर किसी भी तरह के आयोजन पर सख्त प्रतिबंध लगाएगी। उन्होंने कहा कि सात अक्तूबर को युद्ध शुरू होने के बाद से इस्राइली सेना के हमलों और बमबारी में अब तक 21,000 से अधिक फलस्तीनी मारे जा चुके हैं, जिनमें 9,000 बच्चे शामिल हैं। काकर ने कहा कि इस्राइली सेना ने गाजा में फलस्तीनियों के खिलाफ हिंसा और अत्याचार की सारी हदें पार कर दी है। पाकिस्तान के कार्यवाहक प्रधानमंत्री ने कहा कि गाजा और वेस्ट बैंक में मासूम बच्चों और निहत्थे फलस्तीनियों के नरसंहार से पाकिस्तान के साथ दुनिया भर के मुसलामन बेहद पीड़ा महसूस कर रहे हैं। काकर ने कहा कि पाकिस्तान ने फलस्तीनी नागरिकों के लिए दो सहायता पैकेज भेजे हैं और तीसरा पैकेज भेजने की तैयारी चल रही है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान फलस्तीन को समय पर सहायता मुहैया कराने और गाजा में मौजूद घायलों को निकालने के लिए जॉर्डन और मिस्र के साथ बातचीत कर रहा है। काकर ने कहा कि पाकिस्तान ने विभिन्न वैश्विक मंचों पर फलस्तीनी लोगों पर अत्याचार को उजागर करने की कोशिश की है और भविष्य में भी इस्राइल के नरसंहार को रोकने के लिए ऐसा करना जारी रखेगा।

# आम चुनाव के चलते बांग्लादेश में सुरक्षा बलों की 1151 प्लाटून तैनात, निष्पक्ष चुनाव कराने पर जोर

**ढाका।** बांग्लादेश के विपक्षी दलों द्वारा आम चुनाव के बहिष्कार और परिवहन नाकेबंदी के बीच बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश ने सुरक्षा बलों को देशभर में तैनात किया है। शुक्रवार को अर्धसैनिक सीमा रक्षकों की कुल 1,151 प्लाटून तैनात की गई है।

बांग्लादेश में सात जनवरी को होने वाले आगामी आम चुनाव को लेकर राजनीति दलों ने कमर कस ली हैं। सत्तारूढ़ समेत तमाम राजनीतिक दल लगातार लोगों को रिझाने के लिए सभा, रैलियां कर रहे हैं। इसी बीच, बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश ने शुक्रवार को अर्धसैनिक सीमा रक्षकों की कुल 1,151 प्लाटून तैनात की है। विपक्षी दल बीएनपी के बहिष्कार के बीच वाले आम चुनाव स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो इसके लिए जवानों को तैनात किया गया है।

बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश के जवान शुक्रवार से शुरू होने वाले मतदान के आसपास 13 दिनों तक पुलिस, रैपिड एक्शन बटालियन और सशस्त्र बलों के साथ मिलकर काम करेंगे। अर्धसैनिक बल ने मुताबिक, 29 दिसंबर से 10 जनवरी तक ढाका सहित देश भर के निर्वाचन क्षेत्रों में सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए



बीजीबी एक मोबाइल और स्ट्राइकिंग बल के रूप में काम करेगा। चुनाव के बाद कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए सेना के जवानों को तीन जनवरी से 10 जनवरी तक पूरे देश में तैनात किया जाएगा।

पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया की बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी(बीएनपी) लगातार चुनाव का विरोध कर रही है, जिसके लिए वह चुनाव विरोधी अभियान चला रही है। इस प्रदर्शन के तहत हड़ताल, नाकाबंदी का आह्वान किया गया है। विपक्ष का आरोप है कि मौजूदा प्रधानमंत्री शेख हसीना के रहते कभी भी देश में निष्पक्ष चुनाव ही नहीं हो सकता है। सरकार का विरोध करते हुए बीएनपी ने प्रधानमंत्री शेख हसीना की नेतृत्व वाली सरकार के खिलाफ सविनय अवज्ञा का आह्वान किया है, जिसके तहत करों और उपयोगिता बिलों का भुगतान नहीं करने का आग्रह किया है।

29 अक्तूबर से ही प्रमुख विपक्षी दल बीएनपी देशव्यापी हड़ताल और परिवहन नाकेबंदी कर रहा है। पिछले दो माह में बांग्लादेश में राजनीतिक हिंसा में 11 लोगों की मौत हो गई हैं, जबकि 389 वाहनों को आग लगा दी गई हैं। पुलिस ने हिंसा के चलते कई बीएनपी के कार्यकर्ताओं और नेताओं को गिरफ्तार किया है, जिसमें बीएनपी के महासचिव मिर्जा फखरूल इस्लाम आलमगीर भी शामिल थे।

## पुलिस ने गिरफ्तार किया भारतीय-कनाडाई व्यक्ति

**टोरंटो।** कनाडा के डरहम और ग्रेटर टोरंटो क्षेत्र में हिंदू मंदिरों में चोरी करने के आरोप में एक भारतीय-कनाडाई व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने यह जानकारी दी।

हालांकि, डरहम पुलिस ने गुरुवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि ये मामले घृणा अपराध (हेट क्राइम) या घृणा से प्रेरित प्रतीत नहीं होते हैं। पुलिस ने व्यक्ति की पहचान ब्राम्पटन शहर के जगदीश पंढेर (41 वर्षीय) के रूप में की है। विज्ञप्ति के मुताबिक, चोरी की घटना आठ अक्तूबर को पिकरिंग में बेली स्ट्रीट और कोस्नो बुलेवार्ड इलाके में हुई। उसी दिन सुबह आठ बजे पुलिस ने मंदिर में घुसी। सुरक्षा कैमरों में पंढेर को मंदिर में घुसते और दान पत्रों से बड़ी मात्रा में नकदी निकालते हुए देखा गया था। पुलिस के पहुंचने से पहले ही वह इलाके से फरार हो गया था। पुलिस का कहना है कि संदिग्ध को साल भर हिंदू मंदिरों में घुसते और चोरी करते देखा गया है। उन्होंने कहा, ये दरवाजा तोड़कर घुसने की घटनाएं डरहम क्षेत्र और ग्रेटर टोरंटो क्षेत्र के आसपास हुईं।

# डीएम की अध्यक्षता में ग्राम पंचायत नेवादा में जन चौपाल का किया गया आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर।** जिलाधिकारी अनुज कुमार झा की अध्यक्षता में विकास खण्ड सिरकोनी की ग्राम पंचायत नेवादा में जन चौपाल का आयोजन किया गया। जन चौपाल में जिलाधिकारी के द्वारा राजकीय आजीविका संवर्धन केंद्र एवं पंचायत भवन का फीता काटकर उद्घाटन किया गया। जन चौपाल में आयुष्मान कार्ड सहित कृषि विभाग, समाज कल्याण विभाग, पशुपालन विभाग के द्वारा संचालित योजनाओं के सम्बन्ध में विस्तार से जानकारी दी गयी।

जिलाधिकारी के द्वारा बारी-बारी से शासन के द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा की गयी। जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी के द्वारा गर्भवती हिमांशी एवं कोमल की गोद भराई की गयी और रौनक, पीहू को अन्नप्राशन कराया गया। उन्होंने सृष्टि को पोषण किट प्रदान किया। सृष्टि पहले कुपोषित बच्ची थी जिसे 15 दिन एनआरसी में भर्ती कराया गया था। ग्राम पंचायत नेवादा में कल 12 ट्रांसफार्मर संचालित है विद्युत आपूर्ति में कोई समस्या नहीं हो रही है। 01 सामुदायिक शौचालय संचालित है। गांव में 14 हैंडपंपों में एक हैंडपंप खराब है, जिसे ठीक करने के निर्देश जिलाधिकारी के द्वारा दिए गए। गांव में 86 को वृद्धा पेंशन, 62 को विधवा पेंशन, 18 को दिव्यांग पेंशन दी जा रही है। कुल 945 पशुओं का टीकाकरण हुआ है। खाद्यान्न का वितरण शासन की गाइडलाइन के अनुसार किया जा रहा है, जिसके संबंध में ग्रामीणों के द्वारा कोई शिकायत नहीं की गई। 466 किसानों को किसान सम्मान निधि नियमित रूप से प्राप्त हो रही है, पांच का ई-केवाईसी होना अवशेष है जिसे जल्द से जल्द करने के निर्देश जिलाधिकारी के द्वारा दिए गए। गांव में पुराना विद्यालय है जो जर्जर है जिसे एबीएसए को नियमानुसार निस्प्रयोज्य घोषित करते हुए कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। गांव में 72 परिवारों का आयुष्मान कार्ड बनाया गया है 08 परिवार अभी अवशेष है जिन परिवारों को भी शीघ्र संतृप्त करने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने सुपरवाइजर एव बीएलओ से गांव में मृतक वोटरों की संख्या की जानकारी ली और निर्देश दिया कि मृतक वोटरों का नाम हटाया जाए। इस दौरान अधिकारियों के द्वारा कम्बल वितरण भी किया गया। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी वी.के. यादव, परियोजना निदेशक जयकेश त्रिपाठी, खंड विकास अधिकारी अस्मिता सिंह सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## 5वें राष्ट्रीय जल पुरस्कार के लिए 31 तक करें आवेदन

**प्रयागराज।** जल शक्ति मंत्रालय के जल संसाधन, नदी विकास और गंगा कायाकल्प विभाग ने राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल पर 5वें राष्ट्रीय जल पुरस्कार 2023 की शुरूआत की है। जिसकी आवेदन की अंतिम तारीख अब 31 दिसंबर हो गई है। जिला गंगा समिति सचिव एवं प्रभागीय वनाधिकारी महावीर कौजलगी ने बताया कि 5वें राष्ट्रीय जल पुरस्कार हेतु चिह्नित श्रेणियों बेस्ट डिस्ट्रिक्ट, बेस्ट ग्राम पंचायत, बेस्ट नगर निकाय, बेस्ट स्कूल और कॉलेज, बेस्ट इंस्टीट्यूट, बेस्ट इंडीज्युक्ल फॉर एक्सीलेंस, बेस्ट इंडस्ट्री, बेस्ट सिविल, बेस्ट वाटर यूजर एसोसिएशन आदि के लिए आवेदन किए जाए। आवेदन पोर्टल पर 31 दिसंबर तक आवेदन किए जाएंगे। एशा सिंह ने बताया कि भारत सरकार द्वारा जल संरक्षण एवं प्रबंधन के क्षेत्र में यथा-भूजल वृद्धि, रिचार्ज, रेन वाटर हार्वेस्टिंग, रिसाइकलिंग, रीयूज आदि में किये गये उत्कृष्ट कार्य एवं प्रयास के लिए व्यक्तियों और संस्थाओं, संगठनों को पहचान दिलाते हुए सम्मानित जाने तथा अधिक से अधिक लोगों के मध्य जल संरक्षण के लिए जन जागृति उत्पन्न किये जाने के उद्देश्य से इन पुरस्कारों को प्रदान किया जाना है।

# अयोध्या से आए अक्षत को स्वयंसेवक घर-घर पहुंचाएंगे



अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर (मछलीशहर)** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा 22 जनवरी को श्रीरामजन्मभूमी पर होने वाले प्राण प्रतिष्ठा के लिए बृहद जनसंपर्क की योजना तैयार करके अयोध्या से आये पूजित अक्षत को 9 खंडों के 881 ग्राम पंचायतों तथा 4 नगर पंचायतों सहित नगर पालिका मुंगरा के प्रत्येक घर तक निमंत्रण स्वरूप पहुंचाने का निश्चय किया है । जिले स्तर पर 42 कार्यकर्ताओं की, नगर/खंड स्तर पर 30 कार्यकर्ता,110 न्यायपंचायत/बस्तीयों के स्तर पर 20 कार्यकर्ताओं की योजना बनाकर प्रत्येक गांव में 5-5 कार्यकर्ताओं की टोली बनाकर हर घर जाने की योजना तैयार किया है । कोई भी घर न छूटे इसकी व्यापक योजना तैयार किया है । जिला प्रचारक प्रभात जी ने बताया कि यह कोई कार्यक्रम नहीं बल्कि अपने जीवन को सफल बनाने का उपक्रम स्वयं भगवान ने हम सभी कार्यकर्ताओं को दिया है, जिसे युद्ध स्तर पर अपने कमर को कसकर के सभी कार्यकर्ताओं को करना है। पूजित अक्षत सभी स्थानों पर पहुंच चुका है, पूरा समाज उत्साहित है 1 जनवरी से विधिवत यह अभियान प्रारंभ हो जाएगा।

## मंडलायुक्त ने किया राजकीय धान क्रय केंद्र का औचक निरीक्षण

**प्रयागराज।** मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत ने आज राजकीय धान क्रय केंद्र, करछना का औचक निरीक्षण किया। जिसके दौरान क्रय केंद्र पर की जा रही धान खरीद के संबंध में वहां के प्रभारी राकेश सिंह से सभी आवश्यक जानकारी ली। केंद्र पर क्रय किए गए धान की रखी बोरियों की रेंडम रूप से तौल करायी गई, जो कि मानक के अनुरूप मिली। केंद्र पर बोरियों को खुले में रखा हुआ देख मंडलायुक्त ने खासी नाराजगी व्यक्त की तथा सभी बोरियों की गिनती करते हुए उन्हें सुव्यवस्थित ढंग से रखने के निर्देश दिए। केंद्र पर धान विक्रय हेतु आ रहे किसानों की जानकारी लेते हुए वहां पर किसानों की आवक न होने पर उन्होंने आश्चर्य जताया। साथ ही संबंधित रजिस्टर की भी जांच करते हुए प्रभारी अधिकारी से क्रय करने के पश्चात धन को किन मिलों में भेजा जाता है उसके बारे में पूंछा। केंद्र प्रभारी द्वारा दी गई जानकारी को क्रॉस चेक करने के दृष्टिगत उन्होंने संबंधित मिल का औचक निरीक्षण किया।

# दबंगों ने किया जमीन पर कब्जा और गिरा दी बाउंड्री वॉल

अवधनामा संवाददाता

दो नामजद सहित 12 लोगों पर मुकदमा दर्ज

**प्रयागराज।** मुट्ठी गंज में ज़मीन कब्ज़ा और जबरजस्ती बाउंड्री वॉल गिराने पर इलाके के दबंग शहजाद सहित 12 लोगो पर मुट्ठीगंज थाने में मुकदमा दर्ज हुआ है। पीड़ित विकलांग है वो अपनी पुस्तैनी ज़मीन पर निर्माण करा रहा था तभी शहजाद और उसके साथियों ने रंगदारी मांगी। नही देने पर पीड़ित असलम को पीटा और बाउंड्री वॉल को गिरा दिया। पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच कर रही है।

उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने एक अभियान चला कर माफियाओं और भू माफियाओं पर शिकंजा कसा है। जिसका सबसे ज़्यादा असर प्रयागराज में देखने को मिला है। लेकिन गली मोहल्ले में आज भी छोटे छोटे दबंग अपनी कारस्तानियों से बाज़ नही आ रहे है। ताज़ा मामला प्रयागराज के मुट्ठी गंज के कटघर का है। एक विकलांग शख्स मोहम्मद असलम अपनी पुस्तैनी ज़मीन पर निर्माण करा रहा था। तभी इलाके का ही दबंग शख्स शहजाद अपने दर्जनों साथियों को लेकर पहुँच गया और ज़मीन पर निर्माण कराने के एवज में 2 लाख रुपये मांगने लगा। नही देने जान से हाथ धो बैठने की धमकी भी दी। इस पर पीड़ित असलम ने शाहजाद के हाथ पैर जोड़े लेकिन वो नही माना। इस दौरान शहजाद ने अपने साथियों के साथ मिलकर गरीब विकलांग की दीवार गिरा दी और पीड़ित को धमकाया की कुछ भी बनवाया तो अंजाम बुरा होगा।

पीड़ित असलम ने अपनी ज़मीन को बचाने के लिए कई स्थानीय नेताओं से भी गुहार लगाई लेकिन दबंग शख्स शहजाद और शजनावज़ के डर से कोई सामने नही आया। पीडित असलम ने इस मामले की शिकायत मुट्ठीगंज थाना प्रभारी सुनील वाजपेयी से की तो पुलिस ने मौके पर जाकर जांच की जिसमे आरोप सही पाए गए। पीड़ित विकलांग असलम की शिकायत पर शहजाद अली, आफताब, आज़ाद, अलमास अली, ऐश, महिला सन्नो नौसो, शाहनवाज़ और निदा सहित 10 अज्ञात के खिलाफ गंभीर धराओ में मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोप है कि इलाके का दबंग शहजाद इलाके में कहीं भी मकान बनता है उससे रंगदारी की वसूली करता है। थाने पर इससे पहले भी इस तरह के मामले की शिकायत कई बार की गई है।

## भू-माफिया के विरुद्ध कार्रवाई की मांग

**आजमगढ़।** पीडित महिला ने जिला प्रशासन व मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र भेजकर भू-माफिआओं के खिलाफ कार्यवाही किए जाने की मांग किया है। भेजे गए शिकायती पत्र में जनपद के सगड़ी के चालाकपुर गांव निवासिनी राधिका पत्नी गुदई ने आरोप लगाया कि गांव के ही आराजी नंबर 404मि0 रकबा 435 हे0 में 28 कड़ी का बैनामा श्यामपियारी पत्नी नवमी यादव ने फर्जी तरीके से बिना मुआवजा दिए ही करा लिया है। इसके बाद जबरन हुए बैनामा की भूमि को किसी और को कर दिया गया जबकि उक्त जमीन का अभी तक पारिवारिक बंटवारा नहीं हुआ है, जिसके लाभ उठाते हुए दबंग किस्म के भू-माफिआओं ने अधिक से अधिक जमीन पर कब्जा करा रहे है। पीड़िता के मना करने पर उसके जानमाल की धमकी दी जा रही है। इसी को लेकर पीडिता ने मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र भेजकर कार्यवाही की मांग की है।

# दस सहायक पुलिस आयुक्तों को मिला नया कार्य प्रभार

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** पुलिस कमिश्नर रमित शर्मा ने दो नवागत सहायक पुलिस आयुक्तों सहित 10 को नया कार्य प्रभार दिया है। रमित शर्मा ने नवागन्तुक सहायक पुलिस आयुक्त चिराग जैन (आईपीएस) के आगमन के पश्चात उन्हे सहायक पुलिस आयुक्त, थरवई स्थानान्तरित किया गया है। नवागन्तुक सहायक पुलिस आयुक्त पुष्कर वर्मा (आईपीएस) के आगमन के पश्चात उन्हे सहायक पुलिस आयुक्त, अतरसुइया/ लाइन्स/ भवन स्थानान्तरित किया गया है। नवागन्तुक सहायक पुलिस आयुक्त विवेक यादव के आगमन के पश्चात उन्हे सहायक पुलिस आयुक्त, कौंधियारा स्थानान्तरित किया गया है। नवागन्तुक सहायक पुलिस आयुक्त रवि कुमार गुप्ता के आगमन के पश्चात उन्हे सहायक पुलिस आयुक्त, मेजा स्थानान्तरित किया गया है। विमल किशोर मिश्र को सहायक पुलिस आयुक्त, मेजा से सहायक पुलिस आयुक्त, झूंसी/कार्यालय/महिला अपराध/ अपराध स्थानान्तरित किया गया है। इसी क्रम में संजय कुमार सिंह को सहायक पुलिस आयुक्त, अतरसुइया से सहायक पुलिस आयुक्त, करछना स्थानान्तरित किया गया है। संतलाल सरोज को सहायक पुलिस आयुक्त, कौंधियारा से सहायक पुलिस आयुक्त, बारा स्थानान्तरित किया गया है। पंकज लवानिया को सहायक पुलिस आयुक्त, सोरांव से सहायक पुलिस आयुक्त, हण्डिया स्थानान्तरित किया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### ईवीएम और वीवीपैट वेयर हाउस का डीएम ने किया निरीक्षण

**जौनपुर।** जिलाधिकारी अनुज कुमार झा द्वारा ईवीएम और वीवीपैट वेयर हाउस का त्रैमासिक निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी ने ईवीएम एवं वी.वी. पैट के रख-रखाव के सम्बन्ध में जानकारी ली और संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि आयोग की गाइडलाइन का शत-प्रतिशत पालन किया जाए, जिसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न की जाए। इस दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व राम अक्षयवर चौहान, प्रभारी निर्वाचन अधिकारी बृजेश चतुर्वेदी सहित राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### सांड़ के आतंक से निजात दिलाने की जिलाधिकारी से मांग, सांड़ के हमले से कई लोग गंभीर रूप से घायल

**जौनपुर।** जलालपुर क्षेत्र के कोरी गांव में एक सांड़ ने आतंक मचा रखा है। वह कोरी निवासी संतोष कुमार सिंह के ऊपर जानलेवा हमला कर चुका है जिससे संतोष को गंभीर चोटे आई। रामचंद्र राजभर भी उसके हमले से गंभीर रूप से घायल हो गए। जीवन में मृत्यु के बीच संघर्ष कर रहे हैं।कोरी गांव से सटी ग्राम सभा जेठपुरा में एक गाय व बछिया को भी हमला कर मार डाला है। उसके आतंक से लोगों का घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है।अशोक कुमार सिंह एडवोकेट एवं अन्य ग्राम वासियों ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर आतंक मचाने वाले सांड़ को पकड़वाकर बाड़े में बंद करवाने की मांग किया है जिससे ग्राम वासियों की जान माल की सुरक्षा हो सके।

### गुफ़्तगू में 'दास्तान-ए-अदीब' कॉलम की शुरूआत



पद्मश्री शम्सुर्रहमान फ़ारूक़ी से होगा इसका शुभारंभ

**प्रयागराज।** हिन्दी त्रैमासिक पत्रिका 'गुफ़्तगू' में 'दास्तान-ए-अदीब' कॉलम की शुरूआत की जा रही है। इस कॉलम में दिवंगत हो चुके किसी बड़े साहित्यकार के बेटा, बेटी या अन्य किसी परिजन से मिलकर उनके निजी जीवन की बातों को एकत्र करके प्रकाशित किया जाएगा। मसलन वह अपने बच्चों की पढ़ाई, उनके साथ दिनचर्या, उनके घ्साथ घूमना आदि कैसे करते थे। किस वक्त़ और कैसे लेखन करते थे। क्या खाना-पीना पसंद करते थे। बच्चों ने जब होश संभाला तो अपने पिता को किस रूप में देखा आदि-आदि बातें का उल्लेख इस कॉलम में होगा।

### बच्चों को वितरित किया गया मोबाइल

**आजमगढ़।** हरबंशपुर स्थित सर्वोदय महिला डिग्री कालेज के प्रांगण में दिन शुक्रवार को भारत सरकार की तरफसे मोबाइल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रीकृष्णपाल, जिलाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी, आजमगढ़, विशिष्ट अतिथि प्रेम प्रकाश राय, सदस्य विकास प्राधिकरण आजमगढ़ एवं पूर्व जिलाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी, विद्यालय के संस्थापक व प्रबंधक राजेन्द्र प्रसाद यादव तथा पंकज सिंह, जिला कार्यसमिति सदस्य ने संयुक्त रूप से माँ सरस्वती की प्रमिता पर पुष्पार्चना एवं दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम की शुरूआत की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रीकृष्णपाल तथा विशिष्ट अतिथि प्रेम प्रकाश राय का संस्था के संस्थापक राजेन्द्र प्रसाद यादव ने शाल व प्रतीक चिन्ह प्रदान कर स्वागत व अभिनन्दन किया।

# तपोमूर्ति थे संत शिरोमणि मौनी बाबा: भवानीनन्दन यति

अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** गहजी माँ शारदा स्नात्तकोत्तर महाविद्यालय में बुधवार को भव्य समारोह में ब्रह्मलीन संत शिरोमणि श्री श्री 1008 श्री मौनी बाबा रामलाल दास जी की सातवीं पुण्यतिथि मनाई गई, इस दौरान नि:शक्त जनों को कम्बल वितरित भी किया गया। इस अवसर पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में हथियाराम मठ के महंत महामंडलेश्वर भवानीनन्दन यति महाराज ने ब्रह्मर्षि मौनी बाबा रामलाल दास जी महाराज को चमत्कारी सिद्धियों का स्वामी बताते हुये कहा कि ऐसे संत मिल जाये तो भगवंत के मिलने में विलम्ब नहीं है, उन्होंने कहा कि मौनी बाबा तपोमूर्ति थे और सदैव परोपकार में लगे रहते थे। यति जी ने गहजी के सम्पूर्ण क्षेत्र को अत्यंत ऊर्जावान बताया और कहा कि मौनी बाबा के गुरुतत्व से अभी भी लोगों का कल्याण होता रहता है। विद्यालय के प्रबंधक फौजदार सिंह, प्राचार्य डॉ. दिवाकर सिंह, संजय सिंह ने लोगों का स्वागत किया, मौके पर अरुण कुमार सिंह आई पी एस, सत्यव्रत ब्रह्मचारी, स्वामी रामकृष्ण दास, विधायक संग्राम यादव, प्रभुनारायण पाण्डेय प्रेमी पंडित सुभाष चंद्र तिवारी कुंदन, बमबम गिरि, राममिलन सिंह, मुन्ना बाबा बाबा, संजय पाण्डेय, अशोक पाठक, रवि बाबा, सहित अनेक स्थान के साधु, संत और भारी संख्या में लोग मौजूद रहे। संचालन सानंद सिंह ने किया।

# प्रयाग व्यापार मंडल की कोर कमेटी की हुई बैठक

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** प्रयाग व्यापार मंडल की कोर कमेटी की एक महत्वपूर्ण बैठक सिविल लाइंस स्तिथ होटल मिलन पैलेस में सम्पन्न हुई।सर्वप्रथम कार्यवाहक अध्यक्ष राणा चावला जी के आवास पर हुई पिछली बैठक में हुए फ़ैसलों व चर्चाओं पर गम्भीर चिंतन हुआ। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के तत्वावधान में 03 मार्च को होने वाले आगामी प्रदेश स्तरीय चुनाव पर चर्चा हुई।

कोविड काल के बाद से किन्ही कारणवश प्रयाग व्यापार मंडल का एतिहासिक होली मिलन समारोह नही सम्पन्न हो पा रहा था। जिसको इस वर्ष पूर्व की भाती सभी प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में मनाए जाने के सुझाव आए।

इस अवसर पर एक ज्ञापन प्रदेश सरकार के जंप्रतिनिधियों को देने का भी सुझाव आया जिसमें विद्युत विभाग की तरह नगर निगम के कमर्शियल गृहकर व जलकल में एक मुश्त समाधान योजना लागू करवाने का प्रयास किया जाए जिससे जनपद प्रयागराज के व्यापारियों को राहत मिल सकें। आनलाइन बाज़ार का भी विरोध किया गया।

इस बैठक में नव वर्ष के उपलक्ष में प्रयाग व्यापार मंडल से सम्बद्ध जनपद प्रयागराज की सभी इकाइयों के पदाधिकारियों के साथ एक बैठक करके आगामी वर्ष में होने कार्यक्रमों को सूचारु रूप से सम्पन्न करवाने की लिए भी विचार रखा गया।

तत्पश्चात् प्रयाग व्यापार मंडल के कोषाध्यक्ष उमेश केसरवानी जी के अस्वस्थ होने के कारण से कोषाध्यक्ष का कार्यभार प्रयाग व्यापार मंडल के वरिष्ठ सदस्य सरदार जतिंदर सिंह बब्बू को उनके स्वस्थ होने तक के लिए सौंपा गया।

इस अवसर पर प्रयाग व्यापार मंडल के कार्यवाहक अध्यक्ष राणा चावला, महामंत्री सोहैल अहमद, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अरुण केसरवानी, जिलमहिला अध्यक्ष अवंतिका टंडन, महामंत्री पल्लवी अरोरा, हिना खान, गुरुचरण अरोरा चन्नी, पश्चिमी महासंघ अध्यक्ष अखिलेश सिंह , सरदार हरजिंदर सिंह विक्की, सरदार प्रीतम सिंह, धनंजय सिंह, इंद्रा मध्यान, राजीव नैयर, श्याम केसवानी, अशोकी अरोरा, सुरेश गुप्ता, राजेश गुप्ता, सरदार दलजीत सिंह बंटी, शाहिद कमाल बबलू, अनुज अग्रवाल नैनी, अम्बरीश खुराना, सरदार परमजीत सिंह, अनिल दुबे अन्नु, निखिल मलंग, सत्यपराकश मिश्रा, मो अकरम, पार्षद साहिल अरोरा उपस्थित रहे।

# डीएम ने बांटे कंबल, परखी रैन बसेरों की व्यवस्था

जिलाधिकारी ने कहा कि कोई भी व्यक्ति खुले आसमान के नीचे न सोए

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल ने गुरूवार को देर रात शहर के विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण कर निराश्रित व बेसहारा लोगो को ठण्ड से बचाव हेतु कम्बल का वितरण किया। जिलाधिकारी ने कटरा, हाईकोर्ट के पास ओवरब्रिज के नीचे, प्रयागराज जंक्शन के पास व अन्य स्थलों पर भ्रमण कर वहां खुले स्थानों पर सो रहे लोगो को कम्बल का वितरण करते हुए उन लोगो को शहर में विभिन्न स्थानों पर बनाये गये रैन बसेरों में ही सोने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति खुले आसमान के नीचे न सोए। जिलाधिकारी ने प्रयागराज जंक्शन के पास नुरूल्ला रोड़ पर बने स्थायी रैन बसेरे का भी निरीक्षण किया। वहां पर उन्होंने व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी लेते हुए रह रहे लोगो से बातचीत भी की। लोगो के द्वारा व्यवस्था ठीक होने के बारे में बताया गया। रैन बसेरे के केयरटेकर के द्वारा बताया गया कि इस रैन बसेरे में कुल 40 लोगो के रहने की व्यवस्था है, जिसमें वर्तमान समय में कुल 26 लोग रह रहे है। जिलाधिकारी ने वहां पर रजिस्टर का भी अवलोकन किया। उन्होंने केयरटेकर को साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था बनाये रखने के साथ-साथ वहां मास्क, सैनेटाइजर की भी व्यवस्था रखने के निर्देश दिए है। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व जगदम्बा सिंह, उप जिलाधिकारी सदर अभिषेक कुमार सिंह, तहसीलदार सदर रवीन्द्र प्रताप सिंह सहित अन्य सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## जिला एथलेटिक्स चौंपियनशिप 2023-24 को सांसद ने दिखाई हरी झंण्डी

**आजमगढ़।** जिला एथलेटिक्स संघ के तत्वाधान में जिला एथलेटिक्स चौंपियनशिप 2023-24 का आयोजन शुक्रवार को सुखदेव पहलवान स्पोर्ट्स स्टेडियम में किया गया। प्रतियोगिता में लगभग 400 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। सीनियर वर्ग बालक 800 मीटर प्रथम स्थान अरविंद कनौजिया, सीनियर बालिका प्रथम किरण वर्मा 3000 मीटर बालक प्रथम रजनीश राय बालिका वर्ग में प्रथम दीपा चौहान जूनियर वर्ग बालक 2000 मीटर प्रथम अभिषेक यादव जूनियर वर्ग बालिका प्रथम काजल जूनियर बालिका 100 मीटर प्रथम आंचल ने बाजी मारी। प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि सांसद दिनेश लाल यादव निरहुआ ने झंडी दिखाकर किया। उन्होने खिलाड़ियों का जमकर उत्साह वर्धन करते हुए खिलाड़ियों का सहयोग करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि परिश्रम सफ्लता की पूंजी होती है। बिना परिश्रम के लक्ष्य को प्राप्त नहीं किया जा सकता, जब तक लक्ष्य निर्धारित नहीं किया जा सकता है तब तक लक्ष्य की प्राप्ति नहीं हो सकती। इसी प्रकार आप अपने जनपद प्रदेश व देश का नाम रोशन करिए। संघ के सचिव एसके सत्येन ने बताया कि प्रतियोगिता विगत कई वर्षों से आयोजित होती आ रही है। उन्होंने खिलाड़ियों को बताया कि इस प्रतियोगिता में चयनित खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में शामिल होंगे।

# पदोन्नति विसंगतियों को लेकर शिक्षक संघ हुआ मुखर



अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** पदोन्नति विसंगतियों एवं अन्य शिक्षक समस्याओं को लेकर उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक जिला आजमगढ़ द्वारा जिलाध्यक्ष सुरेंद्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में बीएसए कार्यालय के बाहर शुक्रवार को धरना प्रदर्शन किया गया। धरने को संबोधित करते हुए पूर्व प्रांतीय महामंत्री वेदपाल सिंह ने कहाकि लगभग आठ वर्षो से शिक्षकों को पदोन्नति के नाम पर बरगलाया जा रहा है। जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र प्रताप सिंह ने कहाकि अनुसूचित संवर्ग के शिक्षकों के चयन वेतनमान का मामला जानबूझकर बीएसए द्वारा लटकाया जाना दुर्भाग्यपूर्ण है। आगे कहाकि अनुसूचित संवर्ग के शिक्षक शिक्षिकाओं को पदोन्नति में उनके वर्तमान कार्यरत् विद्यालयों पर ही पदस्थापित किया जाय। जिसको लेकर लगातार संगठन संघर्षरत् है।

जिलामंत्री जितेन्द्र कुमार राय ने कहाकि पदोन्नति प्रक्रिया में 176 पदों को मनमाने तरीके से छिपाया गया। यदि शेष 176 पदों की सूची में शामिल नहीं नहीं किया जाता है तो संघ शिक्षकों को न्याय दिलाने के लिए क्रमिक अनशन करने को बाध्य होगा।

प्रांतीय मंत्री उमाशंकर सिंह ने कहाकि संघर्ष के बल पर ही हर लड़ाई जीता जा सकता हैं, अगर शिक्षक समस्याओं का त्वरित निस्तारण नहीं हुआ तो संघ चुप नहीं बैठेगा। संचालन जिलामंत्री जितेन्द्र राय ने किया। धरने में मंजूलता राय, डा राजेश सिंह, प्रमोद लाल, अवधराज, राजेश कुमार, डा चंद्रभान सिंह, विनोद यादव, शिवप्रकाश चौबे, नागेन्द्र दुबे, संजय राय, रामाशीष राय, पुरंदर यादव, अनंत राय, प्रेमनरायन सिंह, हरिप्रसाद सिंह, केदारनाथ वर्मा, हरेन्द्र यादव, कमलेश यादव, रणंजय सिंह, भूपनरायन सिंह, अनिल सिंह, रामजनम यादव, जितेन्द्र सोनी, राजमणि शर्मा, सुनीता सिंह, शोभनाथ, जयशंकर सिंह, रवीन्द्र यादव, साधेराम यादव, पंकज सिंह, विकास सिंह आदि मौजूद रहे।

# छात्र नेता का रोक क्रेट का प्रवेश पत्र, परीक्षा से किया वंचित

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** इलाहाबाद विश्व विद्यालय प्रशासन ने छात्र नेता अजय सम्राट का क्रेट प्रवेश पत्र रोक दिया है। इसके साथ ही उन्हें प्रवेश परीक्षा में बैठने की अनुमति भी नहीं दी।

इलाहाबाद विश्वविद्यालय में 30 दिसंबर को क्रेट प्रवेश परीक्षा होनी है। छात्र नेता अजय यादव सम्राट ने क्रेट के लिए फॉर्म 1800 रुपए देकर फॉर्म डाला परंतु विश्वविद्यालय प्रशासन ने अजय सम्राट का प्रवेश पत्र रोक दिया। इसको लेकर छात्र नेता अजय सम्राट ने विश्वविद्यालय प्रशासन को पत्र लिखकर प्रवेश पत्र जारी करने तथा परीक्षा में बैठने की अनुमति मांगी। लेकिन विश्वविद्यालय ने तानाशाही की प्रकाष्ठा पार करते हुए दिए गए पत्र के नजरअंदाज कर दिया। जिससे छात्र नेता अजय सम्राट परीक्षा देने से वंचित रह गए। विश्वविद्यालय प्रशासन के इस रवैए से छात्रों में व्यापक आक्रोश छात्रों ने अल्टीमेटम दिया कि विश्वविद्यालय प्रशासन जिस तरीके से छात्रों को अपराधी बन रहा है, व्यक्तिगत टारगेट करके उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहा है, आने वाले समय में छात्र इनको मुंहतोड़ जवाब देगा। अजय सम्राट ने कहा जब विश्वविद्यालय प्रशासन को मुझे प्रवेश परीक्षा से रोकना था तो फॉर्म का 1800 रुपए फीस क्यों काटी गई।

# तीन दिवसीय प्रतियोगिताओं का शुभारंभ

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** केसरवानी वैश्य सभा के तीन दिवसीय साहित्य कला विज्ञान बाल नृत्य एवं फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का उद्घाटन करते हुए सभा के अध्यक्ष, वरिष्ठ भाजपा नेता अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय तथा पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय भारत सरकार के सदस्य राम जी केसरवानी ने कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं की प्रतिभा को निकालने के लिए सभा केसरवानी समाज के बच्चों को एक मंच प्रदान करती है। केसरवानी वैश्य सभा धर्मशाला बहादुरगंज में 29 से 31 दिसंबर तक आयोजित इस प्रतियोगिता के प्रथम दिन चित्रकला , निबंध , विज्ञान क्विज लिखित , सामान्य ज्ञान लिखित एवं वाद विवाद की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया प्रतियोगिता को चार वर्गों में बाल वर्ग, किशोर ए वर्ग, किशोर बी वर्ग, युवा वर्ग में आयोजित किया गया जिसमें लगभग 600 बच्चों ने बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता के संयोजक बैजनाथ केसरवानी ने बताया कि प्रतियोगिता का निष्पक्ष निर्णय करने के लिए हम लोग बाहर के विद्यालयों के योग्य शिक्षकों को ही निर्णायक की भूमिका निभाने के लिए बुलाते हैं तथा समाज के प्रतिभाशाली बच्चों को इस मंच के द्वारा सम्मानित करने का कार्य भी किया जाता है। प्रतियोगिता के सफल संचालक में धर्मशाला अध्यक्ष रजनीश केसरवानी, प्रबंधक रवि गुप्ता, सभा के प्रमुख मंत्री सुनील केसरवानी, डॉक्टर अशोक गुप्ता, दिनेश गुप्ता बेली, हरिश्चंद्र गुप्ता भाई जी, सत्य प्रकाश केसरवानी, विनोद केसरी, संगम लाल केशरवानी, राकेश केसरवानी, सुभाष केसरवानी, महेश केसरी, नंदकिशोर, अनूप केशरवानी, जयप्रकाश केसरवानी आदि ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# ऋण खातों में दंड शुल्कः आरबीआई ने कहा संशोधित मानदंडों को लागू करे बैंक और एनबीएफसी




**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को बैंकों और गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) को कहा है कि वह ऋण खातों में दंडात्मक शुल्क लगाने के संशोधित नियमों को जल्द से जल्द लागू करे। केंद्रीय बैंक ने इसके लिए उन्हें तीन महीने का और समय दिया गया है। आरबीआई ने अगस्त में उचित ऋण प्रथा-ऋण खातों में दंडात्मक शुल्क पर एक सर्कुलर जारी किया था और इसे एक जनवरी, 2024 से लागू होना था। हालांकि, रिजर्व बैंक ने कहा, कुछ विनियामक इकाइयों (आरई) द्वारा अपनी आंतरिक प्रणालियों को फिर से व्यवस्थित करने और सर्कुलर को लागू करने के लिए कुछ स्पष्टीकरण और अतिरिक्त समय मांगा गया था। जिस पर विचार करते हुए निर्देशों के क्रियान्वयन की समयसीमा को तीन महीने तक बढ़ाने का फैसला लिया गया है। इसके मुताबिक, विनियमित संस्थाओं को यह सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है कि एक अप्रैल, 2024 से प्राप्त सभी नए ऋणों के संबंध में निर्देशों को लागू किया जाए। इन संस्थाओं में बैंक और एनबीएफसी शामिल हैं। मौजूदा ऋणों के मामले में आरबीआई ने कहा कि नई दंडात्मक शुल्क व्यवस्था को एक अप्रैल, 2024 को या उसके बाद पड़ने वाली अगली समीक्षा/नवीकरण तारीख पर सुनिश्चित किया जाना चाहिए, लेकिन यह 30 जून, 2024 के बाद नहीं होना चाहिए। आरबीआई, एनबीएफसी द्वारा राजस्व बढ़ाने के साधन के रूप में दंडात्मक ब्याज का इस्तेमाल करने को लेकर चिंतित था। इसलिए उसने 18 अगस्त को मानदंडों में संशोधन किया था। जिसके तहत ऋणदाता ऋण के पुनर्भुगतान में चूक के मामले में केवल उचित दंड शुल्क लगा सकेंगे। इसमें कहा गया है कि बैंकों और अन्य ऋणदाता संस्थानों को एक जनवरी, 2024 से दंडात्मक ब्याज लगाने की अनुमति नहीं होगी।

## नवंबर में सालाना 4.52 प्रतिशत की गिरावट के साथ 19,018 करोड़ रुपये रहा भारत का रत्न एवं आभूषण निर्यात

**नई दिल्ली।** भारत का रत्न एवं आभूषण निर्यात नवंबर में सालाना आधार पर 4.52 प्रतिशत की गिरावट के साथ 19,018.180 करोड़ रुपये रहा। रत्न एवं आभूषण निर्यात संवर्धन परिषद (जीजेईपीसी) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। जीजेईपीसी के आंकड़ों के अनुसार, नवंबर 2022 में निर्यात 19,917.73 करोड़ रुपये रहा था। जीजेईपीसी के चेयरमैन विपुल शाह ने कहा कि भारत में उद्योग जगत ने भू-राजनीतिक मुद्दों और मांग कम होने के कारण 15 अक्टूबर से 15 दिसंबर तक कच्चे हीरे का आयात बंद करने का आग्रह किया था। इसके साथ त्योहारी सीजन में मांग बढ़ने से निर्यात में सुधार हुआ है। उन्होंने कहा कि उद्योग जगत को भविष्य में चीजें बेहतर होने और वित्त वर्ष 2023-24 में निर्यात पिछले वित्त वर्ष की तुलना में बेहतर रहने की उम्मीद है। इस बीच कटे तथा पालिश किए गए हीरे (सीपीडी) का निर्यात नवंबर में 9.65 प्रतिशत घटकर 9,217.88 करोड़ रुपये हो गया। एक साल पहले इसी अवधि में यह आंकड़ा 10,202.54 करोड़ रुपये था। सोने के आभूषणों का कुल निर्यात नवंबर में 9.2 प्रतिशत बढ़कर 6,724.95 करोड़ रुपये हो गया, जबकि एक साल पहले इसी महीने यह 6,158.56 करोड़ रुपये था। प्रयोगशाला में बने पालिश किए गए हीरे (एलजीडी) का सकल निर्यात नवंबर में 20.12 प्रतिशत गिरकर 7,783.24 करोड़ रुपये हो गया। नवंबर 2022 में यह 9,743.28 करोड़ रुपये था।

# साल 2023 के आखिरी कारोबारी दिन टूटा शेयर बाजार; सेंसेक्स-निफ्टी ऑल टाइम हाई से फिसले

**नई दिल्ली।** 2023 में लगातार नए कीर्तिमान गढ़ रहा भारतीय शेयर बाजार साल के आखिरी कारोबारी दिन ऑल टाइम हाई से फिसलकर बंद हुआ। मिलेजुले वैश्विक और घरेलू संकेतों के बीच निवेशकों की ओर से मुनाफावसूली के कारण सेंसेक्स और निफ्टी फिसल गए। शुक्रवार को सेंसेक्स 170.12 (0.23%) अंक फिसल कर 72,240.26 अंकों के स्तर पर बंद हुआ। वहीं दूसरी ओर, निफ्टी 47.30 (0.22%) अंक टूटकर 21,731.40 के स्तर पर बंद हुआ। शुक्रवार के कारोबारी सीजन के दौरान निफ्टी में बीपीसीएल और स्टेट बैंक के शेयर सबसे ज्यादा गिरावट के साथ बंद हुए। वहीं टाटा कंज्यूमर्स और टाटा मोटर्स के शेयर टॉप गेनर्स की लिस्ट में शामिल रहे।

सेंसेक्स ने 2023 का अंत 11,399 अंकों की तेजी के साथ किया है, जबकि निफ्टी की 20% की तेजी ने ब्लूचिप योद्धाओं पर एफओएमओ के दबाव को कम कर दिया है। ये कंपनियां स्मॉलकैप और एसएमई शेयरों में पैसे दोगुना करने की दौड़ में खुदरा निवेशकों से पीछे



रह गए। बीएसई में सूचीबद्ध सभी शेयरों का बाजार पूंजीकरण 81.6 लाख करोड़ रुपये बढ़कर 364 लाख करोड़ रुपये हो गया। 4 ट्रिलियन डॉलर के बाजार पूंजीकरण का आंकड़ा पार करने के बाद, भारत हांगकांग को पीछे छोड़ने और दुनिया का चौथा सबसे बड़ा इक्विटी बाजार बनने के लिए तैयार है।

आयातकों की ओर से महीने के अंत में डॉलर की मांग बढ़ने और कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव के बीच रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 83.20 (अस्थायी) पर स्थिर रहते हुए बंद हुआ। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में रुपया 83.14 रुपये प्रति डॉलर पर खुला और कारोबार के दौरान 83.10 रुपये प्रति डॉलर के उच्चतम स्तर को छूने के बाद 83.22 रुपये प्रति डॉलर के निम्नतम स्तर पर पहुंचा। स्थानीय इकाई आखिरकार डॉलर के मुकाबले 83.20 (अनंतिम) के बंद स्तर पर बंद हुई। गुरुवार को भी यह इसी स्तर पर बंद हुई थी। गुरुवार को घरेलू मुद्रा में 14 पैसे की तेजी आई थी।

# आयुष विभाग द्वारा प्रत्येक माह के अन्तिम शनिवार को आयोजित होगा निःशुल्क शिविर

**लखनऊ।** रामकृष्ण मिशन की स्थापना के 125वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में विवेकानन्द पॉलीक्लीनिक एवं आयुर्विज्ञान संस्थान, लखनऊ के आयुष विभाग में एक दिवसीय निःशुल्क आयुष (आयुर्वेद पंचकर्म, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा, होम्योपैथी, यूनानी, एक्यूपंक्चर, एक्यूप्रेशर, रेकी, प्राणिक हीलिंग) परामर्श एवं जागरूकता शिविर का आयोजन प्रत्येक माह के अंतिम शनिवार को आयोजित किया जा रहा है।

विदित हो कि विवेकानन्द पॉलीक्लीनिक एवं आयुर्विज्ञान संस्थान, लखनऊ उत्तर प्रदेश में 350 बिस्तरों वाला एक एन.ए.बी.एच. एवं एन.ए.बी.एल. मान्यता प्राप्त मल्टी-स्पेशेलिटी अस्पताल है। साथ ही साथ आयुष विभाग द्वारा अस्पताल में आयुर्वेद एवं पंचकर्म, होम्योपैथी, योग एवं नेचुरोपैथी, यूनानी, एक्यूपंक्चर, एक्यूप्रेशर, प्राणिक हीलिंग एवं रेकी में पंजीकरण एवं परामर्श के साथ चिकित्सकीय सेवा एवं विभागों द्वारा




द्वारा इलाज किया जा रहा है।

इस अवसर पर आयुष विभाग द्वारा एक दिवसीय निःशुल्क शिविर निःशुल्क दवाइयों का वितरण किया जायेगा। यह जानकारी संस्थान के सचिव स्वामी मुक्तिनाथद्यनंद ने दी।

# मोदी सरकार के दस वर्षों के कार्यकाल में टैक्स कलेक्शन तीन गुना हुआ

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई वाली सरकार के 10 साल के कार्यकाल में व्यक्तिगत आय और कॉरपोरेट कर संग्रह तीन गुना बढ़कर 19 लाख करोड़ रुपये से अधिक होने का अनुमान है। लोगों की आय पर रिफंड के समायोजन के बाद शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह वित्त वर्ष 2013-14 में 6.38 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर वित्त वर्ष 2022-23 में 16.61 लाख करोड़ रुपये हो गया। चालू वित्त वर्ष में शुद्ध प्रत्यक्ष कर - व्यक्तिगत आयकर और कॉरपोरेट कर - से संग्रह में अब तक 20 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और इस गति से 31 मार्च, 2024 को समाप्त होने वाले वित्त वर्ष में लगभग 19 लाख करोड़ रुपये जुटाने की संभावना है। यह राशि 2023-24 के बजट में बताए गए 18.23 लाख करोड़ रुपये के अनुमान से अधिक होगी।

पिछले कुछ वर्षों में, सरकार कम दरों और कम छूट के साथ कर व्यवस्था को सरल बनाने की कोशिश कर रही है। 2019 में, सरकार ने छूट छोड़ने वाले कॉर्पोरेट्स के लिए कर की कम दर की पेशकश की। इसी तरह की योजना अप्रैल 2020 में आम लोगों के लिए भी पेश की गई थी। वित्त वर्ष 2023-24 के बजट में कर स्लैब को युक्तिसंगत बनाकर, मूल छूट सीमा बढ़ाकर तीन लाख रुपये और मानक कटौती 50,000 रुपये कर व्यवस्था को और आकर्षक बनाया गया था। इसे आयकर रिटर्न फॉर्म में डिफॉल्ट कर व्यवस्था भी बनाया गया है।

हालांकि, इस साल आरबीआई की लिबरलाइज्ड रेमिटेंस स्कीम (एलआरएस) के तहत क्रेडिट कार्ड खर्च की सालाना सीमा 2.50 लाख डॉलर प्रति व्यक्ति करने के सरकार के प्रस्ताव को कड़ी प्रतिक्रिया का सामना करना पड़ा। विदेशी क्रेडिट कार्ड के खर्च को एलआरएस के तहत लाने के कदम का मतलब यह भी होगा कि भुगतान करते समय स्रोत पर कर संग्रह (टीसीएस) की कटौती करने की आवश्यकता होगी। बैंकों ने यह भी बताया कि टीसीएस में कटौती करते समय अनुपालन संबंधी समस्याएं होंगी और बाद में सरकार को प्रस्ताव के कार्यान्वयन को टालना पड़ा।

आयकर विभाग द्वारा किए गए विभिन्न सुधार उपायों के बाद कर आधार के विस्तार का संकेत देते हुए, व्यक्तिगत करदाताओं द्वारा दाखिल आईटीआर की संख्या 2013-14 के 3.36 करोड़ से बढ़कर 2021-22 में 6.37 करोड़ हो गई, जिसमें 90 प्रतिशत की कुल वृद्धि दर्ज की गई। वित्त वर्ष 2023-24 में 26 अक्टूबर, 2023 तक 7.41 करोड़ रिटर्न दाखिल किए गए जिसमें पहली बार रिटर्न दाखिल करने वालों की संख्या 53 लाख हैं।

एक फरवरी को सरकार लेखानुदान पेश करेगी क्योंकि अप्रैल-मई में आम चुनाव होने हैं। चुनाव के बाद बनने वाली नई सरकार की ओर से पूर्ण बजट जुलाई, 2024 में पेश किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार 2014 में सत्ता



में आई थी। शार्दुल अमरचंद मंगलदास एंड कंपनी के भागीदार (प्रत्यक्ष कर) गौरी पुरी ने कहा कि कर प्रशासन के डिजिटलीकरण और अर्थव्यवस्था को औपचारिक बनाने पर निरंतर ध्यान देने से उच्च कर अनुपालन दरों में योगदान मिला है। 2024 के लिए उम्मीद यह होगी कि सरकार कर निश्चितता बढ़ाने के लिए प्रत्यक्ष कर प्रावधानों को सुव्यवस्थित करना जारी रखे।

प्रत्यक्ष कर संग्रह में चालू वित्त वर्ष में अब तक 20 फीसदी इजाफा होने और हर महीने जीएसटी कलेक्शन में वृद्धि होने से 2024 में भी देश की अर्थव्यवस्था के सकारात्मक रूप से बढ़ने के संकेत मिल रहे हैं। मासिक वस्तु व सेवा कर (जीएसटी) संग्रह अप्रैल 2023 में 1.87 लाख करोड़ रुपये के उच्च स्तर पर पहुंच गया। वित्त वर्ष 2023-24 में औसत सकल मासिक जीएसटी संग्रह 1.66 लाख करोड़ रुपये रहा जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि की तुलना में 11 प्रतिशत अधिक है।

# 2024 के लिए उल्टी गिनती शुरू हुईः दुबई में करें नए साल का स्वागत

## 2023 को विदाई दीजिए दुबई शॉपिंग फेस्टिवल के साथ, शहर की शानदार आतिशबाजी के बीच करें नए साल का स्वागत

**दुबई।** नए साल के स्वागत के लिए पूरी दुनिया की निगाहें दुबई पर टिकी हैं, तो शहर में परिवार के अनुकूल त्योहारों के रोमांचक माहौल के बीच 2024 के स्वागत के लिए तैयार हो जाएं। दुबई का



लोकप्रिय शॉपिंग फेस्टिवल (डीएसएफ) अपने पूरे ज़ोर पर है- जो 14 जनवरी 2024 तक चलने वाला है। दुबई शहर नए साल की पूर्व संध्या पर ढेरों आकर्षक गतिविधियां लेकर आया है, जैसे शहर के प्रतिष्ठित स्थानों पर आतिशबाजी, ए-लिस्ट म्युज़िकल हैडलाइनर्स के द्वारा ढेरों कॉन्सर्ट, ड्रोन शो, बीच पार्टी और हर बजट में डाइनिंग के मज़ेदार विकल्प, लाईव एंटरटेनमेन्ट और शॉपिंग पर स्पेशल ऑफर्स। दुबई में नए साल की पूर्वसंध्या के जश्न पूरे शहर में आतिशबाजी के बिना अधूरे हैं। प्रतिष्ठित स्थानों जैसे पाम जुमैरा, बुर्ज खलीफ़ा और बुर्ज अल अरब के अलावा अल ज़रूनी ग्रुप के सौजन्य से पूरे अमीरात में डीएसएफ आतिशबाजी का डिस्प्ले किया जाएगा।

शहर की आतिशबाजी के साथ-साथ इमारात पेट्रोलियम द्वारा द बीच जेबीआर और ब्लूवॉटर्स पर रात के आकाश में शानदार ड्रोन डिस्प्ले कलर्स का प्रदर्शन होगा। 800 ड्रोन्स कलर्स और शेप्स का बेहतरीन तालमेल बनाते हुए नए साल की पूर्वसंध्या पर आगंतुकों को मंत्रमुग्ध कर देंगे। आप बिना कोई शुल्क चुकाए इन शोज़ का लुत्फ़ उठा सकते हैं। 2023 को विदाई दीजिए दुबई ओपेरा के डाउनटाउन दुबई में दुबई ओपेरा बिग बैण्ड और डीजे स्लिम की ओर से अमेरिकी सिंगर नेगरिटो की संगीत की धुनों क साथ।

नए साल पर बीच फेस्टिवलः अगर आपको बीच पसंद है तो शहर का पसंदीदा बीच ज़ीरो ग्रेविटी दुबई शानदार बीच फेस्टिवल के साथ 2023 को विदाई देगा।

रिक्सोस द पाल पर जॉन न्यूमेन के साथ मनाएं नए साल का जश्नः न्यूमैन रिक्सोस प्रीमियम दुबई में जाने-माने इंग्लिश म्युज़िशियल जॉन के साथ नए साल का स्वागत करें।

बुर्ज अल अरब पर द जिप्सी के साथ नए साल का करें स्वागतः फ्रंटमैन एंड्रे रेयेज़ के नेतृत्व में लोकप्रिय संगीत का आनंद उठाते हुए मिशलीन प्रतिष्ठित शेफ की ओर से 5-कोर्स मील का लुत्फ़ उठाइए।

द थिएटर दुबई में बिग आर्ट फेस्टिवल के साथ करें नए साल का स्वागतः द थिएटर दुबई में बिग आर्ट फेस्टिवल में आप इंटरनेशनल म्युज़िक का लुत्फ़ उठा सकते हैं। यहा विश्वस्तरीय कलाकार जैसे रैपर बास्ता और गायक मिथ्या फोमिन के संगीत के साथ आप शानदार डिनर का आनंद उठा सकते हैं। इस मौके पर अपके पूरे परिवार के लिए रोमांचक गतिविधियों का आयोजन भी होगा।

बरस्ती बीच पर फेड्डे ले ग्राण्डः दुबई का लोकप्रिय एंटरटेनमेन्ट एवं डाइनिंग लाउंज बरस्ती बीच आपके लिए ला रहा है पुरस्कार विजेता डीजे फेड्डे ले ग्राण्ड का शानदार परफोर्मेन्स।

ब्ला ब्ला में डिस्को इन्फरनोः दुबई के लोगों के पसंदीदा ब्ला ब्ला यूके डिस्को इन्फरनो में कई आयोजन कर रहे हैं, जैसे रिलेक्सिंग इवनिंग पूल पार्टी, लक्ज़री टैरेस की ओर से एक्सक्लुज़िव आतिशबाजी।

# प्रोफीकोर्न 2023 के साथ बैंगलोर में एमएसएमई के लिए हुआ पावरफुल आयोजन

**कानपुर/लखनऊ।** बैंगलोर के शेरटॉन ग्राण्ड में आयोजित प्रोफीकोर्न 2023 ने उद्यमिता की जीवंत भावना को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। दो दिनों के दौरान 1200 से अधिक कारोबार मालिक एक छत के नीचे इकट्ठा हुए, विशाल आडिटोरियम में ज़बरदस्त एनर्जी दिखाई दी। 43 एमएसएमई कारोबार मालिकों को सम्मानित करने के लिए आयोजित बिज़नेस सक्सेस अवॉर्ड कार्यक्रम का आकर्षण केन्द्र रहे, जिन्होंने कारोबार समुदाय की उल्लेखनीय उपलब्धियों का जश्न मनाया। पुरस्कार प्राप्त करने वाले उद्यमियों ने अपनी यात्रा के बारे में बताया। थायरोकोर के डॉ ए वेलुमानी ने अपने वक्तव्य कौशल एवं मितव्ययता पर व्यवहारिक सलाह देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने कहा ''अगर आपका बिज़नेस मॉडल शक्तिशाली है, तो आपको इसके विज्ञापन के लिए किसी मॉडल की ज़रूरत नहीं।'' उनके विचारों ने महत्वाकांक्षी उद्यमियों को प्रभावित किया। इसके बाद इंडियामार्ट के सह-संस्थापक बृजेश अग्रवाल ने एक शक्तिशाली संदेश देते हुए कहा कि विनम्रता ही सफलता की कुंजी है। उनकी यात्रा उद्यमिता को विकसित करने में सादगी की क्षमता को दर्शाती है।

जानी-मानी पत्रकार फाये डीसूज़ा के सरप्राइज़ सत्र ने कार्यक्रम में जैसे जान डाल दी। उन्होंने मेजबानों राजीव तलरेजा और करण हसीजा के साथ बातचीत करते हुए एमएसएमई के पीछे के दृष्टिकोण एवं चुनौतियों पर रोशनी डाली तथा कारोबार के विकास पर अपना अनूठा परिप्रेक्ष्य रखा। एक आयोजन के रूप में नहीं बल्कि उन लोगों की यात्रा-विवरण के साथ समाप्त हुआ, जिन्होंने उद्यमिता को नया आयाम दिया है।

## एसबीआई समेत तीन बैंकों में पैसा सबसे सुरक्षित, आरबीआई ने वित्तीय प्रणाली के लिहाज से बताया अहम




**मुंबई।** आरबीआई को अगस्त, 2015 से हर साल इसी महीने में वित्तीय प्रणाली के लिहाज से महत्वपूर्ण बैंकों के नामों की जानकारी देनी पड़ती है। केंद्रीय बैंक ने कहा, आईसीआईसीआई बैंक पिछले साल की तरह ही श्रेणी आधारित संरचना में बना हुआ है।

भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) समेत देश में तीन ऐसे बैंक हैं, जिनमें आपका पैसे सबसे सुरक्षित है। ये तीनों ऐसे बैंक हैं, जो डूब नहीं सकते हैं। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) का कहना है कि एसबीआई के अलावा एचडीएफसी बैंक और आईसीआईसीआई बैंक घरेलू वित्तीय प्रणाली के लिहाज से महत्वपूर्ण बैंक बने हुए हैं। देश में वित्तीय प्रणाली के स्तर पर ये इतने बड़े बैंक हैं कि डूब नहीं सकते।

आरबीआई को अगस्त, 2015 से हर साल इसी महीने में वित्तीय प्रणली के लिहाज से महत्वपूर्ण बैंकों के नामों की जानकारी देनी पड़ती है। केंद्रीय बैंक ने कहा, आईसीआईसीआई बैंक पिछले साल की तरह ही श्रेणी आधारित संरचना में बना हुआ है। वहीं, एसबीआई और एचडीएफसी बैंक उच्च श्रेणी में चले गए हैं। नियमों के अनुसार, ऐसे संस्थानों को प्रणाली के स्तर पर महत्व के आधार पर चार श्रेणी में रखा जा सकता है।

एसबीआई श्रेणी तीन से श्रेणी चार में और एचडीएफसी बैंक श्रेणी एक से श्रेणी दो में स्थानांतरित हो गया। घरेलू स्तर पर व्यवस्था के लिहाज से महत्वपूर्ण बैंक (डी-एसआईबी) को लेकर एक अप्रैल, 2025 से एसबीआई के लिए अधिभार 0.8 फीसदी होगा। वहीं, एचडीएफसी बैंक के लिए 0.4 फीसदी होगा।

## वित्तीय खुफिया इकाई ने नौ विदेशी क्रिप्टो प्लेटफॉर्म को जारी किया नोटिस, सरकार से ऋरुब्लॉक करने को कहा

**नई दिल्ली।** एफआईयू ने भारत में पीएमएल अधिनियम के प्रावधानों का अनुपालन किए बिना अवैध रूप से काम कर रही इन नौ संस्थाओं के यूआरएल को ब्लॉक करने के लिए इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय को भी लिखा है। वित्त मंत्रालय के तहत वित्तीय खुफिया इकाई (एफआईयू) ने बिनेंस और कुकोइन जैसे नौ क्रिप्टोकरेंसी और वर्चुअल डिजिटल एसेट प्लेटफॉर्म को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। इनपर मनी-लॉन्ड्रिंग विरोधी कानून का अनुपालन न करने का आरोप है। एफआईयू ने भारत में पीएमएल अधिनियम के प्रावधानों का अनुपालन किए बिना अवैध रूप से काम कर रही इन नौ संस्थाओं के यूआरएल को ब्लॉक करने के लिए इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय को भी पत्र लिखा है। एफआईयू-आईएनडी प्रवर्तन एजेंसियों और विदेशी एफआईयू को संदिग्ध वित्तीय लेनदेन से संबंधित जानकारी जुटाने, प्रसंस्करण, विश्लेषण और प्रसार करने के लिए जिम्मेदार एक केंद्रीय एजेंसी है। दरअसल, भारत में परिचालन करने वाले वर्चुअल डिजिटल परिसंपत्ति सेवा प्रदाताओं (वीडीए-एसपी) के लिए एफआईयू-आईएनडी के पास रिपोर्टिंग इकाई के तौर पर पंजीकरण कराना जरूरी होता है। इसके अलावा उन्हें पीएमएलए, 2002 के प्रावधानों का भी पालन करना पड़ता है। अभी तक कुल 31 वीडीए-एसपी ने एफआईयू-आईएनडी के पास अपना पंजीकरण कराया है। हालांकि, भारतीय उपयोगकर्ताओं के एक बड़े हिस्से को सेवा प्रदान करने वाली कई ऑफशोर संस्थाएं पंजीकृत नहीं हो रही थीं और एंटी मनी लॉन्ड्रिंग (एएमएल) और काउंटर फाइनेंसिंग ऑफ टेररिज्म (सीएफटी) ढांचे के तहत आ रही थीं। स्नढ्ढ-ढ्ढहृष्ठ एक केंद्रीय, राष्ट्रीय एजेंसी है जो प्रवर्तन एजेंसियों और विदेशी FIUs को संदिग्ध वित्तीय लेनदेन से संबंधित जानकारी प्राप्त करने, प्रसंस्करण, विश्लेषण और प्रसार करने के लिए जिम्मेदार है।

# सिधिंया बोले- आयोध्या में हवाई अड्डे के उद्घाटन का दिन ऐतिहासिक

**नई दिल्ली।** नागर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने शुक्रवार को कहा कि अयोध्या हवाई अड्डे का उद्घाटन देश के लिए ऐतिहासिक दिन होगा और दूसरे चरण में इसके समग्र क्षेत्र बढ़ाकर और रनवे की लंबाई बढ़ाकर इसका बड़े पैमाने पर विस्तार किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को अयोध्या हवाई अड्डे का उद्घाटन करेंगे, जो 6,500 वर्ग मीटर के क्षेत्र में बना है। सिंधिया ने पीटीआई-भाषा को दिए साक्षात्कार में कहा कि अयोध्या हवाई अड्डे से संपर्क आने वाले दिनों में और बढ़ेगा।

उन्होंने कहा, देश भर में नागरिक उड्डयन क्षमता के विकास की जबरदस्त क्षमता है और विशेष रूप से अयोध्या के लिए यह काफी अहम है क्यों यह धार्मिक और आध्यात्मिक रूप से हमारे दिलों में जुड़ा हुआ है। उनके अनुसार, हवाई अड्डा परियोजना का दूसरा चरण 6,500 वर्ग मीटर की सुविधा से 50,000 वर्ग मीटर तक विकास करने से जुड़ा है।

उन्होंने कहा, हम रनवे का विस्तार 3,750 मीटर तक कर रहे हैं जो अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के लिए पर्याप्त है। अयोध्या हवाई अड्डे का पहला चरण 1,450 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से विकसित किया गया है। हवाई अड्डे के टर्मिनल भवन का क्षेत्रफल 6,500 वर्ग मीटर है और यह सालाना लगभग 10 लाख यात्रियों की सेवा कर सकता है।

उन्होंने कहा, जब प्रधानमंत्री की ओर से अयोध्या हवाई अड्डे का उद्घाटन किया जाएगा यानी कल का दिन न केवल नागरिक उड्डयन के लिए, न केवल अयोध्या शहर के लिए, न केवल उत्तर प्रदेश के लिए, न केवल भारत के लिए, बल्कि उन सभी के लिए एक ऐतिहासिक दिन होने जा रहा है जो हिंदू धर्म के प्रति हमारी आत्माओं की जीवंतता और प्रतिबद्धता में विश्वास करते हैं।

# एनसीपीए भारतीय शास्त्रीय संगीत के छात्रों के लिए सिटी एनसीपीए स्कॉलरशिप फॉर यंग म्यूजिशियंस के एक और संस्करण की पेशकश कर रहा है

**मुंबई।** नेशनल सेंटर फॉर परफॉर्मिंग आर्ट्स (एनसीपीए), मुंबई और सिटी इंडिया ने सिटी एनसीपीए स्कॉलरशिप फॉर यंग म्यूजिशियंस (युवा संगीतकारों के लिए सिटी एनसीपीए स्कॉलरशिप) की वापसी की घोषणा की है। इसके आवेदन के लिए वे छात्र मान्य हैं, जो हिंदुस्तानी संगीत के क्षेत्र में उन्नत प्रशिक्षण ले रहे हैं। इस स्कॉलरशिप का उद्देश्य मुख्य रूप से युवा और संगीत (वोकल- ध्रुपद और ख्याल, इंस्ट्रुमेंटल म्यूजिक- मेलोडी) का प्रशिक्षण लेने वाले 18 से 35 वर्ष के आयु समूह के लोगों को प्रोत्साहित करना है। नौ उम्मीदवारों को स्कॉलरशिप के लिए शॉर्टलिस्ट किया जाएगा, ताकि वे हिंदुस्तानी संगीत में कुशलतापूर्वक पूर्णकालिक उन्नत प्रशिक्षण प्राप्त कर सकें।

**स्कॉलरशिप विवरण**

हिंदुस्तानी संगीत (वोकल- ख्याल / ध्रुपद, और मेलोडी इंस्ट्रूमेंट्स- बाँसुरी, हारमोनियम, वायलिन, सितार, सरोद, आदि) के क्षेत्र में उन्नत प्रशिक्षण के लिए आवेदन मान्य हैं

स्कॉलरशिप मूल्यः दो वर्षों के लिए 10,000/- रुपए प्रति माह (अप्रैल 2024 से मार्च 2026)

आवेदन भेजने के लिए लिंक: indianmusicscholarships@ncpamumbai.com

आवेदन करने की अंतिम तिथि: 10 जनवरी, 2024

शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों के लिए ऑडिशन का आयोजन वीडियो रिकॉर्डिंग के आधार पर फरवरी 2024 में किया जाएगा

कॉन्टैक्ट नंबर: 8928001896 (सिर्फ सोमवार से शुक्रवार, सुबह 10.00 बजे से शाम 5.00 बजे के बीच)

ख्याल और मेलोडी इंस्ट्रूमेंट्स के लिए आयु सीमा: 18 से 30 वर्ष (1 मार्च, 2024 तक)

ध्रुपद के लिए आयु सीमा: 18 से 35 वर्ष (1 मार्च, 2024 तक)

**ध्यान रखने योग्य बिंदु**

कृपया अपने बायोडाटा में उस श्रेणी (ख्याल / ध्रुपद / मेलोडी इंस्ट्रूमेंट का नाम) का उल्लेख करें, जिसके लिए आप आवेदन कर रहे हैं

आवेदन में उम्मीदवार का नाम, जन्मतिथि, पता, कॉन्टैक्ट नंबर / अल्टरनेट कॉन्टैक्ट नंबर, ईमेल आईडी, पेशेवर योग्यता, शिक्षकों / गुरुओं सहित संगीत प्रशिक्षण का विवरण, कुल प्रशिक्षण में लगने वाले वर्षों की संख्या, उपलब्धियों / पुरस्कार / स्कॉलरशिप और प्रस्तुतियों का विवरण, और अन्य उल्लेखनीय विवरण

कृपया संगीत प्रस्तुतियों के प्रमाणपत्र की स्कैन की हुई कोई प्रतियाँ / ऑडियो या वीडियो क्लिप न भेजें

लिस्टिंग फॉर्मेट में सभी विवरणों वाला बायोडाटा पर्याप्त होगा। शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों को ईमेल या टेलीफोन के माध्यम से आगे की सूचना प्रदान की जाएगी

**पात्रता मानदंड और सामान्य निर्देश**

उम्मीदवार के बायोडाटा को ही उसका आवेदन माना जाएगा। भरने के लिए अलग से कोई फॉर्म नहीं है

जो उम्मीदवार अप्रैल 2024 से मार्च 2026 के दौरान संगीत के क्षेत्र में अन्य छात्रवृत्ति / अनुदान के लाभार्थी हैं, वे पात्र नहीं हैं

जो उम्मीदवार पूर्णकालिक / अंशकालिक कामकाजी पेशेवर हैं, वे आवेदन करने के लिए पात्र नहीं है। ऑल इंडिया रेडियो के ए ग्रेड वाले सहित पेशेवर संगीतकार भी इस स्कॉलरशिप के पात्र नहीं हैं

ज़ कूरियर के माध्यम से प्राप्त आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएँगे। सिर्फ ऊपर उल्लिखित ईमेल आईडी पर प्राप्त आवेदनों को ही मान्यता प्राप्त होगी

सिर्फ भारतीय नागरिक ही आवेदन करने के पात्र हैं

10 जनवरी, 2024 के बाद जो आवेदन प्राप्त होंगे, उन्हें स्वीकार नहीं किया जाएगा

# अतिथियों को मिलेगा गीताप्रेस के अयोध्या दर्शन का प्रसाद

**श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा में गीताप्रेस से भेजे जाएंगे पुस्तक**

*अवधनामा संवाददाता*

**गोरखपुर।** 22 जनवरी को अयोध्या में श्रीरामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में सम्मिलित होने वाले प्रधानमंत्री, राज्यपाल, मुख्यमंत्री व संघ प्रमुख समेत अन्य विशिष्टअतिथियों को गीताप्रेस के अयोध्या दर्शन का प्रसाद मिलेगा। लागत से भी कम मूल्य में धार्मिक पुस्तकें उपलब्ध कराने वाले गीताप्रेस ने इस पुस्तक माध्यम से श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या का समग्र दर्शन कराने की पहल की है। इस पुस्तक में अयोध्या के इतिहास, प्रमुख मंदिरों, तीर्थों व सांस्कृतिक महात्म्य का परिचय है।

अयोध्या में श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर तैयारियां जोरशोर से चल रही हैं। प्राण प्रतिष्ठा के प्रसाद में गीताप्रेस भी योगदान देने जा रहा है। प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं को श्रीराम मंदिर तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की तरफ से जो प्रसाद दिया जाएगा उसमें गीता प्रेस की तरफ से तैयार किए जा रहे पुस्तक-गुच्छ को भी शामिल किया जाएगा।। इस पुस्तक गुच्छ में अयोध्या दर्शन, अयोध्या महात्म्य, कल्याण पत्रिका का श्रीरामांक व गीताप्रेस की डायरी गीता दैनंदिनी होगी। गीता प्रेस में अयोध्या आने वाले खास मेहमानों के लिए 100 पुस्तक गुच्छ तैयार किए जा रहे हैं जबकि अयोध्या दर्शन की दस हजार प्रतियां भेजी जाएंगी। इसके अलावा खास समारोह के लिए श्रीरामांक की तीन हजार प्रतियां प्रकाशित की जा रही हैं। यह 1972 में छपे कल्याण के विशेषांक का परिवर्धित संस्करण होगा। इसमें उस साल के फरवरी व मार्च के साधारण अंकों में छपे सभी लेख व सूर्य वंशावली भी शामिल की जाएगी, जो पुराने विशेषांक में नहीं थी। इस बीच श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट से उद्घाटन समारोह में शामिल होने के लिए गीताप्रेस को भी आमंत्रण पत्र प्राप्त हुआ है। ट्रस्टी देवीदयाल अग्रवाल के नाम से पत्र आया है। वह वहां समारोह में उपस्थित रहेंगे और अपनी आंखों से रामलला के विग्रह का उद्घाटन देखेंगे। गीताप्रेस के ट्रस्टी देवी दयाल अग्रवाल कहते हैं कि वर्षों के इंतजार के बाद अब वह दिन आया है जिसकी कई सालों से सनातनियों को प्रतीक्षा थी। श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर गीताप्रेस अयोध्या दर्शन व अन्य कई पुस्तको को वहां उपलब्ध कराएगा। वितरण के लिए अयोध्या दर्शन पुस्तक की दस हजार प्रतियां भेजी जाएंगी।



वहीं, गीताप्रेस के प्रबंधक डॉ. लालमणि तिवारी का कहना है कि अयोध्या दर्शन व श्रीरामांक के अलावा गीताप्रेस के अन्य पुस्तकें पर्याप्त संख्या में हैं। विशिष्ट अतिथियों के लिए पुस्तकें अलग कर दी गई हैं। श्रीरामांक की छपाई चल रही है। छपने के बाद पुस्तक गुच्छ तैयार कर श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को भेज दिया जाएगा।

## अनियंत्रित बाइक सवार खड़ी ट्राली में भिंडा, मौत

*अवधनामा संवाददाता*

**अहिरौली बाजार, कुशीनगर।** अहिरौली बाजार थाना क्षेत्र के भलुही गांव टोला पिपर निवासी एक 18 वर्षीय युवक की शुक्रवार को सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के मुताबिक् अहिरौली बाजार थाना क्षेत्र के ग्राम भलुही निवासी सूरज सिंह पुत्र अनिल सिंह उम्र 18 वर्ष जो शुक्रवार को अपने निजी काम से गोरखपुर गया था। वहां से अपना काम निपटा कर वह वापस अपने गांव लौट रहा था कि अभी वह पिपराइच थाना क्षेत्र अंतर्गत जंगल धुसड के पास पहुंचा ही था कि बाइक अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे खड़ी एक ट्राली में भिड़ गई जिससे गंभीर चोट लगी गई। वहां पर मौजूद आस पास के लोगों ने घायल युवक को इलाज के लिए गोरखपुर जिला अस्पताल भेजवाया और उसके परिजन को भी सूचना दी।

## समाज के अंतिम व्यक्ति का उत्थान ही इस संकल्प यात्रा का ध्येय : डा.रमापति राम

*अवधनामा संवाददाता*

**देवरिया।** वर्तमान में पूरे देश में विकसित भारत यात्रा संकल्प यात्रा गतिमान है, इसी क्रम में कल शुक्रवार को गौरीबाजार विकास खंड के सुबह रतनपुर, करजही, और अपरान्ह में खैराबनुआ, ककवल में यात्रा पहुंची। जहां वैन का स्वागत ग्राम वासियों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने जोर-शोर से किया। बतौर मुख्य अथिति देवरिया सदर के सांसद डॉ.रमापति राम त्रिपाठी उपस्थित थे। दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इस दौरान लोगों को संबोधित करते हुए। सांसद त्रिपाठी ने कहा कि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति का उत्थान ही इस विकसित भारत संकल्प यात्रा का ध्येय है। संकल्प यात्रा शुरू हुए अभी डेढ़ महीने ही हुए हैं और यह गारंटी वैन सभी गांवों तक लगभग पहुंच चुकी है, पिछले 10 वर्षों में कल्याणकारी योजनाओं के कारण लाभार्थियों के जीवन में बेहतरीन बदलाव देखने को मिल रहा है। जिन्हें उम्मीद नहीं थी कि उन्हें भी आवास मिलेगा, गैस पर खाना बना सकेंगे, घर में बिजली होगी की नही, किंतु आज वे सभी भाई, महिलाएं आवास, उज्वला गैस, विद्युतीकरण, किसान सम्मान निधि, आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड, सरकार की सभी योजनाओं से आच्छादित है। आज लाखों महिलाएं स्वयं सहायता समूहों से जुड़ीं और उन्हें बैंकों द्वारा 7.5 लाख करोड़ रुपये दिए गए। अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए गांवों में महिलाओं को स्वरोजगार देने के लिए केन्द्र की मोदी सरकार बहुत बड़ा अभियान चला रही है।

# हाटा विधायक व डीएम ने सुकरौली रजवाहे का किया औचक निरीक्षण

**सिंचाई विभाग के ए.ई. और जे. ई. को लफ़ाई फटकार, तत्काल सफाई करने के दिए निर्देश**

*अवधनामा संवाददाता*



**कुशीनगर।** रजवाहे के उचित साफ सफाई नहीं होने और खेतों में पानी फैले होने की शिकायत पर हाटा विधायक मोहन वर्मा और जिलाधिकारी उमेश मिश्रा द्वारा तहसील हाटा के मौजा जगदीशपुर तथा पैकौली लाला में बने सुकरौली रजवाहा का शुक्रवार को निरीक्षण किया गया। लगभग 14.5 किलोमीटर लंबे बने रजवाहे का लगभग 2 किलोमीटर हिस्सा पैदल चलकर विधायक श्री वर्मा और जिलाधिकारी द्वारा रजवाहे का निरीक्षण किया गया। जिसमे प्रथम दृष्ट्या यह पाया गया की जगह जगह जमी सिल्ट की उचित साफ सफाई नहीं हुई थी तथा किसानों द्वारा पाइप/सायफन डालकर पानी को अवरुद्ध किया गया था। उचित सफाई नहीं होने के कारण पानी खेतों में फैल रहा था। जिसपर जिलाधिकारी ने सिंचाई विभाग के ए. ई. और जे.ई. को कड़ी फटकार लगाते हुए निर्देशित किया कि जिस भी संस्था/ठीकेदार ने रजवाहे/ माइनर नहर की साफ-सफाई का कार्य किया है उसे ब्लैक लिस्टेड करते हुए आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए तथा जिन किसानों ने पाइप डालकर पानी को अवरुद्ध कर रखा है उन्हें पाइप हटाने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा की जिन किसानों ने गलत ढंग से पाइप डाल रखा है और निर्देश के बावजूद भी पाइप नही हटाते है तो पाइप न हटाने की दशा में सिंचाई विभाग के ए.ई. एवं जे.ई. किसानों पर भी नियमानुसार कार्यवाही करें। सिंचाई विभाग के ए.ई. रजवाहे की सफाई तत्काल कराए। जिलाधिकारी ने जनपद समस्त उपजिलाधिकारी को निर्देश दिए की वे सभी अपने-अपने क्षेत्रों में निरीक्षण कर यह सुनिश्चित कर ले की उनके तहसील के अंतर्गत स्थित नहरों और रजवाहों की साफ सफाई उचित ढंग से हुई है नहीं। जांच के उपरांत आख्या भी प्रस्तुत करें। तत्पश्चात विधायक व जिलाधिकारी द्वारा ग्राम जगदीशपुर स्थित बंचरा देवी के मंदिर का दर्शन कर पुष्प भी अर्पित किया।

प्रांगण के बाहर शौचालय के निर्माण में प्रयुक्त हो रहे ईटों की गुणवत्ता की जांच की जिसमे प्रथम दृष्ट्या यह पाया गया की ईट की गुणवत्ता उच्च श्रेणी की नहीं है। जिसपर जिलाधिकारी ने ग्राम प्रधान और ठीकेदार को निर्देशित किया तत्काल इन्हे बदलकर अच्छी गुणवत्ता की ईट का प्रयोग करें जिससे शौचालय का निर्माण कार्य सुदृढ़ हो सके और लंबे समय तक चलें। इसी क्रम में पोखरे का भी निरीक्षण किया और ग्राम प्रधान और नायब तहसीलदार को निर्देशित किया इस पोखरे की स्थिति में हो जानी चाहिए और आप लोग मिलकर इस पोखरे का सौंदर्यीकरण का कार्य करे जिससे यह जनुपयोगी हो सकें।

उपस्थित ग्राम के युवकों को प्रोत्साहित करते हुए कहा की अपने ग्राम सभा के सौंदर्यीकरण और सफाई में आप लोग भी योगदान दे सकते है जिससे की आपकी ग्राम सभा बेहतर हो और सुंदर दिख सकें।

## विकास खण्डवार वृहद रोजगार मेला होगा आयोजित

**देवरिया।** मुख्य विकास अधिकारी प्रत्यूष पाण्डेय ने बताया है कि कौशल विकास मिशन, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान व सेवायोजन कार्यालय के संयुक्त तत्वाधान में दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना के अन्तर्गत विकास खण्ड के बेरोजगार युवाओ को सेवायोजित कराये जाने हेतु विकास खण्डवार वृहद रोजगार मेला आयोजित होगें। आयोजित होने वाले रोजगार मेलो के सम्बन्ध में सम्बन्धित अधिकारियों/कर्मचारियो /प्रशिक्षण प्रदाताओं को उन्होंने निर्देशित किया है कि रोजगार मेले के सफल क्रियान्वयन हेतु अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए जनपद के अधिक से अधिक बेरोजगार युवाओं को सेवायोजित कराया जाना सुनिश्चित करायें। ब्लॉक देवरिया हेतु 30 दिसंबर को रोजगार मेला राजकीय आईटीआई देवरिया में आयोजित किया जाएगा। ब्लॉक गौरी बाजार के लिए रोजगार मेला 03 जनवरी को मानव सम्मान सेवा समिति प्रशिक्षण केन्द्र प्राथमिक विद्यालय के सामने खरोह चौराहा गौरी बाजार में तथा ब्लॉक लार के लिए रोजगार मेला 23 जनवरी को प्रशिक्षण केन्द्र माँ शिवा पिता शिव विश्व कल्याण पिण्डी बाजार आयोजित किया जाएगा।

# गोरखपुर को 19 हेल्थ एटीएम की सौगात देंगे सीएम योगी

**रेडक्रॉस सोसाइटी की तरफ से गोद लिए गए 500 टीबी रोगियों को वितरित करेंगे पोषण पोटली**

**सांसद रविकिशन शुक्ल के सौजन्य से उपलब्ध कराए गए हैं हेल्थ एटीएम**

**रविवार को योगिराज बाबा गम्भीरनाथ प्रेक्षागृह में होगा कार्यक्रम**

*अवधनामा संवाददाता*

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में हाइटेक चिकित्सा सेवा का विस्तार करते हुए 19 हेल्थ एटीएम की सौगात देंगे। ये हेल्थ एटीएम सांसद रविकिशन शुक्ल के सौजन्य से स्वास्थ्य विभाग को उपलब्ध कराए गए हैं। रविवार (31 दिसंबर) को पूर्वाह्न साढ़े दस बजे से योगिराज बाबा गंभीरनाथ प्रेक्षागृह में आयोजित हेल्थ एटीएम के शुभारंभ समारोह के अवसर पर सीएम योगी रेडक्रॉस सोसाइटी की तरफ से गोद लिए गए 500 टीबी रोगियों को पोषण पोटली भी वितरित करेंगे। मुख्यमंत्री इसके पूर्व 14 सितंबर 2022 को स्वास्थ्य केंद्र चरगांवा और 20 जून 2023 को सात सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (भटहट, सहजनवा, जंगल कौड़िया, पाली, चौरीचौरा, खुटहन व सरहरी) के लिए हेल्थ एटीएम का उद्घाटन कर चुके हैं। 31 दिसंबर (रविवार) को वह जिले के लिए 19 नए हेल्थ एटीएम का उपहार देंगे। इन हेल्थ एटीएम से करीब पांच दर्जन जांच की सुविधा मिलेगी। सीएमओ डॉ. आशुतोष दूबे ने बताया कि सांसद रविकिशन के सौजन्य से स्माइल फाउंडेशन द्वारा उपलब्ध कराए गए एटीएम बीआरडी मेडिकल कॉलेज, नेताजी सुभाषचंद्र बोस जिला चिकित्सालय, एम्स, 100 बेड जिला न्यायालय परिसर, क्षयरोग सह सामान्य चिकित्सालय नंदानगर, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पिपराइच व कैम्पियरगंज, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) पिपरौली व खोराबार, अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र उनवल, नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बसंतपुर, शाहपुर, तारामंडल, सिविल लाइंस, शिवपुर, नथमलपुर, रामपुर, झरना टोला और मोहद्दीपुर में स्थापित किए जाएंगे। इन हेल्थ एटीएम से 15 प्रकार की जांच बिना रक्त के और 40 प्रकार की जांच रक्त से की जाएगी। साथ ही इन हेल्थ एटीएम को टेली कंसल्टेशन की सुविधा से भी जोड़ा जाएगा।

### पोषण पोटली के साथ टीबी रोगियों को मिलेगा कम्बल

इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी के गोरखपुर ब्रांच के चेयरमैन शिवेंद्र विक्रम सिंह व सेक्रेटरी अजय प्रताप सिंह ने बताया कि रविवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रेडक्रॉस सोसाइटी की तरफ से गोद लिए गए 500 टीबी रोगियों को पोषण पोटली के वितरण का शुभारंभ करेंगे। पांच टीबी रोगियों को अपने हाथों से पोषण पोटली सौंपेंगे। शेष को रेडक्रॉस सोसाइटी के लोग उपलब्ध कराएंगे। निक्षय पोषण योजना के अंतर्गत पोषण पोटली में एक किलो मूंगफली, एक किलो भुना चना, एक किलो गुड़, एक किलो सत्तू, एक किलो तिल/गजक और एक किलो न्यूट्रिशनल सप्लीमेंट होगा। इसके साथ सर्द मौसम को देखते हुए इन रोगियों को च्यवनप्राश और कम्बल भी दिया जाएगा। टीबी रोगियों के अलावा 500 बालिकाओं को हाइजीन किट भी वितरित किया जाएगा। पांच बालिकाओं को सीएम योगी हाइजीन किट वितरित कर सकते हैं।

## गैंग लीडर सहित 8 अभियुक्त के खिलाफ की गई गैंगस्टर की कार्रवाई

*अवधनामा संवाददाता*

**गोरखपुर।** गैंग बनाकर मार-पीट कर लूट व डकैती का अपराध करने वाले 08 अपराधियों के विरुद्ध गैंगेस्टर एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया गैंगस्टर की कार्रवाई हो जाने से अपराधों पर अंकुश लगाने में कारगर साबित होगा पुलिस अधीक्षक उत्तरी जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि चिलुआताल थाना क्षेत्र के थानाध्यक्ष चिलुआताल द्वारा गैंग लीडर रामप्रवेश राजभर पुत्र रामकृपाल राजभर निवासी वार्ड नं0 18 बिछिया जंगल तुलसीराम थाना शाहपुर गैंग के अन्य सदस्यों अनिल पासवान पुत्र सुरेश पासवान निवासी खोराबार थाना खोराबार प्रवीण चौहान पुत्र स्व0 लाल बहादुर चौहान निवासी मधुबन नगर वार्ड नं0 8 थाना नौतनवा जनपद महराजगंज जितेन्द्र पासवान पुत्र लालसाहब पासवान निवासी 339बी सिहांसन कूड़ाघाट थाना शाहपुर गोरखपुर रजनीश मिश्रा पुत्र नागेन्द्र नाथ मिश्रा निवासी मोहल्ला सिहांसनपुर थाना शाहपुर गोरखपुर संजय कुमार पुत्र राम अवध निवासी खजुरी थाना खजनी गोरखपुर चन्द्रशेखर राजभर पुत्र रामानन्द राजभर निवासी विछिया तुलसीराम खजुरिया वार्ड नं0 22 थाना शाहपुर गोरखपुर राहुल जायसवाल पुत्र सच्चिदानन्द जायसवाल निवासी जंगल कौड़िया थाना पीपीगंज गोरखपुर जो विधि विरुद्ध गैंग है, के विरूद्ध गैंगेस्टर एक्ट के तहत कार्यवाही की गयी है । उक्त गैंग का लीडर रामप्रवेश राजभर उपरोक्त स्वंय व अपने गिरोह के अन्य 07 सदस्यों के साथ आर्थिक, भौतिक, दुनियावी व अन्य लाभ प्राप्त करने के उद्देश्य से सामूहिक रूप से एक संगठित गिरोह बनाकर मार-पीट कर लूट व डकैती का अपराध कारित करते रहते है । गैंग के सरगना एवं अन्य सदस्य का सामान्यत: जन मानस में भय एवं आतंक व्याप्त है, जिसके कारण इनको स्वतंत्र विचरण करने से रोकने एवं मार-पीट कर लूट व डकैती से संबंधित अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए जिला मजिस्ट्रेट से अनुमोदन प्राप्त थाना चिलुआताल पर मु0अ0सं0 752/2023 धारा 3(1) उ0प्र0 गिरोहबन्द एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप पंजीकृत किया गया।

## सफाई कर्मी की पिटाई के विरोध में कार्य बंद कर किया प्रदर्शन

**गोरखपुर।** नगर पंचायत सहजनवा में तैनात सफाई कर्मी की पिटाई के बाद दर्जनों की संख्या में सफाई कर्मियों ने नगर पंचायत और तहसील मुख्यालय पर प्रदर्शन किया और उपजिलाधिकारी सहजनवा को ज्ञापन सौंपा। सफाई कर्मियों ने आरोप लगाया की नगर पंचायत सहजनवा वार्ड 3 गहासाड में सफाई कर्मी अखिलेश कुमार सफाई का कार्य कर रहा था। उसी दौरान वार्ड का एक मनबढ आया और जातिसूचक गालियां देने लगा। जब उसने विरोध किया तो वह लात घुसे से मारना पीटना शुरू कर दिया तथा जान मारने की नियत से पैर से गला दबा दिया। वह किसी तरह जान बचाकर भागा। वही एक सप्ताह पूर्व वार्ड 7 केशोपुर में कार्य दौरान सफाई कर्मी सनी सिंह को मारा पीटा गया था। सफाई कर्मियों ने चेतावनी दी है की जब तक आरोपियों पर कारवाई नही हो जाती अपने कार्य से विरत रहेंगे। प्रदर्शन करने वालो में सोनू,चंदन, परदेशी, प्रकाश, पप्पू, अमजद, अशोक, सफदर, रसीद, इमरनसुनीता, सीमा, बिजुला, सिंघा, नरेश, राजेश, इंद्रजीत, राहुल, रिंकू, प्रमोद, बालगोविंद, धर्मेंद्र, सिकंदर, जोगिंदर, तारा सहित अनेक सफाई कर्मी मौजूद थे।

# गरीब की चौखट पर दम तोड़ती मोदी की गारंटी

**■ बारिश ने छीनी छत और सिस्टम ने पीएम आवास**

**■ पीड़िता को छोड़ मथौली में 900 से अधिक के खाते में आया**



*अवधनामा संवाददाता*

**कुशीनगर।** पीएम मोदी की गारंटी मथौली नगर पंचायत के वार्ड नंबर 13 की एक गरीब की चौखट पर दम तोड़ रही है। करीब ढाई साल पहले बारिश ने छत छीन ली और अब भ्रष्ट सिस्टम ने पीएम आवास। प्राकृतिक आपदा के तहत मिलने वाली सहायता राशि भी जिम्मेदारों ने डकार ली। मथौली नगर पंचायत के वार्ड नंबर 13 की निवासी बिंदू देवी पत्नी सुदर्शन मद्धेशिया का घर बारिश में भरभरा कर गिर गया। तब मथौली नगर पंचायत नहीं बना था और उस समय तत्कालीन ग्राम प्रधान राकेश उर्फ भोला यादव और लेखपाल अमित कुमार मौका मुयाना किया था। लेखपाल की मानें तो उसी समय आपदा राहत के लिए पीड़िता का नाम भेज दिया गया। आश्वासन मिला कि जब भी आवास आएगा, उसे प्रथम प्राथमिकता पर मिलेगा। गांव में आवास के लिए कैम्प लगा तो फॉर्म भी भरा गया। पर लिस्ट में नाम नहीं आया। इस बीच मथौली को नगर पंचायत का दर्जा भी मिल गया। सभासद ने भी पीड़िता का आधार कार्ड, बैंक पासबुक लेकर फॉर्म सबमिट करने का दावा किया, लेकिन अभी 900 से अधिक लोगों के खाते में पहली किस्त की रकम भी आ गई, लेकिन बिंदू देवी ताकती रह गई। आरोप है कि डूडा और स्थानीय निकाय के जनप्रतिनिधियों और कर्मचारियों ने उन लोगों का ही नाम आगे बढ़ाया, जिन्होंने सुविधा शुल्क दिया। भ्रष्टाचार के इस खेल में 80 फीसद से अधिक अपात्रों का आवास मिल गया, लेकिन जिसे सबसे पहले मिलना चाहिए वो दर दर भटक रहा है।

इस संबंध में अधिशाषी अधिकारी सीमा राय ने कहा कि पहली किश्त का आवास आया है। दूसरी किस्त में छूटे लोगों का भी आ जायेगा। जिन लोगों का छूट गया है वह आवेदन करा लें।

नगर पंचायत मथौली में 900 से ज्यादा लोगों का आवास आया है। अगर महिला पात्र है तो उसे आवास हर हाल में मिलेगा। इसके लिए उक्त महिला आवेदन करा लें। लेखापाल जांच करने और जांच का रिपोर्ट संबंधित एसडीएम के माध्यम से आयेगा। जिसके बाद महिला के खाते में पहला किस्त चला जायेगा।

## शिक्षक संघ की बैठक में विभिन्न समस्याओं पर हुई चर्चा

*अवधनामा संवाददाता*

**अमेठी।** प्राथमिक शिक्षक संघ की भादर ब्लाक कार्यसमिति की बैठक कम्पोजिट विद्यालय भादर-1 में गुरुवार को हुई। बैठक में शिक्षकों की समस्यायों पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में नये साल में सदस्यता अभियान तेज करने के साथ कार्यकारिणी के विस्तार का निर्णय लिया गया और पुरानी पेंशन बहाली के आन्दोलन को और मजबूती से आगे बढ़ाने पर जोर दिया गया।

ब्लाक अध्यक्ष प्रवीण कुमार सिंह ने एजेंडे की जानकारी दी और बताया कि अवरूद्ध वेतन बहाली चयन वेतनमान और अन्य समस्याओं के निस्तारण के मामले में हमारे पास जो भी प्रकरण आए थे सभी का निस्तारण हो गया है। पूर्व मा शि संघ और प्राथमिक शिक्षक संघ की ओर से हाल ही में आयोजित किए गए सत्याग्रह के बाद बेसिक शिक्षा अधिकारी और लेखाधिकारी कार्यालय की कार्यप्रणाली में सुधार हुआ है शिक्षकों की समस्यायों का हल तेजी से किया जा रहा है। उन्होंने शिक्षकों से निपुण भारत मिशन के अन्तर्गत बच्चों को निपुण बनाने के लिए ईमानदारी से दायित्व निर्वहन की अपील की और कहा नया सबेरा कार्यक्रम में भादर विकास खंड के सभी शिक्षकों ने सुंदर काम किया है। उमेश त्रिपाठी ने पिछले अनुभवों का उल्लेख करते हुए कहा कि हमारा जिला नेतृत्व बहुत ही ईमानदार कर्मठ और ऊर्जावान है कोई समस्या संगठन की नजर से नहीं बचती। उन्होंने एम डी एम कन्वर्जन कास्ट और खाद्यान्न समय से न मिलने पर चिंता जताई और कहा कि मंहगाई को देखते हुए कन्वर्जन कास्ट बढ़ाई जाय। पुरानी पेंशन बहाली के आन्दोलन में युवा शिक्षकों से पूरी ताकत के साथ भागीदारी की अपील की। बैठक की अध्यक्षता पूर्व मा शि संघ के जिला उपाध्यक्ष संजीव भारती ने की।

# स्वतंत्रा संग्राम सेनानियों के आश्रितों ने पेंशन की मांग को लेकर किया प्रदर्शन

*अवधनामा संवाददाता*





**गोरखपुर ।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के आश्रितों ने शुक्रवार को अल हिंद पार्टी के बैनर तले तहसील मुख्यालय पर प्रदर्शन किया और राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन उपजिलाधिकारी सहजनवा कुंवर सचिन सिंह को सौंपा। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे अल हिंद पार्टी के मण्डल अध्यक्ष देवेंद्र कुमार ने कहा की 1857 के स्वतंत्रा संग्राम सेनानियों के आश्रित को पेंशन दिया जाय।1857 में अग्रेजो ने जिन गांव को जलाया, लूटा,उजाड़ा उसे शहीद गांव घोषित किया जाय। प्रत्येक आश्रित के परिजन को केंद्र व राज्य सरकार 10 करोड़ मुआवजा दे। 1857 के स्वतंत्रा सेनानियों की लूटी और छीनी भूमि वापस किया जाय और शहीद स्मारक बनाया जाये। हाईकोर्ट के सेवानिवृत्ति मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षा में आयोग का गठन किया जाय। बलिदानीयो के नाम विश्वविद्यालय, संस्थान बनाया जाय। महान बलिदानीयो पर शोध कराया जाय। स्वतंत्रा संग्राम सेनानियों का इतिहास सभी किताबो में पढ़ाया जाए। आश्रित परिजन का नाम रजिस्टर खोलकर अंकित किया जाय, काला पानी की सजा पाए स्वतंत्रा सेनानियों को भारत रत्न दिया जाये, एक आश्रित के परिजन को नौकरी दिया जाये।

प्रदर्शन करने वालो में श्रीराम, पुनम,विद्यार्थी, सरिता, रामशरण, मोनू, इंद्रावती, कलावती, सीमा, फुलादेवी, मुन्नी, बसंती, सती देवी, गुड्डी, पालकी, अनारकली, निर्मलानासपाती, कुमारी सहित अनेक आश्रित मौजूद थे।

## रैन बसेरा का तहसीलदार ने लिया जायजा

**मथौली बाजार, कुशीनगर।** कस्बे के वार्ड नंबर 16 में बने अस्थाई रैन बसेरा का तहसीलदार हाटा धर्मवीर सिंह ने शुक्रवार की शाम लगभग चार बजे निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अलाव की व्यवस्था, रजाई, बेड सब कुछ ठीक मिला। बता दें कि भीषण ठंड को देखते नगर में दूर दराज से आने वाले मुसाफिरों के ठहरने के लिए अस्थाई रैन बसेरा बनाया गया है। रैन बसेरा की हकीकत जानने के लिए एसडीएम हाटा के निर्देश पर शुक्रवार की शाम चार बजे तहसीलदार हाटा धर्मवीर सिंह पहुंचे जहां रैन बसेरा में व्यवस्थाएं ठीक ठाक पाए। अधिशाषी अधिकारी सीमा राय ने बताया के नगर में दो जगह अस्थाई रैन बसेरा बनाया गया है। जिसमें दूर दराज से आए मुसाफिर ठहर सकते है। इस मौके पर नगर अध्यक्ष नवरंग सिंह, जेई कृष्ण कुमार मद्धेशिया, सभासद रविंद्र सैनी, लेखपाल अमित कनौजिया, सूर्य प्रकाश शुक्ला, मोहन सिंह, इम्तियाज अंसारी, पप्पू मल्ल सहित नगर के गणमानय लोग मौजूद रहे।

# वार्षिकोत्सव में हुई खेल प्रतियोगिता और सांस्कृतिक कार्यक्रम

*अवधनामा संवाददाता*

**अमेठी।** राजकीय इंटर कालेज टीकरमाफी का दो दिवसीय वार्षिकोत्सव सर्द मौसम के बीच मनाया गया। वार्षिकोत्सव में खेलकूद और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। दूसरे दिन वार्षिकोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में विधानपरिषद सदस्य और विशेषाधिकार समिति के सभापति शैलेन्द्र प्रताप सिंह शामिल हुए।एम एल सी ने विपरीत मौसम के बीच सुंदर कार्यक्रम के आयोजन के लिए विद्यालय परिवार की प्रशंसा की।

दो दिवसीय वार्षिकोत्सव में छात्र छात्राओं ने खेलकूद स्काउट गाइड की गतिविधियों के साथ गीत संगीत के मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।विद्यालय के प्रधानाचार्य पी ई एस राहुल सिंह ने अतिथियों का स्वागत सम्मान किया उन्होंने विद्यालय के शिक्षकों के साथ मुख्य अतिथि और सभी विशिष्ट अतिथियों को अंगवस्त्र के रूप में शाल भेंटकर सम्मानित भी किया। जीजीआईसी अमेठी की प्रिंसिपल डॉ फूल कली गुप्ता ने समाज में शिक्षकों की भूमिका का उल्लेख करते हुए अपनी शेरों शायरी और कविताओं के माध्यम से प्रेरणास्पद संदेश दिए। पीईएस राजू यादव ने छात्र-छात्राओं को विपरीत परिस्थितियों और चुनौतियां के बीच लक्ष्य की तरफ निरंतर आगे बढ़ने के संदेश दिए और कहा कि कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती। पीईएस निर्भय सिंह ने कहा कि जंगल के वृक्षों की जड़ें इतनी गहरी होती हैं कि उन्हें आंधियां भी नहीं उखाड़ पातीं हैं। उन्होंने छात्र-छात्राओं को सफलता के तीन मंत्र-दूर दृष्टि कड़ी मेहनत पक्का इरादा को जीवन में अपनाने के संदेश दिए और किताबों को अपने पंख बनाकर जीवन लक्ष्य पर निरंतर आगे बढ़ने को प्रेरित किया। राजकीय इंटर कालेज के पूर्व प्रधानाचार्य अवकाश प्राप्त लालजी सिंह ने कहा कि प्रतिकूल मौसम में वार्षिकोत्सव प्रेरणादायी है। ओलम्पिक खेलों के जनक के विचारों को छात्र छात्राओं और शिक्षकों के बीच साझा किया और किया क्रीड़ा में जीत का नहीं प्रतिभाग का महत्व है जीवन में महत्व सफलता का नहीं संघर्ष का है। अपने विद्वता पूर्ण सम्बोधन में उन्होंने शिक्षा के महत्व को फोकस करते हुए विद्यालय को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। अन्धकार को क्यों धिक्कारें अच्छा है एक दीप जलाएं। समारोह का कुशल संचालन प्रवक्ता डॉ अब्दुल हमीद और पल्लवी सिंह ने किया। समारोह को माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष शिवभूषण उपाध्याय यशोदानंदन शुक्ला आर पी सिंह अभिभावक संघ के अध्यक्ष राजमणि मिश्र ने भी संबोधित किया। वार्षिकोत्सव की अध्यक्षता भाजपा काशी क्षेत्र के अध्यक्ष काशी प्रसाद तिवारी ने की और छात्र-छात्राओं को पुरस्कार प्रदान किए।इस मौके पर रवीन्द्र बहादुर सिंह शेर बहादुर सिंह रघुनाथ मौर्य श्याम सुंदर तिवारी जय प्रकाश द्विवेदी डा रश्मि सिंह सामाजिक चिंतक संजीव भारती राजकीय इंटर कालेज पिंडोरिया के प्रधानाचार्य राम नेवाज कश्यप सुरेश चन्द्र शुक्ल महेंद्र पाल जीतेन्द्र यादव बृजलाल कश्यप राहुल राव मनीष ओझा विकास आदि मौजूद रहे।

## हांड कपाऊ सर्दी से जनजीवन बेहाल

**अमेठी।** जिले में पिछले तीन दिनों से शीतलहर और कड़ाके की ठंड के बीच जनजीवन बेहाल हो गया है।पिछले 2 दिन से सूर्य देव के दर्शन नहीं हुए है। सर्दी के कारण आम आदमी के साथ ही मवेशियों का हाल भी बुरा है खासकर छुट्टा मवेशी पेड़ों के नीचे ठिठुरते नजर आए। वही ग्रामीण अंचल में अभी तक अलाव न जलने के कारण लोग घास फूस जलाकर सर्दी भगाते दिखाई पड़े। सड़क पर दुपहिया वाहनों से निकल रहे लोग गर्म कपड़ों में ढके होने के बावजूद भी ठिठुरते नजर आ रहे थे। जगह-जगह लोग घास फूस जलाकर सर्दी से बचने का उपक्रम करते दिखाई पड़े।

अवधनामा

लखनऊ, शनिवार, 30 दिसम्बर, 2023



# ओरियंटेशन ऑफ़ स्टेक होल्डर प्रशिक्षण/उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन




अवधनामा संवाददाता

**तम्बाकू नियंत्रण**

**बहराइच।** राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय के सभागार कक्ष में ओरिएंटेशन ऑफ स्टेक होल्डर आर्गेनाइजेशन प्रशिक्षण/उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण/उन्मुखीकरण कार्यशाला में बेसिक शिक्षा विभाग, पंचायती राज विभाग, रेल विभाग समेत विभिन्न विभागों के प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग कर तम्बाकू नियंत्रण पर प्रशिक्षण प्राप्त किया। कार्यशाला में तंबाकू के सेवन से होने वाली बीमारियों और बचाव के बारे में विस्तार से जागरूक किया गया।अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 राजेश कुमार ने बताया कि तंबाकू नियंत्रण के लिए कोटपा अधिनियम 2003 बनाया गया है, जिसमें धारा चार के तहत सभी सार्वजनिक स्थानों पर स्मोकिंग करना अपराध है। पकड़े जाने पर दो सौ रुपये जुर्माना हो सकता है। धारा 6बी के तहत विद्यालय के सौ गज के दायरे में कोई भी तंबाकू की दुकान नहीं होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि तंबाकू उत्पाद पर अगर चित्र के साथ चेतावनी नहीं होगी तो धारा 7 के तहत अपराध की श्रेणी में आता है।

## खुलेआम तंबाकू से संबंधित सामग्री बेचने पर होगी कार्रवाईः डॉ. संजय सोलंकी

उप मुख्यचिकित्साधिकारी डॉ0 संजय सोलंकी ने कहा कि समाज में तम्बाकू का सेवन पुरुषों के साथ महिलाओं द्वारा भी बहुत अधिक मात्रा में किया जा रहा है। इसके परिणाम बहुत ही गंभीर हैं, तम्बाकू का धुआं लोगों के लिए हानिकारक है। उन्होंने बताया कि तंबाकू नियंत्रण कानून के तहत सार्वजनिक स्थलों पर धूम्रपान करने, खुलेआम तंबाकू से संबंधित सामग्री बेचने पर कार्रवाई की जा सकती है। उप मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 पी0 के0 बांदिल ने कहा कि तनाव का सबसे बड़ा कारण नशा ही है। आत्महत्या का मुख्य कारण तनाव है और तनाव का मुख्य कारण है।कार्यक्रम का संचालन कर रहे एनसीडी के डॉ0 परितोष तिवारी ने तंबाकू के सेवन से होने वाली बीमारियों व उससे बचाव की जानकारी देते हुए कहा कि तम्बाकू उत्पादों से मुंह में छाले पडना, गले में छाले पडना, पेट में छाले पडना तथा फेफड़ों में छाले पड़ जाते हैं तथा टीवी होने की संभावना बढ़ जाती है। इसके साथ-साथ ही श्वास की बीमारियां एलर्जी की बीमारियां डायबिटीज ब्लड प्रेशर बढना, अनिद्रा इत्यादि प्रकार की बीमारियां भी इससे हो जाती है। जो लोग इसके आदी हो जाते हैं या जिनको लत लग जाती है वह चाहकर भी इसे नहीं छोड़ पाते हैं मानसिक रोग विशेषज्ञ डॉ0 विजित जायसवाल ने बताया कि तम्बाकू के उपयोग का प्रभाव केवल मृत्यु दर तक ही सीमित नहीं है, बल्कि यह जीवन की गुणवत्ता और खराब मानसिक स्वास्थ्य से निपटने के प्रयासों को भी प्रभावित करता है। उदाहरण के लिए तम्बाकू मानसिक स्वास्थ्य के लिए कुछ दवाओं की प्रभावशीलता को कम कर देता है। मानसिक बीमारी के कारण लोगों में तम्बाकू का उपयोग करने की संभावना दोगुनी हो जाती है और साथ ही तम्बाकू लोगों को मानसिक स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं के प्रति अधिक संवेदनशील बना देता है।

# तंबाकू जनित रोगों से प्रतिवर्ष भारत में लगभग 12 लाख लोगों की हो जाती है मौतः बृजेश सिंह

**बहराइच।** जिला स्वास्थ्य शिक्षा सूचना अधिकारी बृजेश सिंह ने जिले में राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम की उपलब्धियों व वर्तमान स्थिति के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि तंबाकू जनित रोगों से प्रतिवर्ष भारत में लगभग 12 लाख लोगों की मृत्यु हो जाती है। तंबाकू एवं सिगरेट से होने वाले हजारों प्रकार की घातक बीमारियों जैसे कैंसर, हृदय रोग एवं फेफड़ों आदि की बीमारी और असामयिक मृत्यु से संबंधित प्रचार-प्रसार को युक्तिसंगत तरीकों से लागू करने के लिए सरकारी कर्मियों के माध्यम से आम लोगों को जागरूक करना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि तम्बाकू सेवन से मुंह का कैंसर होता है, दांत खराब होते है, आँखे कमजोर होती है, हृदय रोग का खतरा बढ़ जाता है तथा उच्च रक्तचाप की समस्या होती है। तम्बाकू व धुम्रपान के सेवन से इंसान का फेफड़ा खराब हो जाता है तथा नपुंसकता का खतरा बढ़ जाता है। डीपीएम सरजू खान ने कहा कि समाज के आम लोगों के बीच जाकर तंबाकू के सेवन के दुष्प्रभावों से अवगत करवाते हुए इसपर पूर्ण नियंत्रण लगाने के लिए कार्य करने होगा। तंबाकू का सेवन न करने के लिए लोगों को प्रेरित और जागरूक करना होगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंत में डॉ0 परितोष तिवारी ने स्वास्थ्य कर्मचारियों समेत विभिन्न विभाग से आए प्रतिनिधियों को शपथ दिलाई कि हम कभी भी धूम्रपान या तंबाकू या अन्य प्रकार के तंबाकू उत्पादों का सेवन नहीं करेंगे साथ ही अपने परिजनों या परिचितों को धूम्रपान का या अन्य तंबाकू उत्पादों का सेवन नहीं करने के लिए प्रेरित करेंगे और अपने अस्पताल परिसर को तंबाकू मुक्त रखेगे। इस मौके पर डॉ0 निर्मेष श्रीवास्तव, खाद्य एवं रसद विभाग से अभिषेक कुमार, अजय कुमार सिंह, डॉ0 रामतेज, मुकेश कुमार श्रीवास्तव, डॉ0 विश्राम रावत, विनोद कुमार शर्मा, एनसीडी सेल से विवेक श्रीवास्तव, मो0 हारून, फहीम अहमद, शरद श्रीवास्तव, एनसीडी क्लीनिक से डॉ0 रियाजुल हक, पुनीत शर्मा, संतोष सिंह, बृज प्रकाश, मनीष कुमार सिंह, राज कुमार महतो, सीमा कुमारी, अजय एवं मुकेश हंस आदि मौजूद रहे।

# श्रवण मिश्र बिदेश की क्रिकेट टीम में उप कप्तान बने

अवधनामा संवाददाता



**सुल्तानपुर।** तहसील क्षेत्र के मोहमदाबाद गांव मे 2002 मे सामान्य परिवार में राम केवल मिश्र के यहा जन्मे श्रवण मिश्र की प्रारम्भिक शिक्षा नगर स्थित विद्या मंदिर से हुई।बचपन से ही उन्हे क्रिकेट खेलने का शौक था।उनके इस शौक को पुरा करने के लिए गाँव मे छोटी सी किराना की दुकान चलाने वाले उनके पिता उमेश चंद मिश्र , बड़े पिता श्रीपति मिश्र व उनके चाचा संतोष मिश्र एडवोकेट ने उनको कानपुर प्रशिक्षण के लिए भेज दिया। श्रवण अपने खेल व मेधा के बल पर लखनऊ ,कानपुर व नोयडा मे खेलने के बाद बड़ोदरा गुजरात चले गये। वहां कुछ महीने खेलने के बाद उनकी मुलाक़ात पंड्या ब्रदर्श हार्दिक व कुणाल पंड्या से हुई। इतना सब कुछ पाने मे श्रवण बताते है कि क्रिकेटर , अभिनेता व उद्योगपतियों का भी सहयोग रहा। बिदेश से वापस आये श्रवण बताते है कि गुरूमीत सिंह भामरा और कपिल झावेरी ने बहुत योगदान दिया। इसी बीच उनकी भेंट नोयडा एकेडमी मे क्रिकेटर उत्तराखंड निवासी राकेश से हुई, जो इस समय यू ए. ई देश मे है।जिनके सहयोग से श्रवण यू ए ई देश मे होने वाले क्रिकेट अबुधाबी टी टेन् के खिलाडी है। जनवरी चौबीस मे होने वाले वहां के डोमेस्टिक मैच मे टीम इलेवन का हिस्सा होते हुए टीम के उपकप्तान है। अबुधाबी से लौटे श्रवण ने एक मुलाक़ात मे बताया कि यह सब ईश्वर की कृपा ,बाबा बजरंगबली के आशीर्वाद व परिवार तथा मित्र जनो शुभचिंतकों की कामनाओ का प्रतिफल है।उन्होंने कहा कि इस छ वर्ष मे कितना संघर्ष व उतार चढ़ाव मैने देखा है इसे मै स्वयं सिर्फ महसूस कर सकता हू ।

# बालाबेहट, धौर्रा, सौजना व सौंरई में उद्योग स्थापित कराने की मांग

अवधनामा संवाददाता

- राज्यमंत्री, विधायक व जिला पंचायत अध्यक्ष ने औद्योगिक विकास राज्यमंत्री को सौंपा पत्र

**ललितपुर।** महरौनी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बालाबेहट, धौर्रा, सौजना व सौंरई में उद्योग स्थापित कराये जाने के साथ ही क्षेत्र के विकास को लेकर महरौनी विधानसभा से विधायक /राज्यमंत्री मनोहरलाल पंथ ने सदर विधायक रामरतन कुशवाहा, जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण के साथ एक पत्र औद्योगिक विकास राज्यमंत्री जसवंत सिंह सैनी को संबोधित एक पत्र सौंपा। ज्ञापन में उन्होंने बताया कि विधानसभा क्षेत्र महरौनी के अन्तर्गत स्थित बालाबेहट, धौर्रा, सौजना, सौंरई अति पिछड़ा क्षेत्र होने के कारण अत्यन्त गरीबी एवं बेरोजगारी व्याप्त है। इस क्षेत्र की जमीन काफी उबड-खाबड तथा पथरीली होने से कृषि कार्य करने में भी किसानों को काफी असुविधा होती है, जिससे क्षेत्रीय जनता को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। यदि यहां पर कोई उद्योग की स्थापना करा दी जाये तो क्षेत्रीय जनता को रोजगार प्राप्त हो सकता है और उनकी आर्थिक स्थिति ठीक हो जायेगी। उन्होंने औद्योगिक विकास राज्यमंत्री से जनहित में उ.प्र. जनपद ललितपुर विधानसभा महरौनी के अन्तर्गत ग्राम बालाबेहट, धौर्रा, सौजना, सौंरई में उद्योग स्थापित कराये जाने हेतु यथोचित कार्यवाही कराने की मांग उठायी।

## न्यायालय आयुक्त दिव्यांग जन ने नोटिस जारी

**सुल्तानपुर।** दिव्यांग महिला चिकित्सक को कार्य स्थल पर बाधारहित वातावरण उपलब्ध न कराए जाने पर राज्य स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय के प्राचार्य तथा महानिदेशक चिकित्सा शिक्षा लखनऊ को न्यायालय राज्य आयुक्त दिव्यांग जन उत्तर प्रदेश ने नोटिस जारी कर कबाब तलब किया है। डा0आदित्य दुबे निवासी फरीदी की गली हैडरिल गेट के सामने की शिकायत पर कि उनकी दिव्यांग चिकित्सक पत्नी डा0 सरोज दुबे को कार्यस्थल पर उचित माहौल उपलब्ध नही करवाया जाता की शिकायत पर ही उक्त नोटिस जारी कर जवाब तलब किया गया है।

# राष्ट्रीय सामाजिक सेवा संघ ने निःशुल्क भोजन किया वितरित

अवधनामा संवाददाता



**सुल्तानपुर।** राष्ट्रीय सामाजिक सेवा संघ द्वारा साप्ताहिक कार्यक्रम में प्रत्येक बृहस्पतिवार को राजकीय मेडिकल महाविद्यालय एव जिला चिकित्सालय तथा रेलवे स्टेशन पर मरीज़ो तीमारदारों यात्रियों तथा जरूरतमन्दो को निःशुल्क भोजन वितरण कार्य किया जाता है।देर शाम बृहस्पतिवार को अध्यक्ष मेराज अहमद खान के नेतृत्व मे राजकीय मेडिकल कालेज एव जिला चिकित्सालय में सैकड़ों लाभर्थियों लोगो को मशहूर चर्म रोग विशेषज्ञ डॉ आशीष सिंह ने मुफ्त भोजन की थाली देकर शुभारंभ किया। डॉ आशीष सिंह ने कहा कि अस्पताल में ऐसे -ऐसे मरीज आते है जिनके पास पैसा का अभाव होता है भोजन की व्यवस्था नही रहती है ऐसे गरीबो असहायों के लिए निःशुल्क भोजन उपलब्ध कराना बहुत महान कार्य है। उधर सुल्तानपुर रेलवेस्टेशन पर 133 लाभर्थियों को डिप्टी स्टेशन सुपरिटेंडेंट अफसर खान और ट्रेन मैनेजर सुल्तानपुर अरुण मिश्रा ने निःशुल्क भोजन वितरण का शुभारंभ किया गया। असफर खान ने कहा कि संस्था द्वारा भूखें लोगो मुफ़्त खाना उपलब्ध कराया जा रहा है जो बहुत नेक एव सराहनीय कार्य है। राष्ट्रीय सामाजिक सेवा संघ के मार्गदर्शक ने बताया कि मेडिकल कालेज और रेलवे स्टेशन पर 448 लाभार्थियो को पौष्टिक और गुणवत्तापूर्ण अरहर की दाल, सब्जी रोटी चावल की निःशुल्क भोजन की थाली वितरित की गई। मुहम्मद अरशद पवार ,प्रदीप श्रीवास्तव, नफीसा बानों,सुहेल सिद्दीकी सत्य प्रकाश वर्मा,डॉ शादाब खान,विजय निगम,जितेन्द्र कुमार मौर्य,सिंकन्दर वर्मा,मुहम्मद मुज्तबा अंसारी,राशिद वर्दी टेलर,आतिफ़ खान,चुन्ने ,भोलू,इस्लाम खान पप्पू,जावेद अहमद ,शमशुद्दीनआदि का अहम सहयोग रहा।

## एस पी सिटी मेरठ रहे पीयूष कुमार सिंह को मीट माफिया से दोस्ती पड़ी भारी

**सुल्तानपुर।** पुलिस प्रशिक्षण केंद्र सुल्तानपुर में अपर पुलिस अधीक्षक के रूप में मेरठ से स्थांतरित होकर पीयूष कुमार सिंह को मीट माफिया से दोस्ती निभाना भारी पड़ गया।सूत्र बताते हैं कि एस पी सिटी मेरठ रहते हुए इन्होंने मीट माफिया की कई कांडों में सरपरस्ती की थी। इन्होंने मीट माफिया के बेटे की पिस्टल खिलौने में बदली,जबकि उसने असली पिस्टल से रेस्त्रां मालिक को धमकाया गया था।इन्होंने अपने पद पर रहते हुए मीट माफिया के रेपिस्ट बेटे को बचाने की कोशिश की थी।सूत्र यहां तक बताते हैं कि उन्होंने 2 दिन तक हिंदू युवती से रेपकांड दबाए रखा था।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के दखल के बाद रेप केस दर्ज हो सका था।मेरठ शहर में 500 अवैध मीट दुकानों का संचालन इन्ही की सरपरस्ती में होता रहा है। मीट माफिया के इशारे पर शहर में अवैध मीट शॉप को संरक्षण देने का कार्य इनके द्वारा किया जाता रहा है। मेरठ के एस पी सिटी की कमान अब आई पी एस आयुष विक्रम सिंह को दो गई है।

# बीआरसी जखौरा पर मासिक बैठक का आयोजन

- विद्यालयों में शत प्रतिशत हो बच्चों की उपस्थितिः अरजरिया
- प्रधानाध्यापकों को टैबलेट का हुआ वितरण



अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** राज्य परियोजना कार्यालय के निर्देशन पर खंड शिक्षा अधिकारी एवं प्रधानाध्यापकों की मासिक बैठक ब्लॉक संसाधन केंद्र जखौरा पर खंड शिक्षा अधिकारी भुवनेंदु अरजरिया के निर्देशन में आयोजित की गई। बेसिक शिक्षा विभाग के अन्तर्गत लर्निंग रिसोर्स पैकेज के तहत द्वितीय दिवस मासिक बैठक के दौरान खंड शिक्षा अधिकारी जखौरा भुवनेंदु अरजरिया के निर्देशन विकास खंड जखौरा के प्रधानाध्यापकों को टैबलेट वितरित किए गए। जिससे टैबलेट से ही शिक्षक- शिक्षिकाओं की उपस्थिति, छात्र-छात्राओं की उपस्थिति, शासन की विभिन्न योजनाओं की फीडिंग, मिड-डे मील योजना में मध्याह्न भोजन ग्रहण करते हुए बच्चों की फोटों अपलोड की जायेगी।विद्यालय के अभिलेखों से संबंधित चौदह पंजिकाओं का विवरण, दीक्षा एप के माध्यम से अभ्यास पुस्तिकाओं के वीडियों बच्चों को टैबलेट के माध्यम से दिखाये जायेंगे।टैबलेट को संचालित करने हेतु प्रशिक्षण के उपरांत ही प्रधानाध्यापक टैबलेट को सुचारू रूप से चालू किया जायेगा।उन्होंने बैठक के दौरान प्रधानाध्यापकों को निर्देश दिए कि परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम हेतु जूनियर स्तर के बच्चों का आनलाइन रजिस्ट्रेशन करायें। निपुण लक्ष्य एप पर सभी प्राथमिक विद्यालय 100 प्रतिशत आनलाइन एसाइनमेंट करायें। प्रधानाध्यापक विद्यालयों में कायाकल्प के सभी 19 पैरामीटर पर 100 प्रतिशत कार्य पूर्ण करायें।पाठ् य पुस्तक एवं कार्य पुस्तिकाओं के प्रयोग को प्रेरणा पोर्टल पर अपडेट अवश्य करें।शिक्षक संदर्शिका, प्रिंटरिच सामग्री, गणित एवं विज्ञान किट को कक्षा शिक्षण में प्रयोग जरूर करें।यू-डाइस सत्र 2023-24 के लिए पोर्टल पर स्कूल, टीचर, स्टूडेंट्स मॉड् यूल पर डाटा फीडिंग का कार्य शीघ्र पूर्ण कर लें।प्रेरणा पोर्टल पर छात्र-छात्राओं की फोटों, पुस्तक वितरण, सिफ्टिंग डाटा फीडिंग कार्य को भी पूर्ण कर लें।इसके साथ ही उन्होंने दिव्यांग बच्चों की उपस्थिति को समर्थ एप के माध्यम से प्रतिदिन भरने के लिए कहा। मासिक निपुण के सापेक्ष उपलब्धि प्रपत्र में अंकित जरूर करें। निपुण छात्र व छात्राओं का आंकलन करके निपुण बच्चों की सूची जरूर बनायें।मासिक बैठक में संकुल केंद्र बांसी, सिरसी, जखौरा, बुढवार, मडवारी, लखनपुरा, थनवारा, रोंडा, मसौरा खुर्द, दैलवारा, नरौरा, लागौन के प्रधानाध्यापकों ने प्रतिभाग किया।

## विकास खण्ड स्तरीय रोजगार मेला का हुआ आयोजन

**ललितपुर।** उ.प्र. कौशल विकास मिशन, सेवायोजन कार्यालय एवं राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के संयुक्त तत्वाधान में दीन दयाल उपाध्याय- ग्रामीण कौशल्य योजनान्तर्गत आयोजित विकास खण्ड स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन विकास खण्ड तालबेहट के राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान परिसर में किया गया। शुभारम्भ मंचासीन अतिथियों द्वारा विश्वकर्माजी के चित्र पर दीप प्रज्जवलन एवं माल्यार्पण कर किया गया। रोजगार मेले में 11 नियोक्ता, कम्पनी यथा पुखराज हेल्थकेयर प्रा.लि., एलआईसी, श्रीनिवास एजूकेशन, एक्साईड बैटरी, टाटा ऑटोकोम, लावा इंटरनेशनल लि., सुब्रोश लि., गेटकेयर ऑफ एलएलपी, ग्लोरी स्टार मेनेजमेन्ट प्रा.लि., स्किल्ड इंडिया एवं एडीको इंडिया प्रा.लि. इत्यादि के प्रतिनिधियों द्वारा नियोजक के रूप में प्रतिभाग किया गया। उक्त रोजगार मेला में 270 अभ्यार्थियों द्वारा प्रतिभाग कर साक्षात्कार में भाग लिया। जिनमें से 157 अभ्यार्थियों का प्रतिभागी विभिन्न कम्पनियों के द्वारा चयन किया गया।

# ठण्ड से ठिठुरते गरिबो को कंबल के रूप मे मिली जिंदगी

अवधनामा संवाददाता

- तो छात्रों को स्मार्टफोन, सबके खिले चेहरे

**धनपतगंज,सुलतानपुर।** ठिठुरती ठंड में जहां एक तरफ गरीबों व असहायों को ठिठुर कर रात काटना पड़ रहा है, वहीं मददगारों ने गरीबों की मदद में हाथ बढ़ाकर सहयोग किया। धनपतगंज क्षेत्र के सत्य नारायण चंद्र प्रकाश स्मारक महाविद्यालय में जरूरतमंदों के लिए 275 कंबल, व छात्र छात्राओं के लिए 448 स्मार्ट फोन वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। विधायक विनोद सिंह मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम में पहुंचे, कार्यक्रम सत्य नारायण चंद्र प्रकाश सिंह स्मारक महाविद्यालय के संस्थापक श्याम प्रकाश सिंह, प्रबंधक अखिलेश सिंह की अध्यक्षता में किया गया।लोगों को संबोधित करते हुए श्याम प्रकाश सिंह ने कहा- समर्थवान लोगो को गरीब व जरूरतमंद के लिए आगे आना चाहिए। यह दुनियां का सबसे पुनीत कार्य है। मानव सेवा ही प्रभु की सेवा है।इससे बढ़कर दूसरा पुण्य कार्य संसार में नहीं है। विद्यार्थियों को स्मार्टफोन से भविष्य में आने वाली सरकार की सारी नीतियों की जानकारियां उपलब्ध होती रहेंगी बस समस्त विद्यार्थी इसका सही दिशा मे सदुपयोग करते रहे।

वही मुख्य अतिथि विधायक विनोद सिंह ने सरकार की नीतियों को गिनाते हुए कहा कि सरकार हर जरूरतमंद के साथ खड़ी है। शिक्षा के क्षेत्र में बच्चों को डिजिटल इंडिया से जोड़ने के लिए स्मार्टफोन दे रही है, स्मार्टफोन से बच्चों में जानकारियां बढ़ेगी। तथा छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।इस मौके पर, संतोष सिंह, शैलेंद्र सिंह, विजय मिश्र, शंकर मिश्र, मनीष तिवारी,, रामेश्वर पाठक, संदीप सिंह, सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि सभी अभिलेखों में मेरा नाम मोहम्मद यार पुत्र मोहम्मद सिद्दीकी दर्ज है। त्रुटिवष मोहम्मद यार खान दर्ज हो गया है। भविष्य में मुझे मोहम्मद यार के नाम से जाना व पहचाना जाय यही सत्य है।

**मोहम्मद यार पुत्र मोहम्मद सिद्दीकी निवासी पोस्ट तिनेरा तहसील सलोन, गांव पूरे हटाना मजरे बहुतई रायबरेली**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि सभी अभिलेखों में मेरा नाम एनआईजेएएम पुत्र इसरार अहमद दर्ज है। लेकिन मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम त्रुटिवष एनआईजेडएएम दर्ज हो गया है। भविष्य में मुझे एनआईजेएएम के नाम से जाना व पहचाना जाय यही सत्य है।

**एनआईजेएएम पुत्र इसरार अहमद निवासी किला बाजार सैय्यद राजन तहसील सदर कोतवाली सदर, रायबरेली**

## आपदा प्रबंधन को लेकर किया गया लोगों को जागरूक

**ललितपुर।** आपदा प्रबंधन के लिए जन जागरूकता अभियान के तहत ब्लॉक सभागार महरौनी में लेखपाल, ग्राम पंचायत अधिकारी, ग्राम प्रधान, पंचायत सहायक एवं रोजगार सेवक की ट्रेनिंग में उप जिलाधिकारी अभिमन्यु सिंह की अध्यक्षता, जिला विकास अधिकारी के.एन. पाण्डेय, नायब तहसीलदार शेख आलमगीर, विकास खण्ड अधिकारी संदीप मिश्रा के मुख्य आतिथ्य में प्रशिक्षण की शुरुआत की गई।

# शीत कालीन अवकाश न होने से अविभावकों में आक्रोश

अवधनामा संवाददाता




**सुलतानपुर।** जनपद में भीषण ठंड और शीतलहर को देखते हुए कक्षा 1 से 12 तक विद्यालयों में शीतकालीन अवकाश का आदेश जारी किया गया है। वही जनपद के बल्दीराय, कादीपुर, दोस्तपुर, अखण्डनगर, लंभुआ, दूबेपुर, कुड़वार, जयसिंहपुर, धनपतगंज व कूरेभार सहित लगभग 12 ब्लाकों में स्थित कस्तूरबा गाँधी आवासीय बालिका विद्यालयों में शीतकालीन अवकाश न होने ने बालिकाओं को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।जिसके चलते बालिकाओं व उनके अभिभावकों में जबरदस्त आक्रोश व्याप्त है। जनपद के सभी ब्लाकों में कक्षा 6 से 8 तक बालिकाओं की कक्षाएं संचालित की जा रही हैं।उक्त प्रकरण में जिला प्रशासन एवं जिला बेसिक शिक्षा विभाग और माध्यमिक शिक्षा विभाग संवेदनहीन बना हुआ है। छात्राओं के अभिभावक कस्तूरबा गाँधी आवासीय बालिका विद्यालयों की शिक्षिकाओं से जवाब तलब व नोक-झोक कर रहे हैं। जिम्मेदार अधिकारी मूकदर्शक बने हुए हैं। कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालयों के अविभावकों ने जिलाधिकारी कृतिका ज्योत्सना से पद रही भीषण ठंड को देखते हुए कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में भी शीतकालीन अवकाश घोषित करने की मांग की है।

# जीआईसी के शिक्षकों पर विद्यार्थियों को जबरन कोचिंग पढ़ाने का आरोप

अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** स्कूल के शिक्षकों द्वारा छात्रों को अनुत्तीर्ण करने का दबाव बनाकर अपनी कोचिंग में पढ़ाने को लेकर विवश करने का आरोप लगाते हुये शिक्षा के व्यापारीकरण को बंद किये जाने की मांग करते हुये बुन्देलखण्ड छात्र विकास सेना ने जिलाध्यक्ष गौरव विश्वकर्मा के नेतृत्व में जिलाधिकारी को एक ज्ञापन भेजा है। ज्ञापन में उन्होंने डीएम को अवगत कराया कि कई अवैध कोचिंग सेंटर मानक के विपरीत संचालित की जा रही है। आरोप लगाया कि राजकीय इण्टर कॉलेज के शिक्षकों द्वारा छात्रों को अपनी कोचिंग में पढने के लिए विवश करते हुये मनमानी फीस जमा करायी जा रही है। बताया कि यदि कोई छात्र किसी अन्य कोचिंग सेण्टर जाता है तो उसे फेल करने का दबाव दिया जाता है। अनुत्तीर्ण करने का दबाव बनने से छात्र अपने ही विद्यालय के शिक्षकों की कोचिंग सेंटर में अपना समय खराब कर रहे हैं। अवगत कराया कि अवैध कोचिंग सेंटरों द्वारा विद्यार्थियों के भविष्य से खिलबाड़ किया जा रहा है। उन्होंने ऐसे प्रकरणों की जांच करायी जाकर ऐसे शिक्षकों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही किये जाने की मांग उठाते हुये अन्यथा की स्थिति में आंदोलन की चेतावनी दी है। ज्ञापन देते समय जिलाध्यक्ष गौरव विश्वकर्मा, अमन सोनी एड., दीपक सेन एड., प्रदीप प्रजापति, गौतम रजक, मोहित प्रजापति, अमन सेन, दीपेश रजक, यशपाल यादव, मोहित सेन आदि मौजूद रहे।

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक **18.01.2024** को **15.00** बजे तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल आफर स्वीकार नहीं किये जायेगें यदि कोई मैनुवल आफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | निविदा सूचना संख्या | 016402023 दिनांक 18–12–2023 |
| 2. | निविदा संख्या | 42Sr.DEN-III-LK0/2023-24 |
| 3. | कार्य का नाम | वरि० मण्डल इंजीनियर (तृतीय) उत्तर रेलवे लखनऊ अधिकार के क्षेत्र में सहायक मण्डल इंजीनियर (जौनपुर)– अनुभाग में ट्रिम्बल गेडो वोरसिस ट्रॉली सिस्टम या समान का उपयोग करके प्री और पोस्ट टैपिंग ट्रैक माप सर्वेक्षण और अद्यतन स्केल मैप का विकास का कार्य |
| 4. | अनुमानित लागत | Rs.1,21,13,283.00 |
| 5. | धरोहर राशि | Rs. 2,10,600.00 |
| 6. | कार्य की समापन अवधि | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से बारह माह। |
| 7. | निविदा डालने का प्रारंभ | 04.01.2024 |
| 8. | निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 18.01.2024 at 15:00 hrs. |
| 9. | वेबसाईट | www.ireps.gov.in |

नोट–: निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है।

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 4074/23

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, लघु सिंचाई खण्ड 30 चन्द्रलोक अलीगंज लखनऊ।**

पत्रांक- 1045/ल0सिं0/लेखा-निविदा/2023-24 दिनांक- 23 दिसम्बर, 2023

**ई-निविदा सूचना संख्या- 19/EE/2023-24**

महामहिम राज्यपाल महोदय उत्तर प्रदेश की ओर से लघु सिंचाई खण्ड लखनऊ अन्तर्गत जनपद लखनऊ में ''मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजनान्तर्गत'' पूर्व निर्मित (वर्ष 2015-16 से) उथले नलकूपों पर वाटर टैंक (हौज) निर्माण कार्यो हेतु ऑनलाईन पोर्टल http://etender.up.nic.in के माध्यम से निम्नानुसार वाटर टैंक के निर्माण कार्यो हेतु पात्रता रखने वाले ऐसे फर्म/ठेकेदार जो सिंचाई विभाग, उ0प्र0 में निर्धारित श्रेणी में पंजीकृत/सूचीबद्ध हों या ऐसे ठेकेदार जो लघु सिंचाई विभाग उ0प्र0 में दो वर्ष कार्य करने का अनुभव रखते हो, उनके विरूद्ध कोई जाँच लम्बित न हो, से प्रतिशत दर पर ई0 निविदा प्रणाली के अन्तर्गत निविदा आंमत्रित की जाती है। निविदा सूचना एवं निविदा प्रपत्र एवं निविदा नियम व शर्तें उत्तर प्रदेश सरकार की वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर दिनांक 03.01.2024 को प्रातः 10.00 बजे से दिनांक 09.01.2024 के पूर्वान्ह 11.00 बजे तक उपलब्ध रहेंगे, इस अवधि में निविदा अभिलेख http://etender.up.nic.in वेबसाइट से डाउनलोड/अपलोड़ किया जा सकता है। प्री0 क्वालीफिकेशन टेक्नीकल बिड़ दिनांक 09.01.2024 को पूर्वान्ह 11.30 बजे से अधीक्षण अभियन्ता, लघु सिंचाई वृत्त लखनऊ के कार्यालय में अधीक्षण अभियन्ता की अध्यक्षता में गठित निविदा समिति के द्वारा डाउनलोड़ किया जायेगा। प्री0 क्वालीफिकेशन टेक्नीकल बिड़ में उपयुक्त पाये गये निविदादाताओं के फाइनेन्सियल बिड़ दिनांक 09.01.2024 के अपरान्ह 3.30 बजे डाउनलोड़ किये जायेंगे। कार्यालय बन्द होने अथवा अवकाश होने की दशा में निविदा अगले कार्य दिवस में उसी समय डाउनलोड़ किया जायेगा, विशेष परिस्थितियों में निविदा डाउनलोड़ की तिथि/समय आदि में यदि परिवर्त न होता है तो उसकी सूचना ऑनलाईन/नोटिस बोर्ड पर चस्पा कर उपलब्ध करा दी जायेगी। लक्ष्य/धनराशि उपलब्धता के अनुरूप निविदा में वर्णित निर्माण कार्य किये जाने हेतु पृथक से आदेशित किया जायेगा।

**कार्य का विवरण**

| क्र. सं. | कार्य का नाम व विवरण | कार्य की कुल संख्या | अनुमानित लागत (लाख रू. में) | मात्रा | कार्य पूर्ण करने की अवधि | धरोहर धनराशि (लाख रू. में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य व स्टेशनरी चार्ज (रू. में) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजनान्तर्गत जनपद लखनऊ की तहसील बी0के0टी0 के भिन्न भिन्न ग्रामों में 1.5मी0x1.5 मी0x1.00 मी0 साइज के सामान्य श्रेणी के 9 एवं अनु0 श्रेणी के 6 कुल 15 वाटर टैंक(हौज) का निर्माण कार्य। | 15 | 5.25 | BOQ के अनुसार | दिनांक-10.03.2024 तक | 0.44 | 300 + 500 + 144 (18% GST) = 944/- |
| 2 | मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजनान्तर्गत जनपद लखनऊ कीतहसील मलिहाबाद के भिन्न भिन्न ग्रामों में 1.5मी0x1.5 मी0x1.00 मी0 साइज के सामान्य श्रेणी के 13 एवं अनु0 श्रेणी के 7 कुल 20 वाटर टैंक(हौज) का निर्माण कार्य। | 20 | 7.00 | BOQ के अनुसार | दिनांक-10.03.2024 तक | 0.59 | 300 + 500 + 144 (18% GST) = 944/- |
| 3 | मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजनान्तर्गत जनपद लखनऊ की तहसील मोहनलालगंज के भिन्न भिन्न ग्रामों में 1.5मी0x1.5 मी0x1.00 मी0 साइज के सामान्य श्रेणी के 10 एवं अनु0 श्रेणी के 5 कुल 15 वाटर टैंक(हौज) का निर्माण कार्य। | 15 | 5.25 | BOQ के अनुसार | दिनांक-10.03.2024 तक | 0.44 | 300 + 500 + 144 (18% GST) = 944/- |
| 4 | मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजनान्तर्गत जनपद लखनऊ की तहसील सरोजनी नगर के भिन्न भिन्न ग्रामों में 1.5मी0x1.5मी0x1.00मी0 साइज के सामान्य श्रेणी के 12 एवं अनु0 श्रेणी के 8 कुल 20 वाटर टैंक(हौज) का निर्माण कार्य। | 20 | 7.00 | BOQ के अनुसार | दिनांक-10.03.2024 तक | 0.59 | 300 + 500 + 144 (18% GST) = 944/- |
| 5 | मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजनान्तर्गत जनपद लखनऊ की तहसील सदर के भिन्न भिन्न ग्रामों में 1.5मी0x1.5मी0x1.00 मी0 साइज के सामान्य श्रेणी के 6 एवं अनु0 श्रेणी के 4 कुल 10 वाटर टैंक(हौज) का निर्माण कार्य। | 10 | 3.50 | BOQ के अनुसार | दिनांक-10.03.2024 तक | 0.30 | 150 + 500 + 117 (18% GST) = 767/- |

यह निविदा/बिड सूचना उत्तर प्रदेश सरकार की वेबसाइट http:upgov.nic.in एवं ई-टेण्डर पोर्टल http://etender.up.nic.in पर भी उपलब्ध है तथा निविदा/बिड की विस्तृत शर्ते निविदा/बिड प्रपत्र के साथ उपलब्ध होगी जो निविदा की वे बसाइट पर अपलोड रहेगी।

UPID-199744 Dated-28-12-2023
विज्ञापन आदेश के अनुसार www.upgov.in पर उपलब्ध

अधिशासी अभियन्ता
लघु सिंचाई खण्ड, लखनऊ।

# नयन से नीर बहता है हृदय में पीर उठती है: शायर अशोक

अवधनामा ब्यूरो

**सोनभद्र।** सोनभद्र चुर्क गुरु वार को मानस यज्ञ नवाह्न समापन बाद अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन रामलीला समिति के तत्वावधान में आयोजित किया गया वाणी वंदना ईश्वर विरागी ने,कपट कपाट काट कटु वाणी मां शारदे सुनाया,तदुपरांत वाग्देवी सरस्वती पूजा की अर्चना गौतम भारद्वाज कथा वाचक अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ साहित्यकार जगदीश पंथी ओमप्रकाश यादव प्रदुम्न तिवारी नगर पंचायत अध्यक्ष मीरा यादव व संचालक दिलीप सिंह दीपक प्रधानगण के द्वारा माल्यार्पण व कवियों का सारस्वत अभिनंदन किया गया,ओज व राष्ट्रवाद के मुखर स्वर प्रदुम्न तिवारी ने करुणा से कविता का उद्गम को रेखांकित करते हुए,नयन से नीर बहता है हृदय में पीर उठती है,किसी दुष्यंत के खातिर शकुन्तला जब भी रोती है। तभीं कवि की मुखर वाणी संवेदनशील भावों से, कोई कविता उतरती है औ जन कल्याण करती है सुनाया वाहवाही लूटी। यथार्थ विष्णु ने, भीड़ में ढूंढ पाना है मुश्किल यहां,सब मुखौटा यहां हैं लगाये हुए,सुनाकर दिशा दशा को दर्शाया।वीर रस के कवि प्रभात सिंह चंदेल ने,पूरी दुनिया में मोहब्बत का पैगाम लिख देना,हो जाऊं अगर कुर्बान मां भारती के चरणों में, मेरे माथे पर भारत महान लिख देना सुनाकर देशभक्ति का संचार कर जागरण किया।शायर अशोक तिवारी ने, दर्द दिल का उतर जाये तो कोई बात करूं, सुनाया और विसंगतियों को उजागर किया। हम एक हैं कभीं बिखर नहीं सकते सुनाकर सद्भावना का संदेश दिया। चंदौली से पधारे मनोज



मधुर ने क ई रचनाओं का वाचन कर महफ़िल लूट लिया उनकी रचना, मेरी हर सांस मीरा का भजन तुलसी की चौपाई,जपूं जो वाल्मीकि सा मरा भी राम हो जाये,काफी सराही गई।विरागी गीतकार ने, स्वप्न नित नूतन सजाते चलें, सिद्ध नाथ पांडेय ने, सदियों से जो रुका था मंदिर अवध में बन रहा, सुनिल चौचक ने,थाने में जब जेबा कटि गैल का कंडा कुबरी लाठी से सुनाकर विद्रूपता को रेखांकित करते हुए खूब हंसाये। मिर्ज़ापुर से आये नरसिंह साहसी ने पैरोडी,इधर घुसा जाय कि उधर घुसा जाय,दल बदल के आम मीठा चूसा जाय। सुनाया और राजनीति को दर्पण दिखाकर हंसाते हंसाते लोटपोट कर दिये। गोरखपुर से आई श्रेष्ठ कवयित्री अनुपमा वाणी ने,आओ हम तुम पंख लगाकर , उन्मुक्त गगन में उड़ जायें,सुनाकर कल्पना शक्ति को उड़ान दी और खूब तालियां बटोरी। हास्य व्यंग के चितेरे अजय चतुर्वेदी काका ने,जिसका जैसा पद हैं भाई उसका वैसा कद है भाई, सुनाया और लोगों को सोचने पर बिवस कर संदेश दिया। राकेश शरण मिस्र ने,धन दौलत ऐश्वर्य के मालिक अब तो चोर लुटेरे हैं सुनाकर सत्ता को आईना दिखाया। दयानंद दयालू, दिनेश चौबे दिलीप सिंह दीपक ने भी काव्य पाठ किया। दिवाकर मेघ की रचना,आइ हो दादा ई का से का होइ ग इल।आदमी देखा आज बेहया हो गई ल। सुनाकर आदमीअत को बल दिये और सराहे गये। अध्यक्षीय काव्य पाठ करते हुये श्रृंगार का गीत,तुम्हारी आंख का काजल सिंदूरी हो न जाये, इसलिए यहां मैं गा रहा हूं,करतल ध्वनियों के बीच सुनाकर पूर्णता प्रदान किये और आयोजन स्थगित किया गया,इस अवसर पर झुन्नी सेठ राजन सिंह ब्लाक प्रमुख संजय जायसवाल संजय सिंह सूरज चंद्र वंशी अंशू खत्री आदि सैकड़ों लोग भीषण जाड़ कुहले में देर शाम तक जमे रहे।

# ग्रामीणों को विकसित भारत संकल्प यात्रा से बताई सरकार की उपलब्धियां

अवधनामा संवाददाता

**राठ।** विकसित भारत ग्रामीण संवाद संकल्प यात्रा के जरिये ग्राम उमन्नियाँ व सिकरौधा में ग्रामीणों को प्रदेश व केंद्र सरकार की योजनाओं से अवगत कराकर उनकी समस्याओं का निस्तारण किया गया। इस दौरान ग्रामीणों को उनके मकानों के अधिकार का घरौनी व अन्य प्रमाण पत्र भी वितरित किये।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि व ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि अमरचंद अनुरागी ने बताया कि प्रदेश व केंद्र सरकार ने ग्रामीण आंचल में रहने वाले लोगों के उत्थान हेतु तमाम योजनाएं चलाई हैं। जिनकी जानकारी



न हो पाने के कारण उन्हें इन योजनाओं का समुचित लाभ नहीं मिल पा रहा है। जिसको लेकर सरकार ने विकसित भारत ग्रामीण संवाद संकल्प यात्रा के माध्यम से गांव-गांव जाकर ग्रामीणों को जागरूक करने की मुहिम चलाई है। वही इस दौरान ग्रामीणों को उनके घरों की घरौनी का प्रमाण पत्र,आयुष्मान कार्ड, किसान सम्मान निधि पत्र आदि भी वितरित किया गया। इस कार्यक्रम संयोजक महेंद्र गांधी, सहसंयोजक दीपू मुंशी, एडीओ समाज कल्याण मोहित कुमार, पूर्व प्रधान करण सिंह,प्रधान प्रतिनिधि जयहिंद सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# ठंड लगने से पीआरडी जवान की मौत

अवधनामा संवाददाता

**हमीरपुर।** सदर कोतवाली इलाके में पीआरडी जवान की ठंड लगने से ड्यूटी के दौरान मौत हो गई,वहीं आधा सैकड़ा से अधिक पीआरडी जवानों ने एसपी कार्यालय के बाहर रोड पर शव को रखकर जाम लगा दिया। मौके पर पहुंचे सीओ सदर ने समझकर जाम खुलवाया। कुरारा थाना क्षेत्र के ग्राम पतारा निवासी कृष्णदत्त ने लिखित तहरीर देते हुए बताया की उनके पिता राजेन्द्र कुमार पीआरडी में कार्यरत थाना बिवांर में तैनात है। और 29 दिसंबर को ड्यूटी से जाते समय ठंड लगने से परिजनों के ने जिला चिक्तिसालय हमीरपुर में भर्ती कराया गया था, लेकिन हालात बेहद खराब होने से जिला चिक्तिसालय हमीरपुर से हेलट कानपुर नगर रेफर किया गया था। परन्तु रास्ते में ले जाते समय उनकी मृत्यु हो गयी। थाना कुरारा पुलिस द्वारा पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम की कार्यवाही की गई। लेकिन 29 दिसंबर को मृतक पीआरडी का शव परिजनों और आधा सैकड़ा पीआरडी जवानों ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय के बाहर रोड पर शव को रखकर जाम लगा दिया। सूचना पर थाना कोतवाली सदर पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचकर परिजनों को समझा-बुझाकर कर जाम खुलवाया गया।

# विकसित यात्रा हेतु सीएम से जिला अध्यक्ष नंदलाल ने की बात

अवधनामा ब्यूरो

**सोनभद्र।** भाजपा जिलाध्यक्ष नन्दलाल ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी से जनपद में हो रहे विकास कार्यो कि विस्तृत चर्चा कि व जनपद की कुछ प्रमुख समस्याओं को मुख्यमंत्री से मिलकर अवगत कराया। भारतीय जनता पार्टी सोनभद्र के जिलाध्यक्ष नन्दलाल ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलकर जनपद के विकास कार्यो के बारे मे व्यापक चर्चा कि तथा जनपद मे व्याप्त कुछ प्रमुख समस्याओं से अवगत कराया जिसमें माननीय मुख्यमंत्री जी ने समस्याओं के समाधान के लिए त्वरीत कार्यवाही का आश्वासन देते हुए जनपद के विकास को और अधिक गति देने के लिए आश्वस्त किया। साथ ही भाजपा जिलाध्यक्ष ने अवगत कराया कि



आदिवासी बाहुल्य जनपद सोनभद्र में भूमि सम्बंधित ज्यादातर उत्पन्न हो रहे विवादो का स्थाई रूप से समाधान कराये जाने को लेकर दिये गये पत्रक के माध्यम से मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि जनपद के कुछ ग्राम पंचायतों में पूर्ववर्ती सरकारो में हुए सर्वे के दौरान राजस्व अभिलेखो में कूटरचित व छलकपट तरीकों से नाम किसी और का चढ़ा दिया गया है। जबकि मौके पर जोत कोड़ किसी और का है, जो कभी न तो उस भूमि पर काबिज ही रहा और ना ही उसका जोतकोड़ ही रहा है। ऐसे त्रुटिपूर्ण नाम अभिलेखो मे दर्ज है, जिसमें सुधार करना आवश्यक है। बहुत से ऐसे दबंग व भू-माफिया किस्म के लोग है। जिनका एकमात्र काम है कि आदिवासियों की भूमि को सादे पेपर या स्टांम्प नोटरी कराकर औने-पौने दाम देकर उनकी जमीनों पर काबिज हो जाना है,जबकि उक्त जमीन पर नाम भूमि विक्रेता का ही रह रहा है और कब्जा क्रेता का हो जा रहा है। ऐसा मामला एक दो नहीं बल्कि सैकड़ो से भी अधिक है। ऐसी भूमि सम्बंधित अवैध क्रय-विक्रय का जाल बढ़ता ही जा रहा है। जिसके कारण भूमि सम्बंधित विवाद, मारपीट, लड़ाई झगड़ा का मामला बढ़ रहा है। आने वाले समय में ऐसे भूमि सम्बंधित क्रय विक्रय के कारण भविष्य में बड़ा काण्ड हो सकता है। जिस पर रोक लगाना नितांत आवश्यक है। उन्होंने अवगत कराया कि प्रेममोहन खरवार उर्फ डाक्टर पुत्र शोभनाथ खरवार निवासी ग्राम-जुगैल का रहने वाला था, जो भारतीय जनता पार्टी का बूथ अध्यक्ष रहा है। उसी ग्राम पंचायत क्षेत्र में 13 अक्टूबर 2023 को कुछ लोगो के द्वारा उसके घर के अन्दर ही कुल्हाड़ी आदि से काटकर निर्मम हत्या कर दिया गया जिसकी विस्तृत जानकारी माननीय मुख्यमंत्री को दिया एवं जनपद मे हो रहे सर्वांगीण विकास कार्यो के लिए मुख्यमंत्री का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## संक्षिप्त समाचार

### झोलाछाप डाक्टर से इलाज कराना पड़ा भारी

**मुस्कुरा हमीरपुर।** थाना इलाके के बिहुनी खुर्द गांव निवासी दीपेन्द्र ने बताया कि बीते दस दिन पहले अचानक मेरा पेट दर्द होने लगा और इलाज के लिए गांव के ही झोलाछाप डॉक्टर रामसनेही शुक्ला से इलाज



कराया जहा डॉक्टर ने युवक दीपेंद्र के दाहिने हाथ में गलत इंजेक्शन लगा दिया जिससे युवक के हाथ में सड़न पैदा होने लगी। जहा युवक के परिजनों ने झोला छाप डॉक्टर पर गलत इलाज करने के गंभीर आरोप लगाए हैं। आरोप है कि इंजेक्शन लगाने के बाद से ही हाथ में गलन शुरू हो गई। और धीरे धीरे हाथ गलने लगा जिसे उपचार के लिए झांसी के गलोबल हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया जहां उसका इलाज चल रहा है। जबकि इससे पहले झोला छाप डॉक्टर ने पूरा इलाज कराने का आश्वासन दिया था लेकिन अब इलाज कराने से साफ साफ मना कर रहा है। जिसकी शिकायत पीड़ित युवक ने मुस्करा थाने में तहरीर देकर झोला छाप डॉक्टर के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

### यातायात पखवाड़े पर बांटे गए हेलमेट

**मौदहा हमीरपुर।** सड़क सुरक्षा को लेकर चलाए जा रहे यातायात पखवाड़े पर परिवहन विभाग, समाजसेवियों और पुलिस ने संयुक्त



रूप से हेलमेट वितरण किया। नेशनल हाईवे पर स्थित बड़े चौराहे पर एआरटीओ, क्षेत्राधिकारी मौदहा और बीजेपी नेताओं ने सड़क हादसे में होने वाली मौतों को रोकने के उद्देश्य से एक जागरूकता अभियान चलाते हुए हेलमेट वितरण किए इस दौरान बीजेपी नेता शिवशंकर सिंह, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि लाला राम निषाद, युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष आकाश त्रिपाठी, आशीष सिंह अल्लू,क्षेत्राधिकारी मौदहा श्रेयस त्रिपाठी, एआरटीओ हमीरपुर सहित यातायात पुलिस और लोकल पुलिस के जवान तथा समाजसेवी मौजूद रहे।

### नाजायज बंदूक और कारतूस के साथ गिरफ्तार

**कुरारा हमीरपुर।** जनपद में पुलिस अधीक्षक द्वारा जिले में चलाए जा रहे अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध अभियान के क्रम में कुरारा पुलिस द्वारा एक अभियुक्त को अवैध देसी बंदूक व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। जहां मुखबिर की सूचना पर कुरारा



पुलिसने कस्बा निवासी अमरनाथ पुत्र रामसनेही को नाजायज बंदूक और दो जिन्दा कारतूस के साथ गिरफ्तार कर आरोपी के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

### 31 दिसंबर को भव्य व दिव्य रूप में निकाली जाएगी अक्षत कलश यात्रा

**राठ।** आगामी 31 दिसंबर को नगर के धमना रोड स्थित चोपरा मंदिर से भगवान श्री राम लला पूजित अक्षत कलश यात्रा भव्य व दिव्य रूप में निकल जाएगी। उक्त जानकारी देते हुये यात्रा समिति के जिला उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार गुप्ता उर्फ बंटी व संयोजक मनीष कुमार गौतम ने बताया कि अयोध्या से भगवान श्री राम लाल पूजित अक्षत कलश ब्लॉक स्तर पर भेज कर आगामी 31 दिसंबर को उसकी यात्रा निकाली जाएगी। जिसमें लोगों से पीले वस्त्र धारण कर यात्रा में शामिल होने की अपील की गई है। वहीं इसके उपरांत समिति द्वारा 15 जनवरी तक नगर क्षेत्र में प्रचार कर लोगों को भगवान श्री राम जी के भव्य व विशाल मंदिर के उद्घाटन के लिए आमंत्रित किया जाएगा।

### विशेष स्वच्छता अभियान के अंतर्गत ब्लॉक में लगाई झाड़ू

**राठ।** विशेष स्वच्छता अभियान के अंतर्गत आज विकासखंड कार्यालय में बीडीओ सहित अन्य कर्मचारी झाड़ू लगाई। इस दौरान उन्होंने स्वच्छता से होने वाले फायदे भी बताये। खण्ड विकास अधिकारी राठ दिव्या त्रिपाठी ने बताया कि ग्राम चौपाल कार्यक्रम के एक वर्ष पूर्ण



होने पर विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया है। उन्होंने बताया कि दैनिक सफाई के अंतर्गत अपने घर के झाड़ू पोछा से लेकर नालियों की सफाई करने से संक्रमण,मौसमी बीमारियां इत्यादि नहीं होती है। इस दौरान एडीओ अरविंद कुमार सक्सेना, जेई पंचायत सुभाष चंद्र मौर्य, नजीर मुहम्मद, हरदीपक राजपूत,प्रेम नारायण सफाई कर्मी प्रकाश, मुन्नालाल आदि ने ब्लाक परिसर में झाड़ू लगाकर सफाई की।

### छात्राओं को किया गया जागरूक

**कमासिन।** महिला सशक्तिकरण के अंतर्गत राजकीय बालिका इंटर कालेज कमासिन में एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य वक्ता फौज से रिटायर्ड अधिकारी अभिराम यादव ने छात्राओं को संबोधित करते हुए सुरक्षा एवं अपराध से संबंधित विषयों पर प्रकाश डाला। महिलाएं कैसे सक्षम, शक्तिशाली बने और अपने जीवन से जुड़े सभी फैसले स्वयं लें और परिवार व समाज में अच्छे से रह सकें। इस विषय पर जानकारी दी। इंडस एजुटेन के व्यवसायिक शिक्षा के अध्यापक मयूरेश आजाद द्वारा कंपनी के कोआर्डिनेटर इमरान खान के निर्देश पर सुरक्षा एवं अपराध पर व्याख्यान दिया। इस मौके पर इंटर कालेज की प्रधानाचार्या हेमलता व छात्राएं मौजूद रहीं।

### ग्राम पंचायत अधिकारी ने दर्ज कराई रिपोर्ट

**नरैनी।** सरकारी हैंडपंप पर समार्सिबल पंप डालकर कब्जा करने के आरोपी के विरुद्ध ग्राम पंचायत अधिकारी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। विकास खंड महुआ की ग्राम पंचायत अधिकारी सेफाली मिश्रा ने गिरवां थाना पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया है कि ग्राम पंचायत माधौपुर में गांव के कोटेदार के पास स्थापित सरकारी हैंडपंप पर पैगंबरपुर गांव निवासी शंकर पुत्र भौमिया ने समर्सिबल पंप डालकर कब्जा जमा लिया है।

# एनसीएल ने सीएसआर के तहत स्थापित की सेनेटरी पैड उत्पादन इकाई

अवधनामा संवाददाता

**महिला सशक्तिकरण, स्वास्थ्य, स्वच्छता की ओर एनसीएल का बड़ा कदम**

**सोनभद्र/सिंगरौली।** महिला सशक्तिकरण पर बल देते हुए नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) ने सीएसआर के तहत एक और नवाचारी कदम उठाया है। एनसीएल के झिंगुरदा क्षेत्र ने सिंगरौली जिले के पिपरखड़ गांव में एक अत्याधुनिक सेनेटरी पैड उत्पादन इकाई स्थापित की है। गुरुवार को आयोजित उद्घाटन कार्यक्रम में सीएमडी एनसीएल श्री भोला सिंह, सीएसआर समिति की अध्यक्षा व स्वतंत्र-निदेशक श्रीमती सुबीना बंसल, निदेशक (कार्मिक) श्री मनीष कुमार, एनसीएल कृति महिला मण्डल की अध्यक्षा, श्रीमती बिंदु सिंह, उपाध्यक्ष, श्रीमती नम्रता कुमार, झिंगुरदा क्षेत्र के महाप्रबंधक श्री आशुतोष द्विवेदी, टीम सीएसआर एनसीएल-आईआईटी (बीएचयू) इन्क्यूबेशन सेंटर की टीम एवं स्थानीय जन प्रतिनिधि व ग्रामीण उपस्थित रहे।

उद्घाटन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीएमडी एनसीएल श्री भोला सिंह ने स्वास्थ्य और स्वच्छता जागरूकता के महत्व पर जोर दिया और इस पहल की सफलता के लिए



पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। एनसीएल द्वारा सीएसआर के तहत स्थापित ये इकाई सिंगरौली जिले की पहली सैनिटरी पैड निर्माण इकाई है। यह मशीन प्रतिदिन 16,000 बायो-डिग्रेडेबल सैनिटरी पैड बनाने की क्षमता रखती है। यह इकाई पिपरखाड़ गांव के सामुदायिक हॉल में लगाई गई है जो पूर्व में एनसीएल के सीएसआर के तहत ही निर्मित किया गया था। एनसीएल-आईआईटी बीएचयू इनक्यूबेशन सेंटर के सहयोग से इस सैनिटरी पैड उत्पादन इकाई को मूर्त रूप दिया गया है। वर्तमान में सैनिटरी पैड उत्पादन इकाई के संचालन की शुरुआत अवंतीबाई स्वयं सहायता समूह द्वारा 15 महिलाओं के साथ की गई है जिसे उत्पादन, मार्केटिंग आदि में प्रशिक्षण के साथ 70-100 महिलाओं तक विस्तारित करने की योजना है। इस कार्यक्रम के तहत सेनीटरी पैड के महत्व, इसका स्वास्थ्य पर असर, स्वच्छता आदि से संबन्धित व्यापक जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। साथ ही नजदीकी स्कूलों, कॉलेजों, आंगनबाड़ियों और स्थानीय बाजारों में किफायती सैनिटरी पैड की उपलब्धता सुनिश्चित करने की भी योजना है। उत्पादन केंद्र में एक सेनीटरी पैड वेंडिंग मशीन व सैनिटरी पैड इंसीनरेटर मशीन (सेनीटरी पैड उपयोग के बाद नष्ट करने वाली मशीन) भी लगाई गई है। गौरतलब है कि एनसीएल सीएसआर के तहत महिला सशक्तिकरण की दिशा में वृहद स्तर पर कार्य कर रही है , एनसीएल का महिलाओं द्वारा संचालित पॉल्ट्री फ़ार्मिंग प्रोजेक्ट इसकी एक मिशाल है। एनसीएल द्वारा सेमुआर में भी महिलाओं द्वारा संचालित एक हैंडलूम सेंटर स्थापित किया गया है।

# प्रा. पाठशाला रेनूसागर में वार्षिक शैक्षणिक प्रदर्शनी संपन्न



अवधनामा संवाददाता

**सोनभद्र/अनपरा।** प्राथमिक पाठशाला रेनूसागर में वार्षिक शैक्षणिक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया जिसमें अनेको छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इस प्रदर्शनी का उद्देश्य छात्र-छात्राओं में पठन-पाठन के प्रति जागरूकता के साथ-साथ नवोन्मेषी शिक्षण से परिचित कराना भी था । प्रदर्शनी के दौरान साहित्यिक क्लब , विज्ञान, ईको , कम्प्यूटर , कला / हस्तकला व सामाजिक विज्ञान के छात्र छात्राओं द्वारा आकर्षक मॉडल प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम के प्रारंभ में मुख्य अतिथि के रूप में रेणुसागर के यूनिट हेड व विद्यालय के अध्यक्ष आर पी सिंह ने फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित करके प्रदर्शनी का उद्घाटन किया।कार्यक्रम के प्रारंभ में विद्यालय की प्रधानाध्यापिका डा0 पूनम वार्ष्णेय ने सभी अतिथियों का स्वागत किया, तत्पश्चात अतिथियों ने बच्चो द्वारा लगाए गए विभिन्न तरह के मॉडल्स तथा कला प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए बच्चो का उत्साहबर्धन किया । इस प्रदर्शनी में सदनवार क्रमशः अरुण , भास्कर , मार्तण्ड के क्रम से बच्चों द्वारा मनोहारी टेन्ट हाउस का भी निर्माण किया गया था, साथ ही साथ सदनवार डिस्प्लेबोर्ड की साज सज्जा की गयी थी। जिनका दर्शकों ने जिज्ञासापूर्वक जानकारी लेते हुए अवलोकन किया।

# अक्षत कलश के साथ निकाली गई शोभायात्रा

**श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा करते हुए शोभायात्रा का किया स्वागत**

अवधनामा संवाददाता

**नरैनी।** श्रीराम भक्तों ने अयोध्या धाम से आए पूजित अक्षत कलश के साथ गाजे बाजे के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली। साथ में चल रही बग्घियों में भगवान की झांकियों पर कस्बावासियों ने पुष्प वर्षा की। रामलीला मैदान में पूजा अर्चना कर शोभायात्रा का समापन किया गया। कस्बा के ब्लाक परिसर से कलश शोभायात्रा का शुभारंभ आरएसएस के पूर्व प्रांत सह संघ चालक वीरेंद्र चतुर्वेदी एवं विभाग प्रचारक मनोज ने भगवान राम लक्ष्मण और सीता की झांकियों की आरती उतार कर किया। चारो मुख्यमार्गों में बग्घियों में सजाई गई भगवान और भारत माता की झांकी तथा सजे हुए घोड़े आकर्षण का मुख्य केंद्र रहे। यात्रा में सबसे आगे रानी लक्ष्मी बाई की झांकी उसके पीछे सैकड़ों की तादाद में पीले वस्त्र पहने महिलाएं शोभायमान हो रही थीं। कस्बा जय श्री राम के गगनभेदीय जयघोष से



गूंज उठा। शोभायात्रा भ्रमण के दौरान लोगों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। शोभा यात्रा ब्लॉक परिसर से शुरू होकर मुख्य चौक होते हुए नरैनी अतर्रा मार्ग पर लगभग एक किलोमीटर चलने के बाद अथाई रोड से बस्ती होते हुए रामलीला मैदान पहुंची। वहां सभी रामभक्तों ने भगवान की झांकियों की पूजा अर्चना कर आरती उतारकर व प्रसाद वितरित कर शोभायात्रा का समापन किया। शोभायात्रा में क्षेत्रीय विधायक ओममणी वर्मा, पूर्व सांसद भैरो प्रसाद मिश्र, आरएसएस के जिला संघ चालक सुरेंद्र पाठक, रामजन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा समिति के खंड संयोजक विपिन दीक्षित, खंड कार्यवाह अनूप, खंड प्रचारक यश, रामबहादुर त्रिपाठी, डा. विष्णु कांत त्रिपाठी, विनोद दीक्षित कमलाकांत द्विवेदी, ओमप्रकाश पाण्डेय, कुलदीप त्रिपाठी, राघवेंद्र त्रिपाठी, अशोक कुशवाहा, ज्ञानेंद्र पाण्डेय, संतोष शिवहरे, आदित्य त्रिपाठी, केशव पाण्डेय, प्रदीप सिंह सेंगर, सुशील शर्मा, रवि मिश्र, आशीष अवस्थी, राकेश चौरसिया, अरुण सोनी सहित क्षेत्र के ग्राम प्रधान, बुजुर्ग, महिलाओं और बच्चों सहित बड़ी संख्या में रामभक्त शामिल रहे।

### मानस पाठ के छठे दिन भगवती सीता के हरण की सूचना जटायु ने दी श्रीराम को

**रॉबर्ट्सगंज, सोनभद्र।** नगर स्थित आर. टी एस. क्लब मैदान में चल रहे श्री रामचरितमानस नवाह पाठ महायज्ञ के छठे दिन प्रातः की मंगला आरती समिति के अध्यक्ष सत्यपाल जैन, महामंत्री सुशील पाठक, मुख्य यजमान पंकज कानोडिया, राकेश त्रिपाठी सहित अन्य भक्तों ने भव्यता के साथ की। इसके बाद हनुमान चालीसा का पाठ किया गया फिर छठे दिन का मानस पाठ प्रारंभ हुआ। कथा प्रसंग पर चर्चा करते हुए मुख्य व्यास श्री श्री सूर्य लाल मिश्र ने जयंत की कुटिलता और फल प्राप्ति, अत्री मिलन एवं स्तुति, श्री सीता अनसूया मिलन और श्री सीता जी को अनसूया जी का पतिव्रत धर्म कहना, श्री राम जी के आगे प्रस्थान विराट बध और राक्षस वध की प्रतिज्ञा करना, स्वर्ण मृग मरीचिका का मारा जाना, सीता हरण और सीता जटायु रावण युद्ध श्री राम जी का विलाप जटायु प्रसंग, सबरी पर कृपा, नारद राम संवाद आदि विषयों पर चर्चा करते हुए कहा कि-रामचरितमानस का एक-एक दोहा, चौपाई, छंद मंत्र है और प्रत्येक व्यक्ति चाहे वह किसी भी धर्म, जाति, संप्रदाय का हो इसका पाठ करना चाहिए इससे उसे भवसागर से मुक्ति प्राप्त हो सकती है।

### लड़की को बहलाकर ले जाने पर रिपोर्ट दर्ज

**नरैनी।** कालिंजर थाना पुलिस द्वारा नाबालिग लड़की को भगा ले जाने के चार आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की है। मुकामी पुलिस द्वारा मामले पर कार्यवाही नहीं की गई जिससे पीड़ित पिता ने एसपी को शिकायती पत्र दिया था। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़ित पिता ने एसपी को शिकायती पत्र देकर बताया है कि एक दिसंबर को उसकी नाबालिग लड़की जंगल में लकड़ी बीनने गई थी। शाम को लगभग 4 बजे गजराज पुत्र बब्बू निवासी कटरा कालिंजर और इसका भांजा ध्रुव पुत्र कंधी निवासी भापतपुर थाना अजयगढ़ जिला पन्ना लड़की को बहला फुसलाकर अज्ञात स्थान पर भगा ले गए हैं। इनकी मदद में नत्थू और सुन्नी जो भापतपुर गांव के निवासी हैं, इनके साथ थे।

# ढीहाडेरा देवी मंदिर की चोरी का खुलासा करने में पुलिस नाकाम, ग्रामीणों में आक्रोश

अवधनामा संवाददाता

**हमीरपुर।** मौदहा कोतवाली क्षेत्र की पढ़ोरी पुलिस चौकी अंतर्गत ग्राम ढीहाडेरा में दो सप्ताह पूर्व मंदिर से चोरी हुए दानपात्र का पैसा पता न लगने से ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है वहीं इस घटना के खुलासे में नाकाम रही पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी इनके द्वारा सवालिया निशान लगाये जा रहे हैं।

ग्रामीणों ने बताया है कि उनके गाँव में ढीहा देवी का प्रसिद्ध धार्मिक स्थल है।यह धार्मिक स्थल गांव सहित आसपास के ग्रामीणों के आस्था का केंद्र है। यहां पर प्रतिवर्ष विशाल भंडारा एवं धार्मिक आयोजन किया जाता है।जिसके चलते इस वर्ष यहाँ पर 18 दिसंबर को भंडारा एवं धार्मिक अनुष्ठान किया गया था।जिसमें गाँव सहित आसपास क्षेत्र से आये हजारों लोगों ने भंडारे का प्रसाद पाया और श्रद्धानुसार रुपये पैसों का दान भी किया था।श्रद्धालुओं द्वारा मंदिर निर्माण के लिए किया गया पूरा पैसा मंदिर के दानपात्र में रखा था।तभी रात्रि में मौका पाकर चोरों ने इस दानपात्र से बंधी लोहे की जंजीर को काट दिया और दानपात्र को लेकर फरार हो गये थे ।चोरों ने दानपात्र का ताला तोड़कर इसका पैसा निकाल लिया था और खाली दानपात्र को गाँव के नजदीक चंद्रावल नदी के किनारे फेंक दिया था।जिसकी सूचना ग्रामीणों द्वारा अगली सुबह पढ़ोरी चौकी में देकर चोरी के खुलासे की मांग की गई थी लेकिन दो सप्ताह बाद भी अभी तक इस चोरी की घटना का खुलासा करने में पुलिस नाकाम साबित हो रही है ।वहीं धार्मिक स्थल का दानपात्र न मिलने पर लोगों में लगातार आक्रोश फैल रहा है जोकि किसी भी समय विस्फोटक रुप धारण कर सकता है।

# खेल मैदान की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

अवधनामा संवाददाता

**मुस्करा हमीरपुर।** खेल प्रेमी युवाओं द्वारा मुस्करा खण्ड विकास अधिकारी को सौंपे गए ज्ञापन में उल्लेख किया है कि ग्राम मुस्करा में खेल मैदान न होने के कारण धूमिल हो रही युवाओं की प्रतिभाएं। उन्होंने बताया कि उचित और सुव्यवस्थित खेल मैदान न होने के कारण क्रिकेट, कबड्डी, वॉलीबॉल, फुटबॉल, रनिंग सहित कई ऐसे खेल है जिनकी प्रतिभाएं खेल मैदान के अभाव में मायूस हो रही है। उचित खेल मैदान नहीं होने के कारण खिलाड़ियों को खेलने के लिए कभी खेतों का तो कभी मोहल्ले की गलियों का सहारा लेना पड़ता है। खिलाड़ियों ने ज्ञापन के माध्यम से बताया कि पिछले कई वर्षो से सुरक्षित और सुव्यवस्थित खेल मैदान के लिए सिर्फ आश्वासन ही मिले हैं, परंतु अभी तक कार्यवाही नहीं हुई जबकि ग्राम व क्षेत्र के युवाओं के भविष्य को ध्यान में रखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के द्वारा खेल प्रतिभाओं को निखारने, सवारने व प्रदर्शित करने हेतु विभिन्न योजनाओं के माध्यम से खेलों को प्रोत्साहित किया जा रहा है तथा मुस्करा में खेलों को प्रोत्साहन करने के लिए एक मिनी

# पीएम मोदी अयोध्या में : छावनी में तब्दील हुई राम नगरी



■ स्पेशल कमांडो के साथ 6 हजार पुलिसकर्मी करेंगे सुरक्षा

**लखनऊ।** पीएम मोदी की सुरक्षा का जिम्मा स्पेशल कमांडो के साथ यूपी पुलिस के जवान भी संभालेंगे। इसके लिए तीन डीआईजी, 17 एसपी, 40 एएसपी, 82 डीएसपी, 90 निरीक्षक समेत छह हजार सुरक्षाकर्मी सुरक्षा का मोर्चा संभालेंगे।

प्रधानमंत्री के अयोध्या आगमन को लेकर सुरक्षा का कड़ा जाल बुना गया है। पूरी अयोध्या में करीब छह हजार सुरक्षाकर्मी तैनात कर इसे छावनी में तब्दील कर दिया गया है। एयरपोर्ट, अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन की सुरक्षा की कमान एसपीजी ने संभाल ली है। धर्मपथ व रामपथ पर टेढ़ी बाजार तक सड़क की दोनों पटरियों पर बैरिकेडिंग लगाकर आवागमन प्रतिबंधि त कर दिया गया है।

धर्मपथ से रामपथ तक की करीब चार किमी की दूरी पर सड़क के दोनों ओर बांस बल्लियों व लोहे की जाली से बैरिकेडिंग की गई है। इससे दोनों पथों पर गली-मोहल्लों से मुख्य मार्ग पर आने वाला मार्ग बंद हो गया। इन संपर्क मार्गों पर,चौराहों, तिराहों पर पीएसी, पुलिस बल के साथ यातायातकर्मियों को तैनात किया गया है। प्रधानमंत्री के रोड शो के दौरान आम जनता सड़क किनारे बने फुटपाथ पर खड़ी हो सकेगी। वहीं नयाघाट, हनुमानगढ़ी चौराहा, श्रीराम जन्मभूमि मार्ग के प्रवेश द्वार, रेलवे स्टेशन मोड़, टेढ़ी बाजार समेत अन्य संवेदनशील स्थानों पर आरएएफ, सीआरपीएफ की भी तैनाती की गई है।

मुख्य समारोह स्थल एयरपोर्ट व रेलवे स्टेशन को एसपीजी ने अपनी निगरानी में ले लिया है। यहां एनएसजी व एटीएस के कमांडो भी तैनात किए गए हैं। एडीजी पीयूष मोर्डिया ने बताया कि ड्रोन व सीसीटीवी के माध्यम से कार्यक्रम स्थल और अयोध्या की निगरानी की जा रही है। तीन डीआईजी, 17 एसपी, 40 एएसपी, 82 डीएसपी, 90 निरीक्षक, 2000 मुख्य आरक्षी व आरक्षी (महिला-पुरुष), 450 यातायातकर्मी, 14 कंपनी, पीएसी, छह कंपनी सीआरपीएफ व आरएएफ, दो बटालियन एटीएस के अलावा 150 अग्निशमनकर्मी, 15 सौ होमगार्ड व पीआरडी के जवान समेत करीब छह हजार सुरक्षाकर्मी अयोध्या में तैनात किए गए हैं। रामनगरी के प्रवेश द्वार पर लगे बैरियर शुक्रवार सुबह से ही गिरा दिए गए। ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों के व्यवस्था में लगे वाहनों के अलावा अन्य चार पहिया वाहनों को अयोध्या में प्रवेश नहीं दिया गया।

## तीन आईपीएस व एक पीपीएस का तबादला, विक्रम सिंह मेरठ के एसपी सिटी बनाए गए

**लखनऊ।** राज्य सरकार ने तीन आईपीएस और एक पीपीएस का शुक्रवार को तबादला कर दिया। केंद्रीय प्रतिनियुक्ति के वापस आने के बाद प्रतीक्षारत तिलोत्तमा वर्मा को एडीजी प्रशिक्षण (प्रभारी) बनाया गया



है। अभी तक प्रशिक्षण का अतिरिक्त कार्यभार पुलिस भर्ती बोर्ड की अध्यक्ष एव डीजी रेणुका मिश्रा के पास था।

इसी तरह मुजफ्फरनगर में तैनात सहायक पुलिस अधीक्षक आयुष विक्रम सिंह को मेरठ का एसपी सिटी बनाया गया है। प्रतीक्षारत चल रहे आईपीएस व्योम बिंदल को मुजफ्फरनगर का सहायक पुलिस अधीक्षक बनाया गया है। पीपीएस तबादले में मेरठ में अपर पुलिस अधीक्षक नगर पीयूष कुमार सिंह को पीटीएस सुल्तानपुर भेजा गया है।



शुक्रवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके सरकारी आवास पर मध्य प्रदेश विधान सभा के अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर ने की शिष्टाचार भेंट की।

## अकबरनगर विस्थापितों के विशेष पंजीकरण शिविर का आयोजन

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** अकबरनगर प्रथम व द्वितीय में कुकरैल नदी और बंधे के विस्थापितों को आवास और दुकान आवंटित करने के लिए लखनऊ विकास प्राधिकरण के विशेष पंजीकरण शिविर में शुक्रवार को 9 लोगों ने प्रधानमंत्री आवास के फार्म लिये। इस मौके पर लविप्रा के अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा व मुख्य नगर नियोजक के.के. गौतम ने शिविर का निरीक्षण कर कर्मचारियों की कार्रवाई की समीक्षा की। अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा ने बताया कि अकबरनगर प्रथम व द्वितीय में कुकरैल नदी व बंधे के विस्थापितों को आवास व दुकानें आवंटित की जा रही हैं। शिविर का आयोजन 21 जनवरी 2024 तक किया जाएगा और शिविर में डूडा की आसरा आवास योजना के लिए भी पंजीकरण कराया जा सकता है। पात्र विस्थापितों को प्रधानमंत्री आवास की पंजीकरण धनराशि 10 हजार के स्थान पर 5 हजार जमा करना होगी वहीं व्यवसायिक श्रेणी में 25 प्रतिशत के स्थान पर 15 प्रतिशत के अग्रिम भुगतान पर दुकानों का कब्जा दिया जा रहा है। जिनके परिवार बड़े हैं या अधिक क्षेत्रफल के आवास लेना चाहते हैं वे प्राधिकरण की योजनाओं में रिक्त पड़े फ्लैटों को 15 प्रतिशत के अग्रिम भुगतान पर लेकर निवास कर सकते हैं। सभी श्रेणियों में हायर पर्चेज एग्रीमेंट के तहत विस्थापितों को आवास और दुकान का कब्जा दिया जाएगा और शेष धनराशि 10 सालों की आसान किस्तों में जमा करने की सुविधा मिलेगी।

## एलडीए ने अवैध प्लाटिंग को किया ध्वस्त

**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण के अधिकारियों ने शुक्रवार को सरोजनीनगर के पिपरसंड में अवैध प्लाटिंग ध्वस्त कराई। लविप्रा उपाध्यक्ष डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी के निर्देश पर अवैध निर्माण/अवैध प्लाटिंग के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। प्रवर्तन जोन-2 के जोनल अधिकारी देवांश त्रिवेदी ने बताया कि अभिषेक शर्मा व अन्य की ओर से सरोजनीनगर के पिपरसंड के रूपखेड़ा में लगभग 5 बीघा क्षेत्रफल में अवैध रूप से प्लाटिंग करते हुए कॉलोनी विकसित की जा रही थी। प्राधिकरण से ले-आउट स्वीकृत कराए बिना की जा रही अवैध प्लाटिंग के खिलाफ विहित न्यायालय ने ध्वस्तीकरण के आदेश दिये थे। विहित न्यायालय के आदेश पर सहायक अभियंता अनिल कुमार के नेतृत्व में अवर अभियंता संजय शुक्ला, भरत पाण्डेय, भानु प्रकाश वर्मा और प्रमोद कुमार पाण्डेय ने अवैध प्लाटिंग के ध्वस्तीकरण की कार्रवाई कराई। इस दौरान विकासकर्ता के स्थल पर विकसित की गयी बाउण्ड्रीवॉल, नालियां, भूखण्डों के डिमार्केशन के लिए ईंटों से की गयी चिनाई आदि को पूरी तरह ध्वस्त कराया गया।

## रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने विजेता प्रतिभागियों को किया पुरस्कृत

अवधनामा संवाददाता



**गोरखपुर।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने 29 दिसम्बर, 2023 को बस्ती में सांसद खेल महाकुम्भ के समापन समारोह के अवसर पर विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। इस अवसर पर माननीय सांसद, बस्ती हरीश द्विवेदी, महाप्रबन्धक/पूर्वोत्तर रेलवे सुसौम्या माथुर, मंडल रेल प्रबन्धक/लखनऊ आदित्य कुमार एवं अन्य वरिष्ठ रेल अधिकारी उपस्थित थे।

समारोह को सम्बोधित करते हुये मुख्य अतिथि रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने रेलवे के स्वरूप को बदल दिया। उन्होंने 2014 में सत्ता में आने के बाद से भारतीय रेल में आमूलचूल परिवर्तन किया। उन्होंने कहा कि इस अमृत काल में रेलवे को दो लाख चालीस हजार करोड़ का बजट मिला, जो पहले मात्र पैंतीस हजार करोड़ होता था तथा उत्तर प्रदेश में ग्यारह सौ करोड़ की तुलना में सत्रह हजार करोड़ का बजट मिला। वैष्णव ने कहा कि उत्तर प्रदेश में 156 रेलवे स्टेशनों को वर्ल्ड क्लास बनाया जा रहा है, जिसमें बस्ती स्टेशन भी सम्मिलित है। उन्होंने कहा कि पूरे देश में 1,300 रेलवे स्टेशनों को वर्ल्ड क्लास बनाया जा रहा है। 14 किमी. नई रेल पटरियाँ प्रतिदिन बिछाई जा रही हैं तथा 2030 तक भारतीय रेल की क्षमता इतनी हो जायेगी कि गाड़ियों में वेटिंग लिस्ट की समस्या समाप्त हो जायेगी। माननीय रेल मंत्री ने कहा कि पिछले दस वर्षों में माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने रेलवे में पाँच लाख नई भर्तियाँ की हैं, जिसका सबसे ज्यादा लाभ उत्तर प्रदेश राज्य को मिला है। वैष्णव ने कहा कि वंदे भारत एक्सप्रेस का वीडियो सभी को अवश्य देखना चाहिये, जो पूरी तरह स्वदेशी ट्रेन है एवं इस वर्ल्ड क्लास ट्रेन को भारतीय इंजीनियरों द्वारा डिजाइन किया गया है। उन्होंने कहा कि माननीय मोदी जी के नेतृत्व में आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना सार्थक हुई है। अयोध्या में प्रभु श्रीराम का मंदिर प्रधानमंत्री जी की ही देन है। वैष्णव ने सांसद, बस्ती हरीश द्विवेदी की भूरि-भूरि प्रशंसा की। उन्होंने खेल महाकुम्भ में विजेताओं तथा प्रतियोगिता में प्रतिभाग किये प्रतिभागियों को बधाई दी।

## नूरुलहसन बाबा देखने इरा पहुँचे शिवपाल यादव



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के महासचिव शिवपाल यादव इरा अस्पताल, हरदोई रोड, लखनऊ पर पूर्व पार्षद नूरुलहसन बाबा को देखने जायेगें। नूरुलहसन बाबा 2016 तक पार्षद रहे, 1995 में प्रथम बार नेताजी सुभाषचन्द्रबोस वार्ड से चुनाव जीत कर प्रथम बार पार्षद बने, क्षेत्र में अपने द्वारा किये गये कार्यो के कारण दुबारा फिर 1999 में चुनाव जीते, 2012 में अपनी पत्नी को चुनाव लड़ाया, इनकी पत्नी सहर पार्षद बनी। क्षेत्र में 15 वर्ष काम करने का इनको मौक़ा मिला। पार्षद न रहते हुए भी समाजवादी पार्टी के शुरु से सक्रिय व कर्मठ कार्यकर्ता है। नूरुलहसन बाबा कुछ बिमारी के कारण इरा अस्पताल में पिछले 20 दिनों से भर्ती है, जिनको देखने आज शिवपाल यादव और समाजवादी पार्टी के कई कार्यकर्ता पहुँचे।

## निर्माण कार्य के चलते ट्रेनों का मार्ग परिवर्तन

**लखनऊ।** रेलवे प्रशासन ने अयोध्या स्टेशन पर इन्फ्रास्ट्रक्चर निर्माण कार्य के चलते ट्रेनों का मार्ग परिवर्तन, शार्ट टर्मिनेशन, शार्ट ओरिजनेशन व रेस्टोरेशन किया है। दिल्ली से 29 दिसम्बर को चलने वाली 12226 दिल्ली आजमगढ़ एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग कानपुर सेन्ट्रल, ऐशबाग, मल्हौर व बाराबंकी के स्थान पर परिवर्तित मार्ग कानपुर सेन्ट्रल, लखनऊ, सुलतानपुर, जौनपुर सिटी व शाहगंज के रास्ते चलायी जायेगी। प्रयागराज संगम से 30 दिसम्बर को चलने वाली 14231 प्रयागराज संगम बस्ती एक्सप्रेस अयोध्या कैंट में शार्ट टर्मिनेट होगी। बस्ती से 30 दिसम्बर को चलने वाली 14232 बस्ती प्रयागराज संगम एक्सप्रेस अयोध्या कैंट से चलायी जायेगी। सिकन्दराबाद से 28 दिसम्बर को चल रही 12590 सिकन्दराबाद गोरखपुर एक्सप्रेस अपने निर्धारित मार्ग कानपुर सेन्ट्रल, ऐशबाग, मल्हौर, बाराबंकी व गोण्डा के रास्ते चलायी जा रही है। बांद्रा टर्मिनस से 29 दिसम्बर को चलने वाली 15068 बांद्रा टर्मिनस गोरखपुर एक्सप्रेस अपने निर्धारित मार्ग कानपुर सेन्ट्रल, लखनऊ, बाराबंकी और गोण्डा के रास्ते चलायी जायेगी।

## एमएचएससी में एक नया स्किल इनहांसमेंट सेंटर बनाया गया

अवधनामा ब्यूरो

**उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम द्वारा स्वीकृत इस नए केंद्र का उद्देश्य स्थानीय कलात्मकता को बढ़ावा देना है**



**लखनऊ।** यूपी सरकार की स्मार्ट सिटी पहल के तहत, प्रसिद्ध इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कंपनी क्यूबिक ने मुरादाबाद में मेटल हैंडीक्राफ्ट सर्विस सेंटर (एमएचएससी) में एक नए स्किल इनहांसमेंट सेंटर के पूरा होने की घोषणा की है। एमएचएससी में हाल ही में निर्मित इस भवन का उद्देश्य स्थानीय कारीगरों को कार्यस्थल पर सर्वोत्तम सुविधाएं और स्थितियां प्रदान करना है। इस प्रोजेक्ट का टेंडर जनवरी 2022 में किया गया और दिसंबर 2023 में पूरा हुआ, यह प्रोजेक्ट शहर और क्षेत्र में सतत विकास को बढ़ावा देने में एक महत्वपूर्ण माइलस्टोन है।

मुरादाबाद, जिसे पीतल नगरी या ब्रास सिटी के नाम से जाना जाता है, ये भारत के सबसे पुराने पीतल के बर्तन के कलस्टर में से एक है। हालांकि, ऐसी कई कठिनाइयां हैं जिन्हें इस कलस्टर के कारीगरों को समाना करना पड़ता है, जैसे असुरक्षित कामकाजी परिस्थितियां, न्यूनतम वेतन और अपर्याप्त बिजली आपूर्ति। इन समस्याओं के कारण उद्योग की बढ़ने और प्रतिस्पर्धा करने की क्षमता बाधित हुई है। यूपी सरकार ने अपने स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत, कारीगरों को सुरक्षित और तेज उच्च तकनीकी समाधानों तक पहुंच प्रदान करने के लिए एमएचएससी के विस्तार का निर्देश दिया।

एमएचएससी के कुल 60,000 वर्ग फीट क्षेत्र में निर्मित 5-मंजिला आरसीसी फ्रंट स्ट्रक्चर, अत्याधुनिक सुविधाओं और इंफ्रास्ट्रक्चर से सुसज्जित है। नई इमारत को नवीनतम विद्युत रेट्रोफिटिंग, एचवीएसी इंस्टॉलेशन, सैनीटेशन फैसिलिटी और इंटीरियर को सुंदर तरीके से डिजाइन किए गया है और इसे 24 महीने की निर्धारित अवधि में पूरा किया गया है, जो क्वालिटी और राष्ट्रीय विकास के प्रति क्यूबिक की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

इस पर बात करते हुए, क्यूबिक के सीईओ, निखिल जैन ने कहा, ÷इस परिवर्तनकारी प्रोजेक्ट का पूरा होना राष्ट्रीय विकास और आर्थिक विकास के लिए क्यूबिक की प्रतिबद्धता का एक प्रमाण है। यह प्रोजेक्ट उत्कृष्टता और सिद्धांतों के प्रति हमारे समर्पण का प्रमाण है। एमएचएससी प्रोजेक्ट मुरादाबाद के इंफ्रास्ट्रक्चर को बढ़ाती है, रोजगार के अवसर पैदा करती है, और हमारी संस्कृति और अर्थव्यवस्था में योगदान देने वाले कारीगरों को समर्पित है।

## गुटखा व पान खाने वालों ने पूरे शहर को किया गंदा : इं. हया फ़ातिमा



**लखनऊ।** शहर में पब्लिक प्लेस पर थूकना व गंदा करना बदतमीजी की पहचान है। पब्लिक प्लेस के साथ साथ सरकारी दफ्तरों व ऑफिसों के हर कोने कोने में गुटखा व पान खाने वालों के पीकों से रंगना एक शग्ल बन गया है। इन ख्यालात का इज़हार निकट सिटी स्टेशनए हामिद रोडए लखनऊ स्थित सल्तनत मंजिल की इंजिनियर हया फातिमा बिटिया नवाबजादा सैय्यद मासूम रज़ाए एडवोकेट ने किया। उन्होंने आगे कहा की शहर को साफ सुथरा रखने वाले नगर निगम का दफ्तर हो या डी एम ऑफिस की सीढियां, कोने व गेटए गुटखे व पान के पीको से रंगे पड़े हैं। नफासत व नजाकत व तहजीब के शहर में थूकने की तमीज नहीं, कोई भी दीवार इनसे बचा नहीं है।

## कुकरी के क्षेत्र में लखनऊ की नीलिमा कपूर को भारत गौरव रत्न सम्मान

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ की नीलिमा कपूर को कुकरी कंसलटेंट एण्ड सेलिब्रिटी शेफ के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने के लिये भारत गौरव रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया है। भारत सरकार के कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय द्वारा प्रमाणित यह सम्मान भारत गौरव रत्न सम्मान परिषद ने यहां अशोका होटल, नई दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में प्रदान किया।

इस मौके पर कई प्रमुख लोगों की मौजूदगी में सम्मानित होने वाली श्रीमती नीलिमा कपूर की पाक कला क्षेत्र में उल्लेखनीय यात्रा पर प्रकाश डाला गया। इस उपलब्धि से लखनऊ का मान बढ़ाने वाली श्रीमती कपूर बीते 40 से अधिक वर्षो से लखनऊ में प्रेरक शक्ति के रूप में कपूर्स कुक एण्ड बेक इंस्टीट्यूट में कुकरी और बेकरी में प्रशिक्षण दे रही है। इसके अलावा उनकी विशेषज्ञता उनके संस्थान से परे फैली हुई है, जिसमें प्रमुख रसोई उपकरण कंपनियों के लिए परामर्श, शीर्ष प्रकाशनों में कॉलम, विश्वविद्यालयों में कार्यशालाएं और एक न्यायाधीश और सेलिब्रिटी शेफ के रूप में भूमिकाएं शामिल हैं। कई पुरस्कारों के बावजूद भारत के सम्मान परिषद से भारत गौरव रत्न उनके अद्वितीय कौशल की सर्वोच्च पहचान के रूप में खड़ा है। श्रीमती नीलिमा कपूर का प्रभाव न केवल लखनऊ में बल्कि पूरे देश में है, जिससे उन्हें अपने छात्रों और शहर से समान रूप से प्रशंसा और गौरव प्राप्त होता है।

## सीएमएस छात्र ने जीती रीजनल चैम्पियन ट्राफी

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, अलीगंज द्वितीय कैम्पस के कक्षा-4 के छात्र आर्यन प्रकाश जौहर ने रीजनल लेविल एबेकस कम्पटीशन में चैम्पियन का खिताब अर्जित कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। यह प्रतियोगिता शैक्षिक संस्था ब्रेनोब्रेन के तत्वावधान में आयोजित हुई। सी.एम.एस. प्रेसीडेन्ट एवं एम.डी. प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने आर्यन की बहुमुखी प्रतिभा की प्रशंसा करते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है। यह जानकारी सी.एम.एस. के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी हरि ओम शर्मा ने दी है। शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता में कई विद्यालयों के छात्रों ने प्रतिभाग कर अपनी गणितीय प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच सी.एम.एस. के इस प्रतिभाशाली छात्र ने तार्किक एवं विश्लेषणात्मक प्रतिभा के दम पर एबेकस के माध्यम से विभिन्न ट्रिक्स अपनाकर गणित के सवालों के जवाब निकाले एवं अपनी बहुमुखी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रीजनल चैम्पियन ट्राफी अपने नाम की। आयोजकों ने इस प्रतिभाशाली छात्र की बहुमुखी प्रतिभा की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए प्रशस्ति पत्र व चैम्पियनशिप ट्राफी प्रदान कर सम्मानित किया।

## टीएमयू व आईआईटी बनाएंगी मैटेरियल्स एंड डिवाइसेज़

अवधनामा ब्यूरो



■ फील्ड इमिशन तकनीक में नैनोमैटेरियल्स की महत्वपूर्ण भूमिका : शान्तनु घोष

**लखनऊ।** आईआईटी, दिल्ली के प्रो. शान्तनु घोष ने महत्वपूर्ण घोषणा की, तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद और आईआईटी, दिल्ली मिलकर डिवाइस डवलपमेंट प्रोजेक्ट के तहत फील्ड इमिशन बेस्ड प्रोटोटाइप्स बनाने में काम करेंगे। इसके लिए तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद से हमारा पहले ही कोलाबोरेशन हो चुका है। मेटल इंसुलेटर नैनोकंपोजिट फिल्मस फॉर इलेक्ट्रॉन इमिशन, मैगनेटिक स्टोरेज एंड सर्स एप्लीकेशंस पर बोलते हुए प्रो. घोष ने कहा, फील्ड इमिशन टेक्नोलॉजी में नैनोमैटेरियल्स की महत्वपूर्ण भूमिका है। फील्ड इमिशन टेक्नोलॉजी के जरिए बेहतर डिस्प्ले डिवाइसेज, इमेजिंग डिवाइसेज और एक्स-रे जनरेटर बनाए जा सकते हैं। प्रो. घोष तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग के भौतिक विज्ञान विभाग में मैटेरियल्स एंड डिवाइसेज पर आयोजित दो दिनी चौथी राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस- एनसीएमडी-2023 के समापन मौके पर बतौर मुख्य वक्ता ऑनलाइन बोल रहे थे।कॉन्फ्रेंस में बतौर अतिथि वक्ता- यूनिवर्सिटी ऑफ हैदराबाद के प्रो. अनिल कुमार चौधरी, अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के डॉ. जयप्रकाश, एडवांस्ड सेंसर रिसर्च ऑर्गेनाइजेशन के निदेशक डॉ. श्याम सुदंर तिवारी और एसएन बोस नेशनल सेंटर फॉर बेसिक साइंसेज, कोलकाता के डॉ. सुजय घोष, इलाहाबाद यूनिवर्सिटी के प्रो. कमलेश पाण्डेय बतौर सेशन चेयर मौजूद रहे। फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग के डायरेक्टर एवं कॉन्फ्रेंस जनरल चेयर प्रो. राकेश कुमार द्विवेदी ने वैलिडिक्टरी भाषण दिया और प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरिए किए। कॉन्फ्रेंस कन्वीनर डॉ. अमित शर्मा ने कॉन्फ्रेंस की समरी प्रस्तुत की, जबकि कॉन्फ्रेंस सेक्रेटरी डॉ. विष्णु श्रीवास्तव ने वोट ऑफ थैंक्स दिया। अंत में सभी अतिथियों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। कॉन्फ्रेंस के तकनीकी सत्र में 28 रिसर्च पेपर प्रस्तुत किए गए, जबकि दोनों दिन में कुल 50 रिसर्च पेपर प्रस्तुत हुए। संचालन रिसर्च स्कॉलर मिस महक परासर ने किया।

यूनिवर्सिटी ऑफ हैदराबाद के प्रो. अनिल कुमार चौधरी ने डवलपमेंट ऑफ सम एलटी/एसआई गैलियम आर्सेनाइड सेमीकंडक्टर एंड ऑर्गेनिक क्रिस्टल्स बेस्ड टेरा हर्ट्ज़ सॉर्सेंज फॉर स्पेक्ट्रोस्कोपी एंड टू डी इमेंजिंग ऑफ ऑर्गेनिक एंड हाई एनर्जी मैटेरियल्स पर अपना व्याख्यान दिया। प्रो. चौधरी बोले, टेरा हर्ट्ज़ तकनीकी का प्रयोग एग्रीकल्चर, विस्फोटक पदार्थो का पता लगाने और छिपे हुए ऑब्जेक्ट को सर्च करने में बेहद कारगर है। एग्रीकल्चर में टेरा हर्ट्ज़ तकनीक के प्रयोग से पानी की खपत को कम किया जा सकता है। विस्फोटक पदार्थ एक्स-रे तकनीक से जांच करते समय विस्फोट कर सकते हैं, लेकिन टेरा हर्ट्ज़ तकनीक में विस्फोट का डर नहीं रहता है। अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के डॉ. जयप्रकाश ने लिक्विड क्रिस्टल एंड नैनो कम्पोजिट्स एंड देयर एप्लिकेशंस पर बोलते हुए कहा, लिक्विड क्रिस्टल हर जगह मौजूद हैं, जैसे- डीएनए भी एक तरह का लिक्विड क्रिस्टल ही है। लिक्विड क्रिस्टल का उपयोग डिस्प्ले डिवाइसेज़ बनाने में किया जा रहा है।

## अटाला के लोगो को योजनाओं के लाभ से जोड़ा गया



अवधनामा ब्यूरो

**प्रयागराज।** सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार द्वारा नगर निगम प्रयागराज के सहयोग से विकसित भारत संकल्प यात्रा का जागरूकता रथ आज नगर निगम के अटाला क्षेत्र में पहुंचा जहां पर बड़ी संख्या में क्षेत्रीय लोग उपस्थित हुए। आज के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्रा ने उपस्थित लोगों को विकसित भारत से संबंधित संकल्प दिलाते हुए कहा कि यह विकसित भारत संकल्प यात्रा जागरूकता रथ लोगों को योजनाओं की जानकारी देने के साथ-साथ हकदार लोगों का पंजीकरण कर उन्हें लाभ दिलाने में कारगर साबित हुई है।

इस अवसर पर योजनाओं से संबंधित माननीय प्रधानमंत्री के वीडियो को एलईडी वैन के माध्यम से दिखाया गया तथा बड़ी संख्या में क्षेत्र के लोगों ने योजनाओं की जानकारी ली। इस अवसर पर जिला नगरीय विकास अभिकरण, समाज कल्याण विभाग, दिव्यांग जनशक्तिकरण विभाग, आधार सेवा, जिला पूर्ति कार्यालय व उज्ज्वला योजना, स्वास्थ्य शिविर तथा आयुष्मान कार्ड का स्टॉल लगाकर लोगों को योजनाओं के लाभ से जोड़ा गया तथा उनका पंजीकरण किया गया।